ISSN: 2348-9715

RECENT TRENDS

A Referred International Journal of Multi disciplinary Research

Vol.:2, Issue:4, March 2016

ISSN: 2348 – 9715

RECENT TRENDS

A Referred International Journal of Multidisciplinary Research

Editor in Chief
Mr. MOHITGIRI GOSWAMI
M.A., M.Ed., UGC NET
Cell: +91 9978499994

Executive Editors
Dr. JAYESHGIRI GOSWAMI
Asst. Professor, V. T. Choksi College of Education, Surat
Prof. Dr. YASHVANTGIRI GOSWAMI
President, Department of Hindi, Kansagara Mahila College, Rajkot

Managing Editors
Mr. ROHIT BAGTHARIYA
Asst. Professor, SPKM College, Jetpur,
Cell: +91 9998438888
Mr. DHARMENDRA BUMTARIA
M.Sc., M.Ed., IGC NET, GSET
Cell: +91 9408555594

Editor in Chief
Recent Trends - A Referred International Journal of Multidisciplinary Research
C/o, Om Vidhyalaya, Anand Nagar Colony, Rajkot – 360002.
Website: www.recenttrends.in Email: editorrecenttrends@gmail.com

NATIONAL INSTITUTE OF SCIENCE COMMUNICATION
AND INFORMATION RESOURCES
(Council of Scientific and Industrial Research)
14, Satsang Vihar Marg, New Delhi 110 067

Ms. V. V. Lakshmi, Head, National Science Library
Phone: 91-11-2686 3759
E-mail: vvlakshmi@niscair.res.in website: www.niscair.res.in

NSL/ISSN/INF/2014/969 **Dated: April 28, 2014**

Mr. Mohitgiri Goswami
Anand Nagar Colony,
Rajkot,
Gujarat

Dear Sir/ Madam,

We are happy to inform you that the following serial(s) published by you has been registered and assigned ISSN (Print)

ISSN 2348 – 9715 Recent Trends

It is important that the ISSN should be printed on every issue preferably at the right hand top corner of the cover page.

The Indian National Centre will be responsible for monitoring the use of ISSN assigned to Indian Serials and for supplying up to-date data of the same to the International Centre for ISSN, Paris. For this purpose we request you to send us the forth coming issue of your serial on complimentary basis.

We solicit your co-operation in this regard.

Yours sincerely

V.V. Lakshmi
(V.V. Lakshmi)
Head
National Science Library

Please don't forget to send a sample issue of the journal/URL with ISSN printed on it.

Contact : Ms. Shobhna Vij
e-mail : issn.india@niscair.res.in
phone : 011-26516672

ABOUT THE JOURNAL

RECENT TRENDS is an International Referred **Quarterly** academic research journal in all the streams. The Languages of Research Paper are **English, Hindi, Sanskrit & Gujarati**. The journal envisions is to create forum for review, reflection and discussion informed by the results of recent and ongoing research in every fields. The journal provides a forum for disseminating and enhancing theoretical, empirical and/or pragmatic research across the all disciplines. Recent Trends encourages new ideas and works in all the fields and it publishes high quality original papers, theory-based empirical papers, review papers, case reports, conference reports/papers, technology reports, book reviews, commentaries, events and news. Special Issues devoted to important topics in all the fields. We welcome papers from both academicians and practitioners on theories, business models, conceptual paradigms, academic research, and consultancy projects.

PURPOSES

1. Co-operation in the exchange of information about Arts, Commerce, Applied Science and Education worldwide.
2. Development of Research work.
3. Balance of advanced theories and common practices.

AIMS

1. To provide a medium for the exchange of information and an opportunity for co-operation and development among various countries worldwide.
2. To promote the study of Arts, Science, Management, Commerce and Education by using the advances in scientific research results.
3. To establish a common foundation of theory based on the positive differences of various backgrounds.
4. To develop interest in the significant study of various researchers.

Subscription: Annual **1000 INR** (Individual) **&2000 INR** (Organization).

Note: Writer himself is responsible for the article / paper published in this journal. Owner, publisher, printer or editors have no responsibilityfor the article or paper. Publisher has full right to use the photograph and name of the writer for advertisement and other promotional purpose.

RECENT TRENDS
A Referred International Journal of Multidisciplinary Research

ISSN :2348 - 9715

Guidelines for Authors

The article should be sent according to the following guidelines:

- **Title:** The title of paper/article should be short and accurate.
- Authors/s Name and institutional affiliations only should be given with the title. Address, qualification, etc. may be provided at the end of the paper.
- **Introduction:** It should pertain to specific area of the study and should cover only relevant researches. It should not be a long review of the subject area and details of history.
- **Abstract:** Abstract of the paper should not be more than 200 words.
- **Methodology:** This should cover Techniques, Sample and Tools/Measures
- **Results:** Provide relevant facts only. Data may be given preferably in the form of tables or occasionally in figure/text but do not repeat same data in more than one form. Do not include too many tables. Try to combine these wherever possible. Use Arabic numerals for the table and figure numbers, these should be carefully planned to fit the production size of printed page.
- **References:** For references at the end follow APA Style.
- **Offprint:** An offprint of paper/article should be sent in MS-Word and in Calibri font with font size 12 in 1.15 space and should be printed on one side of A4 paper.
- The paper/article should be E- mailed to chief editor as well as to associate editors.
- **Declaration:** The author has to give a declaration that paper/ article has not been published elsewhere. The printer, publisher and the editorial board are not responsible for the authenticity of the paper/article.

Peer review process

- Submitted article by the authors is received by the editor.
- The editor verifies relevance of the article to the journal's policy for publishing such article i.e whether the article satisfies the need and technical standard of the journal.
- The editor sends the article to the at least two blindly selected reviewers. The reviewers have the power to select and reject the paper.
- The review results received from the reviewers are compiled.
- The results are corresponded to the corresponding author and he is asked to respond to the comments raised by the reviewers.
- If the editor is satisfied by the responses of the author, accepted for publication or a rejection letter is sent if not accepted
- The corresponding author is required to respond in due time and clarify ambiguities if any.
- If the paper is accepted, the author is asked to pay the publication charges.

RECENT TRENDS ISSN :2348 - 9715
A Referred International Journal of Multidisciplinary Research

Editorial Board

Sr. No.	Name	Designation& Institute
1	**Dr. Bharat Ramanuj**	Head, Department of Education, Saurashtra University, Rajkot
2	**Dr. Shobhana V. Joshi**	Dean & Head, Faculty of Education, Dr. Babasaheb Ambedkar Marathawad University, Aurangabad
3	**Dr. Anil Ambasana**	Retired Professor, Department of Education, Saurashtra University, Rajkot
4	**Dr. H. O. Joshi**	Retired Professor, Department of Education, Saurashtra University, Rajkot
5	**Dr. M. S. Molia**	Professor, Department of Education, Saurashtra University, Rajkot
6	**Dr. Dipti Kundal**	Asst. Professor, Smt. M.M. Shah College of Education- Wadhwan, Saurashtra University, Rajkot
7	**Dr. Jaydeepsinh Dodiya**	Professor, Department of English & CLS, Saurashtra University, Rajkot
8	**Dr. Hetal J.Mehta**	Principal, Swami Sahajanand Group of Colleges, M.K. Bhavnagar University, Bhavnagar
9	**Dr. Iros Vaja**	Head, Department of English, M. V. M. Arts College, Saurashtra University, Rajkot
10	**Dr. Ketan B. Vyas**	Asso. Professor in English, G.K. & C.K. Bosamia Arts & Commerce College - Jetpur, Saurashtra University, Rajkot
11	**Dr. Alpesh Joshi**	Asst. Professor, Department of English, Atmiya Institute of Technology & Science, Rajkot
12	**Dr. Dushyant Nimavat**	Asst. Professor, English, M. B. Patel Science College, Anand.
13	**Prof. Deepak Mashru**	Asst. Professor in English, Marwadi Education Foundation, Rajkot
14	**Dr. Bruce Kodish**	Independent Teacher – Applied Epistemology/ General-Semantics, Pasadena, California-USA.
15	**Dr. Awa Shukla**	Asst. Professor, School of Humanities and Social Science, Dr. Babasaheb Ambedkar Open University, Ahmedabad
16	**Dr. B.K. Kalasava**	Head, Department of Hindi, Saurashtra University, Rajkot

ISSN :2348 - 9715

17	**Dr. Oghad L. Zala**	Principle, J.K. Ram College - Veraval, Saurashtra University, Rajkot
18	**Dr. Manhar Goswami**	Asso. Professor in Hindi, Gurukul Mahila College - Porbandar, Saurashtra University, Rajkot
19	**Dr. Indradev Singh**	Asso. Professor in Hindi, R.P. Bhalodiya Mahila College - Upleta, Saurashtra University, Rajkot
20	**Dr. Manoj Joshi**	Professor, Department of Gujarati, Saurashtra University, Rajkot
21	**Dr. Jashupuri Goswami**	Asso. Professor in Gujarati, R. P. Bhalodiya Mahila College-Upleta, Saurashtra University, Rajkot
22	**Dr. M. K. Shah**	Asst. Professor, Department of Chemistry, Saurashtra University, Rajkot
23	**Dr. C. V. Kumbhani**	Principal, P. S. Hirpara Mahila College, Jetpur, Saurashtra University, Rajkot
24	**Dr. Varsha Dholariya**	Asst. Professor in Psychology, Smt. M.P. Shah Arts & Science College, Surendranagar, Saurashtra University, Rajkot
25	**Dr. Vallbh A. Nandaniya**	Principal, Murli. Arts & Commerce College – Upleta, Saurashtra University, Rajkot
26	**Dr. Sanjay Bhayani**	Head, Department of Business Management, Saurashtra University, Rajkot
27	**Dr. Abhay Raja**	Asso. Professor, E-PGDM & PGDM Programs, Shanti Business School, Ahmedabad.
28	**Dr. Nishant Vachhani**	Asst. Professor, Department of Management, Atmiya Institute of Technology & Science, Rajkot
29	**Prof. Mitesh Dadhania**	Deputy Director, Gujarat Technological University, Gandhinagar
30	**Dr. C. K. Kumbharana**	Head, Department of Computer Science, Saurashtra University, Rajkot
31	**Dr. Atul Gosai**	Asst. Professor, Department of Computer Science, Saurashtra University, Rajkot
32	**Dr. Haresh S. Zala**	Professor, Department of Sociology, Saurashtra University, Rajkot
33	**Dr. Ashish M. Kothari**	Asst. Professor, Department of Electronics & Communication, Atmiya Institute of Technology and Science, Rajkot.

RECENT TRENDS

A Referred International Journal of Multidisciplinary Research

ISSN: 2348 - 9715 Vol: 2, ISSUE: 4, March-2016

Table of Content

Sr. No.	Title and Author's Name	Page No.
1	I can speak with I-Speak: A study on acquiring English proficiency through Mobile Application. - **Prof. (Dr.) Ami Upadhyay, Mr. Deepak Mashru**	1
2	Vocabulary Development through Categorization Strategies - **Kundal Deepti B.**	7
3	Function and Social Importance of Mass Communication - **Mr. Iros Vaja**	12
4	The Influence of Kabir on the selected Poems of W B Yeats - **Ms. Vinayba Jadeja**	17
5	English language: Lingua Franca or status symbol? - **Ms. Neha Chauhan**	25
6	Impact of FDI on the GDP of Indian: an Empirical Analysis - **Dr. Sanjay Bhayani, Dr. Butala Ajmera**	29
7	A study of Consumer satisfaction for the Communication aspects in Health Insurance in Ahmedabad city - **Dr. V.G. Vadhel, Prof. Bharat Acharya, Dr. B.O.Baxi**	37
8	A Comparative study of financial performance Of PGVCL and UGVCL - **Mr. Keval K. Shah**	54

9	A Study on Job Satisfaction Level between Management Towards Duty and Class Cadre Of Lic Employee of Saurashtra Region - **Dr. Harish M. Chandarana**	61
10	Relationship for Job Satisfaction for management valuation & experience with Occupational Stress about the training, resources & experience of LIC employees of Saurashtra Region. - **Hiralal Desrani**	68
11	A Study on Category wise Equities traded in BSE for the Year 2015-16 - **Mr. Hemalraj Lalitkumar Barbhaya**	73
12	Anxiety: Causes, Symptoms - **Indrajeet K. Maheriya**	81
13	भया कबीर उदास : सौंदर्य के प्रचलित मानदंडों के बीच उलझते स्त्रीमन की अभिव्यक्ति- - **प्रा. तृप्ति भावसार**	84
14	अहिन्दी राज्य गुजरात में हिन्दी - **डॉ. उमा डी. मेहता**	89

ISSN: 2348 - 9715
Vol: 2, Issue: 4, March-2016

भया कबीर उदास : सौंदर्य के प्रचलित मानदंडों के बीच उलझते स्त्री-मन की अभिव्यक्ति

प्रा. तृप्ति भावसार
हिन्दी विभाग, एम. पी. शाह आर्ट्स एण्ड सायन्स कॉलेज, सुरेन्द्रनगर

विश्व के कण-कण में अलग-अलग रूप में सौंदर्य बिखरा हुआ है। उसे देखने-परखने की दृष्टि रखने वाला हर व्यक्ति उससे आनंद उठा सकता है। मानव जात इस सौंदर्य की अनुभूति वन, पर्वत, नदी, पशु-पक्षी आदि प्राकृतिक उपादान में सदियों से करती आ रही है। इन सब में मानव सौंदर्य सबसे आह्लादक एवं उत्कृष्ट माना जाता है। साहित्य में सौंदर्य के विविध उपादान कभी उद्दीपन के रूप में तो कभी आलंबन के रूप में प्रस्तुत होकर पाठक वर्ग को आनंदित करते रहे हैं। छायावादी कविता में मानव सौंदर्य पर विशेष बल दिया गया है और मानव को सुंदरतम कहा गया है। 'सुमन सुंदर, विहंग सुंदर, मानव तुम सबसे सुंदरतम।' मानव सौंदर्य को दो पक्ष में देख सकते हैं - बाहरी सौंदर्य और आंतरिक अर्थात् हृदय का सौंदर्य। बाहरी सौंदर्य किसी भी व्यक्ति को पल भर में आकर्षित कर सकता है; आंतरिक सौंदर्य दीर्घ काल तक अपनी छाप छोड़ जाता है। इन दोनों में अधिक महत्व आंतरिक सौंदर्य का है, यद्यपि मानव का बाहरी सौंदर्य उसके अंतर्मन को निरंतर उत्साहित भी करता है और निराश भी कर सकता है। सौंदर्य के यह मानदंड पुरुष और स्त्री के संदर्भ में अलग-अलग है जो समाज और संस्कृति प्रदत्त है।

अनादिकाल से समाज-संस्कृति ने स्त्री-सौंदर्य के मानदंड निर्धारित कर दिए हैं जिनमें स्त्री का शारीरिक सौष्ठव, काले-घने-लंबे बाल, उभरते उरोज आदि को महत्वपूर्ण माना गया है। भारतीय सामाजिक-सांस्कृतिक परंपरा में पली-बढ़ी स्त्री भी अपने शारीरिक सौंदर्य को बनाए रखने के लिए अलग-अलग प्रकार के प्राकृतिक और अब प्रायः कोस्मेटिक संसाधनों का प्रयोग अपने सौंदर्य निखारने के लिए करती रहती हैं। 'भया कबीर उदास' की नायिका लिली (या यमन या स्वीटी) भी अपने सौंदर्य निखार के लिए सौंदर्य वर्धक संसाधनों का उपयोग करती है। वह कहती है कि, "इस शरीर को, कितने यत्न से सजाया, सँवारा - उबटन, साबुन, क्रीमें, व्यायाम; शुद्ध भोजन" [1] लेकिन यही सौंदर्य जब किसी रोग या बीमारी के कारण नष्ट हो जाता हैं तब स्त्री मन पर इसकी क्या असर होती है इसे लिली की मनःस्थिति भलीभाँति अभिव्यक्त करती है।

लिली भारत से अमरीका पीएच. डी. का अध्ययन करने जाती है। अध्ययन के दौरान वह अमरीका के उत्तर-पूर्व भाग के एक प्रसिद्ध कॉलेज में प्राचीन इतिहास और भारतीय सभ्यता का

ISSN: 2348 - 9715
Vol: 2, Issue: 4, March-2016

अध्यापन करती है। कुछ समय के बाद उसे अपने स्तन में गाँठ होने के संकेत दिखाई देते हैं। उसे डर लगता है, कहीं यह कैंसर की गाँठ न हो। वह एक्सरे और मैमोग्राम करवाती है, मैमोग्राम की रिपोर्ट एब्नॉर्मल आती है जिसके कारण उसे बायौप्सी करवानी पड़ती है। डॉक्टर जैकरी बायौप्सी की रिपोर्ट को देखकर लिली को फोन करते हैं और कहते हैं कि "मुझे दुःख है - यह कहते हुए कि - बायौप्सी में कैंसर के सेल निकले हैं।" [2] यह सुनते ही लिली अवाक रह जाती है। उसके मन में तरह-तरह के विचार उमड़ने लगते हैं, वह अपने भाग्य को कोसने लगती है। "कैंसर ! क्या इस जीवन का इतना भयावह अंत मेरे ही भाग्य में था ?" [3] उसे मृत्यु से डर या भय नहीं था, भय था तो इस कारण कि उसकी मृत्यु कैंसर के कारण होगी और कैंसर के कारण मेरा पूरा शरीर रुग्ण हो जाएगा। "मैं डरती नहीं, मरने से, मगर रगड़-रगड़कर घिसटने से डरती हूँ।" [4] कैंसर का भयावह चित्र लिली को अंदर ही अंदर कुरेदता रहता है। अपने ही तीन करीबी मित्रों को इसका बुरी तरह से शिकार होते वह देख चुकी है। "वसुंधराजी की छाती से लिम्फ़नोड और वहाँ से सीधे दिमाग़ में, अपर्णा की छाती से रीढ़ की हड्डी और अब फेफड़े-यूथिका का लीवर।" [5] क्षण-क्षण पर शरीर के किसी न किसी अंग के विकार-ग्रस्त होने से मृत्यु का भय उन्हें सताता रहता है। लिली के अंदर भी यही विचार घुमड़ने लगते हैं जो उसे मानसिक रूप से बुरी तरह से तोड़ देता है।

लिली एक स्वतंत्र, बौद्धिकता संपन्न और हाजिर जवाबी स्त्री है जिससे आमतौर पर उसके परिचय में आने वाले पुरुष उससे दूर भागते हैं। इसीलिए अनेक पुरुषों के संसर्ग में रहने पर भी न तो उसका कोई पति है और न ही बॉयफ्रेंड। लेकिन कैंसर का समाचार लिली को शेषेन्द्र के करीब ला देता है। एक हफ्ते के बाद उसके कैंसर-ग्रस्त उरोज उसके शरीर से अलग हो जाने वाले थे इसीलिए "वह पूर्ण रूप से देह का सुख भोगना चाहती है; अपने को समर्पित भी करना चाहती है ओर शेषेन्द्र का सामीप्य-सुख भी बटोरना चाहती है।" [6] और वह एक पूर्ण शरीर के साथ शयन-सुख प्राप्त भी करती है। इसके बाद वह शेषेन्द्र को कैंसर की पूरी बात बताना चाहती है लेकिन शेषेन्द्र से उसकी पत्नी के कैंसर की बात सुनकर और शेषेन्द्र का उसके प्रति का व्यवहार जानकर वह कुछ नहीं कह पाती। ".... और जब वह पूर्ण रूप से स्वस्थ हुई, हमारे संबंध एकदम टूट चुके थे, टूट चुके हैं। मुझे यह कहने में बहुत शर्म महसूस होती है कि मैंने उसके बाद ज्योति को निरावरण देखना ही नहीं चाहा।" [7] समाज निर्मित स्त्री सौंदर्य के मानदंड को अभिव्यक्त करने वाली शेषेन्द्र की दृष्टि से लिली की सारी स्वतंत्रता, बौद्धिकता और हाजिर जवाबी क्षण में नष्ट हो जाती है। वह भविष्य में होने वाले अपने शरीर की दुर्गति के विचार मात्र से विचलित हो जाती है। क्या उरोज-हीन स्त्री समाज (पुरुष की दृष्टि) में अग्राह्य और मूल्यहीन होती है - यह विचार उसे बुरी तरह से उद्वेलित कर देता है।

ISSN: 2348 - 9715
Vol: 2, Issue: 4, March-2016

लिली कैंसर के कारण अंदर ही अंदर घुटन का अनुभव करती है। क्योंकि "जो कुछ अपने शरीर का अभिन्न अंग था उसे निर्ममता से खो देना आसान नहीं है।" [8] उसे कभी-कभी यह होता है कि वह चीखकर दुनिया को बता दे कि "मुझे नहीं निकलवाने शरीर के अंग, मुझे नहीं पीना है कीमोथेरेपी का विष।" [9] लेकिन वास्तविकता यही थी कि स्त्री के सुंदर अंग जो स्त्री होने की छवि से जुड़ा हुआ है उसे अंततः उसके शरीर से अलग करना ही पड़ेगा। "स्वर्ण कटोरों की तरह मेरे उरोज, नागिन की तरह काले, लम्बे बाल - सब कुछ अब इस कैंसर की आहुति।" [10] इतना ही नहीं उसके शरीर में पल रहे उसके अंश को भी निष्कासित किया जाता है। कैंसर पर चढ़ी इन सभी आहुतियों के साथ उसके सारे परिवेशगत संबंध भी होम हो जाते हैं। अब उसे अपने रोग के इलाज के अलावा और किसी भी चीज की परवाह नहीं रहती। "कैंसर की बीमारी, उसके उपचार और उसके बाद धीरे-धीरे स्वस्थ होने की प्रक्रिया ने उसका सारा ध्यान लील लिया है, इससे आगे किसी की सचमुच में परवाह नहीं है, चाहे किसी राष्ट्र पर बम गिरें या आतंकवादी बम फेंकें। बाढ़, तूफ़ान, भूकंप, अकाल; यह सब अपने दुःख और पीड़ा के सामने नगण्य हो गया है।" [11]

एक स्त्री के रूप में स्त्री की बाह्य पहचान उसके बाल और उरोजों से ही होती है। इसी से उसके सौंदर्य के मानदंड भी जुड़े हुए हैं। भारतीय परिवेश में पली-बढ़ी लिली भी इस बात को स्वीकार करती है "मेरे लिए मेरे बाल और मेरी ब्रेस्ट मेरी संपूर्णता के लिए बहुत आवश्यक हैं - उनके बिना मैं बदसूरत और अधूरी हो जाऊँगी।" [12] लिली जब कैंसर के कारण उरोज-विहीन और केश-विहीन हो जाती है तब वह स्वयं को एक दायरे में सीमित कर लेती है और अपने व्यक्तित्व को संकुचित कर लेती है। वह न तो किसी से ज्यादा बात करती है और न ही किसी से ज्यादा घुलती-मिलती है। यहाँ तक की वह अपनी माँ को भी अपनी कैंसर की बीमारी के बारे में कुछ नहीं बताती। वह भलीभाँति जानती है कि समाज में सिर्फ पुरुष ही नहीं वरन् स्त्री भी कैंसर पीड़ित व्यक्ति को अलग दृष्टि से देखता है। वह कहती है कि "एक जगत होता है नॉर्मल स्त्रियों का, जिनके शरीर स्वस्थ और रोग-मुक्त होते हैं; जिनकी आँखों में चमक और चाल में दमखम होता है; पर हमारा संसार दूसरा है, उसमें फ़र्क-फ़र्क डॉक्टरों से मीटिंगे होती हैं, अस्पतालों के वेटिंग रूम में देर-देर तक प्रतीक्षा करनी पड़ती है जहाँ पर हम जैसे लोग, हारे हुए जुआरी-सा चेहरा लेकर बैठे रहते हैं। वहाँ बातें भी दूसरी तरह की होती हैं - चौथी स्टेज का मतलब है कि कैंसर शरीर के अन्य अंगों में पहुँच गया है। तुम्हारी स्टेज दूसरी है, यानी दोनों ब्रेस्ट और बग़ल के लिम्फ नोड में।" [13]

ISSN: 2348 - 9715
Vol: 2, Issue: 4, March-2016

पुरुष की स्त्री के बाह्य सौंदर्य के प्रति जो मानसिकता शेषेन्द्र में दिखाई देती है वैसा ही विचार फ़िलिस के पति का भी है। यह दोनों अपनी कैंसर ग्रस्त पत्नी को मात्र इस लिए उपेक्षित कर देते हैं कि उनके उरोज ब्रेस्ट कैंसर की बली चढ़ गए हैं। उपन्यास में प्रस्तुत यह बातें समाज के एक बड़े पुरुष वर्ग की मानसिकता को ही प्रतिबिंबित करती हैं। लेकिन समाज में एक ऐसा पुरुष वर्ग भी है जो मात्र स्त्री के बाह्य - शारीरिक आकर्षण को महत्व नहीं देता। उपन्यास में वनमाली का पात्र एक ऐसे ही पुरुष वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है जो स्त्री (लिली) से किशोरावस्था से ही प्रेम करता रहा है; उसके लिए उरोज विहीन लिली, वही लिली है जिसे वह किशोरावस्था में जानता था। वह उरोज विहीन लिली को अपनाते हुए न केवल उसके प्रति अपने प्रेम का परिचय देता है वरन् स्त्री को सम्मान भी देता है।

लिली वनमाली के इस व्यवहार और विवाह के प्रस्ताव से कुछ क्षण के लिए चिंता-मुक्त होती है किंतु तुरंत ही उसका मन उलझन में पड़ने लगता है। वह अपने अनुभवों से पुरुष के स्वभाव को जानती है और इसीलिए यह सोचती है कि वनमाली उसे दुःख पहुँचाना नहीं चाहता और सहानुभूति के कारण उससे विवाह करना चाहता है। लिली समझ नहीं पा रही है कि वह अपनी आतंकित, बिसरती, दुखद मनःस्थिति से कैसे उबरे ! इसी उलझन के चलते वह वनमाली को छोड़ देती है। लिली इसी उधेड़बुन के साथ बनारस के हरिश्चंद्र घाट पर चली जाती है। यहाँ उसे अपने मन की सारी उलझनों से मुक्ति मिल जाती है। गंगा के किनारे अधजली लाशों को बहते हुए देखकर उसे लगता है कि शरीर चाहे कितना ही सुंदर हो या अपूर्ण, अंत में तो उसका नष्ट होना निश्चित है। फिर वह क्यों उरोज विहीन शरीर को लेकर इतनी चिंतित और शंकित है ! वह ब्रेस्ट कैंसर के कारण निर्मित अपने मन की समस्त उलझनों को गंगा के पानी में पत्थर फेंककर आह्वान करते हुए "इसके साथ बिसारती हूँ, रोग, क्षोभ और पराजय-" [14] बहा देती है। वह मन की उलझनों से मुक्त होकर वनमाली के पास जाती है और विवाह के प्रस्ताव को स्वीकार कर लेती है। वनमाली लिली को इस मनःस्थिति से उबारते हुए उसकी कैंसर-यात्रा में सहभागी हो जाता है।

कुल मिलाकर उषा प्रियंवदा ने इस उपन्यास में लिली के पात्र के माध्यम से ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित महिलाओं के मन में चल रही सौंदर्य की क्षति से जुड़ी उलझनों को बड़ी ही सूक्ष्मता से मार्मिक अभिव्यक्ति दी है।

ISSN: 2348 - 9715
Vol: 2, Issue: 4, March-2016

संदर्भ सूची

1. उषा प्रियम्वदा. *भया कबीर उदास.* नयी दिल्ली: राजकमल प्रकाशन, 2007. पृ. 30
2. वहीं पृ. 30
3. वहीं पृ. 30
4. वहीं पृ. 32
5. वहीं पृ. 38
6. वहीं पृ. 55
7. वहीं पृ. 59
8. वहीं पृ. 64
9. वहीं पृ. 68
10. वहीं पृ. 67
11. वहीं पृ. 91
12. वहीं पृ. 40
13. वहीं पृ. 42
14. वहीं पृ. 180

Knowledge Consortium of Gujarat
Department of Higher Education - Government of Gujarat
Journal of Humanity - ISSN : 2279-0233
Continuous Issue-28 | January – March 2017

आधुनिक परिवेश में मूल्यों को संजोती हुई यामिनी

मूल्य समाज से सरोकार रखते हैं, समाज में वह पनपते हैं। कुछ मूल्य समाज में रूढ़ हो जाते हैं तो कुछ मूल्य ऐसे भी हैं जो विभिन्न परिस्थितियों से प्रभावित-परिवर्तित होते हैं और नए मूल्यों के रूप में स्थापित होते हैं। समय परिवर्तन के साथ परंपरा से चले आ रहे मूल्य जब धुंधले पड़ने लगे या टूटने-बिखरने लगे तब नए मूल्यों को गढ़ने से परहेज नहीं करना चाहिए। लेकिन औद्योगीकरण और उसके बाद की चकाचौंध में मनुष्य या समाज न ही पूर्ण रूप से पुराने मूल्यों को छोड़ पाया है और न ही नए या परिवर्तित मूल्यों को स्वीकार पाया है। मूल्य परिवर्तन की प्रक्रिया के चलते नए और पुराने मूल्यों की टकराहट के बीच आज का मनुष्य उलझता जा रहा है।

सूर्यबाला द्वारा रचित 'यामिनी कथा' उपन्यास की नायिका यामिनी विभिन्न परिस्थितियों एवं वातावरण के झंझावात के बीच जीवन के मूल्यों को सँवारती और संजोने की कोशिश में संघर्षरत और कटिबद्ध रहती है। भारतीय समाज-संस्कृति ने पति-पत्नी को एक आदर्श रुप में अंकित करने के लिए विवाह संस्थान को अत्यंत महत्वपूर्ण माना है। लेकिन आधुनिक युग की जीवन पद्धति की सबसे बड़ी विद्रूपता यह है कि विवाह संस्थान के पवित्र बंधन पति-पत्नी को घुटन और संत्रास का अनुभव करवाते हैं। 'यामिनी कथा' का विश्वास ऐसा ही पात्र है जो विवाह को मात्र औपचारिकता मानता है। वह कहता है कि "मैं शादी का कुछ खास मतलब समझता भी नहीं। वह गए जमाने-सी आदर्शवादिता और बंधन - बड़े बेमानी रिडिकल्स से लगते हैं। बाहर रहते-रहते, इतने-इतने देश-विदेश और जीवन-दर्शन देखते-देखते उनका इतना अभ्यस्त हो गया हूँ कि बंधन शब्द ही जैसे कुछ घुटता-सा महसूस होता है।"[1]

विवाह संस्थान से जुड़े मूल्यों को महत्व देने वाली उपन्यास की नायिका यामिनी अपने पति विश्वास के प्रति प्रेम, निष्ठा, आस्था, समर्पण का भाव रखती है। लेकिन वैयक्तिक स्वतंत्रता को जीवन की पहली शर्त मानने वाले विश्वास के सामने यह सारे शब्द सहमकर और सिमटकर रह जाते हैं। यथा "विश्वास की उस अत्याधुनिक वैयक्तिक स्वतंत्रता की परिभाषा के सामने समर्पण, आस्था और बंधन जैसे शब्द अपने आप अबोध बच्चे-से सहम, सिमिट गए थे।"[2]

यामिनी पति विश्वास के स्वतंत्र एवं स्वच्छंद व्यवहार को पातिव्रत धर्म मानकर स्वीकार कर लेती है। समाज द्वारा स्थापित विवाह संस्थान के मूल्यों को भी वह स्वीकार कर लेती है। लेकिन दांपत्य जीवन के मूल्यों के अनुरूप यामिनी पति से प्रेम, स्नेह, अपनापन और गहरी सहानुभूति को भी प्राप्त करना चाहती है, जो शरीर से उत्पन्न होने के बावजूद मानसिक और आत्मिक हो। परंतु दूसरी तरफ विश्वास किसी भी

स्त्री को कभी भी सम्मान की दृष्टि से नहीं देखता। वह अपनी पत्नी यामिनी के प्रति भी समर्पित नहीं है। इसीलिए विश्वास कभी भी उसे वह प्रेम नहीं दे पाता जो पत्नी के रूप में यामिनी चाहती रही, जो उसका अधिकार भी था। विश्वास के लिए दांपत्य जीवन के मूल्य कभी भी शारीरिक स्तर से ऊपर नहीं उठ पाए। वह सोचती है कि "इस व्यक्ति ने मुझे कितना तरसाया है। सब कुछ था इसके पास। सब कुछ दे सकता था यह... लेकिन नहीं दिया न? सिर्फ शरीर की सतह पर फिसल कर दुत्कार दिया करता था। तृप्ति की एक अमूर्त बूँद के लिए तरस गई थी मैं। न मन लिया, न मन दिया।" [3] यही कारण है कि यामिनी के मन में विश्वास को लेकर बार-बार यह प्रश्न खड़ा होता है कि - आप व्यक्ति की स्वतंत्रता के पक्षधर हो, आधुनिक विचार वाले हो, एक हद तक शादी के बंधन को नकारते भी हो तो फिर आप मेरे साथ पति-पत्नी के रिश्ते में क्यों जबरदस्ती बंध गए हो? यामिनी जहाँ पति-पत्नी के रिश्ते को पवित्र और श्रेष्ठ मानती है वहीं पर विश्वास और उसकी माँ इस रिश्ते को सिर्फ एक औपचारिकता से ज्यादा और कुछ नहीं मानते। विश्वास की माँ के लिए यामिनी विश्वास को घर बुलाने का साधन मात्र थी, इससे ज्यादा और कुछ नहीं। कुल मिलाकर यहाँ दांपत्य संबंधों की मधुरता तार-तार हो जाती है और दांपत्य जीवन के मूल्य भी विघटित हो जाते हैं।

यामिनी इन मानसिक झंझावतों के बीच जब जूझ रही है तब उसी बीच उसे मातृत्व का एहसास होता है। भारतीय समाज में मातृत्व को स्त्री के जीवन का चरम मूल्य माना गया है। यामिनी इस एहसास को खुशी-खुशी जीती है। मातृत्व को पहली निष्ठा के रूप में स्वीकारती है। पति-पत्नी के बीच जो घुटन भरा रिश्ता था उससे दूर जाने के लिए यामिनी एक माध्यम चाहती थी जो उसे अपने पुत्र पुतुल के रूप में मिलता है। पुतुल के आगमन से यामिनी के जीवन में नई मिठास भर जाती है। विश्वास भी अपने पितृत्व के दायित्व को समझने लगता है। वात्सल्य के अथाह भंडार से अवगत होने के कारण यामिनी को भी कुछ आदर देने लगता है। पति-पत्नी के बीच की दूरी भी एक तरह से समाप्त होने लगती है। यामिनी इसे महसूस करती है, "क्योंकि उसमें पुतुल के साथ बीच-बीच में मेरी याद की भी चर्चा चलाई गई थी पूरे अपनेपन से, बिना छल छद्म के।"[4] लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। विश्वास कैंसर जैसी बीमारी का भोग बन जाता है। "नियति, खलनायिका-सी, एक हाथ से सुख-सुकून भरा रंग चुंगा पिटारा उसे हाथ में थमाती, दूसरे हाथ से झटका मारकर गिराती हुई चली गई थी।"[5]

पति की मृत्यु के पश्चात यामिनी विधवा का जीवन जीने के लिए मजबूर हो जाती है। विधवा के जीवन की उन्नति के लिए इस देश में बहुत कुछ किया गया है लेकिन समाज की सोच में ज्यादा परिवर्तन नहीं आया है। समाज आज भी विधवा स्त्री को अपशकुन मानता है। इस पर यदि विधवा युवा हो तो उसे लोगों की बुरी नजरों का सामना करना पड़ता है। समाज की सोच में हुए कुछ सीमा तक के परिवर्तन से आज समाज विधवा स्त्री के पुनर्विवाह को अपनाने लगा है। पुरुष वर्ग भी विधवा स्त्री से विवाह करने में पहले जितनी आपत्ति का अनुभव नहीं करता। 'यामिनी कथा' का निखिल भी एक ऐसा पात्र है जो यामिनी के विधवा-जीवन में रंग भरना चाहता है। निखिल अतीत या भविष्य की बात न करके वर्तमान में जीने का पक्षधर है। अतः यामिनी के अतीत से उसे कुछ लेना-देना नहीं है। वह यामिनी को उसी रुप में, एक बच्चे (पुतुल) के साथ स्वीकार ने के लिए तैयार है। लेकिन यामिनी अपने व्यक्तिगत मूल्य की प्रबलता के कारण

समाज से ज्यादा अपने आप ही हीनता का अनुभव करती है। वह कहती है कि "(मैं) सुख चाहती हूँ लेकिन उसे प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ते हुए कदम डगमगाते हैं। बाहरी समाज की वजह से उतना नहीं जितना अपने अंदर की हीनता से, शायद एक दुखी, असफल व्यक्ति का जिंदगी के प्रति समूचा दृष्टिकोण ही दुविधाग्रस्त हो जाता है। वह अपने पैरो पर खड़ा होना ही भूल जाता है।" [6]

इस पर निखिल उसे समझाता है कि "सामाजिक जिम्मेदारियों के बीच व्यक्ति का कुछ अपने प्रति भी दायित्व है। उससे पीछा छुड़ाना भी, चाहे आदर्शों के नाम पर, चाहे पूर्वाग्रहों के नाम पर, अन्याय ही है। और अन्याय तो अन्याय है, चाहे अपने प्रति, चाहे दूसरों के प्रति।" [7] यहाँ निखिल वैयक्तिक मूल्यों को भी महत्व देता दिखाई दे रहा है।

यामिनी निखिल से विवाह करने से पूर्व अपने पुत्र की सहमति को आवश्यक समझती है। पुतुल को इस विवाह से कोई ओब्जेक्शन नहीं है। वह अपनी सास से भी इस संबंध में बात करती है। सास भारी मन से ही सही पर समसामयिक समय में विधवा-विवाह को सामान्य मानते हुए कहती है, "मैं कौन होती हूँ बोलने वाली... मेरा तो बेटा गया, अब मुझे दूसरा बेटा तो मिलने वाला नहीं। हाँ, तुम्हें दूसरा पति मिल सकता है। और फिर आजकल तो यह सब हो ही रहा है। पहले वाली बातें अब कहाँ कि बच्चों के सुख के लिए पहाड़-सी जिंदगी को अकेले काटा जाना।" [8] सास यहाँ सामाजिक मूल्य में आए परिवर्तन का स्वीकार करती दिखाई तो देती है लेकिन साथ ही अपने मन की बात भी बता देती है। अंततः यामिनी अपने पुत्र की सहमति को जानकर निखिल के विवाह प्रस्ताव को स्वीकार लेती है।

हालाँकि पुतुल अपने और अपनी माँ की वैयक्तिकता को स्वतंत्र रहने का अवकाश प्रदान कर देता है लेकिन उसी पुतुल को समाज की ओर से बक्सा नहीं जाता। उसे अपनी माँ के पुनर्विवाह के कारण बार-बार अलग-अलग रूप में सामाजिक अवहेलना का सामना करना पड़ता है। यह सब यामिनी खुद भी जानती है। वह कहती है "उसे तो घर से निकलने के साथ ही पड़ोसियों की खुलती-बंध होती खिड़कियाँ, अर्थ का अनर्थ करती दृष्टियों का सामना करना पड़ता। सहृदयता की आड़ में फूहड़ मजाकों का जवाब देना पड़ता। कहीं भी, कोई भी, रोक-टोककर हालचाल के नाम पर चटपटी जानकारियाँ हासिल करने से बाज नहीं आता। लोग जो निखिल के सामने डरते थे, मुझे देखकर उपेक्षा से मुँह मोड़ लेते थे। पुतुल पर जबरदस्ती का लाड़-दुलार और सहानुभूति थोपकर उसे अंदर तक बींधकर रख देते थे।" [9]

उपन्यास में वैयक्तिक मूल्य तब और भी प्रभावशाली रूप में उपस्थित हो जाते हैं जब यामिनी अपने दूसरे पति निखिल को परितृप्त न कर पाने के बोझ का अनुभव करती है। वह अपने पति के समर्पण को दर्शाती हुई सोचती है कि "वह औरत जिसकी शर्तों को वे पूरा सम्मान दे रहे थे और जिसके बेटे को वे पूरी ईमानदारी से अपनाने की कोशिश कर रहे थे। सामाजिक दृष्टि से अब तक उन्हें सब कुछ दूसरी श्रेणी का ही मिला था। मैं स्वयं उनकी सादृश्यता के नीचे दबा हुआ ही तो महसूस करती थी। उन्हें कुछ न दे पाने का मलाल... साथ ही उनके लिए भी कुछ कर पाने की सच्ची साध... तो अब इससे बढ़कर कौन-सा उपहार होगा निखिल के लिए? और मैं उन्हें उसी सुख, परितृप्ति से वंचित करने की मंशा पाल रही हूँ।" [10] निश्चित

रूप से एक पत्नी के रूप में अपने पति को जो कुछ देय है वह सारा न दे पाने का मलाल उसे अंदर ही अंदर कुरेदता जा रहा है। लेकिन यह सब अनुभव करने वाली यामिनी के दांपत्य जीवन में एक समय ऐसा आता है जब निखिल अपने अंश चुनचुन के आगमन के पश्चात यामिनी को पत्नीत्व से दूर कर देता है। वह यह मानने लगता है कि "यामिनी को जीवन में सब कुछ मिल चुका था, पति, बच्चा, वैभव, घर, परिवार... और मैंने जो कुछ दिया, उससे कहीं बेहतर रूप में मिल चुका है... शायद इसलिए तुम मुझे, मेरे माध्यम से मिली चीजों को उतनी अहमियत नहीं देतीं। तुम्हारे लिए तो यह सब पुनरावृत्ति मात्र ही है।" [11] निखिल यह अनुभव करने लगता है कि यामिनी ने मात्र सामाजिक और आर्थिक रुप से सहारा पाने के लिए ही शादी की थी। वह कहता भी है "अब तो लगता है कि... शायद तुम सिर्फ आर्थिक और सामाजिक संरक्षण ही चाहती रही हो...।" [12]

यामिनी का सर्वस्व इस वाक्य से आहत हो उठता है। उसे पति के इस वाक्य पर विश्वास ही नहीं होता। जिसके लिए उसने पति निखिल और पुत्र पुतुल के बीच पत्नी-धर्म और मातृत्व-धर्म को निभाने में अपना सब कुछ समर्पित कर दिया, कभी अपने जीवन के बारे में नहीं सोचा, आज वह अपने पति के इस तरह के व्यंग्य-वाक्य सुनने के लिए मजबूर हो गई है। अंतरमन की उन तमाम उलझनों के बीच उसका मन यह सोचने पर विवश हो जाता है कि विश्वास और निखिल दोनों ही पुरुषों ने आखिर उसे क्या दिया? "पतित्व की पूरी परिभाषा की दृष्टि से देखा जाए तो अब तक ना मुझे पूरा प्यार ही मिला था, ना सुरक्षा और संबल ही।" [13] यामिनी के इस वाक्य से दांपत्य जीवन के मूल्य टूटकर बिखर जाते हैं। "कितनी हैं अंतहीन यह शापित यात्राएँ... मुक्ति का कोई विधान ही नहीं...।" [14]

ऊपरी स्तर पर किसी के पुत्र को अपना पुत्र मानकर स्वीकार करना और वास्तविक रूप से उसे अपने पुत्र के रूप में स्वीकार करना दोनों में बहुत अंतर होता है। इसीलिए यामिनी जब पुतुल के संदर्भ में निखिल से पुछती है तो निखिल साफ-साफ शब्दों में कह देता है कि "यामिनी! पत्नी के रूप में किसी स्त्री को स्वीकारना और बेटे के रूप में किसी लड़के को - दोनों दो अलग-अलग बातें हैं। पत्नी की जगह दूसरी स्त्री ले सकती है, बेटा तो सिर्फ अपना ही होता है...।" [15] समाज में पुरुष मानसिकता दूसरे की स्त्री को अपनी पत्नी बना सकता है लेकिन दूसरे के बेटे को अपने बेटे-सा प्यार-दुलार कम ही दे पाता है।

कुल मिलाकर वैयक्तिक और पारिवारिक दांपत्य जीवन के मैं संघर्षरत स्त्री न ही पूर्ण रूप से पति की हो पाती है और न ही पूर्ण रूप से पुत्र की और न ही खुद अपने वैयक्तिक जीवन को जी सकती है। इन सब के बीच जूझती स्त्री की मनोव्यथा को सूर्यबाला ने 'यामिनी कथा' में यामिनी के पात्र के द्वारा दर्शाया है। पूरे उपन्यास में यामिनी अलग-अलग दिशाओं में बिखरी हुई है कहीं पर पहले पति विश्वास की स्मृतियाँ हैं, तो कहीं पर पुतुल के प्रति अनहद प्रेम, दूसरी ओर पति निखिल का साथ और चुनचुन - इन सब के बीच यामिनी अपने आपको एडजस्ट करते हुए अपने अस्तित्व को टिकाए रखने की कोशिश करती रहती है। आज के समय में भी यामिनी जैसी अनेक स्त्रियाँ हैं जो इतना कुछ सह कर भी अपने पारिवारिक-सामाजिक मूल्यों में अटूट विश्वास का परिचय देती हैं और उसे अपने स्वत्व की कीमत पर संजोने की कोशिश करती रहती हैं।

संदर्भ

I. सूर्यबाला. यामिनी कथा. प्रथम. दिल्ली: ज्ञानगंगा, 1991. पृ. 20
II. वहीं, पृ. 20
III. वहीं, पृ. 49
IV. वहीं, पृ. 35
V. वहीं, पृ. 41
VI. वहीं, पृ. 59
VII. वहीं, पृ. 61
VIII. वहीं, पृ. 62
IX. वहीं, पृ. 69
X. वहीं, पृ. 70
XI. वहीं, पृ. 90
XII. वहीं, पृ. 90
XIII. वहीं, पृ. 62
XIV. वहीं, पृ. 92
XV. वहीं, पृ. 94

****

डॉ. तृप्ति भावसार
सहायक आचार्य
हिन्दी विभाग
एम. पी. शाह आर्ट्स और सायन्स कॉलेज,सुरेन्द्रनगर
सौराष्ट्र विश्वविद्यालय
गुजरात

Copyright © 2012- 2017 KCG. All Rights Reserved. | Powered By: Knowledge Consortium of Gujarat

UGC Approved Research Journal No. 47845

ISSN : 2319-6513

साहित्य वीथिका

वर्ष : 6 अंक : 11 दिसम्बर-2017

:: संपादक ::

डॉ. दिलीप मेहरा

:: परामर्शक ::

डॉ. पारुकान्त देसाई

डॉ. दयाशंकर

डॉ. दिनेश कुशवाह

डॉ. सुरेश गढवी

प्रो. जे. के. सिंह

तेजेन्द्र शर्मा (लंदन)

:: संरक्षक ::

डॉ. मालती दुबे

डॉ. सतीन देसाई 'परवेज़'

:: सम्पादक मण्डल ::

डॉ. शिवप्रसाद शुक्ल

डॉ. प्रेमचन्द कोराली

डॉ. खन्नाप्रसाद अमीन

श्री सुरेशभाई के. मेहरा

:: कला सज्जा ::

मयूर इसरामा

:: व्यवस्थापकीय पता ::

शोभा मेहरा

यश भवन, प्लोट नंबर-१४२३/१

शालिनी अपार्टमेंट के पीछे,

नाना बाजार, वल्लभ विद्यानगर,

जि. आणंद - ३८८१२०

Email : mehradilip52@gmail.com

सचलभाष : 94263 63370

Peer reviewed bilingual bi-annual International research journal

पत्रिका में प्रकाशित कविता, लेखादि में अभिव्यक्त विचारों से प्रकाशक या सम्पादक का सहमत होना आवश्यक नहीं । समस्त विवादों के लिए न्यायालय का क्षेत्र आणंद, गुजरात होगा।

सदस्यता शुल्क

वार्षिक २०० रुपये

पंचवार्षिक १००० रुपये

आजीवन २५०० रुपये

संस्था के लिए

वार्षिक ३०० रुपये

आजीवन ३००० रुपये

अनुक्रमणिका

सम्पादकीय	डॉ. दिलीप मेहरा	२
१. दक्षिण गुजरात में कबीर पंथी भक्ति	डॉ. अनिलाबहन के. पटेल	३
२. विस्थापन और 'कितने पाकिस्तान'	सुनीलकुमार यादव	६
३. साम्प्रदायिकता और 'आखिरी कलाम'	प्रशान्त कुमार यादव	८
४. स्त्री-पुरूषों के संबंधों का लेखा-जोखा : 'झूला-नट'	तलपदा राधा एल.	११
५. महाभारत में वर्णित कुछ मिथकों पर एक व्यंग्यात्मक दृष्टि - 'सूतो वा सूतपुत्रो वा'	डॉ. मनीषा ठक्कर	१३ १६
६. 'छप्पर' उपन्यास में दलित जीवन की यथार्थ अभिव्यक्ति	दिनेशभाई किशोरी	१९
७. हिन्दी कथा-लेखिकाओं के समकालीन हिन्दी उपन्यास	डॉ. ज्योत्सना पटेल	२४
८. मिथक और आधुनिकता के समन्वय-साक्षी : आधुनिक हिन्दी नाटक	प्रा. विनोदकुमार पी. चौधरी	२८
९. 'गटर का आदमी' उपन्यास में दलित विमर्श	तेजसकुमार ए. अमीन	३१
१०. जातिवादी मानस की संकिर्णता का यथार्थ चित्रण हरिश मंगलम् की कहानियाँ	प्रदिपकुमार लालाभाई महिडा	३४
११. आदिवासी साहित्य एवं संस्कृति के प्रसार में मीडिया की भूमिका	राकेश कुमार यादव	३८
१२. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी लघुकथाओं में राजनीतिक व्यंग्य	धर्मेन्द्रकुमार एच. राठवा	४१
१३. परंपराओं से मुक्ति की मांग : नीला आकाश	डॉ. अनु पाण्डेय	४५
१४. मैथिली शरण गुप्तजी की 'नारी भावना'	प्रा. कुसुमबेन एल. टंडेल	४८
१५. गजलगंगा तक पहुँचने की कश्मकश की शानदार गज़ल - 'कहाँ तक पहुँचे'	डॉ. कुमार जे.एन.शास्त्री	५०
१६. अमरकान्त की कहानियों में चित्रित निम्न-मध्यमवर्गीय समस्याएँ	प्रा. धर्मेन्द्रसिंह एम. ठाकोर	५३
१७. भारतीय साहित्य में 'थर्ड जेंडर' विमर्श-एक परिचय	सनोज पी. आर.	५६
१८. नव जागरण काल में मुखरित कविता का स्त्री स्वर	डॉ. सुरेश ए.	६०
१९. भारतीय फिल्मों पर लोकगीतों का प्रभाव	रवीन्द्रकुमार पी. मकवाणा	६३
२०. 'उखड़े हुए लोग' उपन्यास की मूल संवेदना	बाबू चौधरी	६६
२१. आधुनिक हिन्दी काव्य में महात्मा गाँधी की मौजूदगी	डॉ. हसमुख परमार	७०
२२. 'खेतावालो' काव्यसंग्रह में निरूपित आदिवासी समाज का विश्वास-अंधविश्वास	जयदीपकुमार वी. चौधरी	७२
२३. भारत में मानवाधिकार और महिलाएँ	जी.आर.पोंकिया	७४
२४. मीडिया, समाज और नारी	हेमलता बी. मेहता	७६
२५. तुम आ जाओ : एक आस्वाद	डॉ. सतीन देसाई 'परवेज'	७८
२६. भारतीय संस्कृति और रवींद्रनाथ त्यागी के व्यंग्य निबंधों में स्त्री	डॉ. तृप्ति भावसार	८०
२७. समकालीन महिला कहानी लेखन और युगबोध	डो. सुरेश सिंह राठौड	८३
२८. 'पारिजात' उपन्यास में नये-पुराने सम्बन्धों का एहसास	डॉ. अनिला मिश्रा	८६
२९. विश्व साहित्य के संदर्भ में 'चंदरवो' कहानी का मूल्यांकन	अनिता ए. सालुंके	८९
३०. नाट्य प्रयोग की नूतन समस्याएँ - आधुनिक रूपकों में	प्रा. डी.जी.राज	९१
३१. 'मनुस्मृति' में धार्मिक संस्कृति	प्रियंककुमार निलकंठभाई रावल	९४
३२. अद्वैतवाद और मायावाद - शंकराचार्य के संदर्भ में	डॉ. मोंघजीभाई बी. चौधरी	९६
३३. 'कर्णभार' में दलित चेतना	डॉ. बी.जी.पटेल	९८
३४. संस्कृत वाङ्मय में मानवीय मूल्य	डॉ. वर्षा एच. पटेल	१००
३५. "Representation" a Political Issue: An Edifice of Gender and Paternalistic Dominance	Dr. Kavita J	१०२
३६. Shifting Of Magnetic Field: Evidence And Consequences	Dr. Kalpana R. Malvat	१०४
३७. George Orwell's *1984* as a critique of reality, freedom and love	Rajnikant Bhoi	
३८. "Comparison and Contrast in Sketching of Women in Diaspora Literature": With Special Reference to Chitra Banerjee Divakaruni and Jhumpa Lahiri	Ms. Aartiben R. Pandya	१०७
39. Crime Against Women In Selected Cities Of Gujarat: A Special Focus On Domestic Violence	Arundhati Sharma *Dr. S.d. Mishra*	११०
40. "need And Implications Of Self Management In Gujarat"	Ms. Chitra Saradva	११४

राष्ट्रीय संगोष्ठी आणंद आर्ट्स कॉलेज - पृ.२७

डॉ. दिलीप मेहरा को राष्ट्र भाषा रत्न पुरस्कार - पृ.६५

किन्नर विमर्श संगोष्ठी - पृ.८५

काव्यसृष्टि :

संगीता चौहान पृ.२३ पुरोबी ए.भंडारी पृ. ४४

गजेन्द्र प्रसाद पृ. ९० गीतिका वेदिका पृ. ११४

सम्पादकीय

साहित्य वीथिका का ग्यारहवाँ अंक राजनीतिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक, धार्मिक गहमागहमी के बीच प्रकाशित हुआ है। गुजरात मॉडल की अग्निपरीक्षा दिसम्बर २०१७ के विधानसभा से पता चला तो राजस्थान उपचुनाव की दो लोकसभा एवं एक विधानसभा सीट कांग्रेस की झोली में गयी। यदि सत्ता और निपक्ष सशक्त और पारदर्शक होंगे तो सर्वांगीण विकास होगा। फिलहाल कृष्णा सोबती को ज्ञानपीठ पुरस्कार दिया जाना बहुत कुछ कह जाता है क्योंकि रचनाकार को समय विशेष में पुरस्कार दिया जाता तो काफी अच्छा होता। कृष्णा सोबती को ढेर सारी शुभकामनाओं को साहित्य वीथिका परिवार प्रेषित कर रहा है। ममता कालिया को भी व्यास सम्मान से नवाजा गया है। कुँवर नारायण, दूधनाथ सिंह, बलदेव बंशी, मनुशर्मा आदि रचनाकारों की स्वाभाविक मृत्यु से साहित्य वीथिका परिवार श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस रचनाकारों की मृत्यु से खाली जगह की भरपाई नवोदित रचनाकार करेंगे। आदिवासी, दलित एवं स्त्री विमर्श की चर्चा केन्द्र में है तो यह शताब्दी असहायों एवं उपेक्षितों की है। ऐसी विषम परिस्थिति में किन्नर विमर्श जो वर्णित क्षेम है उस पर बात करना भी काफी समीचीन होगा। महेन्द्र भीष्म, प्रदीप सौरभ, लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी आदि की रचनाओं के माध्यम से भारतीय समाज एवं सरकार की कली खोना नितांत आवश्यक है। तमिलनाडु के कुवागम में किन्नरों का त्यौहार काफी प्रशंसनीय है तो महाभारत काल से लेकर अब तक के तृतीय लिंगियों का मूल्यांकन अनिवार्य हो गया है।

- डॉ. दिलीप मेहरा

लेखकों से

- ❖ शोधालेख के साथ-साथ अपना कार्यालयी एवं आवासीय पूरा पता पिनकोड सहित अपने दूरभाष तथा सचलभाष का क्रमांक अवश्य लिखने का कष्ट करें ताकि तुरन्त ही प्राप्ति/स्वीकृति/अस्वीकृति की सूचना दी जा सके। ताजा फोटो भी भेजना अनिवार्य है।
- ❖ विशेषांक के सम्बन्धमें अग्रिम जानकारी दी जायेगी।
- ❖ शोधालेख के संशोधन का अधिकार सम्पादक का होगा। शोधालेख के साथ प्रमाणपत्र अवश्य भेजें कि - 'यह मेरा मौलिक एवं सर्वथा अप्रकाशित शोधालेख है। इसके तथ्यों की प्रामाणिकता एवं सन्दर्भ समीचीन है।'
- ❖ लेखकों एवं पाठकों को अंक कैसा लगा? इस सम्बन्ध में आपके विचार अवश्य भेजें, जिस से हमारी त्रुटियों की जानकारी मिलेगी और भावी योजना बनाने में हमें सहायता मिलेगी।
- ❖ सदस्यता शुल्क, सहयोग-राशि, संरक्षक-राशि एवं प्रकाशनार्थ सारी सामग्री निम्नांकित पते पर भेजें।
- ❖ आपका शोधालेख रिसर्च कमिटि में चयन होने के बाद प्रकाशित होगा। आपके द्वारा भेजे गए आलेख का लौटाया नहीं जायेगा, इसलिए आप अपने पास आलेखकी फोटोकॉपी जरूर रखें।
- ❖ लेखकों से नम्र निवेदन है कि अपना शोधालेख पाँच पृष्ठों से ज्यादा न लिखें। अन्यथा उस पर विचार नहीं किया जायेगा।
- ❖ सदस्यता शुल्क चेक/डी.डी. से भेज सकते है या शोभाबहन दिलीप मेहरा खाता क्रमांक - 01830100004023 (IFSC Code BARBOPANJAR) (बैंक औफ बडौदा) में राशि जमा करके फोन या मेइल से कार्यालय में जानकारी दें।

डॉ. दिलीप मेहरा

संपादक

१. दक्षिण गुजरात में कबीर पंथी भक्ति

डॉ. अनिलाबहन के. पटेल

आज छः सौ वर्षों के बाद भी साहित्य के जरिये ही नहीं, कबीर-पंथी भक्ति के द्वारा भी लोगों की जबान पर कबीर बिराजमान हैं। कबीर युग दृष्टा होने साथ अपनी महान प्रतिभा और जिज्ञासावृत्ति के कारण लोगों से ही नहीं साधुओं-संन्यासीओं में, चिन्तकों में, विचारकों में, योगियों में बैठकर ज्ञान अर्जित कर अपने अनुभव के द्वारा साधारण लोगों तक ज्ञान पहोंचाते थे। उस वक्त वर्णाश्रम और जाँति-पाँति के भेदभाव के कारण साधारण जन को निर्गुण भक्ति की रसधारा में मग्न कराने वाले प्रथम कबीर ही थे। आज शहरी लोग से अधिक गाँव के लोगों में भक्ति की भावना अधिक होने से हृदय के शुद्ध भाव से वे भक्ति करते हैं।

आचार्य शुक्लजी ने कबीर पंथ के बारे में कहा है कि ''कबीर ने जिस प्रकार एक निराकार ईश्वर के लिए भारतीय वेदान्त का पल्ला पकड़ा, उसी प्रकार निराकार ईश्वर की भक्ति के लिए सूफियों का प्रेमतत्व लिया और अपना निर्गुण पंथ धूमधाम से निकाला।''१ इसी सन्दर्भ में वे आगे कहते हैं- ''कबीर ने भारतीय ब्रह्मवाद के साथ सूफियों के अहिंसावाद तथा प्रपत्तिवाद का मेल करके अपना पंथ खड़ा किया है।''२ कबीर-पंथ को लेकर अनेक मतभेद हैं। कबीर-पंथ का आविर्भाव कब हुआ? कैसे हुआ? इसका प्रवर्तक कौन हैं? इस सम्बन्ध में विभिन्न मत हैं। कबीर-पंथ की भक्ति को लेकर विभिन्न शाखाएँ हैं। उनमें कबीर चौरा मठ काशी, लहरतारा, मगहर, मुस्लिम कबीर-पंथी मठ, हिन्दू कबीर-पंथी मठ और कबीर-बाग गया आदि शाखाएँ प्रसिद्ध हैं। कबीर-पंथ का मुख्य केन्द्र उत्तर-भारत रहा है किन्तु उत्तर-प्रदेश, बिहार, मध्यप्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, मद्रास, आसाम, बंगाल, पंजाब, कोचीन, कश्मीर आदि पूरे भारतवर्ष में कबीर-पंथ का प्रचार-प्रसार हो रहा है। वैश्वीकरण के इस दौर में भारत में ही नहीं, विदेशों में भी कबीर-पंथ एवं उनके अनुयायियों का साम्राज्य फैला हुआ है।

दक्षिण गुजरात में अनेक जाति एवम् धर्म के लोग रहते हैं। जिनमें सनातन, स्वाध्याय पंथ (योगेश्वर में मानने वाले) मोक्षमार्गी, सत् कैवल, सदाफल, स्वामी नारायण, राधा स्वामी, कलवाडा वाला, आसाराम को मानने वाले आदि हैं। जिस प्रकार भक्तिकाल में विभिन्न भक्तिधारा प्रवाहित होने पर भी कबीर का भक्ति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान है वैसे ही अन्य भक्तिधारा के चलते कबीर पंथी 'कलवाड़ावाले' (कलवाड़ा गाँव में रहने वाले) की भक्ति का महत्व है। कबीर के समन्वयवाद ने हिन्दू-मुस्लिम को एक करने के प्रयास ने ग्राम्य जीवन को प्रभावित किया है। दक्षिण गुजरात में कबीर की भक्ति का प्रचार-प्रसार होने के कारण आज भी कबीरपंथी भक्ति हो रही है। उस वक्त सूरत के मुस्लिम मौलवी मलेकशाह बावा का काफी प्रभाव था। मलेकबावा के गुरु-मिर्जा ख्वाजाँ गरीब नवाज मोहम्मदशाह से यह भक्ति चली आई है। मलेकबावा ने जाँति-पाँति के भेदभाव भूलकर गाँव-गाँव घूमकर लोगों में भक्ति की भावना जगायी थी। सन् १९१४ में भावना जागृत हुई। मलेकबावा के शिष्य बनने के लिए वे कलवाडा गाँव से कभी पैदल तो कभी ट्रेन में गुरु के दरबार में पहोंच जाया करते थे। शिष्य बनने के लिए फकीर को कठिन परीक्षाएँ देनी पड़ी। (वलसाड़ जिला में २५ कीमी दूरी पर पूरब में छोटा सा गाँव कलवाड़ा है।) गरीब फकीर ने अपने कुम्हार के व्यवसाय के साथ साथ भक्ति का दीप प्रज्जवलीत किया। पिता के मौत के पश्चात् बचपन में ही घर की जिम्मेदारी फकीर को उठानी पड़ी। भक्त फकीर की अनेक परीक्षा के बाद गुरुपद प्राप्त हुआ। फकीरबावा मिट्टी के बरतन बनाते बनाते भक्ति में लीन हो जाते थे। जिस प्रकार कबीर ने भक्ति भावना को लोक मानस तक पहोंचाया था वैसे ही फकीरबावा ने दक्षिण गुजरात के निम्न और मध्यम लोगों के बीच भक्ति को कायम किया। दक्षिण गुजरात में सुरत, नवसारी, चीखली, वांसदा, वलसाड़ जिले से लेकर संजाण-भीलाड़ और मुंबई तक इसका प्रसार हुआ है। यह बताया जाता है कि 'उसके दरबार में आनेवाले कभी खाली हाथ

नहीं जाते ।' जो भी भक्त बड़े श्रद्धा से मन्नतें करते हैं सभी की मन्नतें यहाँ पूरी होती हैं। यह बड़े खेद की बात है कि इस पंथ के द्वारा लिखित साहित्य उपलब्धन होने के कारण ज्ञान की बातें साखी और भजन के जरिये श्रुत रूप में लोगों तक पहुँचा रहे हैं।

यह कबीरपंथी भक्ति फकीरबावा के द्वारा शुरु हुई थी वह आज भी चल रही है। कबीर की साखियाँ, दोहे और भजन आदि महेफिलों में गाया जाता है। यहाँ 'महेफिल' का अर्थ लोग एकत्रित हो कर भजन कीर्तन करते हैं। यहाँ के लोग दिन में काम करते और रात को संगीतवाद्य के साथ भजन करते। यहाँ नया वर्ष, दशहरा, गुरु पूर्णिमा आदि धामधूम से मनाया जाता है। भक्त जनों के घर में भी महेफिल रखी जाती है। यह कहा जाता है कि सात सत्यनारायण की पूजा करने से मिल जाता है। यहाँ की महेफिल में जो मग्नता होती है वो देखने योग्य है। कितने ही भक्त संगीतवाद्य के साथ भजन करते करते रोने लगते हैं या मस्ती में नाचने-झूमने या गाने लगते हैं जो भक्ति में पराकाष्ठा मानी जाती है। यहाँ गुरु को ही सबकुछ माना जाता है। भजन शुरु होने के पूर्व साखी गायी जाती है जो कबीर की रहती है। जिस प्रकार कबीर ने गुरु की महिमा गाते हुए लिखा है -

''सतगुरु की महिमा अनंत, अनंत किया उपगार।
लोचन अनंत उघाडिया, अनंत दिखावण हार ॥''३

इस क्षेत्र के लोग गुरु की महिमा के गुणगान करना, गुरु की आज्ञा का पालन करना, सुख-दुख की बातें गुरु के सामने प्रगट करते हैं। यही लोग गुरु पर बड़ा विश्वास करते हैं। आज भी गोविंद से गुरु का महत्व अधिक मानते हैं।

''गुरु गोविंद तो एक हैं, दूजा यहु आकार।
आपा मेट जीवत मरै, तो पावै करतार॥''४

''सतगुरु साँचा सूरिवाँ, तातैं लोहिं लुहार।
कसणी दे कंचन किया, ताई लिया ततसार॥''५

कबीर प्रेम के उपासक थे। उनका विश्वास था कि ईश्वर तक पहुँचने का रास्ता प्रेम ही है। उनके प्रेम का व्यापक रूप जो व्यक्ति से लेकर ईश्वरीय सत्ता तक फैला है। कबीर ने सांसारिक जीवन यापन करते करते भक्ति करने को कहा है। उन्होंने सभी जीव मात्र के साथ प्रेम से रहने के लिए कहा है।

''कबीर बादल प्रेम का, हम परि बरष्या आई।
अंतरि भीगी आत्माँ, हरी भई बनराई॥''६

जिस प्रकार संसार में भक्ति करने की बात कबीर ने बताई थी उसी प्रकार सारे भक्त जन संसार में रहकर भक्ति के जरिये मुक्ति की कामना करते हैं। प्रेम भक्ति का भजन जो महेफिल में गाया जाता है वह इस प्रकार है -

''ओ सद्गुरू कलवाड़ी, मैं तो चुनड़ी ओढ़ि तारी,
मारी लाज जो जे न जाये,
हुँ धन दौलत नहीं माँगती,
तारा चरणों में जगह मिल जाये।''

कबीर ने भक्ति में बाह्याडम्बरों का विरोधकिया है। उनका कहना था कि हृदय के सच्चे भाव से ही प्रभु-भक्ति वांछनीय है। वे रामनाम को ही सबकुछ मानते थे। राम नाम की महिमा गाते हुए कबीर लिखते हैं कि-

''लूटि सकै तो लूटियौ, रामनाम है लूटि।
पीछैं ही पछिताहुगे, यहु तन जैहैं छूटि॥''७

इतना ही नहीं गरीब भक्त जन और साधु को ध्यान में रखते हुइ कबीर कहते हैं कि -

''साई इतना दीजिए, जामे कुटुम समाय।
मैं भी भूखा ना रहूँ, साधु न भूखा जाय॥''८

फकीरबावा ने समाधी ली थी। वे हिन्दू होने के बावजूद उनका मकबरा बनाया है। इस कबीर पंथी भक्ति को लेकर काफी विवाद भी चलता रहा है। लाखों लोगों के दुख-दर्द यहाँ दूर होते हैं इसलिए आज कलवाड़ा गाँव भक्त जनों के लिए यात्राधाम है। फकीरबावा की दरगाह में लोगों की मन्नतें पूरी होती है। फकीरबावा के बाद उसके बेटे वल्लभशाह और मगनशाह ने

गुरूपद प्राप्त किया था। उसके बाद आज वल्लभशाह का बेटा गणपतबावा और मगनशाह का बेटा प्रवीणबावा गुरूपद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। यह सच है कि आज भी भक्तों के जबान पर फकीरबावा का नाम आ ही जाता है।

आज कबीर पंथियों में ही प्रेम एवं सौहार्द का अभाव है। उनमें पारस्परिक ईर्ष्या भाव तथा संघर्ष की भावना जन्म ले रही है। केदारनाथ द्विवेदी के अनुसार 'एक शाखा के कबीर-पंथी, दूसरी के शाखा के कबीर-पंथियों को प्रायः हेय दृष्टि से देखते हैं और एक दूसरे की आलोचना-प्रत्यालोचना में भी अपना बहुमूल्य समय नष्ट किया करते हैं। कबीर-पंथ की सभी शाखाएँ समन्वित शक्ति के पंथ-प्रचार का प्रयास नहीं करतीं।'९ केदारनाथ जी का कहना सही है क्योंकि आज भक्ति भावना में प्रतियोगिता नहीं होती किन्तु दूसरे को निम्न दिखाने में होड़ लगी हुई है। एक ही पंथ के होने के बावजूद भक्ति में भेदभाव नजर आता है।

कबीर ने जिन विसंगतियों का विरोधकिया था वही आज इस पंथ में देखने को मिलती हैं। कबीर ने मूर्ति पूजा का विरोधकिया था फिर भी गुरू की प्रतिमा की पूजा की जा रही है। आज भक्ति में बाह्याडम्बर आ गया है। हरेक धर्म में अच्छाइयाँ और बुराईयाँ तो होती ही हैं। चाहे जो भी हो भक्तों के लिए कलवाड़ा यात्राधाम बन गया है और भक्तों को सिर रखने की जगह मिल गई है।

सन्दर्भ सूची :

१. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल: हिन्दी साहित्य का इतिहास: पृ.सं.४४ (३९ वाँ संस्करण २००१)

२. वही-पृ.सं.३६

३. कबीर ग्रंथावली - रामकिशोर शर्मा, पृ. १०७

४. वही - पृ. ११५

५. वही - पृ. ११५

६. वही - पृ. ११८

७. वही - पृ. १२७

८. वही - पृ. १०५

९. डॉ. केदारनाथ द्विवेदी : कबीर और कबीर पंथ : पृ.सं. ११४

आसि. प्रोफेसर,

स्नातक हिन्दी विभाग,

एन.एस.पटेल आर्ट्स कॉलेज, आणंद

२. विस्थापन और 'कितने पाकिस्तान'

सुनीलकुमार यादव

विस्थापन का सामान्य अर्थ है 'हटाना'। यह विस्थापन दो तरह का होता है पहला प्राकृतिक विस्थापन और दूसरा मानवीय विस्थापन। प्राकृतिक विस्थापन में प्रकृति द्वारा मनुष्य का विस्थापन होता है। इस विस्थापन में मनुष्य को दु:ख तो होता है लेकिन सब कुछ ईश्वरीय मानकर सहज संतोष कर लेता है जबकि दूसरी तरह के विस्थापन में मनुष्य को दु:ख ही दु:ख भोगना पड़ता है। इस मानवीय विस्थापन में मनुष्य अपनी खुशियाँ, यादें, रीति-रिवाज, परम्पराएँ सब कुछ छोड़कर अन्यत्र जाने के लिए विवश होता है। उसके साथ कुछ जाता है तो सिर्फ दु:ख और दु:ख। आज वर्तमान समय में विस्थापन ने एक विकराल समस्या का रूप ग्रहण कर लिया है। यह विस्थापन विश्व में सर्वत्र विकास के नाम पर, उद्योग धन्धों के नाम पर, रोजगार के नाम पर या फिर बाँधबनाने के नाम पर किया जा रहा है। 'बांध' का सामान्य अर्थ है - 'बांधना' या जोड़ना किन्तु आज बांधअपने अर्थ को खो रहा है। आज 'बांध' शब्द बांधने के अर्थ में न होकर तोड़ने और छोड़ने का पर्याय हो गया है। एक बांधबनता है तो लाखों लोगों का विस्थापन हो जाता है, जहाँ वे अपना सब कुछ छोड़कर जाने के लिए विवश हो जाते हैं, इस विस्थापन में संस्कृतियों एवं परम्पराओं का विलोपन हो जाता है।

विस्थापन और विभाजन आज की त्रासदी हो गयी है। साहित्य समाज का अगुआ होता है। अत: समय-समय पर साहित्य में इसकी आवाज उठती है। कमलेश्वर का उपन्यास 'कितने पाकिस्तान' इसी त्रासदी को लेकर लिखा गया अनुपम प्रयोग है। 'कितने पाकिस्तान' लिखकर कमलेश्वर ने लाला श्री निवासदास और प्रेमचन्द की औपन्यासिक विरासत को वैश्विक परिप्रेक्ष्य में निखारा है। 'तमस', 'झूठा सच', 'आधा गांव', 'काला जल', 'जिन्दा मुहावरे' इत्यादि की सबसे मुकम्मल कड़ी 'कितने पाकिस्तान' मानवता के दरवाजे पर इतिहास और समय की एक दस्तक है। इस उम्मीद के साथ कि भारत ही नहीं दुनियां भर में एक के बाद दूसरे पाकिस्तान बनने की लहू से लथपथ यह परम्परा अब खत्म हो। स्वातंत्र्योत्तर कथा साहित्य में कमलेश्वर ने नये-नये प्रयोग किये, यानी प्रयोगधर्मी कथाकार ने इतिहास की श्वसाधना करते हुए भूत, वर्तमान, भविष्य को 'कितने पाकिस्तान' उपन्यास में उकेरा है। बच्चनसिंह के मतानुसार - 'कितने पाकिस्तान' का स्थापत्य थोड़ा जटिल और रोचक है। इतिहास की तह तक पहुँचने के लिए उसे बेधना पड़ता है। अब तक हिन्दी में लिखे गये उपन्यासों में इसका कथा विन्यास अलग है। इसमें अतीत नहीं वर्तमान है। अब तक के उपन्यास में भूतकाल होता था। इसमें भूतकाल भी वर्तमान काल है। फिल्मी तकनीकी को लेखक कमलेश्वर ने बड़े ही सार्थक ढंग से इस्तेमाल किया है। सारा उपन्यास एपिसोड़ में बँटा हुआ है।१

हर देशकाल में और दुनिया के हर हिस्से में बीमार मानसिकता ने अपने-अपने पाकिस्तान बनाने की चालें चलीं। कभी ये चालें सफल हुईं तो कभी असफल। संस्कृति की महायात्रा में ये पाकिस्तान अवरोधबनकर उपस्थित हुए हैं। सही सोच ने सदैव उनका विरोधकर मानवता की जययात्रा का इतिहास रचा। 'कितने पाकिस्तान' उपन्यास में कमलेश्वर ने यही विभाजन जीवन के प्रत्येक स्तर पर अनेक पाकिस्तान रचता है ऐसा दिखाया है। यहाँ 'विभाजन' और 'पाकिस्तान' एक दूसरे के पर्याय हो गये हैं। कमलेश्वर का उपन्यास 'कितने पाकिस्तान' इतिहास और संस्कृति की गहरी और जरूरी समझ का विराट फलक है। मनुष्य की वर्तमान चिन्ताओं को पूरे ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में विश्लेषित करता यह उपन्यास न केवल राष्ट्रीय संदर्भों तक ही अपने को सीमित करता है, अपितु पूरे संसार की राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक ज्वलन्त समस्याओं से जूझता है। सही अर्थों में पाठक को एक ग्लोबल गाँव-समाज का सदस्य बना देता है। पुष्पपाल सिंह के अनुसार- ''यदि पूरे हिन्दी उपन्यास की कथायात्रा पर दृष्टिपात करें तो कहा जा सकता है कि इतने विराट फलक का उपन्यास हिन्दी में दूसरा नहीं है जिसमें राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं की ऐसी गम्भीर पड़ताल इतना

गहन गम्भीर विमर्श हुआ है । अपने इस रूप में 'कितने पाकिस्तान' हिन्दी उपन्यास की विषयगत और कलागत रूढ़ियों को तोड़ता हुआ अपना एक नया मानक और मॉडल प्रस्तुत करता है।''२

'कितने पाकिस्तान' उपन्यास का नायक स्वयं लेखक है, इसलिए वह आदमी और आदमी के बीच बँटवारे और भेदभाव का विरोधकरता है और केवल प्रेम और सद्भाव का पक्ष लेता है। उदाहरणार्थ नायक की प्रेमिका 'सलमा' के मुख से भी कहलवाया है। – ''अदीब : जब मन में शुभ की प्रतिज्ञाएँ जन्म लेती हैं तब खुलती बन्द होती सीपियों में से कोई एक मोती रोशनी देने वाला दिया बन जाता है।''३

उपन्यासकार कमलेश्वर 'कितने पाकिस्तान' में तमाम विभाजनों और विस्थापनों के विरुद्ध विपक्षी आवाज दर्ज कराने के साथ-साथ शान्ति एवं स्थायित्व के प्रति सांस्कृतिक प्रतिरोधके विकल्प की तलाश भी करते हैं। 'कितने पाकिस्तान' में अतीत इतिहास परम्परा का इस्तेमाल इसी रूप में किया गया है कि वह हमारे वर्तमान के कुछ अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रश्नों और समस्याओं को समझने की एक नई दिशा और चिन्तन पद्धति दे सके। डॉ. पुष्पपाल सिंह ने लिखा है – ''उपन्यास का नायक जो निश्चय ही हिन्दी उपन्यास के अब-तक आये नायकों में सबसे अलग है । अदीब आलिया मनुष्य की सबसे बड़ी धरोहर, बेलौस, बेखौफ आवाज की रक्षा करने में समर्थ हैं। इन्सानियत की यही बेखौफ, और बेलौस आवाज अदीब की आवाज बनकर सारी दुनिया के सांस्कृतिक इतिहास में उन विलगाववादी तत्त्वों को तलाशती है, जो पाकिस्तानों की निर्मिति में अपनी भूमिका निभाते रहे हैं।''

उपन्यास में समयकाल की सीमाओं को लांघकर कमलेश्वर वर्तमान में हस्तक्षेप करते हैं और समकालीन संघर्षों में शरीक होकर अपने दायित्व को भरपूर निभाते हैं। इस उपन्यास का अन्धा पात्र कबीर वर्तमान की वास्तविकताओं को जानता है और उसके मुख से यह महत्वपूर्ण सवाल सहज ही निकलता है – ''आजादी के इतने सालों के बाद भूख और भीख के सिवा हमें क्या मिला है?'' उपन्यास में २१ वीं सदी की दहलीज पर कबीर का पुनः अवतार हुआ है क्योंकि तब के समय अब भी मजहबी फाँसीवाद का पाशविकरूप बर्बरता के साथ दिखने लगा है। उपन्यास के अन्त में कबीर ऐलान करता है – ''पहला बोधवृक्ष पोखरण में लगाऊगाँ फिर सरहद पार करके फिर दूसरा वृक्ष चंगाई की पहाड़ियों में लगाऊगाँ।''४

उपन्यासकार कहना चाहता है कि बोधवृक्ष की जड़ें नीलकण्ठ की तरह फाँसीवाद के क्रूर कारनामों का जहर पी लेगी। इसका समर्थन करते हुए डॉ. वी. के. अब्दुल जलील ने कहा है – ''दुनियाभर में फाँसीवादी अलगाववादी समर्थकों की संख्या दिन ब दिन बढ़ती जा रही है। आज दुनिया में प्रतिरोधी स्वर बुलन्द करनेवाले बहुत विरले हैं। यदि ऐसे लोग होते तो सोवियत संघ नहीं टूटता।''५

निष्कर्षतः कह सकते हैं की इस रचना कि अन्तर्वस्तु की तमाम बहुस्तरताओं के बावजूद यह अपनी समग्रता में विभाजन और विस्थापन पर केन्द्रित है। कथा विकास में विभिन्न प्रकार के विभाजनों की बातें बिखरी पड़ी हैं लेकिन सभी पात्र इन विभाजनों का विरोधकरते हैं । अतः इस रचना के शब्दों में मुखरित और शब्दों के बीच में गुम्फित प्रतिसांस्कृतिक प्रतिरोधी आवाज साम्राज्यवादी नवउपनिवेशवाद के विरुद्ध कानफोडु शोर में दर्ज सबसे विश्वसनीय आवाज है – ''कितने पाकिस्तान''।

संदर्भ सूची :

१. वागर्थ अक्टू. २००६, पृ. २१

२. कथाक्रम जुलाई-सित. २०००, पृ.९६

३. कितने पाकिस्तान, कमलेश्वर, राजपाल एण्ड संस कश्मीरी गेट, दिल्ली, संस्करण-२०००, पृ.३१२

४. कथाक्रम जुलाई-सित. २०००, पृ. ९८

५. उपरोक्त (३) पृ. ३६३

जे.आर.एफ (हिन्दी) शोधार्थी (हिन्दी विभाग)

स.प.विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्यानगर, आणन्द ।

मोबाइल - ०९४५२०४२७१७

३. साम्प्रदायिकता और 'आखिरी कलाम'

प्रशान्त कुमार यादव

समकालीन कथा-साहित्य में साम्प्रदायिक समस्या एवं धार्मिक असहिष्णुता पर बहुत सहज एवं सजीव छाप मिलती है। साम्प्रदायिकता वस्तुतः कुछ और नहीं व्यक्ति की उस संकीर्ण मानसिकता का एक उत्पाद है जो व्यक्ति को इस कदर भ्रमित कर देता है कि व्यक्ति व्यक्ति न रह कर सम्प्रदाय का प्रतीक बन जाता है। जिससे पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही आपसी भाईचारा और सौहार्द की दीवार भरभराकर गिर जाती है, रह जाता है तो बस खण्डहर। समकालीन उपन्यास-साहित्य में वर्जित इस समस्या के बारे में डॉ. रोहिणी अग्रवाल ने कहा है- 'इस दौर का उपन्यास बढ़ती साम्प्रदायिक हिंसा को लेकर व्यथित है। साम्प्रदायिकता क्या सिर्फ राजनीतिपोषित धार्मिक कठमुल्लापन की फूहड़ अभिव्यक्ति है? या विषमतामूलक समाज व्यवस्था के भीतर पनपती जटिलतर विषमताओं से उपजी घोर असुरक्षा की वैयक्तिक अनुभूति की सामाजिक अभिव्यक्ति? यह नृशंस दुर्बलता है या वर्चस्ववादी षड्यंत्र? समकालीन उपन्यास इन सवालों पर विचार करते हुए व्यक्ति और तंत्र दोनों को एक साथ कटघरे में खींच लाता है। व्यक्ति जो तंत्र रचता है और फिर तंत्र की ताकत का शिकार हो निरीह दयनीय हो उठता है।'१

दूधनाथ सिंह की औपन्यासिक कृति 'आखिरी कलाम' का वैचारिक संसार 'रामजन्मभूमि बाबरी मस्जिद ध्वंस' जैसे अतिसंवेदनशील मुद्दे पर केन्द्रित है। यह मस्जिद ध्वंस के तीन दिन पहले से लेकर तीन दिन बाद तक की घटनाओं का लेखा-जोखा है। यह उपन्यास अपने समय की परिस्थितियों और सामाजिक समस्याओं से रू-ब-रू तो होता है साथ ही साथ धार्मिक राजनीति को भी उद्घाटित करता है। बाबरी-मस्जिद ईंटगारे से निर्मित एक मात्र ढाँचा नहीं था बल्कि यह भाईचारे के पारस्परिक प्रेम को संजोये हुए था। जिसे धर्मांधलोगों ने ध्वंस कर इंसानियत को तार-तार कर दिया। जो धर्म के विकृत स्वरूप के कारण ही हुआ।

उपन्यास में कथाकार ने जो ताना-बाना बुना है। उसके समूचे कथानक में तत्सत पाण्डेय की आत्मग्लानि से भरी यह बड़बड़ाहट पहले पन्ने से लेकर आखिरी पन्नों तक फैली हुई है। जिन पर कार सेवकों का तांडव, फौजी बूटों का आतंक, करफ्यू का सन्नाटा और दिसंबर की कड़ाके की ठंड के साथ मौजूद है। उपन्यास में इसी शोर सन्नाटे का मिला-जुला करूण क्रन्दन है। जिसमें तत्सत पाण्डेय, सर्वात्मन और विश्लेश्वर निरीह विकल्प के शिकार हो गये। जिसका परिणाम आचार्य जी के जीवन के अंत से प्राप्त होता है। - 'मुझे घर ले चलो सर्वात्मन। आचार्य जी के मुँह से आर्तभाव से निकला। फिर एक हिचकी।' खगेन्द्र ठाकुर 'आखिरी कलाम' का मूल कथ्य बताते हुए लिखते हैं - 'भारतीय समाज और राजनीति के बढ़ते हुए रूढ़िवाद, अंधविश्वास और धर्मतांत्रिक राजनीति के अभियानों के फलस्वरूप बढ़ता हुआ उन्माद और उसके प्रभाव से पैदा हुआ आतंक है।'२

धर्म का कठमुल्लापन व्यक्ति को किस सीमा तक उन्मादी बना देता है और किस सीमा तक घातक हो सकता है। इसका चित्रण लेखक ने कार सेवकों के माध्यम से करने का प्रयास किया है - ''बसों के आगे-पीछे भगवा बितान खींचकर बाँधे गए ये और लगातार नारों की गूँज उठ रही थी- कुछ इस तरह जैसे अन्दर जै श्रीराम ब्रैन्ड का बारूद हो, जो अचानक बसों की छतों पर भी लोग थे जो भीतर के नारों को तुक और लय में आकाश तक उठा रहे थे। अब नारें छतफाड़ नहीं, आसमान फाड़ थे, जिनको भगवा शब्दावली में 'गगनभेदी' कहते हैं।''३

चारों और उत्तेजक कानफोडू नारों की ललकार है। जिससे अपने आराध्य के साथ सरकार को भी चुनौती दे रहे थे।

धर्म-संघ की ललकार

सुन ले दिल्ली सरकार

राम लला की जै

सिया माई की जै....।४

आखिरी कलाम महन्तों के चरित्र का भी रहस्योद्‌घाटन करता है । जो धर्म को व्यक्तिगत आस्था से संस्थागत रूप तक ले जाते हैं। जो लुच्चे, लफंगे, चोरी, ऐय्यासी करने में सिद्धहस्त हों वे साधु बन जाते हैं । शिवगोपाल पंडित और अचेतानंद के माध्यम से लेखक यह बताता है कि ये किस प्रकार जगह घेरकर मठ बनाते हैं। ठाट-बाट से महंती चलाते हैं। इनका कोई सिद्धान्त, विचार और सत्य नहीं है ।- ''पहले चारों धाम हुआ करते थे । अब खाने कमाने के लिए कोटि-कोटि । जैसे कोटि-कोटि नरक । धार्मिक मंडियाँ । मूर्खों के अड्डे । पगे-पगे । कोई भी सिरफिरा एक धाम स्थापित कर देगा । पहले एक ही परमहंस थे - रामकृष्ण । अब चारों ओर । अब अनेकानेक शंकराचार्य । कुछ-कुछ युद्ध स्तर पर । जहाँ चरण-रज डाल दें वहीं एक धाम।''५

धार्मिक लोगों की आँखों पर पंडों, पुजारियों, बावाओं परमहंसों ने धर्म की पट्टी बाँधरखी है। धर्म के नाम पर कारसेवक लोग चिल्ला-चिल्ला कर एक दूसरे को मस्जिद तोड़ने के लिए उत्साहित कर रहे हैं- ''धर्म के बिना आदमी की कल्पना असम्भव है। धर्म से ही मनुष्य है, नहीं तो वह कीड़ा मकोड़ा है। धर्मों में हमारा धर्म-हिन्दू धर्म सबसे प्राचीन है। इस देश में वही, सिर्फ वही चलेगा । हमारे धर्म ने ही हमें इतनी विराट शक्ति दी, जिसे आप देख रहे हैं....।''६

धर्म जब राजनीति में प्रवेश कर जाता है तब वह खतरनाक रूप ग्रहण कर लेता है । मस्तराम कपूर ने लिखा है - ''धर्म सम्प्रदायिक तब बनता है जब धर्म सत्ता के लिए सत्ता के साथ काम करने लगता है और इस प्रक्रिया में दूसरे धर्मों के साथ उसकी होड़ चलती है। जब उसमें कहरता और आक्रमकता की प्रवृत्तियाँ पैदा होती हैं तो धर्म अपना सौम्य और आदर्श खो देता है और सामाजिक विकास में बाधक बनने लगता है ।''७ इसीलिए तत्सत पाण्डेय का मत है कि यह कट्टर धर्म ही न रहे जो इन्सान को इन्सान न मानकर केवल हिन्दू-मुसलमान मानता है। वे कहते हैं - ''गाँधीजी ने बड़ा काम करना चाहा, लेकिन वह धर्मों को मिलाने से थोड़े होगा । धर्म को धीरे-धीरे खत्म करने से होगा । खत्म करना संम्भव नहीं...।''८

वस्तुत: साम्प्रदायिकता फैलाने में धर्म के विकृत रूप का सहारा लिया जाता है क्योंकि एक तो धर्म के अन्तर्गत एक बड़ा जन समूह आ जाता है, दूसरा उस जन समूह का अपने धर्म पर अंधी श्रद्धा होती है। समकालीन लेखकों ने यह दर्शाया है कि साम्प्रदायिकता की आड़ में अपने स्वार्थों की पूर्ति करनेवाले लोग शिक्षा के स्थान पर अंधविश्वास, तर्क के स्थान पर जनून, धर्म के स्थान पर पाखंड फैलाकर व्यक्ति को भीड़ का हिस्सा बना देते हैं और फिर उस भीड़ को अपने पक्ष में करने का वे हर संभव प्रयास करते हैं । 'आखिरी कलाम' उपन्यास में तत्सत पाण्डेय, सर्वात्मन कोटीक से कहते हैं - ''सभी एक दूसरे के लहू के प्यासे । और उचारेंगे-धर्मनिरपेक्षता । कोई यह क्यों नहीं कहता कि सभी धर्म धोखे की टट्टी है । उसकी आड़ में कौन झाड़ा फिर रहा है, और क्यों फिर रहा है, क्या तुम्हें नहीं मालूम? लेकिन इतनी समझ कहाँ है? लोग डरते हैं । अज्ञान को एक मरे हुए झूठ को बँदरिया के बच्चे की तरह पेट से चिपकाए चल रहे हैं । डर इसलिए, कि कहीं यह झूठ जिन्दा न निकल आए। ईश्वर का झूठ, कर्ता का झूठ । तब वे क्या करेंगे? आदमी की सार्वभौम बेचारगी का नतीजा है यह । इसलिए सामान्य जन भी अन्धे हैं और उनको राह दिखाने वाला बौद्धिक वैज्ञानिक भी...।''९

उपन्यास में केवल मुस्लिम समुदाय ही अपने आप को असुरक्षित अनुभव नहीं करते बल्कि वे हिन्दू भी इन भावों से बच नहीं पाते, जो कार सेवक रूपी हजूम का हिस्सा नहीं बनते । इसलिए सर्वात्मन जब उस उन्मादी माहौल में सहारा ढूँढने का प्रयत्न करता है तो उसे कहीं कोई सहायता नहीं मिलती । न प्रशासन कोई सहायता कर पाता है, न आम आदमी । एक खण्डहरनुमा मस्जिद में रूकने पर, विलेश्वर के मन का डर प्रकट होता है कि जब वे घरों को जला सकते हैं तो उनके लिए टूटी-फूटी मस्जिद को गिराना कौन-सी बड़ी बात है । बीमार तत्सत को लेकर वे इधर-उधर भटकते हैं ताकि कोई सवारी मिल जाय तो उसे सुरक्षित स्थान पर पहुँचा दिया जाए । इस परिस्थिति में

सर्वात्मन सोचता है - ''अयोध्या के इस नरक से किसी तरह बाहर जाने को मिले। चाहे कहीं-किसी गाँव, किसी झोंपड़ी, किसी और गली-कूचे में जहाँ सामान्य मन:स्थितिवाले निरीह और निर्भय और भोले-भाले दुखी-सुखी लोग हों, जहाँ कोई अपना विस्तार छोड़ दे... जहाँ कोई दौड़कर तपता जलाए और हाथ पैर गर्म हों... जहाँ यह लगे कि हम जिंदा हैं हम मुर्दों और प्रेतों और अय्यारों और चिंघाडते पागलों के बीच नहीं हैं।''१०

अन्त में कहा जा सकता है कि साम्प्रदायिक वैमनस्य के प्रसार में धर्म के जड़ रूप की अहम भूमिका रहती है। राजेन्द्र यादव के अनुसार - ''धर्म एक विचार है। वह आज अपना तत्त्व खो चुका है, अब सिर्फ उसका कर्मकांड रह गया है, उसमें सिर्फ साम्प्रदायिकता रह गई है।''११ आखिरी कलाम का भी मूल स्वर साम्प्रदायिकता के विद्वेश में नष्ट हो रही मानवीय सम्वेदनाओं की चिन्ता से जुड़ा हुआ है। 'रामजन्म भूमि बाबरी मस्जिद' प्रकरण के माध्यम से आम जनता के विवेक शक्ति को रौंदा जा रहा है। उसमें कुंठा, वैमनस्य और हिंसा का साम्राज्य स्थापित किया जा रहा है। इसके विरूद्ध एक आवाज है।

संदर्भ :

१. डॉ. रोहिणी अग्रवाल, इतिवृत्त की संरचना और संरूप, पृ.११

२. खगेन्द्र ठाकुर, उपन्यास की महान परम्परा, पृ. १७८

३. दूधनाथ सिंह-आखिरी कलाम, पृ. १२७

४. वही, पृ.१०९

५. वही, पृ.२६१

६. वही, पृ.३६९

७. हंस मई २००४, पृ. ३९

८. दूधनाथ सिंह-आखिरी कलाम, पृ.३०३

९. वही, पृ.१७३

१०. वही, पृ.३९५

११. २१वीं सदी में धर्म की प्रासंगिकता पर परिचर्चा-अन्यथा (पत्रिका) फरवरी-२००८, पृ.१४

शोध-छात्र, हिन्दी विभाग,

स.प. विश्वविद्यालय,

आणंद-३८८१२०

४. स्त्री-पुरूषों के संबंधों का लेखा-जोखा : 'झूला-नट'

तलपदा राधा एल.

भारतवर्ष में मानवमूल्य एवं संस्कारों की सुसंस्कृति प्रधान रही है। हमारे यहाँ विवाहित जीवन को भी जीवन का उत्तम संस्कार माना गया है। इसलिए अर्धनारीश्वर की कल्पना की गई है। लेकिन आधुनिक काल प्रगतिवादी होने के पश्चात् भी स्त्री-पुरूषों के संबंधों की दरार बढ़ती ही जा रही है। पाश्चात्य संस्कृति ऐसा मानती है कि वे एक पत्नी के रहते हुए भी दूसरी स्त्री के साथ भी संबंधरख सकते हैं। लेकिन भारतीय संस्कृति हमें ऐसा नहीं सीखाती।

सदियों से नारी उपेक्षित पात्र के रूप में अपनी भूमिका अदा करती आई है। चाहे वह शिक्षित हो या अशिक्षित, अमीर हो या गरीब, वह चाहे घर चलाती हो या देश। लेकिन स्त्री के लिए समाजवालों ने एक मर्यादारूपी बाड़ बना ली है कि ऐसा काम पुरूष ही कर सकता है, नारी नहीं। स्त्री अपने विचारों को खुली तरह से रख भी नहीं सकती। अगर मानो किसी स्त्री ने साहस करके भी ऐसा काम किया तो समाज उसे गलत ही समझता है। आज का युग टेक्नॉलोजी का युग, कम्प्यूटर का युग माना जाता है। लेकिन समाज के लोगों की मानसिकता भी वही है जो पुराने लोगों की थी। आज भी लड़की अगर शादी करने लायक हो जाती है तो वह किसी को अपने मन की बात नहीं बता पाती, जबकि लड़का यह कर सकता है। लड़का जितनी बार शादी करना चाहे वह कर सकता है। लेकिन स्त्री को ऐसा अधिकार नहीं है। परन्तु आज जमाना बदल गया है। लड़की अपना फैसला खुद कर सकती है।

कुछ ऐसी ही स्थिति हिन्दी की सुप्रसिद्ध लेखिका मैत्रेयी पुष्पा रचित 'झूला-नट' उपन्यास में देखने को मिलती है। समाज की मान्यताएँ भी कैसी हैं कि जब इस उपन्यास के पात्र सुमेर और शीलो दोनों पति-पत्नी हैं लेकिन सुमेर शीलो को पति का अधिकार नहीं देता है। शीलो अनपढ़ होने से सुमेर शहर में किसी लड़की के साथ रहता है। तब समाज के लोग सुमेर को कुछ नहीं कहते। परंतु वही काम जब शीलो करती है अपने देवर बालकिशन के साथ रहकर तब समाज उसको जाति बिरादरी से बाहर कर देता है। समाज में आज भी स्त्रियों को उतनी स्वतंत्रता से नहीं रहने देते, जितनी स्वतंत्रता से पुरूष रहता है। इसलिए कहा गया है -

''तुम्हारे सामने एक दरवाजा है

जो कभी नहीं खुलेगा

हर प्रयत्न के बावजूद''१

एक स्त्री होने के नाते वह अपने पति को हर तरह से खुश देखना चाहती है। परन्तु सुमेर ऐसा पति है कि उसे कोई भाव ही नहीं देता। समाज में जो स्त्रियों को सहन करना पड़ता है वह पुरूष को नहीं सहना पड़ता। लड़की के जन्म से ही यह भेदभाव शुरू हो जाते हैं। लड़की हो या स्त्री वह कभी अपने विचारों को खुलकर नहीं रख सकती। समाज उसे फिर गलत नजरिए से देखता है। क्या स्त्री-पुरुष समान नहीं है? जो काम पुरूष कर सकता है क्या वह काम स्त्री नहीं कर सकती?

शीलो 'झूला-नट' उपन्यास की प्रमुख नायिका है। शीलो संघर्ष के साथ-साथ समाज में परिवर्तन भी लाना चाहती है। एक औरत होने के नाते जिस प्रकार की इच्छाएँ, महत्वाकांक्षाएँ होती हैं उसी प्रकार की शीलो की भी हैं। उसे भी अपनी जिंदगी अपनी मरजी से जीने का अधिकार है। जब एक दिन सास-बहू के बीच फसल बोने के बारें में बहस होती है तब शीलो कहती है -

''अम्मा जी गुस्सा पी जाओ। बूढ़े जमाने उखड़ेंगे नहीं तो नया बखत आएगा कैसे। अपने इस रेंगटा को रेत में नहीं, सड़क पर चलना सीखने दो। शुरू में पाँव छिलेंगे जरूर, पर मोटर की तरह दौड़ना आ जाएगा।''२

शीलो को इस बात का पता चलता है कि सुमेर शहर में किसी लड़की के साथ रहता है। इसलिए अम्मा शीलो को

बालकिशन के माध्यम से कहलवाती है कि शीलो को उसके मायके छोड़ आ। इस बात को सुनकर शीलो अपनी सास से कहती है –

'अपने चरणों से अलग न करना, अम्मा इसमें पड़ी रहने दो, मैं खेत की घास--- बुरी घड़ी में जन्मी, तुम्हारी चाकरनी बनकर रहूँगी। बालू के दुलहन की टहल करूँगी। उनके बच्चे पालूँगी। रूखी-सूखी खाकर घड़ी काट लूंगी। मायके में क्या सवाल जवाब नहीं होंगे?'३

ऐसा कहकर अपनी सास से ससुराल में रहने की भीख माँगती है।

सुमेर की स्थिति शीलो से थोड़ी अलग है। क्योंकि सुमेर पढ़ा-लिखा और नौकरी पेशा आदमी है। तो सुमेर भी चाहता है कि उसकी पत्नी पढ़ी-लिखी हो। लेकिन होता यह है कि बचपन में जिसके साथ सगाई होती है उसी के साथ यानि अनपढ़, गँवार शीलो के साथ शादी करनी पड़ती है। सगाई और शादी के बीच का जो अंतर था उसमें दोनों के विचारों में परिवर्तन आ जाता है। सुमेर शीलो के साथ शादी होने के बावजूद भी पति सुख नहीं देता। और इसी अनमेल विवाह की वजह से सुमेर दूसरी लड़की के साथ रहने लगता है। इस प्रकार पुरूष मन की जो सोच होती है उसे मैत्रेयी जी ने उभारने की कोशिश की है।

सुमेर साल दो साल में घर आ जाया करता है। लेकिन वह शीलो से बात भी नहीं करता। आखिर वह अपनी माँ को बता देता है कि मैं ऐसी लड़की के साथ नहीं रहूँगा जो मेरे विचारों को भली-भाँति समझती न हो। सुमेर शहर जाकर दूसरी लड़की के साथ ब्याह कर लेता है। जिस प्रकार पुरूष को स्त्री की आवश्यकता होती है उसी तरह स्त्री को भी पुरूष की आवश्यकता रहती है। कुछ ऐसा ही वातावरण इस उपन्यास का रहा है। सुमेर शहर जाकर दूसरी स्त्री के साथ रहने लगता है तो शीलो अपने देवर बालकिशन के साथ रहने लगती है। अम्मा शीलो और बालकिशन की बछिया (दूसरी शादी) करने को कहती है तब उसका विरोधकरते हुए शीलो कहती है –

'रीति-रस्म कोई लिखा हुआ रूक्का तो नहीं होता।'४

बालकिशन जो सुमेर का छोटा भाई है, वह भी पढ़ना तो चाहता था लेकिन सुमेर भैया की नौकरी की वजह से खेत का काम बालकिशन को ही करना पड़ता है। बालकिशन भी सोचता है कि अगर मैं पढ़-लिखकर नौकरी करता होता तो भाभी जैसी पत्नी मुझे भी मिलती। सुमेर जब शीलो को छोड़कर चला जाता है तब अम्मा ही बालकिशन के हाथ में शीलो का हाथ रख देती है और दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगते हैं। फिर भी समाज के लोगों को उनके प्रति घृणा का भाव रहता ही है।

इस प्रकार 'झूला-नट' उपन्यास में स्त्री और पुरूष दोनों के वैवाहिक जीवन का चित्रण किया गया है। अनमेल विवाह की वजह से सुमेर शीलो को अपनाता नहीं और दूसरी शादी कर लेता है। उसी तरह शीलो भी दूसरा ब्याह कर लेती है। पति-पत्नी होने के बावजूद भी न तो एक-दूसरे से बात करते हैं, न दोनों में बनती है। परिणाम स्वरूप पति-पत्नी दोनों अपना रास्ता पकड़ लेते हैं।

संदर्भ-सूची :

१. डॉ. बलदेव शास्त्री, नारी विमर्श: आधी दुनिया का जलता संविधान, पृ.१३

२. मैत्रेयी पुष्पा, झूला-नट, पृ.२३

३. वही, पृ. ५७

४. वही, पृ. १०३

प्राध्यापिका

स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग

एन.एस.पटेल आर्ट्स कॉलेज, आणंद

मो. ९९७८०४८२३९

५. महाभारत में वर्णित कुछ मिथकों पर एक व्यंग्यात्मक दृष्टि - 'सूतो वा सूतपुत्रो वा'

डॉ. मनीषा ठक्कर

हमारे पौराणिक उपन्यासकारों में डॉ. नरेन्द्र कोहली, आचार्य चतुरसेन शास्त्री, डॉ. भगवानसिंह तथा डॉ. बच्चनसिंह आदि कुछ ऐसे उपन्यासकार हैं जिन्होंने पौराणिक आख्यान कथाओं को एक नवीन, आधुनिक, तर्कसंगत और विज्ञान सम्मत दृष्टि से औपन्यासिक रूप दिया है। इन पौराणिक उपन्यासकारों में डॉ. भगवतीशरण मिश्र भी हैं, किन्तु उनकी दृष्टि पौराणिक कथाकारों की-सी है, अत: उनको हम पौराणिक उपन्यासकार न कहकर पौराणिक आख्यानकार ही कह सकते हैं ।१ उक्त चार लेखकों ने पौराणिक आख्यान-कथाओं को एक नवीन औपन्यासिक दृष्टि में देखा है।

'सूतो वा सूतपुत्रो वा' (१९९८) डॉ. बच्चनसिंह का उपन्यास है जिन्होंने 'उपन्यास का काव्यशास्त्र' नामक पुस्तक लिखी है और उनका प्रस्तुत उपन्यास उनके द्वारा स्थापित निष्कर्षों पर न केवल खरा उतरता है, बल्कि उपन्यास विधा को एक नया आयाम भी प्रदान करता है । यह उपन्यास सचमुच में हिंदी उपन्यास के इतिहास में एक सीमाचिन्हरूप उपन्यास है जो कर्ण की पौराणिक कथा को उत्तर आधुनिककालीन दलित विमर्श के कई आयामों से जोड़ता है।

भारतीय 'रेनेसा' कहे जानेवाले नवजागरण ने जिन मुद्दों को बडी सिद्दत से उठाया उनसे आगे चलकर नारी विमर्श और दलित विमर्श को नयी अर्थवत्ता एवं प्राणवत्ता मिली। प्रस्तुत उपन्यास दलित विमर्श के कई प्रगतिशील आयामों को खोलता है । उपन्यास के केन्द्र में है महाभारतकालीन कर्ण। भारतीय साहित्य के आधुनिक लेखकों में शायद ही कोई बड़ा लेखक या कवि मिलेगा जिसने महाभारत के इस अत्यन्त ओजस्वी किन्तु उपेक्षित चरित्र पर प्रकाश न डाला हो । हिंदी की राष्ट्रीयधारा के 'युगचारण' कवि डॉ. रामधारीसिंह दिनकर ने 'रश्मिरथी' तथा 'कुरुक्षेत्र' में कर्ण के ओजस्वी चरित्र को अपनी विशिष्ट शैली में अभिव्यंजित किया है । मराठी उपन्यासकार शिवाजी सावंत के 'मृत्युंजय' का नायक ही कर्ण है । यह उपन्यास साहित्यिक तबकों में काफी चर्चित है। डॉ. बच्चनसिंह के प्रस्तुत उपन्यास का नायक भी मृत्युंजयी कर्ण ही है। इस दृष्टि से इन दोनों कृतियों का तुलनात्मक अध्ययन रसस्पद हो सकता है। इधर गुजराती के लेखक ध्रुव भट्ट की औपन्यासिक कृति 'कर्णलोक' इस पुराकल्पन को एक नये ढंग से प्रमाणती है।२

'सूतो वा सूतपुत्रो वा' आत्मकथात्मक शैली में लिखा गया उपन्यास है। जन्म से लेकर मृत्यु के एक दिन पहले तक की कथा लोकनायक कर्ण द्वारा कहलवायी गई है। उसके बाद की कथा संजय द्वारा कही गई है। उपन्यास में लेखक ने बताया है कि मृत्यु के एक दिन पहले कर्ण अपनी कथा की पांडुलिपि संजय को दे देता है, अत: उसके बाद की कर्ण कथा संजय द्वारा लिखी गयी है । कथा की एकरसता तथा किस्सागोई के निवारण हेतु बीच-बीच में लेखक ने क्षेपकों का सहारा लिया है। वस्तुत: यह क्षेपक कथा ही उपन्यास में व्यंग्यात्मक रूप को उभारती है। कथा एक सूत (संजय) और एक सूतपुत्र कर्ण द्वारा रची गयी है लिहाजा उसका शीर्षक 'सूतो वा सूतपुत्रो वा' अत्यन्त सटीक व सार्थक प्रतीत होता है।

इसे भी भारतीय समाज की एक विडंबना ही कहना चाहिए की हमारे समाज में जो भी श्रम या कारीगरी में लगे हुए लोग है उन्हें समाज के सबसे नीचे के पायदान पर रखा गया है और जो लोग एक तरह से 'पेरेसाइट' हैं, परोपजीवी हैं, दूसरों के श्रम पर जीवित हैं उनको समाज के उच्च पायदान पर रखा गया है । यथार्थत: कर्ण तो सूर्य पुत्र है, उसकी माता क्षत्रिय है, परंतु जिन्दगीभर वह सूतपुत्र होने के अभिशाप को ढोता रहा है और तमाम-तमाम प्रकार के क्षत्रिय गुण होने के बावजूद उसे अनेक बार अपमानों और उपेक्षाओं को झेलना पड़ा है।

उपन्यास के अंत भाग में संजय द्वारा कथित पद वाक्य भी ध्वन्यात्मक सारगर्भित एवं अपने सूक्ष्म मर्मी व्यंग्य में अनूठा

बन पड़ा है – 'मेरे मन में यह बात बैठ गयी कि व्यास को अलग हटाकर महाभारत के महारण्य में पाठक को कभी घूसना चाहिए।'३ महाभारत का कर्ण व्यास रचित है और कर्ण अनेक बार सर्वथा उचित ही कहता है कि व्यास तो पांडवों और कृष्ण के इतिहासकार हैं और इसलिए उनके द्वारा रचित महाभारत की पात्र-सृष्टि भी एक विशेष दृष्टि की ही उपज है। जैसी दृष्टि वैसी सृष्टि। वैसे लेखक या इतिहासकार को तटस्थ एव पूर्वाग्रहरहित होना चाहिए पर क्या व्यास वैसे रह पाये हैं? कर्ण की दृष्टि से देखा जाए तो उत्तर नकार में ही मिलेगा। अत: यह जरूरी है कि कभी कर्ण दृष्टि से महाभारत के पात्रों का मूल्यांकन किया जाए और इस लिहाज से कृति एक नवीन दृष्टि और नवीन सृष्टि का अनुभव करानेवाली है।

उपन्यास तीन पर्वों में विभक्त है – एक एकलव्य और (प्रथम पर्व), अधर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे (द्वितीय पर्व) और संजय उवाच – युगान्त (तृतीय पर्व)। तीनों के शीर्षक भी व्यंग्यात्मक हैं, विशेषत: द्वितीय पर्व का अधर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे। व्यास इसे 'धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे' कहते हैं, पर इस महायुद्ध में कितना कुछ अधर्मयुक्त नहीं किया गया? कौरव पक्ष में जितने भी महावीर धुरंधर योद्धा मारे गए हैं वे सबके सब छल छद्म और अक्षत्रिय तरीकों से मारे गये हैं। पांडव पक्ष में केवल अभिमन्यु का वधअनैतिक तरीके से हुआ है। फिर भला उसे 'अधर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे' कहना उचित नहीं है क्या?

द्रौण वधके संदर्भ में लेखक कहते हैं कि इसके लिए कृष्ण धर्मराज युधिष्ठिर को पकड़ते हैं। यहां कर्ण अर्थात् लेखक की उक्ति बड़ी सटीक एवं व्यंग्यात्मक है – 'इससे पता लगता है कि किसी वस्तु के साथ लगा हुआ विशेषण वस्तु की वास्तविकता को ढँक देता है। इतना बड़ा अधर्म वही कर सकता है जो लोक में धर्मराज के नाम से विख्यात हो। 'धर्मराज' शब्द का इतना व्यंग्य निर्मित प्रयोग व्यास जैसा महाकवि ही कर सकता है। पर इस धर्मसम्मूढ देश में अधर्मराज ही धर्मराज कहा जाएगा।४

हमारे यहां श्रुति वाक्यों (वेद वाक्यों) को कैसे मनचाहे मनगढंत रूप से तोड़ा मरोड़ा जाता है उसका बड़ा ही मनोरंजक व व्यंग्यपूर्ण उदाहरण उपन्यास के अंतभाग में 'धर्मराज की बौखलाहट' नामक परिच्छेद में मिलता है। कर्ण के भयंकर युद्ध और रौद्र रूप से बचने के लिए अर्जुन भाग जाता है, तब कर्ण के बाणों से धर्मराज की हिफाजत अकेला भीम ही करता है। इसे लेकर युधिष्ठिर न केवल गांडीवधारी अर्जुन को खरीखोटी सुनाते हैं, बल्कि अर्जुन के गांडीव के लिए भी अपशब्दों का प्रयोग करते हैं। अब अर्जुन की यह प्रतिज्ञा थी कि जो भी व्यक्ति उसके गांडीव का अपमान करेगा उसे वह जीवित नहीं छोड़ेगा। प्रतिज्ञानुसार तो अर्जुन को चाहिए कि वह धर्मराज का वधकरे और वह उसके लिए तैयार भी हो जाता है। वह निश्चय करता है कि धर्मराज के वधके उपरांत वह स्वयं भी अपने आपको मार डालेगा। कृष्ण के सामने जब यह बात आती है तो वे अत्यंत विह्वल हो जाते हैं क्योंकि यदि ऐसा होता है तो युद्ध के तमाम समीकरण ही उलट जायेंगे। अत: कृष्ण अर्जुन को एक धर्मसम्मत (?) उपाय बताते हैं कि यदि किसी आदरणीय एवं सम्मानित व्यक्ति का अपमान किया जाय तो वह उसकी मृत्यु के समान ही होता है। अत: अर्जुन धर्मराज को कहनी-अनकहनी जलीकटी बातें सुनाता है कि सुननेवाला वहीं एक तरह से ध्वस्त हो जाए। यहां पर लेखक की जो टिप्पणी है वह बड़ी ही तीखी पैनी और धारदार है- '(हमारी) श्रुतियों-स्मृतियों में अनेक परस्पर विरोधी बातें मिल जाती है वरण की पूरी छूट है। जिसके हित में जो होता है, वह उसका वरण कर लेता है। अर्जुन ने वही किया। उसने जो कुछ कहा उससे गांडीव के बाण से कम भयानक न थे।'५

उपन्यास के अंत भाग में एक स्थान पर संजय कहता है – 'मेरे मन में एक प्रश्न उठता है – इन पंक्तियों को लिखते समय उठता है कि राष्ट्र रक्षा की समस्या का समाधान कृष्णमार्ग से होगा या कर्ण मार्ग से? कृष्णमार्ग से युद्ध जीता जा सकता है, देश को स्मशान बनाकर। मनुष्य को बचाने के लिए कर्णमार्ग ही अनिवार्य है। ---कर्ण मूल्यों के लिए लड़ रहा था। इस युद्ध में

उसका मारा जाना ध्रुव सत्य है। मूल्यों की लड़ाई लड़नेवाला प्रत्येक व्यक्ति मारा जाता है, मारा जाता रहेगा। अन्याय - अत्याचार के सामने आत्मबद्ध समाज में एक-दो ऐसे व्यक्तियों को रहने देना चाहिए जो मूल्यों के लिए मरें। इस अर्थ में - प्रत्येक अर्थ में - वह एकदम अकेला था।

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि डॉ. बच्चनसिंह का यह उपन्यास कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। इसका परीक्षण दलित-विमर्श की दृष्टि से भी होना चाहिए। हमारी इस तथाकथित उच्च भारतीय संस्कृति में दलित और नारी को हर तरह से दला गया है, दबाया गया है। अत: उसकी विवेचना करनेवाली कृति का व्यंग्य सभर होना स्वाभाविक ही कहा जाएगा।

संदर्भ सूची :

१. द्रष्टव्य : भागीरथी (पत्रिका) पृ.३५

२. द्रष्टव्य : अभ्यास लेख : पुराकल्पनने प्रमाणनी कथा 'कर्णलोक' : डॉ. कल्पना मच्छर : पराव (पत्रिका) दिसम्बर-२०१३ : पृ.४३-४६

३. सूतो वा सूतपुत्रो वा : डॉ. बच्चनसिंह : पृ. २५६

४. वही : पृ.२२३

५. वही : पृ. २५६

आसिस्टन्ट प्रोफेसर

हिन्दी विभाग, कला संकाय

म.स.विश्वविद्यालय, बडौदा

हिन्दी साहित्य परिषद, अहमदाबाद द्वारा हिन्दी सप्ताह के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय निबंधस्पर्धा में एन.एस.पटेल आर्ट्स कॉलेज के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग के दो छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त करके रजतपदक हांसिल किया। तुलसी स्मृति निबंधस्पर्धा के अंतर्गत वसावा योगेश ने 'आज की शिक्षा के साथ नैतिक जीवनमूल्य जोड़ने की आवश्यकता' विषय पर तथा झाला अनिल ने डॉ. चंद्रकान्त मेहता संचार माध्यम निबंधस्पर्धा के अंतर्गत 'आज का मीडिया बाजारु बन गया है' विषय पर निबंध लिखा था। इस सिद्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहन पटेल, हिन्दी विभाग की अध्यक्षा डॉ. प्रतीक्षा पटेल, हिन्दी विभाग के अन्य प्राध्यापक डॉ. अनिला पटेल, डॉ. संगीता चौहान, राधा तलपदा एवं धर्मेन्द्रसिंह ठाकोर एवं समस्त कॉलेज परिवार ने छात्रों को शुभकामनाएँ प्रदान की।

६. 'छप्पर' उपन्यास में दलित जीवन की यथार्थ अभिव्यक्ति

दिनेशभाई किशोरी

जयप्रकाश कर्दम हिन्दी के प्रसिद्ध दलित साहित्यकार हैं। हिन्दी साहित्य जगत में जयप्रकाश कर्दम का महत्वपूर्ण स्थान है । 'छप्पर' जयप्रकाश कर्दम का चर्चित उपन्यास है । पूरा उपन्यास दलित जीवन के विविधप्रसंगों को बेबाकी के साथ अभिव्यक्ति देता है। 'छप्पर' उपन्यास की कथावस्तु एक मजदूर परिवार के युवक चंदन की शिक्षा के साथ जुड़ी हुई है। 'छप्पर' उपन्यास पश्चिमी उत्तरप्रदेश में एक गाँव मातापुर की कहानी है जहाँ पुरोहित, ठाकुर-जमींदार रहते हैं वहीं है एक घर या जिसे सिर्फ छप्पर कहें, के नीचे सुक्खा और रमिया अपने कष्टमय दिन व्यतीत कर रहे हैं, उनका बेटा चंदन शहर में पढ़ रहा है जिसका विरोधगाँव के सभी सवर्ण और ठाकुर साहब करते हैं । सुक्खा और रमिया को गाँव के ब्राह्मण, बनियों और ठाकुरों द्वारा मिलकर उत्पीड़ित किया जाता है कि वह सदियों से चली आ रही परम्पराओं को तोड़कर अपने लड़के को शहर में पढ़ने क्यों भेज रहा है? इससे समाज के उच्चवर्गीय लोगों की नाक कट जाएगी। लेकिन सुक्खा इन सारे दबावों से झुकने को तैयार नहीं होता।

जयप्रकाश कर्दम ने 'छप्पर' उपन्यास के पात्र सुक्खा और रमिया के माध्यम से समूची दलित संवेदना को उजागर करने का प्रयास किया है। इस उपन्यास में दो मुख्य पात्र हैं, एक सुक्खा और दूसरा सुक्खा का बेटा है । अपनी पत्नी रमिया से कहते हैं - 'तुझे मेरी चिंता लगी है, मुझे रात-दिन चंदन की चिंता लगी रहती है। बस्स, किसी तरह उसकी पढ़ाई लिखाई, पूरी हो जाए....।'१ सुक्खा और रमिया दोनों अपने बेटे की पढ़ाई पूरी करने की चिंता में है । प्रस्तुत उपन्यास में मातापुर ऐसा ही एक गाँव है जहाँ पर दलितों पर अन्याय, अत्याचार और विविधप्रकार का शोषण हो रहा है। साथ-साथ वर्णव्यवस्था और जातिवाद से गाँव का सारा समाज बँटा हुआ है। चंदन के पिता सुक्खा अपने बेटे की उच्च शिक्षा के लिए मूक संघर्ष कर अपने बेटे को पढ़ने के लिए शहर भेजते हैं । सुक्खा अपनी पत्नी से कहता है- 'मैं गँवार आदमी क्या जानू पढ़ाई-लिखाई की बात । जैसे तू कुछ नहीं जानती वैसे ही मेरे लिए भी काला आखिर भैंस बराबर है।'२

सुक्खा अपनी पत्नी रमिया के साथ घास-फूस के छप्पर में रहता है। कठोर परिश्रम और दमे की बीमारी ने उसे असमय ही बूढ़ा बना दिया। वह इस दुसाध्य बीमारी से मुक्ति चाहता है पर एक तो गरीबी उपर से चंदन का शहर में पढ़ाई का खर्च । उसे अपनी चिंता नहीं है, रात-दिन चंदन की पढ़ाई-लिखाई पूरी होने की चिंता लगी रहती है। वह आस्थावान है - 'अपनी चिंता छोड़ हमें थोड़े दु:ख उठाने पड़ रहे हैं तो क्या, दु:ख के बाद ही सुख आता है। हमारे दिन भी बहारेंगे कभी न कभी।'३ 'छप्पर' एक और दुखद स्थिति को उजागर करता है कि महेनत, ईमानदारी और समाजसेवी प्रवृत्ति दलित पात्र को पीढ़ी-दर-पीढ़ी छप्पर ही दे पाती है, महल नहीं। यह एक चंदन की बर्बादी का ही सवाल नहीं है बल्कि पूरे दलित समाज के हजारों-लाखों नवयुवकों की जिंदगी का सवाल है कि वे शिक्षित होकर, अपने समाज के उत्थान और विकास के लिए संघर्ष करें, ताकि उन्हें और उनके समाज को ब्राह्मण तथा सामन्तों के शोषण-उत्पीड़न से मुक्ति मिले । 'छप्पर' उपन्यास की सबसे बड़ी उपलब्धिलेखक सोए हुए दलित समाज में जागृति फैलाना चाहते हैं। जातिगत भेदभाव नष्ट कर नवीन विचारों की स्थापना करना चाहते हैं। दलित समाज आज सम्मान का भूखा है। एक स्थान पर कहा गया है - 'हमें प्रत्येक क्षेत्र में उपर आने की जरूरत है, लेकिन सबसे पहले जरूरत है सामाजिक सम्मान की।'४

'छप्पर' उपन्यास की कथावस्तु की जबर्दस्त माँग का परिणाम चंदन एक पात्र है। मातापुर का एक दलित युवक ऊँची तालीम पाने के लिए शहर जाता है और अनेक विडंबनाओं को झेलते हुए एम.ए. तक का सफर पार करता है और पीएच.डी के लिए पंजीकरण कराता है । चंदन पढ़-लिखकर नौकरी की अपेक्षा नहीं रखता। समाज बदलना चाहता है। वह कहता है कि - 'मैं अपनी शिक्षा का उपयोग अपने दीन-हीन समाज के उत्थान

के लिए करूँगा। मैं उन पीड़ित, शोषित और उपेक्षित लोगों को उपर उठाने के लिए काम करूँगा जो कीड़े-मकौडों की तरह जीते हैं।'५ चंदन उच्च शिक्षा प्राप्त करता है। लेकिन सुख-चैन की जिंदगी जीने के लिए उसका उपयोग नहीं करता। सुक्खा चमार का बेटा शहर पढ़ने चला जाता है। इसलिए ठाकुर और काणा पंडित सुक्खा को बुलाकर पूछते हैं - 'सुना है सुक्खा, तेरा बेटा पढ़ने के लिए शहर गया है? हाँ पंडित जी, गया तो है आपके आशीर्वाद से।'६ काणा पंडित ठाकुर हरिनामसिंह को देखकर और जोर-जोर से बात करता है और कहता है- 'कभी किसी ब्राह्मण-ठाकुर या सेठ-साहूकार का बेटा इतना ऊँचा नहीं पढ़ा, लेकिन यह दो कौड़ी का आदमी, यह चमार की औलाद हम सबके मुँह पर कालिख पोतने चला है-बेटे को ऊँची तालीम के लिए शहर भेजकर।'७

उपन्यासकार कर्दम जी ने चंदन, कमला और सवर्ण रजनी के माध्यम से समाज में समानता के दर्जे की माँग ही नहीं की है बल्कि लोगों को शिक्षित कर उसकी अज्ञानता को दूर करने का प्रयास भी किया है। 'छप्पर' उपन्यास की कथा सामाजिक परिवर्तन की कथा है जो चंदन जैसे सामान्य से विशिष्ट हुए पात्र के माध्यम से आगे बढ़ी है। 'छप्पर' अंबेडकरी दर्शन के अनुकूल महान कृति इसलिए है कि इसका पात्र शुरू से अंत तक अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों के साथ आत्म-विकास करता है, शिक्षा से उच्च शिक्षा की ओर बढ़ता है, लोगों को ज्ञान बाँटता चलता है। चंदन का एकमात्र लक्ष्य है जातिविहीन, वर्गविहीन समाज की स्थापना। 'छप्पर' उपन्यास में डॉ. जयप्रकाश कर्दम ने पुलिस प्रशासन द्वारा आम जनता का और इससे भी ज्यादा दलित समाज का कितना शोषण होता है यह स्पष्ट किया है। इस उपन्यास में लेखक ने सदियों से ईश्वर और पाप-पुण्य का डर दिखाकर दलित लोगों का शोषण होता है और आज भी हो रहा है इस बात की ओर संकेत किया है। कल-कारखानों में भी दलित लोगों का शोषण होता है। इसका संकेत चंदन अपने तीनों दोस्तों की चर्चा से देता है। लेखक ने बताया है कि गाँवों के साथ-साथ शहरों में भी लोग शोषण व उत्पीड़न का शिकार रहे हैं। बीस-तीस रूपये देता है दिहाड़ी के। ज्यादा दिहाडी की बात करें भी कैसे? क्या पता कल को उससे भी हाथ धोना पड़ जाए। ऊपर से मालिक की गालियाँ और मार मिलती थी। उनका चित्रण है - 'साले चले आते हैं नखरा दिखाने, लीडर बनते हैं हरामजादे। काम-धाम करेंगे नहीं और चाहेंगे कि फैक्ट्री इनके नाम हो जाए।'८

चंदन दलित समाज में परिवर्तन चाहता है लेकिन हिंसा का भी वह विरोधकरता है। चंदन के साथ-साथ अन्य दलित पात्रों में भी संघर्ष के बीज धीरे-धीरे उगने लगते हैं। उपन्यास के स्त्री पात्र भी चंदन के आंदोलन से प्रेरित होकर संघर्ष करते हैं। ठाकुरसिंह की बेटी रजनी चंदन से प्रेरणा लेकर अपने पिता के साथ ही संघर्ष की शुरूआत करती है, जो पिता सामंती मानसिकता के हैं। अपने पिता की मानसिकता का विरोधकरते हुए वह चंदन के विचारों का निर्वाह करते हुए उसका साथ देती है। वह कहती है - 'कसूर है आपका पिताजी! बेकसूर नहीं है आप भी। यदि परम्पराएँ गलत हों - जन विरोधी हों, यदि व्यवस्था दोषपूर्ण हो तो उसका विरोधकिया जाना चाहिए।'९ 'छप्पर' उपन्यास की कथा का भी यही संदेश है, हरिया और उसकी पुत्री कमला तथा सुक्खा और उसका पुत्र चंदन सवर्ण समाज के प्रतिनिधिठाकुर हरनामसिंह की पुत्री रजनी के सहयोग एवं आत्मिक जुड़ाव से सामाजिक बदलाव के महास्वप्न का ताना-बाना बुनते हैं और समानता के समाज की दुनिया की संरचना करते हैं। आज दलित समाज को ईश्वर के नाम से डराया, धमकाया गया है। इसके साथ-साथ घोर अंधकार में भगवान के सिवा दूसरा कोई सहारा नहीं दे सकता, इस समाज में प्रचलित इन सभी गलत मान्यताओं के विकास का मुख्य कारण दलितों में शिक्षा का अभाव रहा है।

जयप्रकाश कर्दम कृत उपन्यास 'छप्पर' है जो युगों-युगों से शोषित अछूत वर्गों की व्यथा-कथा को नहीं, अपितु उसकी कर्मठता और साहस की कथा को प्रस्तुत कर एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाने का भी सार्थक प्रयास करता प्रतीत होता है। उपन्यास में सामाजिक परिवर्तन के द्वारा एक समतामूलक समाज की स्थापना का आदर्श प्रस्तुत किया गया है, जो एक

दिवा-स्वप्न जैसा लगता है। प्रस्तुत उपन्यास में एक सीमांत किसान के पलायन की कथा भी कहीं कहीं है। जयप्रकाश कर्दम ने अपने ही जीवन के बहुत से अंशों की कथा ही नहीं बताई बल्कि दलित समाज में पैदा हुए बहुत से सुशिक्षित युवकों की कथा कही है। जो भूमिहीन, खेतीहर, मजदूरों की संताने हैं, जिन्होंने ब्राह्मण, सेठ-साहूकार और ठाकुरों की मार सही है। ऐसे माता-पिता स्वयं तो अनपढ़ थे, गरीब थे, लाचार थे, किन्तु उन्होंने अपने बच्चों को ईंट की भट्टी पर मजदूरी कर दूसरों के खेत में काम करके अपने बच्चों की शिक्षा-दीक्षा पूरी करने की दृष्टि से प्रयास किया है। चंदन के पिता सुक्खा और माता रमिया सभी दरिद्र और अशिक्षित हैं और ग्रामीण जीवन में निम्न स्तर का जीवन यापन करनेवाले पात्र हैं, परंतु लेखक ने उनके कथानकों एवं संवादों में शुद्ध साहित्यिक भाषा और परमार्जित शैली का अस्वाभाविक प्रयोग दिखाया है। दलित-संवेदना और पीड़ा को उजागर करनेवाला यह प्रथम उपन्यास है, दलित साहित्य की अमूल्य धरोहर ! हर प्रकार से हर रूप में एक सफल कृति है। कुल मिलाकर समाज परिवर्तन की दिशा में यह उपन्यास महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने की क्षमता रखता है।

संदर्भ सूची :

१. छप्पर - जयप्रकाश कर्दम, पृ. ८

२. वही, पृ.८ ३. वही, पृ.९

४. वही, पृ.३७ से ३८ ५. वही, पृ.३९ से ४०

६. वही, पृ.३२ ७. वही, पृ.३३

८. वही, पृ.११ ९. वही, पृ.९० से ९१

आसि. प्रोफेसर, हिन्दी विभाग

राजकीय महाविद्यालय,

दमण (यु.टी.)

डॉ. सतीन देसाई 'परवेज़' के दो गजल संग्रह कबीरी तार और मैं मैं न था वहाँ का लोकार्पण

३१-१२-२०१७ को सुर समन्वय फाउण्डेशन अहमदाबा में सम्पन्न हुआ। इस लोकार्पण में आचार्य दिलीप मेहरा, डॉ. शिवप्रसाद शुक्ल, डॉ. अशोक पटेल, समारोह के अध्यक्ष डॉ. मुकुल शाह (गुजरात यूनि. पूर्व कुलपती एवं मेयर) अतिथि विशेष डॉ. भरत भगत, डॉ. गुरुदत्त ठक्कर के करकमलों से लोकार्पण हुआ। गज़लों संध्या को वाणी दी डो. कपिल त्रिवेदीने ताल, धुन के साथ। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन डो. अंकुर देसाई ने किया था। दीप्ति सतीन देसाई एवं सुर समन्वय फाउण्डेशन की निगरानी में आयोजित इस गजल संध्या एवं विमोचन कार्यक्रम में विद्वानों के वक्तव्यों के साथ बौद्धिक सहृदयों की मेदिनी एवं उत्साह देखते बन रहा था।

७. हिन्दी कथा-लेखिकाओं के समकालीन हिन्दी उपन्यास

डॉ. ज्योत्सना पटेल

उपन्यास इस नये युग की नयी विधा है और यह आधुनिक युग तथाकथित पंडितों तथा धार्मिकों द्वारा अति-आलोचित कलियुग समाज के हाशिये में पड़े हुए लोगों के लिए तो 'सुवर्णयुग' ही है। हाशिये में पड़े हुए इन लोगों में स्त्री और दलित सबसे पहले आते हैं। सामंतवादी सत्तावादी धार्मिक सत्ताओं ने इन दो वर्गों का हर तरह से शोषण किया है। अनेक धार्मिक कथनों में, निर्योग्यताओं के संदर्भ में, 'शुद्रा च नारी' का जुम्ला श्रुतिगोचर होता ही रहा है। फलत: नव जागरण के पश्चात् हमारा देश व समाज जब एक नयी करवट लेता है। तब उक्त दोनो वर्गों में एक नयी चेतना संचार होती है। शिक्षा उस नयी चेतना को फूंकने में सहायक होती है। यह अचानक नहीं हुआ है कि पहले की तुलना में हर देश-प्रदेश, भाषा, साहित्य में लेखिकाओं की संख्या में गुणात्मक परिवर्तन आया है, और भाषा-साहित्य ही क्यों जीवन के हर क्षेत्र में, बल्कि वर्जित क्षेत्रो में भी, दलित और नारी ने अपनी फतह के झण्डे गाड़े हैं। कल्पना चावला, सुनिता विलियम, इन्द्रा नूई, कोण्डिला राइस, सोनिया, मायावती, इस साल की साहित्य का नोबेल प्राईज विजेता ब्रिटीश लेखिका डोरिस लैसिंग, स्वयं बाजपेयी जी ने जिन्हें संसद की मर्द-औरत कहा था वह लोखंडी महिला इन्दिरा गांधी१ और भी कई हैं, अनगिनत नाम हैं। इस शोधआलेख में हमारा उपक्रम, इसीलिए, सिर्फ इसीलिए, कतिपय समकालीन हिन्दी कथा-लेखिकाओं के समकालीन उपन्यासो को रेखांकित करने का रहा है। संगोष्ठी समकालीन हिन्दी साहित्य के संदर्भ में है, फलत: इसे 'समकालीन उपन्यासों' तक महदूद रखा गया है। आलेख की प्रकृति Macro प्रकार की है, Macro प्रकार की नहीं। कृपया इस तथ्य को ध्यान में रखा जाए। अत: आलेख को तीन मुद्दों में केन्द्रित रखा गया है - समकालीनता से तात्पर्य, समकालीन हिन्दी लेखिकाएँ और उनके उपन्यास।

समकालीनता से तात्पर्य :

'समकालीन' शब्द को परिभाषित या व्याख्यायित करने की आवश्यकता इसलिए है कि हिन्दी आलोचना, विशेषत: औपन्यासिक आलोचना में आंचलिक, ऐतिहासिक, पौराणिक, साठोत्तरी तथा समकालीन प्रवृत्तियों के संदर्भ में खूब धांधली या अराजकता मची हुई है, जो अकादमिक सोच में एक बहुत बड़ी बाधा है। अकादमिक सोच के लिए विभावना का स्पष्ट होना बहुत जरूरी है। उक्त सभी प्रवृत्तियों की सीमाएँ अब बँधगई हैं, अत: उन्ही सीमाओं में रहकर हमें सोचना होगा। 'समकालीन' शब्द अंग्रेजी के Contemporary का समानार्थी है। मोटे तौर पर इस समय दो अर्थों में इसका प्रयोग हो रहा है। एक-दो व्यक्ति जब किसी एक काल से सम्बद्ध होते हैं, तब उनको एक-दूसरे का समकालीन कहा जाता है, यथा- 'मीराबाई और तुलसीदास समकालीन थे।'२ दो - उसका दूसरा अर्थ 'समसामयिकता' से है। समसामयिक अर्थात् निकट अतीत ओर वर्तमान। अत: पिछले बीस-पचीस वर्षों के समय को हम 'समकालीनता' के दायरे में रख सकते हैं। इस तरह देखा जाए तो सन् १९८०-८५ के बाद के अद्यावधि-पर्यन्त के साहित्य को हम 'समकालीन' साहित्य कह सकते हैं। परन्तु जिस प्रकार साठ के बाद की कोई भी रचना 'साठोत्तरी' नहीं कही जा सकती है बशर्ते कि उसमें साठोत्तरी मानसिकता और समय-चेतना हो।३ ठीक उसी प्रकार अस्सी-पच्चासी के बाद की केवल उन रचनाओं को 'समकालीन' माना जायेगा जिनमें समकालीन समय-चेतना के दंश और संघर्ष, मूल्य और अप-मूल्य की उपस्थिति (मूल्यों के पक्ष में और अप-मूल्यों के विरोधमें) दर्ज होगी। जिनमें पिछले बीस-पचीस वर्षों की सामाजिकता, राजनीतिक, आर्थिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक, नैतिक स्थितियों के द्वन्द्व और संघर्ष उपस्थित होंगे। संक्षेप में कहें तो समसामयिक समय (Contemporary) के हस्ताक्षर जिन रचनाओं में होंगे उनकी ही गणना 'समकालीन रचना' के भीतर होगी। भूमंडलीकरण, बाजारीकरण, ग्लोगल-विलेज की परिकल्पना, बढ़ता हुआ वस्तुवाद-उपभोक्तावाद, जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में

राजनीति का हस्तक्षेप, सत्ता राजनीति और धर्म के समीकरण, बढ़ती हुई साम्प्रदायिकता, धार्मिक कट्टरता और उसका कठमुल्लापान, इस्यू-बेइज्ड राजनीति का खत्म होते जाना, बढ़ता हुआ भ्रष्टाचार, शिक्षा का व्यापारीकरण, राजनीति का व्यापारीकरण, धर्म का व्यापारीकरण, आतंकवाद के काले साये, अमरीका का जगत - काखी होते जाना और उसके खतरे, ड्राइंग-रूम तक मीड़िया की घुसपैठ, आदमी का भीड़ में तब्दिल होते जाना, जीवनोपयोगी बैजिक मूल्यों का क्षरण, विज्ञान और अ-विज्ञान३ दोनों का बढ़ना, नारी और दलितों की अस्मिता का प्रश्न, ग्लोबल-वार्मिंग और उसके खतरे, पृथ्वी-जल-वायु-विचार आदि के प्रदूषण जैसे अनेक मुद्दे समकालीन साहित्य के लिए चुनौती बने हुए हैं। इन मुद्दों से रूबरू होना, दो-चार होना ही समकालीन साहित्य का अभिलक्षण हो सकता है। यहाँ एक और ध्यातव्य बात यह होगी कि यह 'समकालीन' शब्द परिवर्तित होता रहेगा। सन् २०४०-५० तक में 'समकालीन रचनाओं' का संदर्भ बदल जायेगा।

समकालीन महिला उपन्यासकार :

पहले निर्दिष्ट किया जा चुका है कि सन् १९८०-८५ के बाद के उपन्यास, जो समकालीन चेतनायुक्त हैं, ही समकालीन उपन्यास कहे जायेंगे, फलत: यहाँ हम उन महिला उपन्यासकारों का जिक्र कर रहे हैं, जो उस दायरे में आती हैं। इन उपन्यास-लेखिकाओं में दिनेशनंदिनी डालमिया, शशिप्रभा शास्त्री, शिवानी, कृष्णा सोबती, दिप्ति खंडेलवाल, मन्नू भण्डारी, उषा प्रियंवदा, राजी सेठ, मंजुल भगत, मृदुला गर्ग, चन्द्रकान्ता, सुश्री कसुमकुमार, ममता कालिया, मेहरून्निसा परवेज़, चित्रा मुद्गल, कान्ता भारती, सूर्यबाला सिंह, मृणाल पाण्डेय, सुश्री कमलकुमार, नासिरा शर्मा, निरूपमा सेवती, प्रभा खेतान, मैत्रेयी पुष्पा, जया जादवानी, मधु कांकरिया, अलका सरावगी, वीणा सिन्हा, चित्रा चतुर्वेदी आदि ने समकालीन उपन्यास-लेखन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।४ इनके अतिरिक्त कुसुम अंसल, विमला शर्मा, प्रभा सक्सेना, सुनीता जैन, मालती जोशी, कान्ता सिन्हा, रजनी पनीकर, शीला रोहेकर, मीना दास, इन्दिरा दीवान आदि लेखिकाओं के समकालीन उपन्यास भी उल्लेखनीय कहे जा सकते हैं।५ क्षमा कौल, क्षमा शर्मा, सुश्री शरदसिंह, नमिता सिंह, रजनी गुप्त, बिन्दु भट्ट आदि लेखिकाओं के औपन्यासिक कृतित्व को नकारा नहीं जा सकता।६

महिला उपन्यासकारों के कतिपय समकालीन उपन्यास :

हम आरंभ में ही बता चुके हैं कि हमारा यह शोध-आलेख Macro प्रकार का है। अत: हम केवल महत्त्वपूर्ण उपन्यासों का उल्लेख-भर कर पाएँगे। उनकी विस्तृत चर्चा यहाँ संभव नहीं है। दूसरे यहाँ हम केवल उन उपन्यासों का उल्लेख करेंगे जो समकालीनता के दायरे में आते हैं। दिनेशनंदिनी के उपन्यासों में पारिवारिक स्थितियों में दर्द के ताप से पिघलती नारी की व्यथा-कथा के चित्र मिलते हैं। इधर के उनके उपन्यासों में 'कबीर का धुआँ' (१९८०), 'आँख मिचौली' (१९९१), 'यह भी झूठ है' (१९९३) और 'मरजीवा' (१९९६) आदि उल्लेख्य हैं। शशिप्रभा शास्त्री के समकालीन उपन्यासों में 'ककरेखा', 'परसों के बाद', 'ये छोटे महायुद्ध', 'उम्र एक गलियारे की', 'खामोश होते सवाल' और 'हर दिन इतिहास' आदि मुख्य हैं।७ इनके उपन्यासों में नारी के आंतरिक और बाह्य तनाव, आत्मनिर्भर होने के लिए किए गए उसके संघर्ष, आर्थिक आत्मनिर्भरता के बावजूद परिवार की मर्यादा का अतिक्रमण न कर पाने की उसकी विवशता आदि का निर्मम बेबाक चित्रण मिलता है। कृष्णा सोबती के इधर के उपन्यासों में 'जिन्दगीनामा' (१९७९), 'दिलोदानिश' तथा 'समय सरगम' का उल्लेख किया जा सकता है। 'जिन्दगीनामा' पंजाब प्रदेश की संस्कृति का महाकाव्य है। 'दिलो-दानिश' उस भारतीय नारी की व्यथा-कथा है जो अकेलेपन का जीवन जीने के लिए अभिशप्त है। यों प्रत्येक उपन्यास में लेखिका नयी जमीन को लेकर आती है। मन्नू भण्डारी का 'महाभोज' (सन् १९७९) भारतीय राजनीति की विडम्बना, विसंगतियों, उसका भोलापन, उसका अपराधीकरण और माफियाकरण को पाठकों के रूबरू करता है। 'महाभोज' इस बात का भी प्रमाण है कि अब महिला लेखिकाओं का लेखन सिर्फ घर की चहारदीवारी तक सीमित नहीं है।

उषा प्रियंवदा वैसे तो अपने 'पचपन खंभे लाल दीवारें' तथा 'रूकोगी नहीं राधिका' जैसे उपन्यासों से चर्चित रही हैं, किन्तु ये दोनों उपन्यास 'साठोत्तरी' हैं ।८ इधर के समकालीन उपन्यासों में उनके 'शेष यात्रा', 'अंतर्वशी' (क्रमशः १९८४, २०००ई.) तथा 'भया कबीर उदास' (२००७)९ आदि उपन्यास आते हैं। 'शेषयात्रा' की पृष्ठभूमि अमरिका है। वह 'अनु' और 'प्रणव' के असफल विवाह की त्रासदी कहानी है, किन्तु यहाँ अनु असहाय और असुरक्षित नहीं है । वह स्वावलंबन, आत्मगौरव और स्वातंत्र्य के भाव से भरपूर है। 'अंतर्वशी' अमरिका में प्रवास करने वाले भारतीय परिवारों की जीवन-शैली को विश्लेषित करनेवाला उपन्यास है।

अपने 'चित्तकोबरा' उपन्यास से बहुचर्चित लेखिका मृदुला गर्ग के समकालीन उपन्यासों में 'चित्तकोबरा' (१९७९), 'अनित्य' (१९८०), 'मैं और मैं' (१९८४) तथा 'कठगुलाब' (१९९६) आदि की गणना की जा सकती है। उनकी पहचान अभिजातवर्गीय नारी के मनोवैज्ञानिक विश्लेषण में उभरती है। 'अनित्य' में उन्होंने अपनी जमीन बदली है । उसमें उन्होंने गांधीवाद की व्यर्थता और क्रान्तिकारी आंदोलन की सार्थकता को प्रमाणित करने की चेष्टा की है। 'मैं और मैं' में नारी-अस्मिता की खोज है। 'कठगुलाब' पुरुषसत्ताक समाज में नारी-शोषण और उससे मुक्ति-संघर्ष की कथा है।

इधर के सशक्त नारी-हस्ताक्षरों में चित्रा मुद्गल, नासिरा शर्मा, प्रभा खेतान और मैत्रेयी पुष्पा के उल्लेख के बिना यह आलेख अधूरा समझा जायेगा । आज की व्यावसायिक उपभोक्तावादी संस्कृति में नारी-शोषण के नये-नये कोण उभर रहे हैं। 'एक जमीन अपनी' (१९९०) में चित्राजी ने विज्ञापन-जगत (मीड़िया) में हो रहे नारी-शोषण को रेखांकित किया है तो 'आवां' (१९९९) में मुंबई के मजदूर संघटनों, उनमें चलने वाली राजनीति तथा नारी के यौन-शोषण को बेपर्द किया है। नासिरा शर्मा ने प्रगतिशील मानवधर्मी लेखिका के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उनके चर्चित समकालीन उपन्यासों में 'सात नदियाँ: एक समंदर' (१९८४), 'शाल्मली' (१९८७), 'ठीकरे की मंगनी' (१९८९), 'जिन्दा मुहावरे' (१९९३), 'अक्षयवट' (२००३), तथा 'कुइयाँ जान' (२००५), आदि की गणना की जा सकती है। इन उपन्यासों में उन्होंने क्रमशः ईरान की तानाशाही, केन्द्रीय सरकार में प्रथम श्रेणी की पदाधिकारी पत्नी और किसी दफतर में ऑफिसर के रूप में कार्यरत पति की हीन-भावना के तनाव और विसंगतियाँ, मध्यमवर्गीय रूढ़िचुस्त मुस्लिम समाज में शिक्षित संवेदनशील युवती की स्थिति, देश के बँटवारे की भयंकर त्रासदी जैसे विषयों को अंजाम दिया है। प्रभा खेतान एक संभ्रान्त, सुशिक्षित तथा प्रतिभा-संपन्न रचनाकार हैं। सीमान द बोउआर की विश्वविख्यात कृति 'द सेकण्ड सेक्स' का हिन्दी अनुवाद करके उन्होंने ख्याति अर्जित की है। उनकी आत्मकथा 'अन्या से अनन्या' काफी चर्चित रही है । एक रूढ़िचुस्त मारवाड़ी परिवार की लड़की किस प्रकार अंतरर्राष्ट्रीय सीमाओं को लांघती है, इतना ही नहीं सामाजिक 'टेबूज' को भी तोड़ती है, उसे हम यहाँ देख सकते हैं । उनके समकालीन उपन्यासों में 'आओ पेपे घर चले' (१९९०), 'तालाबन्दी' (१९९१), 'छिन्नमस्ता' (१९९३), 'अपने-अपने चेहरे' (१९९४) तथा 'पीली आँधी' (१९९६) आदि हैं, जिनमें उन्होंने क्रमशः लास एँजेल्स, सेंट लुइस तथा न्यूयोर्क के अनुभवों पर आधारित नारी-जीवन की अंतर्व्यथा, बंगाल के मोमिनपुर इलाके के मारवाड़ी परिवार का संघर्ष, पुरुषसत्ताक समाज में अपनी अलग पहचान बनानेवाली नारी के संघर्ष की गौरवगाथा, मारवाड़ी परिवार में नारी की त्रासदी, मारवाड़ की सामंतीय व्यवस्था के उत्पीड़न और अकाल से त्रस्त मारवाड़ी जाति का कलकत्ता आना और इस बेगानी धरती पर अनेक अवरोधों-विरोधों के बावजूद श्रम व व्यापार-कुशलता के बल पर व्यवस्थित व समृद्ध होने की संघर्षगाथा जैसे नये विषयों पर कलम चलाई है। रचनाओं की ताजगी और उष्मा से पाठकों का ध्यान बरबस आकृष्ट करनेवाली मैत्रेयी पुष्पा बुंदेलखण्ड के ग्रामीण परिवेश को लेकर आयी हैं। उनके समकालीन उपन्यासों में 'स्मृति दंश' (१९९०), 'बेतवा बहती रही' (१९९३), 'इदन्नमम्' (१९९४), 'चाक' (१९९७), 'झूला नट' (१९९९), 'अल्मा कबूतरी' (२०००), 'कही ईसुरी

फाग' (२००४), 'त्रिया हठ' (२००५) आदि चर्चित रहे हैं। 'इदन्नमम्' और 'चाक' से उन्हें विशेष ख्याति मिली है। डॉ. रामचन्द्र तिवारी मैत्रेयी जी के उपन्यासों के संदर्भ में लिखते हैं - 'उनके उपन्यास अंचल-विशेष के रंग में रंगे होने पर भी आंचलिक नहीं हैं। उनमें गाँव का मनुष्य अकेला नहीं है। उसके साथ प्रकृति है, पारंपरिक संस्कार हैं, लोक-देवता है, जातीय स्मृतियाँ हैं और पूरी लोक-संस्कृति है। उसके नारी-पात्र अधिक सक्रिय, सजग और प्रभावी हैं। उनकी नारी-चेतना मूक विद्रोह से चलकर मुखर सामूहिक संघर्ष की दिशा में अग्रसर हुई है। और सबसे बड़ी बात यह है कि उनमें सच कहने का साहस है और उनकी क्रान्ति-चेतना किसी विचारधारा के दायरे में कैद न होकर अनुभव की आंच और अनुभूति के ताप से प्रेरित है। निश्चय ही समकालीन उपन्यासकारों में वे प्रथम पंक्ति की हकदार हैं।'१०

अन्य समकालीन उपन्यास :

स्थानाभाव तथा विस्तार-भय के कारण अब केवल कुछ उपन्यासों का उल्लेख भर किया जायेगा। यथा - 'तत्सम' (१९८३), 'निष्कवच' (१९९५)/ राजी सेठ/ । 'अर्थान्तर', 'अंतिम साक्ष्य' (१९८१), 'बाकी सब खैरियत' (१९८३), 'एजान गली जिन्दा है' (१९८४), 'यहाँ बितस्ता बहती है' (१९९२), 'अपने अपने कोणार्क' (१९९५), 'कथासतीसर' (२००१)/चन्द्रकान्ता/; 'हीरामन हाईस्कूल' (१९८९), 'परदाबाड़ी' (२०००), 'पूर्वी द्वार' (२००४)/ सुश्री कुसुमकुमार/; 'एक पत्नी के नोट्स' (१९९७)/ ममता कालिया/; 'अकला पलाश' (१९८१), 'समरांगण' (२००३), 'पासंग' (२००५)/ मेहरून्निसा परवेज़/; 'मेरे संधिपत्र' (१९८०), 'अग्निपंखी' (१९८४)/ सूर्यबाला सिंह/; 'पटरंगपुराण' (१९८३) / मृणाल पाण्डे/; 'माई' (१९९३), 'हमारा शहर उस बरस' (१९९८), 'खाली जगह' (२००६)/ गीतांजलि श्री/; 'खुले गगन के सितारे' (२०००), 'सलाम आखिरी' (२००२), 'पत्ताखोर'/ मधु कांकरिया/; 'तत्त्वमसि (२०००) 'कुछ न कुछ छूट जाता है' (२००५)/ जया जादवानी/; 'कलि-कथा : वाया बाईपास' (१९९८), 'शेष कादम्बरी' (२००१), 'और कोई बात नहीं' (२००४)/ अलका सराबगी/; 'दिनांत' (शिला रोहेकर) 'ढहती दीवारें' (१९९२)/ मीना दास/; 'दर्दपुर' (२००५)/ क्षमा कौल/; 'मोबाइल' (२००५)/ क्षमा शर्मा/; 'अपनी सलीबें' (२००६)/ नमितासिंह/; 'मीरा याज्ञिक की डायरी' (२००६)/ बिन्दु भट्ट/; 'किशोरी का आसमां' (रजनी गुप्त) तथा 'पिछले पन्ने की औरतें' (२००६)/ सुश्री शरदसिंह/।

निष्कर्ष :

आलेख के अंत में निष्कर्ष-रूप में कहा जा सकता है कि 'समकालीन' शब्द हिन्दी आलोचना में अब रूढ़ हो गया है और पिछले बीस-पचीस वर्षों के साहित्य को 'समकालीन साहित्य' कहा जा सकता है, बशर्ते कि उनमें समकालीन समय-चेतना के दंश और द्वन्द्व हों। समकालीन महिला उपन्यासकारों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है और उनकी संवेदना में आशातीत गुणात्मक बदलाव आया है। उनका रचना संसार विस्तृत हुआ है। चहारदीवारी से बाहर आकर वे अन्य विषयों पर काफी गंभीर और गहरे विमर्श दे रही हैं। उनका परिवेश अब अन्तर्राष्ट्रीय सीमाओं को छू रहा है। और उनका नारी-विमर्श अब 'अबला जीवन हाय तुम्हारी यही कहानी' या 'नारी तुम केवल श्रद्धा हो' तक न रहकर 'नारी तुम केवल शक्ति हो, संसार-रथ की महारथी हो' तक विस्तृता हो चला है।

संदर्भ सूची :

१. बांगलादेश के सर्जन के बाद बाजपाईजी का संसद में दिया गया भाषण

२. द्रष्टव्य : पीताम्बरा : उपन्यास : डॉ. भगवतीशरण मिश्र : भूमिका

३. द्रष्टव्य : 'साठोत्तरी उपन्यास' विषयक लेख : चिंतनिका : डॉ. पारूकान्त देसाई

४. द्रष्टव्य : हिन्दी उपन्यास : डॉ. रामचन्द्र तिवारी : पृ. १७५

५. द्रष्टव्य : आधुनिक लेखिकाओं के नगरीय परिवेश के उपन्यास : डॉ. पारुकान्त देसाई

६. द्रष्टव्य : हंस : २००४-२००५ तथा २००६ ई.

७. उपन्यासों के रचनाकाल क्रमश : १९८३, ८५, ८८, ८९, ९३, ९५

८. द्रष्टव्य : 'हिन्दी उपन्यास की विकास-परंपरा में साठोत्तरी हिन्दी उपन्यास' : डॉ. पारूकान्त देसाई

९. द्रष्टव्य : हंस : नवम्बर : २००७, पृ. ९४

१०. हिन्दी उपन्यास : डॉ. रामचन्द्र तिवारी : पृ. १९५

अध्यक्ष, हिन्दी विभाग,

श्री भीखाभाई आर्ट्स कॉलेज, आणंद, गुजरात ।

जीवनमूल्यों में परिवर्तन : परिणाम

डॉ. संगीता चौहान

धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष के लिए प्रवुत होना
मनुष्यता का मर्म है।
अर्थ और काम को अधिक महत्व देना
धर्म और मोक्ष के लिए कार्य न करना
आज के मनुष्य का कर्म है॥
गरीबों, दलितों, आदिवासियों का हक छीनकर
उनसे ये कहना कि पिछले जन्म के बुरे कर्मों का
परिणाम भोग रहे हैं।
कहाँ तक संगत है इस बात को मानना, लेकिन
बात यही मान लोग रहे हैं॥
गरीबों को शोषणरूपी हंटर से मारना, कुचलना
धनवानों की नियत बन गई है।
निम्नवर्ग को निराधार ही देखना,
उच्चवर्गीय समाज की असलियत बन गई है।
दलित कभी ऊपर न उठ सकें, अपने अधिकार न पहचानें
इसलिए षडयंत्र हो रहा है।
आदिवासियों को हांककर उनके ही जन्मस्थान से
पूंजीपतियों का उसपर हक हो रहा है॥
समाज में व्याप्त इस शोषण-चक्र का
यह आ रहा परिणाम है।
गरीब और गरीब तथा धनवान और भी बनता
जा रहा धनवान है॥
निम्नवर्ग ही नहीं पर्यावरण भी झोंक दिया गया है,
भ्रष्ट मनुष्यों के मूल्यों की श्रेणी में।
नष्ट हो जाएगा वह, न ऊबर पाएगा
शोषण, स्वार्थ एवं उत्पीड़न की त्रिवेणी में॥
ईश्वर ने मनुष्य को दी बुद्धि, जीवनमूल्यों को अपनाकर
सृष्टि को चलाने के लिए।
ईश्वर भी चकित है, समर्थ नहीं है, मनुष्य को
मनुष्यता से मिलाने के लिए॥

८. मिथक और आधुनिकता के समन्वय-साक्षी : आधुनिक हिन्दी नाटक

प्रा. विनोदकुमार पी. चौधरी

आज के आधुनिक नाटककारों ने एक ओर आधुनिकता के जरिए ही नाटक लिखे तो दूसरी एक पूरी श्रेणी उभरी जिसने मिथक का भरपूर प्रयोग करके आधुनिकता की ओर सबका ध्यान आकृष्ट किया है । स्वातन्त्र्योत्तर नाटकों में मिथक का वह स्वरूप देखने को नहीं मिलता जो पहले के नाटकों में देखा गया है। नयी धारा के नाटककारों ने नाटक के ऐतिहासिक-पौराणिक आधार को महत्व न देते हुए अपने कथ्य को ही महत्व दिया। उन्होंने नाटकों में पौराणिक मिथकीय कथ्य को प्रधानता देने के बजाय उनमें आज की स्थितियों से ताल-मेल बिठाने की चेष्टा की। यह चेष्टा सफल रही, क्योंकि अतीत के माध्यम से आधुनिक तथ्यों को उजागर करने में आधुनिक नाटककारों ने जीवन के परिवर्तित मूल्यों को व्यंजित किया है। उन्होंने मिथक को आधुनिक बोध और संवेदना का वाहक माना और मानवीय अन्तर्द्वन्द्व को स्वर दिया। आधुनिक नाटकों को माध्यम बनाकर देखा जाए तो मिथक और आधुनिकता की संगति किस प्रकार होती है यह समझ में आ जाएगा।

धर्मवीर भारती ने इस नाट्य-रचना में एक व्यापक सत्य को उभारा है जो महाभारत के समय से ज्यादा आज के सामयिक में महत्वपूर्ण है। 'अन्धायुग' की भूमिका में स्वयं धर्मवीर भारती ने यह लिखा है कि - 'यह तो एक व्यापक सत्य है, जिसकी 'निजी' उपलब्धि मैंने की है - अतः उसकी मर्यादा इसी में है कि वह पुनः व्यापक हो जाए.....।'१ इस सन्दर्भ में वे केवल सत्य ही की बात नहीं करते आस्था की भी बात करते हैं - 'अपने सारे खतरों में डालकर आस्था के आकाश के, सत्य के, मर्यादा के कुछ कणों को बटोरकर, बचाकर, धरातल तक ले आने का - इस नशे में गहरी वेदना और तीखा सुख घुला-मिला रहता है कि उसके आस्वादन के लिए मन बेबस हो उठता है। .... कुण्ठा, निराशा, रक्तपात, प्रतिशोध, विकृति, कुरूपता, अन्धापन - इनसे हिचकिचाना क्या ? इन्हीं में तो सत्य के दुर्लभ कण छिपे हुए हैं, तो इनमें क्यों न नीडर धँसूँ। इसमें धँसकर भी मैं मर नहीं सकता। 'हम न मरै, मरिहैं संसारा।' पर संसार भी क्यों मरे? मैंने वेदना जब सब की भोगी है, तो जो सत्य पाया है, वह अकेले मेरा कैसा हुआ। एक धरातल ऐसा देखा भी होता है जहाँ 'निजी' और 'व्यापक' का बाह्य अन्तर मिट जाता है।'२

अतीत को वर्तमान से जोड़नेवाली इस कृति में डॉ. भारती ने भूमिका में ही स्पष्ट कह दिया है कि यह कृति या रचनाकार की कोई भी रचना उसके अकेले की सम्पत्ति नहीं है वह पूरे समाज की सम्पदा बन जाती है । मिथकीय संगति में भारती के देशकाल की अनगिनत समस्याओं की उलझी हुई ग्रन्थियों को देखते हुए शायद प्रारम्भ एवं अंत में तो आस्था की मध्यम सी लौ नज़र आती है, किन्तु उसका निर्वाह कितना कठिन है। डॉ. इन्द्रनाथ मदान के विचार कुछ ऐसे हैं - 'अन्धायुग में मिथकीय पद्धति को इसलिए अपनाया है ताकि विगत और आगत के दो छोर एक-दूसरे के आमने-सामने हैं और मिथकीय पद्धति इन छोरों को मिलाने के काम आती है। इसलिए यह रचना दो स्तरों पर चलती है - विगत और आगत के स्तरों पर चलकर दो मायनों को उजागर करती है।'३

मिथकीय सन्दर्भ में कृष्ण के प्रति आस्था के साथ और भी कई सम्बन्धसूत्र जुड़े हैं। वह भले ही कौरवों के पक्ष में रहकर भी कृष्ण में आस्था रखते हों या उनसे टूटकर कृष्ण पक्ष में आ गए हों।

'अन्धायुग' अनेक स्तरों पर समकालीन यथार्थ को अभिव्यक्ति प्रदान करता है। १९५४ में रचित इस नाटक की प्रेरणा-रश्मियाँ नाटककार को अन्तर्राष्ट्रीय परिस्थितियों से प्राप्त हुई। दो-दो महायुद्धों से त्रस्त अन्तर्राष्ट्रीय संवेदना या विश्व चेतना 'अन्धायुग' का मूल कथ्य है। डॉ. इन्द्रनाथ मदान ने 'अन्धायुग' की आधुनिकता को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि 'भारती ने अन्धायुग में कौरव नगरी को उसकी उजड़ती और गिरती दशा में उसी तरह पकड़ने की कोशिश की है जिस तरह इलियट ने

'वेस्टलैन्ड' में लन्दन को और ज़ायस ने 'यूलिसेस' में डबलिन को। इनकी स्थितियाँ कौरव की स्थिति से अलग होकर भी एक दृष्टि से समान हैं कि इनमें सम्बन्ध टूट रहे हैं, इन्सान की हस्ती खतरे में पड़ चुकी है।'४

तीनों कथाओं की आधार भूमि भिन्न होने के बावजूद तीनों कृतियाँ युद्धोत्तर जन्मी अन्धी संस्कृति की स्थितियों को समान रूप से उजागर करती हैं।

''टुकड़े - टुकड़े ही बिखर चुकी मर्यादा
उसको दोनों ही पक्षों ने तोड़ा है

यह रक्त-पात कब समाप्त होता है
क्या अजब युद्ध है नहीं किसी की जय
दोनों पक्षों को खोना ही खोना है।

यह महा युद्ध की अन्तिम सन्ध्या
है छायी चारों ओर उदासी गहरी।''५

नाटककार अणुशस्त्रों के सम्भवित युद्ध से भी त्रस्त हैं। इसलिए अश्वत्थामा को प्रलयकारी ब्रह्मास्त्र का उपयोग न करने के लिए व्यास द्वारा सूचित किया जाता है। उस युग का ब्रह्मास्त्र आज के आधुनिक युग के परमाणु बम का प्रतीक है।

नाटक के अन्त में 'प्रभु की मृत्यु' द्वारा नाटककार अस्तित्ववादी चेतना से जुड़ जाता है। वह 'नित्शे' के 'God is dead' वाले सिद्धान्त से प्रभावित दिखाई देता है। वस्तुतः अन्धायुग वर्तमान के अन्धे युग को तोड़कर ज्योति और विश्वास देने का प्रयास है, साथ ही वहाँ आधुनिकता की स्वीकृति भी है।

इसी श्रेणी के अन्य नाटक हैं 'पहला राजा, सूर्य मुख, कथा एक कंस की, एक कंठ विषपायी, सूर्य की अन्तिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक' आदि आदि।

'पहला राजा' जगदीश चन्द्र माथुर का बहुचर्चित नाटक है। इस नाटक में उन्होंने प्रतीकों के माध्यम से आधुनिक सन्दर्भों को उजागर किया है। एक प्रशासनिक अधिकारी होने के नाते उन्होंने राजनीतिक क्षेत्र में जिन समस्याओं को देखा, उनका मिथक के जरिये यथार्थ चित्र इस नाटक में खींचा है। स्वातन्त्र्योत्तर भारत के राजनीतिक घटनाक्रम का सही शब्द-चित्र खींचने में सफल रहा है - 'पहला राजा'। इसमें नाटककार ने कथा उस काल से ग्रहण की है जिस काल में राज्य-सत्ता स्थापित नहीं हो पायी थी तथा आर्य और हड़प्पा-सभ्यता के बीच संघर्ष चल रहा था।

नाटक की कथा है - पौराणिक आदिम समाज की, किन्तु नाटककार ने वैदिक पात्रों, प्रसंगों और स्थितियों के माध्यम से रंगमंच पर समसामयिक समस्याओं का विश्लेषण किया है, तथा वर्तमान जीवन की समस्याओं को उजागर किया है। स्वयं जगदीशचन्द्र माथुर ने नाटक की भूमिका में लिखा है - 'वैदिक और पौराणिक साहित्य, पुरातत्त्व एवं इतिहास, लोकगीत और बोलचाल इन सभी में मुझे प्रतीकों के उपकरण मिले हैं, उन समस्याओं को प्रकट करने के लिए जिनसे मैं इस नाटक में जूझता रहा हूँ। ये समस्याएँ सर्वथा आधुनिक हैं, वे उलझनें मेरा भोगा हुआ यथार्थ हैं। तो यह नाटक न पौराणिक है न ऐतिहासिक, न यथार्थवादी। यह तो एक 'मोडर्न एलिगोरी' - आधुनिक अन्योक्ति - का मंचीय रूप हैं।'६ नाटक में पृथ्वी के प्रथम राजा 'पृथु' की कहानी से स्वतन्त्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहरलाल नेहरू की कहानी का समन्वय किया गया है। नाटक में 'पृथु' का आगमन हिमालय की ओर से होता है, तो 'नेहरू' भी उत्तर-भारत (कश्मीर) के थे, इस प्रकार कई प्रतीकों को आधार बनाकर नाटक का गठन हुआ है। 'भाँखरा नाँगल' बाँद का प्रतीक के रूप में प्रयोग भी नाटक में दृष्टिगोचर होता है। यहाँ नाटक की कथा पर न जाते हुए केवल आधुनिकीकरण और मिथक के समन्वय ही को देखने का प्रयास किया है। इसके बारे में डॉ. दशरथ ओझा ने लिखा है कि 'सहस्त्रों वर्ष प्राचीन महाभारत कालीन घटना को प्रतीक रूप में रखकर आज के समाजवादी समाज के निर्माण में सहायक विधि-विधानों का

अनुसंधान नाट्यकार की प्रखर प्रतिभा का परिचायक है।'७

'सूर्यमुख' महाभारतकालीन मिथक के माध्यम से आधुनिक युगबोध को प्रस्तुत करता है। इसमें प्रद्युम्न और वेनुरती की काम-ग्रन्थि की समस्या को प्रस्तुत किया गया है । द्वारिकावासियों के पारस्परिक विरोध तथा अनेक आन्तरिक और बाह्य-विरोधों के बीच प्रद्युम्न तथा वेनुरती का रीति-नीति विरुद्ध अवैध प्रेम सम्बन्ध इस नाटक की मूल आत्मा है । नाटक में यदुवंशियों के पारस्परिक विरोध तथा विद्रोह के वातावरण में आज की युवा पीढ़ी के दिग्भ्रम और शासन-व्यवस्था की कौंध को स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। वेनुरती तथा प्रद्युम्न के बीच का अनैतिक प्रेम आधुनिक मनोविश्लेषणवाद की नींव को मजबूत तो करता ही है लेकिन कृष्ण के तरफ की हमारी आस्था को इसमें विकृत करने का प्रयास किया गया लगता है।

'सूर्यमुख' में घटना का चयन महाभारत-युद्ध के बाद की स्थितियों को आधार बनाकर किया गया है। कृष्ण की मृत्यु के बाद द्वारिका में महाभारत जैसी ही स्थिति पैदा हो जाती है। पारस्परिक द्वेषभाव ने यदुवंशियों में विरोध पैदा कर दिया है। अब यहाँ न महापुरूष कृष्ण है न ही बलराम, कृष्ण की द्वारिका में अब महाभारत के बाद की युवापीढ़ी ही है । इनके बीच इतना विरोध बढ़ गया है कि कृष्ण के साथ महाभारत में लड़नेवाली नारायणी-सेना भी अब भ्रष्ट और विलासिनी बन गई है। वे सारे यदुवंशी ही थे। इतने सारे अन्तर्विरोधियों के बीच प्रद्युम्न तथा वेनुरती का प्रेम एक श्वेत-कमल की भाँति खिला-खिला है। द्वारिका में इस विद्वंशकारी परिस्थितियों को कोई रोक सकता है तो केवल सूर्यमुखी प्रद्युम्न ही। नाटक की ज्वलंत समस्या यह है कि कृष्ण की अन्तिम पत्नी वेनुरती प्रद्युम्न की प्रेमिका बनी। अब प्रद्युम्न एक ऐसे धर्म को खोजता है जो उसके प्रेम और द्वारिकाजनों की रक्षा कर सके। दुर्गपाल प्रद्युम्न-वेनुरती के इस अवैधप्रेम की भी प्रशंसा करता है - 'नहीं कृष्ण अब अतीत हैं। वर्तमान अब तुम हो और वह प्रद्युम्न भविष्य है। वह नया है।'८ इस नाटक में डॉ. लाल ने परम्परागत दृष्टिकोण को तोड़कर आधुनिक मनुष्य की त्रासदी को उद्घाटित किया है । प्रद्युम्न सौन्दर्याकर्षण के कारण वेनुरती को केवल एक स्त्री के रूप में प्रेम करता है और वेनुरती भी प्रद्युम्न को केवल एक पुरूष के रूप में । परन्तु इन दोनों का यह असामाजिक-प्रेम निन्दनीय विषय बन चुका है । उनके मिलन की सबसे बड़ी बाधा भी यह असामाजिक प्रेम ही है। यदि वे केवल प्रेमी-प्रेमिका के रूप में होते तो शायद इतनी सारी प्रताड़नाओं को नहीं सहना पड़ता। मिलन के क्षणों में उनका प्रेम अन्तर्द्वन्द्व की स्थिति तक पहुँच जाता है। मिलन की इस अवस्था में कृष्ण की उपस्थिति भी उनके लिए संशयों के पहाड़ के समान होती थी।

'कथा एक कंस की' नाटक दो स्तरों पर 'कंस' के मिथक को नई दृष्टि से देखने का प्रयास है । ये दो स्तर हैं - मानवीय एवं राजकीय। मानवीय दृष्टिकोण से देखा जाए तो कंस का जो रूप बाद में उभरकर आया वह पहले ही से ऐसा नहीं था। उसके पिता उग्रसेन के द्वारा दिये गए वाग्बाणों के कारण ही वह बर्बरता की गर्त को स्वीकार कर अत्याचारी बन जाता है। अपने ही पिता को कंस बन्दी बनाकर कारागार में डाल देता है, इसके पीछे का कारण यह है कि उग्रसेन उसकी कोमलता को लेकर बार-बार 'स्त्रैण' जैसे शब्दों का प्रयोग किया करते थे। पिता को बन्दी बनाकर सबसे पहले वह यह साबित करना चाहता है कि वह पुरूष है, उसके भीतर भी पौरूष हिलौरे मार रहा है। मानवीय तथा मनुष्य के महत्वाकांक्षी सन्दर्भ में उसका अपना आत्मकथन देखने योग्य है - 'कहाँ से प्रारम्भ होती है यह कथा? एक साधारण मनुष्य की असाधारण महत्वाकांक्षा की कथा । एक साधारण मनुष्य के भगवान बनने की कथा। एक धड़कते हृदय के तपते लहू के ठण्डे होकर धीरे-धीरे पत्थर की तरह जमने की कथा । तिल-तिलकर, क्षण-क्षण मरने की कथा, जीवित ही मृत्युवरण की कथा।'९

राजनीतिक स्तर पर देखा जाए तो स्पष्ट ही यह नाटक हिटलर की क्रूरतावादी-नीति का परिचय देता है । क्रूर कंस अपनी अन्तिम क्षणों में भयातुर और एकाकी दिखाई देता है, ठीक यही बात आधुनिक दौर में हिटलर से मेल खाती है। द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात् हिटलर इसी प्रकार से, भयातुर स्थिति में

अपने 'बंकर' में अपनी मृत्यु की प्रतीक्षा करता पड़ा रहा था। इसमें आपातकालीन स्थितियों का जो निरूपण दिखाई देता है वह आधुनिकता को उभारता है। आधुनिकता की दृष्टि से नाटककार ने कुछ पौराणिक प्रसंगों को तर्कसम्मत विश्वसनीय आधार प्रदान किया है।

इस प्रकार आधुनिक नाटककारों ने मिथकों को आधुनिकता का वाहक बनाकर उन्हें पहले से कुछ नया बनाकर प्रस्तुत किये हैं। इनमें दूसरी कई कृतियाँ आ सकती है, जैसे – 'एक सत्य हरिश्चन्द्र, नरसिंह कथा, प्रजा ही रहने दो, शम्बूक की हत्या, त्रिशंकु, रस गन्धर्व, उत्तर प्रियदर्शी' आदि आदि।

संदर्भ :

१. अन्धायुग : धर्मवीर भारती, पृ. १
२. वही, पृ. १
३. धर्मवीर भारती : सं. डॉ. लक्ष्मणदत्त गौतम, पृ. ११७–११८
४. अन्धायुग : धर्मवीर भारती, पृ. ११
५. पहला राजा : जगदीशचन्द्र माथुर, पृ. ५–६
६. हिन्दी नाटक : उद्‌भव और विकास, डॉ. दशरथ ओझा, पृ. ४३४
७. सूर्यमुख : लक्ष्मीनारायण लाल, पृ. १३
८. वही
९. कथा एक कंस की : दयाप्रकाश सिंहा, पृ. ४१–४२

हिन्दी विभाग,
श्री भीखाभाई पटेल आर्ट्स कॉलेज,
आणंद।

राष्ट्रीय संगोष्ठी
आणंद आर्ट्स कॉलेज, आणंद

साहित्य अकादमी, गाँधीनगर एवं आणंद आर्ट्स कॉलेज के संयुक्त तत्वाधान में २०–१–२०१८ को राष्ट्रीय संगोष्ठी ''भारतीय साहित्य कृति आधारित फिल्म निर्माण प्रक्रिया'' अध्यक्ष श्रीमती ज्योत्सना पटेल, बीज वक्ता डो. अंताणी, अतिथि वक्ता आचार्य दिलीप मेहरा, डॉ. अजयसिंह चौहान, डॉ. मांडलिया, डॉ. गुणवंत व्यास, प्राचार्य गोपाल शर्मा, आदि की उपस्थिति एवं वक्तव्यों से सम्पन्न हुई। इस समग्र कार्यक्रम की निगरानी प्राचार्य मनोज पटेल ने निभायी तो संयोजक की भूमिका डॉ. प्रेमचंद कोराली एवं डॉ. सुरेश गढ़वी ने निभायी।

९. 'गटर का आदमी' उपन्यास में दलित विमर्श

तेजसकुमार ए. अमीन

इक्कीसवीं सदी में हिन्दी दलित साहित्य के प्रमुख साहित्यकारों में रूपनारायण सोनकर का नाम विवादास्पद उपन्यासकार के रूप में पहचाना जाता है। लेखक ने अपने जीवनानुभव की परतों को मष्तिस्क से उकेरते हुए दलित उपन्यास विधा में एक नए आयाम की दस्तक दी है। 'डंक' और 'सूअरदान' उपन्यास के प्रकाशित होने से उपन्यास जगत में भूचाल मच गया है। लेखक ने उपन्यास में दलित समाज का विशद निरूपण करके दलित उपन्यास साहित्य को गरिमा प्रदान करने का प्रयास किया है। 'सूअरदान' उपन्यास सृजन करके लेखक ने प्रेमचंद के 'गोदान' उपन्यास को चुनौती दी है। इस प्रकार रूपनारायण सोनकर जी को इक्कीसवीं सदी में 'दलित उपन्यास सम्राट' कहा जाय तो भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी।

'गटर का आदमी' उपन्यास सन् २०१५ में प्रकाशित उनका तीसरा चर्चास्पद उपन्यास है। प्रस्तुत उपन्यास में दलित समाज के विभिन्न आयामों को प्रस्तुत किया हैं। उपन्यास में गटर समाज के लोगों की संवेदनाओं को वाणी देने का प्रयास किया हैं। लेखक ने उपन्यास में गटर का आदमी के रूप में समाज के शोषित, पीड़ित, तिरस्कृत, अपमानित, नि:सहाय, लोगों को गटर समाज का अभिन्न अंग माना है। इन गटर समाज के लोगों के जीवन में व्याप्त छुआछूत, भेदभाव, अत्याचार, दलित वर्ग की लाचारी, दलित नारी का यौन-शोषण, दलित यातना संघर्ष, आर्थिक-सामाजिक शोषण, घरेलू नारी हिंसा और निम्न जातियों के निजी जीवन की संवेदनाओं को समाज के समक्ष प्रस्तुत किया है।

'गटर का आदमी' उपन्यास में लेखक ने दो प्रकार की गटरों का जिक्र किया है। एक गटर वह होती है जो जमीन के भीतर है। दूसरी गटर वह है जो जमीन के बाहर होती है। यह अदृश्य होती है। यह गटर भीतरी गटर से सौ गुना अधिक खतरनाक होती है। जमीन के भीतरवाली गटर को साफ किया जा सकता है, उसमें बदलाव लाया जा सकता है। जबकि बाहरी गटर को साफ करना या उसे परिवर्तित करना अधिक दुष्कर कार्य है। गटर समाज की इसी श्रेणी में समाज के दबंग, बलात्कारियों, राजनेताओं एवं निर्मम अत्याचार करने वालों को रखा गया है। चाहे वह सरकारी, गैरसरकारी कार्यालयों, कम्पनियों में काम करनेवालें लोग भी इसी गटर व्यवस्था के साथ जुड़े हुए हैं। समाज में एक दूसरा वर्ग ऐसा भी है जो गटर का काम इमानदारी से करता है फिर भी जीवन में अपना मकान नहीं बना सकता। बच्चों की शादी के लिए भी कर्ज पर रूपये लेता है। कर्ज में ही उसका जन्म होता है और मृत्यु तक कर्ज में डूबा रहता है। यह गटर समाज की कैसी दयनीय विडम्बना है?

उपन्यास नायक सौरभ जब भी शहर से गुजरता है तब उसे बारबार यह प्रश्न होता है कि देश को आजाद हुए तकरीबन ६६ साल हो गये। जब अंग्रेजों का शासन था तब यह दलित महिलाएँ झाड़ू लगाती थीं और आझादी के बाद भी यह कार्य उनकी पीढ़ी-दर-पीढ़ी करती है। सचमुच, देश आजाद हो गया है लेकिन दलितों का अब तक जंजीरों में जकड़ रखा है। जब तक इन लोगों को स्वतंत्र नहीं किया जा सकता तब तक देश का प्रत्येक व्यक्ति गुलाम है। मेरा देश तरक्की कर रहा है, उसमें बदलाव आया है, उसका विकास हुआ है, लेकिन समाज व्यवस्था में कब बदलाव आयेगा यह सोचनीय बात है।

उपन्यास के प्रारंभ में गटर के काम करने वाले मजदूर स्थिति को चित्रित किया है। एक आदमी अपना फावड़ा लेकर गटर लाइन में घुसता है। जमीन पर काम करना एक आम बात है मगर गटर में काम करनेवाले आदमी को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता हैं। गटर में जहरीले जीवजंतु, साप और दुर्गंधभरी गैस के साथ खेलना कोई साधारण खेल नहीं है। सल्लन अपने मजदूर साथियों के साथ गटर में कीचड़ निकालने के लिए घूसता है, कीचड़ निकालते वक्त काला नाग निकलता है। उस नाग को देखकर भयभीत होकर बचने का प्रयास करता है जैसे 'उसकी आँखों में अंधेरा छा रहा है। वह फावड़े से विषैले नाग को डराने की कोशिश करता है। साँप को जितना हटाता है साँप उतना ही खूँखार हो जाता है। एक के पास फावड़ा है दूसरे के

पास जहर। एक जहर चारों तरफ फैल सकता है। दूसरा फावड़ा चारों तरफ नही चल सकता है। ऊपर-नीचे, दाये-बाये सीमित जगह है। पूरब-पश्चिम में होल है जिनसे वह बड़ी मुश्किल से ऊपर जा सकता है।'१ वह हिम्मत से मौका मिलते ही उस काले नाग का सिर दबोचकर साफे में बाँधकर बाहर फेंक देता है। गटर समाज के लोग गटर में अपनी जिंदगी को भी दाव पर लगाते हैं यह बड़ी मार्मिक घटना है।

अक्सर देखा जाता है कि जब बच्चों को पढ़ने की उम्र होती है तब उसे चाय की होटल, भीख माँगने, होटल में झूठे बर्तन साफ करने तक की बाल मजदूरी का शिकार बनाया जाता है। उपन्यास में इसी किस्म की कूड़े के ढेर में अपनी जिन्दगी बिताते बच्चों की त्रासदी का भी जिक्र मिलता है।

सौरभ सेंट पीटर कान्वेंट थामस स्कूल, देहरादून में कूड़ें के ढ़ेरों से पोलीथीन बीन रहे निम्न जाति के बच्चों को देखता है तब वह उसे ऐसी दलदल जिंदगी से बचाकर उसके लिए शिक्षा का प्रबंधकरता है। प्रवर्तमान समय में शिक्षा में काफी बदलाव दिखाई देता हैं। उसके सामने कूड़े बिन रहे बच्चों की तुलना इसी स्कूल के बच्चों के साथ करना अनुचित है। फिर भी वह अपने मनोबल से अपनी जाति के लोगों गरीबी, लाचारी, भुखमरी, बीमारी अशिक्षा नेस्तनाबूद हो ऐसी फिराक में है जैसे - 'आओ मेरे देश का निर्माण करो/ लाचारी भुखमरी का शमन करो/ समता मूलक समाज बनाओ/ अशिक्षा को दूर भगाओ/ साम्प्रदायिक सौहार्द फैलाओ/ मानव कल्याण को गले लगाओ/ देश दो नहीं एक बना/ अम्बेडकर के पथ पर/ आगे बढ़े जाओ/ अम्बेडकर के पथ पर/ आगे बढ़ जाओ॥'२

सौरभ बच्चों के साथ गीत गाते हुए जंगल में रहने वाले वनगूजरों की झोंपड़ियों से गुजरता है। इन झोपड़ियों में निवास करनेवाले लोग कई सदियों का दस्तावेज हैं। यह स्थान ऐसा होता है जहाँ पर बिजली और पानी की प्राथमिक सुविधा मुनासिब नहीं है। प्रकृति की गोद में इनका जीवन व्यतीत होता है। उनको कई आपदा से डटकर सामना करना पड़ता है। वनगूजरों की जिंदगी का एक दृष्टांत- 'उनका परिवार साँपों, बिच्छुओं, भालुओं, जंगली सूअरों और लकड़बग्धों व हथियारों से घिरा रहता है। भयंकर जीवजंतु मृत्यु बनकर उनके चारों तरफ हरदम मंडराते हैं। प्रत्येक क्षण उनकी जिंदगी संघर्षों से गुजरती है। ये वनगूजर जंगल में पैदा होते हैं और जंगल में ही मर जाते हैं। जिस तरह अण्डमान और निकोबार में नंग-धडंग रहने वाले आदिवासी होते है जो शेष दुनिया से कटते रहते है। वैसा ही जीवन वन गूजरों का होता है।'३ सौरभ इन वनगूजर जाति को जंगल की दुनिया से निकालकर नई जिंदगी देने का प्रयास करता है।

जह हम सार्वजनिक स्थानों पर घूमने के लिए जाते हैं तब जूतों में पॉलिश करनेवाले लोग आवाज देते हैं- 'बाबूजी पॉलिश करवा लो जूतों में।'४ गगन नामक लड़के के पास अपटूडेट आदमी पॉलिश करवाने के लिए आता है। वह पॉलिश हो जाने के बाद उसे दश रूपये की जगह पाँच रूपया देता है। वह अपनी मेहनत के पैसे माँग रहा था तब वह इंजीनियर उसे धमकाता है, 'साले। ठग रहा है, साले, तुम लोगों ने लूट मचा रखी है।'५ समाज के सभ्य लोग भी निम्न जाति के लोगों पर अपना रौफ दिखाते हैं।

समाज में कैसी विसंगतता है कि मनुष्य पर जब कोई अत्याचार, शोषण होता है तब मनुष्य उसका डटकर विरोधकरता है जबकि कोई मूक जानवर पर कोई व्यक्ति अत्याचार करता है तब उसके लिए सहानुभूति जतानेवाले बहुत कम होते हैं। समाज में चाव से गोश्त खानेवालों ने यह कभी नहीं सोचा होगा कि जिस पशु का गोश्त खाते हैं उनको कितनी दर्दनाक पीड़ा से गुजरना पड़ता है। जो संवेदनाएँ इन्सान में होती है, वही संवेदना मूक जानवर में होती है। ईश्वर ने मूक जानवरों को वाणी नहीं दी है लेकिन वह अपनी भाषा में बोलकर मानवों को सब कुछ बता देते हैं। एक मूक जानवर अपने मालिक से कहता है 'मालिक हम पर खौलता पानी मत डालिये। असहनीय दर्द होता है। हमें काटना है तो ऐसे ही काट डालिये।'६ नौकर गरम पानी जानवरों पर उड़ेलता है। जानवर की दर्दनाक छटपटाहट की आवाजें आ रही हैं। गर्म पानी से धुलाई के बाद उसको काटा जाता है। यह दृश्य देखकर सौरभ उसके शरीर में झनझनाहट पैदा हो जाती है।

घरेलू हिंसा एक ऐसी हिंसा होती है जिसमें घर के ही व्यक्ति के द्वारा किसी अपने ही व्यक्ति को जब दबाया, धमकाया, प्रताड़ित, तिरस्कृत किया जाता है। तब इसी हिंसा का उद्‌भव होता है। भारतीय समाज में संस्कृति और धर्म की जड़ें इतनी

प्राचीन हैं कि औरतों का जीना दुष्कर बना दिया है । पति के भोजन ग्रहण करने के बाद पत्नी भोजन ग्रहण कर सकती है। यदि पत्नी ने पति से पहले खाना खा लिया तो इसमें पति की सर्वोच्चता पर प्रश्न चिह्न लग जाता है। देहातों में यदि पत्नी ने पहले रसोई के अन्दर खाना खा लिया तो रसोई अशुद्ध हो जाती है। ऐसी अनेक घटनाओं के कारण परिवार में तनाव पैदा होता है, जिससे पत्नियाँ घरेलू हिंसा का शिकार बनती हैं। पत्नी को अकेले बाहर जाने की आजादी नहीं है। पत्नी अन्य मर्दों के साथ हँसकर और खुलकर बातें नहीं कर सकती। अगर वह ऐसा आचरण करती है तो उसे चरित्रहीन या कुलटा कहा जाता है। जब ऐसी परिस्थितियाँ घरों में घटित होती हैं तब रिश्तों में अलगाव आ जाता है।

पाश्चात्य देशों में एक विचित्र परंपरा है। औरतें नौकरी करती हैं जबकि पुरूष गृहस्थी संभालता है। कई बार भारत की लड़कियाँ विदेशों में पढ़ने जाती हैं तब ऐसा वातावरण देखकर स्वदेश लौटती हैं तब वे अपने पति के साथ विदेशी पत्नियों जैसा व्यवहार करती हैं तब रिश्तों में तनाव पैदा होता है। समाज में ऐसे परंपरावादी लोग हैं जिन्होंने इन औरतों को गटर की औरत बनाने की ठान ली है। गटर का आदमी ऐसा तो सुना होगा लेकिन गटर की औरत कैसा विचित्र लगता है।

गटर समाज में घरों में काम करनेवाली नौकरानियाँ भी सामिल हैं । अधिकतर उच्च या मध्यवर्गीय लोगों के घरों में नौकरानियाँ काम करने के लिए नियुक्त की जाती हैं। पाश्चात्य देशों में कई बार घरेलू काम करवाने के लिए नौकरानियों को रखने के लिए समाचार पत्र में विज्ञापन दिये जाते हैं। वैसे ही भारत में भी नौकरानियों की सप्लाई करके उचित सेलेरी दी जाती है । उनकी खाने-पीने और रहने की सुविधा मुफ्त में उपलब्धकरवाई जाती है। इनसे घर के सारे कार्य कराये जाते है। लेकिन जब उसे भोजन दिया जाता है तब उसमें भेदभाव किया जाता है। उसे बचा हुआ या जूठा भोजन खाने के लिए विवश किया जाता है। नौकरानियों के कमरे में सोने के लिए चारपाई नहीं होती है। उसे फर्श पर दरी बिछाकर सोना होता हैं। उनकी नींद भी पूर्ण नहीं होती। ऐसा दुव्यवहार औरतों के साथ क्यों किया जाता हैं?

कानों से खूट निकालने वाले गटर समाज का अंग हैं। इन लोगों की आर्थिक स्थिति अभाव में गुजरती है। परिवार में खाने के लिए अन्न नसीब नहीं है। बेहरूपिया किसी भी प्रकार का स्वांग करके अपना गुजारा करता है। उसमें अदम्य अभिनय की क्षमता विद्यमान होती है, फिर भी सितारों की चकाचौंधके सामने वे लोग बहुत फीके दिखाई देते हैं। सपेरा बस्ती के लोग अपना समस्त जीवन साँपों के साथ व्यतीत करते हैं। बच्चे भी साँप को आसानी से पकड़ने की कला में माहिर होते हैं । ये सपेरे लोग साँपों को दिखाकर अपना पेट भरते हैं। कई बार इन लोगों को गुजारा करने के पर्याप्त पैसे भी नहीं मिलते। इनकी जिन्दगी बहुत ही दयनीय होती है।

देवदासियाँ भी गटर समाज का अभिन्न अंग है। समाज में लोग अपनी पुत्रियों को मंदिर में सेवार्थ के लिए भेजते हैं। मंदिर के पुजारी इन देवदासियों को वासना का शिकार बनाते हैं। गरीब परिवार के लोग अपनी लड़कियों को देव-दासियाँ बनाने के लिए भेजते हैं। इन तरूण्यकालीन बालाओं का पुजारी कौमार्य भंग कर देते हैं । अगर कोई देवदासी गर्भधारण करती है तो उसका गर्भपात कर दिया जाता है। ये घटनाएँ केवल हिंदु समाज में घटित हों ऐसा नहीं है। इसके अतिरिक्त मुस्लिम समाज, जैन समाज, सिक्ख समाज और पादरी लोगों की भी इसमें अहम् भूमिका होती हैं।

इस प्रकार रूपनारायण सोनकर ने 'गटर का आदमी' उपन्यास में प्रारंभ से लेकर अंत तक दलित समाज में व्याप्त मानवीय जीवन की मार्मिक संवेदनाओं को उभारने का सफल प्रयास किया है। उपन्यास में वर्णित सभी आयाम सहृदय पाठक को अभिभूत करते हैं।

संदर्भ सूची :

१. 'गटर का आदमी' रूपनारायण सोनकर, पृ. ११
२. वही, पृ. २३ ३. वही, पृ. ३१
४. वही, पृ. ३९ ५. वही, पृ. ३९
६. वही, पृ. ४५

पीएच.डी. अनुसंधित्सु,
स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग,
सरदार पटेल विश्वविद्यालय,
वल्लभ विद्यानगर
चलभाष : ०९९७९७८०९७२

१०. जातिवादी मानस की संकिर्णता का यथार्थ चित्रण हरिश मंगलम् की कहानियाँ

प्रदिपकुमार लालाभाई महिडा

गुजराती दलित साहित्य में हरिश मंगलम् का नाम बड़ें आदर के साथ लिया जाता है। गुजराती दलित साहित्य के वह सजग, सक्रिय एवं सर्वोत्तम रचनाकार कहें तो मेरी दृष्टि से अतिशयोक्ति नहीं मानी जा सकती। उन्होंने अपनी कलम से गुजराती साहित्य को समृद्ध किया है, उपन्यास, कविता, कहानी, समीक्षा आदि साहित्यिक विद्याओं के वह सिद्धहस्त रचनाकार के रूप में प्रतिष्ठित हुए है। उनका रचना संचार सौहार्द्रपूर्ण मानवतावादी भावना से परिपूर्ण कहा जा सकता है। वह मूलत: दलित रचनाकार है स्वयं दलित होने के नाते उनका साहित्य मात्र कोरी कल्पना भरा उड़ान नहीं है किन्तु आंतरिक वेदना से परिपूर्ण साहित्य है। उनकी रचनाओं में दलित जीवन की पीड़ा, दु:ख दलित समाज की अवहेलना उनके जीवन की समस्या का यथार्थ चित्रण मीलता है, किन्तु साथ-साथ मानवतावादी भावना के दर्शन भी होते हैं।

'तलब' कहानी संग्रह हरिश मंगलम् की बहुत चर्चित एवं कलात्मक रचना है, इसमें कुल चौदह कहानियाँ संकलित हैं, सभी कहानियों को हम दलित कहानियाँ नही कह सकते, फिर भी कुछ अंश तक सभी कहानियों में दलित समाज का जिक्र मिलता है। 'पगदंडी', 'प्रेतबाधा' जैसी कहानियों में दलित चेतना का स्वर है तो 'खोज' एवं 'हानी' कहानियाँ मानवतावादी भावना से परिपूर्ण है। 'ज्वाला' जैसी कहानी में वर्तमान समाज में व्याप्त भ्रष्टाचार किस हद तक समाज में फैलकर समाज को खोखला बना दिया है उसका जिक्र है। दायण (दाई) उटांटियों (कुकुरखासी) दला उर्फ दलसिंह एव एबोर्सन जैसी कहानियों में दलित जीवन की करूणता उनकी पीड़ा का हृदयद्रावक मार्मिक आलेखन हुआ है, साथ-साथ कहे जाने वाले सभ्य समाज की जातिवाद संकिर्ण मानसिकता क्या हैं ? इसका भी पर्दाफाश हुआ है।

आर्थिक विषमता के अभाव में दलित समाज का व्यक्ति जाति छिपाकर अपने परिवार को दो वक्त की रोटी का इन्तजाम करता है, किन्तु जब जाति का भंडा फूट जाता है कि वह दलित है तब उसकी क्या हसरत होती है उसका यथार्थ चित्र दला उर्फ दलसिंह कहानी में कहानीकार ने किया है। कहानी का मुख्य पात्र दला अहमदाबाद में एक मील में मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करता है, किन्तु अचानक मील बंधहो जाने की वजह से परिवार को दो टंक खाने के लाले पड़ जाते है दला किसी तरह दो वक्त का खाना दे सके अपने परिवार को इस विचार से ईधर-उधर नौकरी के लिए घूमता है। किन्तु सबसे बडी करुणता यह है कि वह दलित है, इसलिए दला को कोई नौकरी लेने तैयार नहीं है। अत: दला अपनी जाति छिपाकर दला में से दलसिंह परमार बन जाता है, बड़ी-बड़ी तलवार जैसी मूँछे, आँखों में जुनून कदावर शरीर के बलबूते दला को क्षत्रिय समझकर आनंद बाजार में सेठ धनसुखलाल मेहता के दुकान में नौकरी मील जाती है। नौकरी मील जाने के बाद दलसिंह अपना काम कर्तव्यनिष्ठ एवं प्रामाणिकता से करता है, एक दिन दुकान में चोरी होते वह चोर को चकोर नजरों से पकड़ लेता है। साथ-साथ दूकान के अन्य कर्मचारी जो चोरी के षडयंत्र में शामील थे उनको भी पकडवा देता है। दलसिंह की प्रामाणिकता से धनसुखलाल खुश हो जाता है, वह जिस मंदिर का ट्रस्टी था उस मंदिर की चौकीदारी का कार्य दलसिंह को सौंप देता है। मंदिर के आसपास क्षत्रिय समाज की बस्ती अधिक और वहाँ से दला का गाँव भी नजदीक था। अत: दला को भय रहता था कि उनके सगे-संबंधी पहचान गये और पोल खुल गई तो सवर्ण समाज उसका क्या हाल करेगा। यही सोचकर भयभीत रहता किन्तु हिम्मत जुटाकर अपना कार्य प्रामाणिकता से करता है। वहाँ पहलेवाला भवानसिंह दलसिंह को नीचा दिखाने मूर्ति चोरी का प्लान बनाता है किन्तु दलसिह उसे पकडकर ट्रस्टीओं के हवाले कर देता है। यह बात चारों और फेल जाने से दलसिंह की वाह वाह होने लगती है, अब तो दलसिंह को ठाकुर समझकर आसपास के सवर्ण समाज मान-सम्मान देने लगे। खाने-पीने का भी बंदोबस्त होने लगा किन्तु एक दिन अचानक दलसिंह का संबंधी मंगलदास चादर बेचने वहाँ आता है। मंगलदास को

दलसिंह बता देता है कि वह अपनी जाति छुपाकर सवर्ण की खाल पहनकर यहाँ रहता है, अपनी भूल समझकर मंगलदास वहाँ से चला जाता हैं किन्तु पान की दुकान पर बैठे ठाकुर को शक हो जाता है बात भवानसिंह के काँन तक पहुँच जाती हैं। भवानसिंह दलसिंह के गाँव में तपास करता है बाद में पता चलता है कि दलसिंह सवर्ण नही किन्तु दलित है, भवानसिंह के मुखसे निकल जाता है कि 'साला क्षत्रियों के भी कान काटे इतना कड़क और दिखने में भी हूबहू है, हरिजन कभी ऐसा हो ही नहीं सकता ।'१ फिर यह बात सारे गाँव में फैल जाती है, गाँव वाले एकत्र होकर दला को मारने के लिए खोजने लगते है। सभी कहने लगे – 'कहाँ है वह हरिजन दला उर्फ दलसिंह? सारे गाँव और मंदिर को भ्रष्ट कर दिया। बाहर निकालो मारो... बाहर लाओ... ।'२ किन्तु दला कही भाग जाता है । यहीं है संकीर्ण जातिवादी मानसिकता की विडम्बना, समाज में कई दलसिंह जैसे चरित्र हैं जो अपना कार्य ईमानदारी से करते हैं, किन्तु जब कहे जानेवाले सभ्य समाज को पता चलता है कि वह दलित है तब उसकी कर्तव्यनिष्ठा एवं प्रामाणिकता को भूलकर, अपनी औकात में आकर उसे मारने तुले है। यही यथार्थ है हमारे सभ्य समाज का जो हरिश मंगलमजी प्रस्तुत कहानी में दिखाते हैं।

शिक्षित बनकर उच्च होद्दे पहुँचकर भी दलित समाज को जातिभेद का जहर किस प्रकार पीना पड़ता है, उसका बेबाक चित्रण मंगलजी ने एबार्सन कहानी में किया है। प्रस्तुत कहानी के पात्र इन्दू और दिनेश सुखी-संपन्न परिवार से है, दोनों अच्छी नौकरी करते है। इन्द्र पी.टी.सी. करती थी तब उसे गर्भ रह जाता है, आगे की पढाई की चिन्ता और होस्टेल में रहने की वजह से एबार्सन करवाना पड़ता है, एक बार गर्भपात करवाने के बाद इन्दू को दूसरी बार गर्भ ठीक तरह नही रहता अत: डॉक्टर इन्दू को आराम करने की सलाह देता है। परिवार में अन्य कोई सभ्य नहीं होने की वजह से इन्दू आराम करेंगी तो घर का काम कौन करेगा यही सोचकर दिनेश कही से काम करने वाली बाई का इन्तजाम करना चाहता है, किन्तु विड़म्बना यही है कि वह दलित है यही समझकर उसके घर कोई काम करने नही आता। अत: एक दिन वह नजदीक में रहते वाघरी समाज की एक छोटी लडकी को दूसरी कामवाली से बीस-पच्चीस रूपये अधिक देने का प्रलोभन देकर बुला लेता है, एक दो सप्ताह अच्छा चलता है। एक दिन अचानक उस लडकी की माँ दिनेश का घर देखने के लिए आती है । घर में चिपकाई इसा-मसीहा की फोटो देखकर असमंजस में पड़ जाती है, घर आकर पति को बता देती है कि 'यह साहब तो यीशु की फोटो रखता है यहाँ के ढेढ ख्रिस्ती बन गये है।'३ बीमारी का बहाना निकालकर लड़की को काम पर नही भेजते। एक हप्ते के बाद इन्दू को सफल प्रसूति हो जाती है, सफल प्रसूति वजह से दिनेश खुश है वह घर आकर मोंघी और उसकी लड़की घर क्यों नहीं आई सोचकर सानबीन करता है, क्योंकि उस लडकी को इन्दू और दिनेश ने स्वजन की तरह रखा था। बाद में इधर-उधर की बातों से दिनेश को पता चला कि मोंघी ने स्वय कहा कि 'भले वह बडा साहब हो, परन्तु हलकी जाति का कहा जाए। उनका काम नहीं किया जा सकता। यह तो ढेढ ख्रिस्ती है।'४ इस तरह की बातों से दिनेश की खुशी गायब हो जाती है वह बहूत दु:खी हो जाता है, वह गहरी सोच में पड़ जाता है, दिनेश की स्थिति का चित्रण कहानीकार ने इस प्रकार किया है – 'कुर्शी में बैठे-बैठे ख्रिस्त की करूणाजनक छवि को देखता रहा। न जाने कब तक देखता रहा। ईशु ख्रिस्त के सिर पर रखा कांटे का ताज दिनेश के सिर पर चुभने लगा था। वह गंभीर हो गया। मुँह से एक तीव्र चीख निकल गई। इसके साथ ही ईशु ख्रिस्त की आँख से निकलकर गाल पर टिका हुआ अश्रु टप से दिनेश के घुटने पर पडा। दिनेश खड़ा हो गया। केलेन्डर के पन्ने कई दिनों से फाड़ने को बाकी थे। कुछ पन्ने फाड़े। मन ऊब गया तो उसे ज्यों-का-त्यों छोड़कर चौंपाल में जाकर बैठ गया। उसके मन में हुआ कैलेन्डर के पन्ने फाड़ो या न फाड़ो, क्या फर्क पडता है?'५ यहाँ पर यीशु ख्रिस्त के माथे का काटे का ताज दिनेश के सिर पर चुभने लगा और पन्ने फाड़े या न फाड़े क्या फर्क पडता है। वाक्यों में मंगलमजी संकेत करते है कि भाजिभेद का जो जहर है वह समाज में काफी माद्धा में फेल गया है, जो कंटक की तरह चुभ रहा हैं। सवर्ण समाज की संकीर्ण मानसिकता में कोई खास बदलाव नहीं आया।

दाई कहानी मंगलमजी की बहु चर्चित एवं मानवता मर चुकी उक्ति को चरितार्थ करती कहानी है । दाई का काम करनेवाली बेनीमा निस्वार्थ भाव से अपना काम करती है, सफल

प्रसूति के बाद वह सिर्फ एक नारियल का खर्चा करवाती है। कहानी में प्रयुक्त पात्र बलदेव पटेल की पौत्रवधू को प्रसव पीड़ा तीव्र हो उठती है, डॉक्टर को बुलाया जाता है, डॉक्टर आकर दवा, इन्जेकशन पचास रूपये लेकर चला जाता है। किन्तु उसकी पीड़ा में कोई फर्क नही पड़ता, तभी दाई का कार्य करनेवाली बेनीमा को बुलाया जाता है अपनी गहरी सुझबूझ से बच्चे और बच्चे की माँ दोनों को बचा लेती है। चारों और बेनीमा का जय-जयकार होता है। उसकी गहरी सूझबूझ की प्रशंसा होती है, किन्तु सवर्ण मानस की संकुचित मानसिकता है कि वह अपना काम नीकलवा कर निस्वार्थ एवं कर्तव्यपरायण बेनीमां जैसे पात्र को धूत्कार देते है। एक दिन बेनीमा वहाँ आम बेच रही थी उस वक्त हरगोवन पटेल की पुत्रवधू पशली और उसके पुत्र को देखकर उसे अपने पास बुलाती है। बच्चा बेनीमां के नजदीक पहुँचने वाला था कि पशली कहती है 'देखना बेटे बेनी माँ को छूना मत !!!' इस तरह के वाक्य से बेनी माँ को लगता है कि उसका शरीर लकवा मार गया हो, बेनीमा को वह क्षण याद आता है जो बड़ी महेनत से पशली और बच्चे को बचाया था। कैसी विडम्बना है हमारे कहे जानेवाले सभ्य समाज की जिस हाथों उस बच्चे एवं उनकी मां को बचाया वह हाथ अपना काम नीकल जाने के बाद अस्पृश्य हो जाता है। इतना ही नहीं किन्तु वहाँ खड़ी अन्य औरतें कहती हैं कि पशली की किस्मत अच्छी थी कि बच गई...। और पशली भी कह रही थी कि यह तो रामकबीर की मानता थी जो फली है।७ यही है सवर्ण समाज की संकिर्ण मानसिकता जिसके बलबूते स्वयं पशली और इनके बेटे को जीवनदान मीला वही बेनीमा के नि:स्वार्थ सेवापरायन कार्य को भूलकर सिर्फ दलित है यह मानकर उसे छूते तक नहीं। इतना ही नही सवर्ण समाज अपने आनेवाली नई पीढ़ी में भी जातिवाद का जहर भर देते है, इसलिए तो पशी का बेटा बेनी मा को कहता है 'रे ढेढी। दूर इट छूना मत दिखाई नही देता क्या?'८ इस प्रकार के वाक्य से बेनी मां दु:खी हो जाती है इसका वर्णन करते हुए लेखक लिखते है 'बेनी माँ के ऊपर जैसे वज्र गिरा था। पाँव रूके इसके पूर्व ही युगांतर का भार हटाकर दूर खिसक गयी। तभी उनकी एक नजर आकाश की और गयी रोज की तरह सूर्य आज लाल न था। उसके ऊपर काले-काले मेघ छाए हुए थे।'९ यहाँ कहानीकार संकेत करते है कि क्या बेनीमा जैसे सेवापरायण चरित्र यह सोच रहे होंगे की उसकी निस्वार्थ सेवाभावना से सवर्ण समाज उसे आदर-सम्मान दे। किन्तु वास्तविकता यह है कि जातिभेद का जहर है वह काले-काले मेघ की तरह फैला है।

हरिश मंगलम् की अन्य कहानियों में भी जातिभेद की जो संकिर्ण मानसिकता है उसका यथार्थ चित्रण मीलता है जैसे 'प्रेम ही सत्य है' कहानी में हेतल और फिलिप दोनों एक दूसरे को प्यार करते है। किन्तु दोनों को अलग करने हेतु भारती जैसे चरित्र हेतल को समझाते है कि फिलिप तो दलित जाति का है? दलित तो नीच होते है। भले न वह बाद में ख्रिस्ती बना हो।१० इसी तरह 'प्रेतबाधा' कहानी में जूगा रबारी अपने स्वार्थ के लिए भोले-भाले ग्रामीण दलित समाज के सुखी-संपन्न परिवार को धार्मिक अंधश्रद्धा की आड़ में फँसाकर अंत में बरबाद कर देते हैं। इसका मार्मिक चित्रण प्रस्तुत कहानी में किया है। अत: जूगा रबारी जैसे कई चरित्र समाज में व्याप्त हैं जो जातिवादी संकिर्णता के चलते दलित समाज को पायमाल करते है उसका यथार्थ चित्रण मंगलमजी की कहानियों में मार्मिक रूप से अभिव्यक्त हुआ है।

संदर्भ सूची :

१. 'तलब', हिन्दी में अनुवाद फुलचंद गुप्ता, नवभारत प्रकाशन-२००८, पृ. २४
२. वही, पृ. २४
३. वही, पृ. ६०
४. वही, पृ. ६१
५. वही, पृ. ६१
६. वही, पृ. ५०
७. वही, पृ. ५०
८. वही, पृ. ५०
९. वही, पृ. ५१
१०. वही, पृ. ७४

शोधछात्र, हिन्दी विभाग,
सरदार पटेल विश्वविद्यालय,
विद्यानगर - ३८८१२०

११. आदिवासी साहित्य एवं संस्कृति के प्रसार में मीडिया की भूमिका

राकेश कुमार यादव

आदिवासी साहित्य से तात्पर्य उस साहित्य से है जिसमें आदिवासियों का जीवन और समाज उनके दर्शन के अनुरूप अभिव्यक्त हुआ है । आदिवासी साहित्य को विभिन्न नामों से पूरी दुनिया में जाना जाता है। यूरोप और अमेरिका में इसे नेटिव अमेरिकन लिटरेचर, कलर्ड लिटरेचर, स्लेव लिटरेचर और अफ्रीकन देशों में ब्लैक लिटरेचर और ओस्ट्रेलिया में एबोरिजिनल लिटरेचर, तो अंग्रेजी में इंडीजिनस लिटरेचर, फर्स्टपीपुल लिटरेचर और ट्राइबल लिटरेचर कहते है। भारत में इसे हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं में सामान्यत: 'आदिवासी साहित्य' ही कहा जाता है। लेकिन आदिवासी साहित्यकार इस विभाजन को स्वीकार नहीं करते। वे मानते हैं कि चूंकि उनका जीवन दर्शन किसी भी विभाजन के पक्ष में नहीं है, उनके समाज में समरूपता और समानता है, इसलिए उनका साहित्य भी विभाजित नहीं है। वह एक ही है। वे अपने साहित्य के बारे में कहते है कि 'हमारा साहित्य ऑरेचर' हैं । ऑरेचर अर्थात् ऑरल+लिटरेचर। उनका मानना है कि उनके आज का लिखित साहित्य भी उनकी वाचिक यानी पुरखा साहित्य की परंपरा का ही साहित्य है। ऑरेचर की अवधारणा सबसे पहले युगांडा के आदिवासी लेखक पियो जिरिम् ने प्रस्तुत की थी जिसे दुनिया के अधिकांश आदिवासी लेखकों और साहित्यकारों ने स्वीकार किया। इनमें अफ्रीका के न्गूगी वा थ्योंगो और भारत की वंदना टेटे प्रमुख हैं ।१ हालांकि गैर-आदिवासी साहित्यिक और अकादमिक जगत में अभी भी वाचिक साहित्य की स्वीकार्यता ज्यादा है।

सदियों से आदिवासी समाज के लोग घने जंगलों और दूरवर्ती क्षेत्रों में रहते आए हैं, जहां आम लोगों का पहुंचना बहुत ही मुश्किल होता है। यही कारण है कि वहां संचार माध्यम की कमी है। आज के परिवेश में ये मानी हुई बात है कि किसी भी क्षेत्र के विकास में संचार व्यवस्था का होना अत्यंत आवश्यक है। आज जिस समाज में टेलीविजन, समाचारपत्र, रेडियो तथा टेलीफोन जैसे संचार माध्यम का अभाव हो वहां का विकास स्वत: ही धीमा पड़ जाता है। यहां कमी सरकार के प्रयास की भी है जिन्होंने इन बातों पर प्रभावी ढंग से विचार नहीं किया । हांलाकि इधर कुछ सालों से आदिवासी क्षेत्रों में संचार माध्यमों का विकास बहुत तेजी से हुआ है, किन्तु वह पर्याप्त नहीं है। वही हाल समाचारपत्रों के मामले में है। कारण शिक्षा और जागरूकता की कमी है। रेडियो तो है पर उन्हें समाचारों से कोई मतलब ही नहीं है। टेलीफोन और मोबाइल की तो बात ही करनी बेईमानी है, जहां खाना ही काफी मुश्किल से मिल पाता हो वहां कोई मोबाइल रखे तो कैसे?

आज हम भले ही कितना भी क्यों न कह ले कि आदिवासी क्षेत्रों में संचार माध्यमों का विकास बहुत तेजी से हुआ है किन्तु हकीकत यह है कि संचार माध्यमों का विकास कुछ ही प्रतिशत तक सीमित है और उसकी भी क्या सार्थकता है यह हमें समझने की जरूरत है । आदिवासियों के लिए सड़कें सबसे महत्त्वपूर्ण साधन है पर इसी के बन जाने मात्र से ही विकास संभव नही है। सरकार को चाहिए कि वह संचार माध्यम से होने वाले विकास के प्रति आदिवासियों को जागरूक करें और साथ ही इसके विपरीत पड़ने वाले प्रभाव के प्रति भी उन्हे सचेत रखे।

इसके अलावा भी आदिवासी समाज की कई समस्यायें हैं जो उनके अस्तित्व और उनकी पहचान के लिए खतरनाक है। आज बडे ही सूक्ष्म तरीके से इनकी पहचान मिटाने की राजनीतिक साजिश चल रही है। इस ओर ध्यान दिलाते हुए रमणिका गुप्ता अपनी पुस्तक 'आदिवासी कौन' में लिखती हैं कि २००१ की जनगणना में छोटानागपुर में आदिवासी लोहरा को लोहार लिखकर, बड़ाइक को बढई लिखकर गैर-आदिवासी बना दिया गया है । यह जानकर आश्चर्य होगा कि आज भी विमुक्त, भटकी बंजारा जातियों की जनगणना नहीं की जाती है। तर्क यह दिया जाता है कि वे सदैव एक स्थान पर नहीं रहते ।

इतना ही नहीं हजारों आदिवासी दिल्ली या अन्य जगहों पर रोजगार के लिए बरसों से आते-जाते हैं पर उनका आंकड़ा भी जनगणना में शामिल नहीं किया जाता है, न ही उनके राशन कार्ड बनते है और न ही वे कहीं के वोटर होते हैं । अर्थात् इन्हें भारतीय नागरिकता से भी वंचित रखा जाता है। आदिवासियों की जमीन तो छीनी ही गई उनके जंगल के अधिकार भी छिन गए। अब गैर आदिवासी लोगों के बसने के कारण उनकी भाषा भी छिन रही है क्योंकि उनकी भाषा समझने वाला अब कोई नहीं है। जिन लोगों की भाषा छिन जाती है उनकी संस्कृति भी नहीं बच पाती। उनके नृत्य को अन्य लोगों द्वारा अजीब नजरों से देखे जाते है इसलिए वे भी सीमित होते जा रहे हैं। जहां उनका धर्म 'सरना' नहीं है वहां उन पर नए-नए भगवान थोपे जा रहे हैं। उनकी संस्कृति या तो हड़पी जा रही रही है या मिटाई जा रही है। हर धर्म अपना-अपना भगवान उन्हें थमाने को आतुर है। हिंदुत्ववादी लोग उन्हें मूलधारा यानी हिंदुत्व की विकृतियों और संकीर्णताओं से जोड़ने पर तुले हैं और उनको रोजी-रोटी के मुद्दे से ध्यान हटा कर अलगाव की ओर धकेला जा रहा है।२

मेरी नजर में स्थानीय ताकते उनकी दुर्दशा के लिए ज्यादा जिम्मेदार हैं। आदिवासियों की ऐसी स्थिति तब है जबकि भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने आदिवासी को भारत का मूल निवासी माना है लेकिन आज वे अपने ही देश में परायापन, तिरस्कार, शोषण, अत्याचार, धर्मान्तरण, अशिक्षा, साम्प्रदायिकता और सामाजिक एवं प्रशासनिक दुर्दशा के शिकार हो रहे हैं। आदिवासी वर्ग की मानवीय गरिमा को प्रतिदिन तार-तार किया जा रहा है। इसके उपरान्त भी आदिवासी वर्ग की चुप्पी को नजरअन्दाज करने वाली अफसरशाही और राजनीतिक जमात को आदिवासियों के आहत-अन्तरमन में सुलग रहा गुस्सा तथा आक्रोश दिखाई नहीं पड़ रहा है। मीडिया भी इस पर बहुत ज्यादा वाचक की भूमिका में नहीं हैं। कभी-कभी खानापूर्ति के लिए मीडिया में इन समस्याओं को जरूर उठा दिया जाता है किन्तु आमतौर पर जनांदोलन को दिशा देनेवाली मीडिया इस पर चादर ढकने का ही काम करती है।

मीडिया को आज और भी ज्यादा प्रखर होने की आवश्यकता है। उसे यह अकाट्य सत्य पता है कि भारत की एक तिहाई आबादी गरीबी रेखा के नीचे है। उस आबादी को दो जून का सन्तुलित भोजन भी उपलब्धनहीं है, खासकर यह स्थिति आदिवासी इलाकों में और भी भयभीत करती है। हमने ऊपर जिन समस्याओं पर बात की है जिनमें ऋणग्रस्तता, भूमि हस्तांतरण, स्वास्थ्य आदि जैसी समस्याएं हैं उनके मूल में आदिवासी समाज की एक और समस्या गरीबी ही है जो सही अर्थो में बेरोजगारी से जुड़ा हुआ है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि देश के सामने सबसे बड़ी समस्या गरीबी व बेरोजगारी है। अगर समय रहते इसका समाधान नहीं हुआ तो विकास की सारी उपलब्धियाँ बेकार साबित होगी। यह समस्या जितनी सरकार के लिए महत्वपूर्ण है उतनी ही यह मीडिया के लिए भी है। गरीबी और बेरोजगारी किसी विशेष समाज तक ही सीमित नहीं रह सकती बल्कि यह पूरे देश से जूडा मसला है। इस समस्या के साथ सामाजिक-आर्थिक विकास के सारे महत्वपूर्ण सवाल जुडे हुए हैं । इसके प्रति मीडिया को गंभीर होने की जरूरत है साथ ही इन समस्याओं को उठाने और इसका बेबाक विश्लेषण इस तरह से करना चाहिए कि जनता इसके मर्म को आसानी से समझ सके।

सवाल यहां कई है किन्तु सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि मीडिया में आदिवासी समाज या ग्रामीण इलाकों की समस्याओं को कितनी जगह मिल पाती है? मीडिया लोगो तक पहुंचने और उनके विकास के लिए काफी प्रभावशाली माध्यम माना जाता है। मीडिया ने ग्रामीण और कृषि क्षेत्रों के विकास में आजादी से पूर्व और बाद में बहुत बढिया कार्य किया है किन्तु आज के समय में मीडिया को भी बाजारवाद के चलन ने प्रभावित किया है । समाचारों में आज गांवों और आदिवासी समाज की खबरें नगण्य रहती है । 'सुधीश पचौरी ने अपनी पुस्तक 'भूमंडलीय समय और मीडिया' में अपने एक लेख 'अहा ग्राम जीवन तू कहाँ' में इस बात का उल्लेख किया है कि मीडिया में बाजारवाद का भी बहुत असर हुआ है। आज हमारे यहां सौ से भी ज्यादा समाचार

चैनल है । मगर ग्रामीण खबर दिखाने वाले एक-दो ही हैं । जबकि भारत में टी.वी. शुरू हुआ तो उसका एकल लक्ष्य ग्रामीण जीवन को सम्भोधित करना था । अब समाचार पत्र, रेडियो और टी.वी. में गाँव का जिक्र हत्या या अपराधके लिए ही आता है ।'३

वहीं रमणिका गुप्ता कहती है कि 'मीडिया में आदिवासियों पर खबरें आनी अब तो शुरू हुई हैं, पहले तो खबरें आती हीं नहीं थी, उस समय मीडिया जंगलों में जाता ही नहीं था। आज मीडिया खबर प्रधान हुआ है, वह लालायित रहता है कि कोई सनसनीखेज खबर मिले तो उसकी टीआरपी बढे । उनके अनुसार बिहार में विस्थापन को लेकर उन्होंने १९८० में जब आंदोलन किया तो दो हजार लोगों को तीन दिनों तक जेल में बंद रखा गया और मीडिया में कोई खबर तक नहीं आई । बाद में दिल्ली के एक पत्रकार के कहने पर कलकत्ता से अमृत बाजारसमाचार पत्र के रिपोर्टर ने आकर जानकारी हासिल की और तब इसपर खबर छपी और फिर दूसरे समाचार पत्रों ने भी खबरें छापी मगर स्थानीय समाचार पत्र इस पर चुप ही रहे । उन्होंने साथ में यह भी कहा कि कुछ हद तक प्रभात खबर ही इस पर कुछ संजीदा है जो आदिवासी समस्या और आदिवासी इलाके की घटनाओं पर खबरें छापता है।'४

मीडिया आज बाजारवाद के प्रभाव में हैं, जहां टीआरपी को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी जाती है । सरकारी मीडिया की बात करें तो आकाशवाणी और दूरदर्शन की भूमिका अन्य के मुकाबले कुछ अलग है । पिछले दशक में दूरदर्शन का तेजी से प्रसार हुआ है फिर जितना व्यापक क्षेत्र आकाशवाणी का है उतना किसी माध्यम का नहीं हैं। आकाशवाणी ने व्यापक स्तर पर सामाजिक और आर्थिक विकास की दिशा में योगदान दिया है जिसमें आदिवासी मुद्दों से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किये जाते रहे है और इस समाज की समस्याओं को भी उठाया गया है। आकाशवाणी में गरीबी उन्मूलन, लिंग समानता, शुद्ध पेयजल, परिवार नियोजन आदि जैसे सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण खबरों को विशेष रूप से समय दिया जाता है। आकाशवाणी ने समाचार पत्रों से कहीं अधिक ध्यान कृषि क्षेत्रों पर दिया है जहां कई बार ऐसी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्धकरायी जाती है जो पढ़े लिखे किसानों के साथ-साथ अन्य किसानों के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो, पर इसके लिए जरूरी है कि वह इन खबरों पर ध्यान दे और इसलिए उन्हें जागरूक करने का कार्य भी सरकार और मीडिया के द्वारा ही किया जाना चाहिए।

इसके लिए आकाशवाणी ही सबसे बेहतर विकल्प है क्योंकि टेलीविजन सशक्त माध्यम तो है मगर भारत जैसे देश में आज भी अधिकांश इलाकों में बिजली नहीं है। समाचार पत्रों को पढ़ने के लिए उसकी उपलब्धता और लोगों का शिक्षित होना जरूरी है। कुछ वर्षो में रेडियो के क्षेत्र में निजी एफएम चैनलों का विस्तार हुआ है। इनका अपना श्रोता वर्ग हैं, जो शहरों में रहता हैं। इन एफएम चैनलों के दायरे में ग्रामीण आबादी नहीं आती। ऐसे में देश की वह अधिकांश जनसंख्या जो गांवों में रहती है उसकी सूचना को लेकर निर्भरता आकाशवाणी पर बढ़ जाती है।

वहीं हम प्रिंट मीडिया की बात करें तो 'आदिवासियों से संबंधित खबरें न के बराबर ही आती हैं । कुछ दिन पहले अधौरा प्रखंड में सामाजिक सरोकार से जुड़ी बहुत बड़ी घटना में मीडिया का मौन रहना क्षुब्धकरता है । दरअसल बात अधौरा प्रखंड के गांव भुडली की है जिसे विस्थापित गांव की संज्ञा दी गई है । वहां स्थित कर्मनाशा नदी पर कर्मचट बांधका निर्माण किया जा रहा था जिसके कारण भुडली गांव में स्थित ६० घरों के कुल ३७९ चेरो जाति के लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ा । वर्षो से रह रहे लोगों को अपना घर-बार अपनी जमीन छोड़कर रामपुर प्रखंड में मजबूरन आना पड़ा, पर सबसे बड़ी समस्या यह है कि उनको मिलने वाली सुविधा न तो उन्हें रामपुर प्रखंड से ही मिल पा रही है और न ही अधीरा प्रखंड से । अधौरा प्रखंड के रिकॉर्ड बुक से उनका नाम हटा दिया गया है तो रामपुर प्रखंड में उनका नाम अरसे तक जोड़ा नहीं गया था। ये हताश करने वाली बात है कि इतनी बड़ी घटना पर भी सिर्फ प्रभात खबर ने ही अपने समाचार पत्र में इसे प्रकाशित किया । यह मीडिया के नैतिक गिरावट को ही दर्शीता है।'५

आवश्यकता इस बात की है कि मानसिक स्थिति के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक दशा के संबंधमें भरपूर जानकारी प्राप्त किये बिना विकास के कदम को आगे नहीं बढ़ाना चाहिए। इस दायित्व को मीडिया के माध्यम से ही पूरा किया जा सकता है । पत्र पत्रिकाओं के सम्पादक, संवाददाता वैसे अविकसित क्षेत्रों में जाये जहां विकास की शुरूआत ही नहीं हुई है अथवा अभी-अभी शुरू हुई है और वहाँ के सभी पक्षों का अध्ययन करके समाज और सरकार को बतायें कि वहां के लोगों की मूलभूत आवश्यकताएँ क्या है? विकास कैसे किया जा सकता है।

अतः हम यह कह सकते हैं कि आज के समय में मीडिया की भूमिका और उसके प्रभाव को नकार नहीं सकते। मीडिया का प्रभाव हर जगह किसी न किसी रूप में पड़ता ही है। आदिवासी समाज के विकास में मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान है। इसे भविष्य में और सशक्त बनाने की आवश्यकता हैं।

संदर्भ सूची :

१. Uhuru's Fire : African Literature East to South By Adrian Roscoe, Page-9

२. आदिवासी कौन - रमणिका गुप्ता

३. भूमंडलीय समय और मीडिया - सुधीश पचौरी

४. आदिवासी कौन - रमणिका गुप्ता

५. www.newswriters.in

शोधछात्र

हिन्दी विभाग, कला संकाय,

महाराजा सयाजीराव विश्वविद्यालय,

वडोदरा, गुजरात

मो. ९४५४३४७४३३



दलित लेखन में स्त्री चेतना की दस्तक

संकलन-सम्पादन

शिवरानी प्रभात पुहाल

प्रकाशक - अक्षरशिल्पी, गली नं.१

बैस्ट गोरख पार्क, दिल्ली-११००३२

मूल्य - ७९५ रूपये

संस्करण - २०१७



महिला चटपटी बतकहियाँ

नीलम कुलश्रेष्ठ

प्रकाशक - अनुज्ञा बुक्स, लेन नं.१

बैस्ट गोरख पार्क, दिल्ली-११००३२

मूल्य - १२५ रूपये

१२. स्वातंत्र्योत्तर हिन्दी लघुकथाओं में राजनीतिक व्यंग्य

धर्मेन्द्रकुमार एच. राठवा

स्वातंत्र्योत्तर व्यंग्य-साहित्य परिवर्तन भारतीय राजनीतिक, समाज, धर्म और शिक्षा आदि की दिशा और दृष्टि का प्रमाणिक दस्तावेज है । हिन्दी-साहित्य में प्रतिष्ठित व्यंग्य अब हिन्दी का अपना मुहावरा बन चुका है । उसका अपना पृथक रचना संसार है।

व्यंग्य की परिभाषा :

बैब्सटर्स थर्ड न्यू इन्टरनेशनल डिक्शनरी :

'ऐसी साहित्यिक रचना जो मानवीय एवं व्यक्तिगत दोषो, मूर्खताओं एवं अभावों को निंदा, उपहास, आलोचना, वक्रोक्ति आदि माध्यमों के द्वारा रोकती है। इसके साथ-साथ वह कभी-कभी सुधार के उपाश्रय से की जा सकती है।'१

हजारीप्रसाद द्विवेद्वी :

'व्यंग्य वह है, जहाँ कहनेवाला अधरोष्ट में हँस रहा हो और सुननेवाला तिलमिला उठा हो और फिर भी कहनेवाले को जवाब देना अपने को औरो भी उपहासास्पद बना लेना हो जाता है ।'२

आर्थर पोलार्ड के अनुसार 'His aim is to make his readers to criticize and condeman and he will seek to do so by moving then to various emotions raging from laughter through ridicule, can temp and anger to hote.'3

डॉ. मलय ने व्यंग्य पर अपने विचार प्रकट करते कहा है - 'व्यंग्य अपनी भूमिका और भविष्य में आलोचनात्मक यथार्थ का वाहक होता है । वह अपने रूख और रुझान का अनुकूल विकास करता जाए वो जन मन को क्रान्तिकारी संवेदना से जोड़ सकता है।'४

व्यंग्य समकालीन समाज और राजनीति का दर्पण होता है । व्यंग्य सामाजिक विकृतियों और दुर्बलताओं का उद्‌घाटन करता है। व्यंग्य का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं अपितु झनझना देना है । व्यंग्यकार की तटस्थ दृष्टि सभी प्रकार की विकृतियों पर वार करती है। उपेक्षा और भर्त्सना के अस्त्रों द्वारा वह समाज में फैली हुई बुराईयों को नष्ट करता है । व्यंग्य-विरुपताओं के प्रति आक्रोश है । व्यंग्यकार सामाजिक नियम निर्माता भले न हो किन्तु स्वीकृत और मान्य आचरण करनेवालों की खबर रखनेवाला सजग पत्रकार है।

लघुकथाओं में राजनीतिक व्यंग्य :

'राजनीति' शब्द का पुणतांबेकरजी ने व्यंग्यार्थ दिया है - 'ताश का खेल बनता पत्तों से। सत्ता की शतरंज जनता मोहरों से ।'५ राजनीति बदमाशों का खेल है, एक नशा है, एक धंधा है, पैसा जमा करो, चुनाव जीतो । चुनाव जीतो और पैसा कमाओ । किसी कूटनीति के सहारे सत्ता और पैसा कमा लेना ही राजनीति है। राजनीति में न तो भावुकता के लिए कुछ स्थान है न तर्क के लिए । पार्टी की नीति और उसके नेताओं के प्रति श्रद्धा ही सफलता के मूल है। राजनीति कुर्सी का खेल है। जो कुर्सी बचाने में सफल हो गया वही पक्का राजनीतिज्ञ है। राजनीति में टोपी की अपनी एक पहचान है। नये-नये रंगरुप टोपियाँ बदलते रहते हैं। नेताजी के पोशाक देखकर एक स्थान पर लतीफ धोधाजी ने लिखा है - 'एसा लगा कि नेताजी सीधे खादी ग्रामोद्योग के करधे से निकलकर आ रहे हैं। सिर से लेकर पैरे तक खादी से लेदे-फँदे थे।'६

हमने इस प्रपत्र में राजनीति की उसी ही लघुकथाओं को चुनकर उन पर विचार किया है।

असर :

'असर' नामक लघुकथा में एक नेता ने अपने गाँव से शहर को जोड़नेवाली सड़क को बनवाने का एक नायाब तरीका अपनाया । उसने मुख्यमंत्री से कहाँ कि गाँववाले उनका अभिनंदन करना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने गाँव आने की तिथि दे दी । उसके पश्चात् नेता को कुछ नहीं करना पडा। 'मुख्यमंत्री के गाँव में आने की तारीख से पूर्वे ही गाँव बिजली की रोशनी से जगमगा रहा था। शहर तक पक्की सडक का निर्माण भी हो चुका था और पी.एच.ई. विभाग की जागरूकता से गाँव में ट्यूबवेल भी लग गया।'७ नेता ने दिए हुए आश्वासन की पूर्ति इस प्रकार हो गयी थी ।

सच्चाई :

अभिमन्यु अनंत ने 'सच्चाई' लघुकथा द्वारा नेतागण कितना झूठ बोलते है, इस पर टिप्पणी की है। राजनेता का इन्टरव्यु लेने के लिए एक ही पत्रकार को भेजा गया। उसके जाने के पूर्व ही वहाँ फोटोग्राफर मौजुद था। बड़े आदर के साथ वे उसे भीतर ले गये। व्हिस्की के गिलास के साथ बातें शुरु हुई। इतने लम्बे समय तक राजनीति में टिके रहने का रहस्य उन्होंने जनता की सेवा बताया। राजनीति का उद्देश्य उन्होंने सबको सुखी देखना बताया। उन्होंने कभी भाई-भतीजावाद को महत्त्व नहीं दिया। अंत में जब पूछा कि उनकी कमजोरी क्या है? तो उसने जो कहाँ उससे उनकी असलियत का पता चलता है। यथा- 'बस अपनी भी एक छोटी सी कमजोरी है। कभी-कभी मुँह से झूठी बातें कुछ अधिक निकल जाती है।'८

तत्परता :

देवेश्वर जोशी ने 'तत्परता' लघुकथा में मंत्रीगण जनता की सेवा कितनी तत्परता से करते हैं, इसे प्रस्तुत किया है। किसी गाँव में बड़ी भीषण आग लगी। गाँवो की सारी फसल आग की चपेट में आ गयी। पास के कस्बे से जनता ने मंत्रीजी को दमकलें भेजने के लिए फोन किया तो उनके पी.ए. ने उनके न होने के समाचार दिए। सरकार की तरफ से कोई सहायता नहीं आयी। गाँव का सब कुछ जलकर भस्म हो गया। घटना के चालीस घंटे बाद गाँव में मंत्रीजी का तार आया - 'आप के गाँव में आग लगने से मैं गहरा चिंतित हूँ और अपनी हार्दिक चिन्ता व्यक्त करता हूँ। मैंने आज तत्काल आग बुझाने के आदेश फोन द्वारा प्रसारित कर दिये हैं। दूसरें दिन सुबह दमकलें आयी और चली गयी।'९ इस प्रकार के वादे मंत्रीगण निभाते हैं। फिर भी जनता उन्हें ही बार बार चुनकर देती है। यदि समय पर दमकलें भेजते तो गाँव और फसल बचती। परन्तु इससे मंत्रीजी का क्या लाभ होता है? सहायता के रूप में प्रदत धनराशि में से उनको खाने के लिए क्या मिलता?

विवश भूख :

प्रकाश जैन की 'विवश भूख' नामक लघुकथा में एक नेताजी को हलका-सा दिल का दौरा पड़ा था। डॉक्टरों ने उन्हें पूर्ण विश्राम के लिए कहा। नेताजी यदि विश्राम करते तो उन्हें कुछ नहीं होता परन्तु नेताजी के यहाँ दरबार नहीं लगा तो वे नेताजी कैसे? उन्होंने अपने दिल के दौरे की सूचना अखबारवालों को दे दी। 'दूसरे दिन लोगों का तोता लग गया। परिवार अभिभूत और नेताजी हर आदमी को बीमारी की तफसीलै देते रहे और हर क्षण अपनी महानता से दीप्त होते रहे।'१० पूरे दिन उन्हें एक क्षण के लिए भी विश्राम नहीं मिला। रात को दिल का दौरा तेज पड़ा। डॉक्टर भाग-दौड़ करते रहे लेकिन नेताजी इस दुनियाँ से चले गये प्रसिद्धि का लालच नेता को इस दुनियाँ से उठा ले गया।

पारस :

कौशलेन्द्र सिंह धुरैया ने 'पारस' नामक एक लघुकथा लिखी है जिसमें नेताजी और चमचों की आपसी मिलीभगत का उल्लेख किया हैं। जब नेताजी का मुँह लगा उनसे पूछता है कि देश की प्रगति कितनी हुई तो नेताजी उसे अपनी प्रगति के बारे में बताते है - 'पहले मैं फटे हाल था फिर चाँदी का हुआ फिर सोने का अब पारस हो गया हूँ, पारस।'११ नेता जब पारस हो गये तो धरती सोने की बननी चाहिए ना! पर न बनने का कारण नेताजी जिस चालाकी से देते है वह प्रसंशनीय है। यथा 'मुर्ख, क्या तुझे मेरे पैरों में बड़े जूते नहीं दिखाई देते... और तुने इनको खोलने बाँधनेवालों को सोने का होते नहीं देखा....?'१२ नेताजी फटे हाल से पारस हो गए परन्तु देश की हालत वैसी ही थी। उनके पैर और धरती के बीच में जुते थे। जूते बांधनेवाले चमचे धनवान बन गये लेकिन जनता नहीं। नेता लोग पारस बनकर क्या लाभ हुआ जनता का? कुछ भी नहीं। परन्तु उनके निकटवर्तियों का लाभ हुआ। उनके लिए उनका स्पर्श पारस के समान था। उनके साथ से वे मालामाल बन गये।

इंटरव्यूं :

विधानसभा में मुख्यमंत्री पद के इंटरव्यू लिए जाते हैं। इस मुख्यमंत्री की कुर्सी पाने के लिए सभी इच्छुक होते हैं। पौराणिक संदर्भों को लेकर अनिल चोरेसिया ने इस लघुकथा का निर्माण किया है। हाई कमांड के नेता द्रोणाचार्य चेयरमैन की कुर्सी पर आसीन थे। कुछ केंद्रीय बोर्ड के मेम्बर भी थे। एक के बाद एक इच्छुक सदस्य आ रहे थे और निराश लौट रहे थे। भीम को पूछा कि सामने क्या देख रहे हो? उसने सीधे कह दिया जो सामने दिखायी दे रहाँ था। शानदार बिल्डिंग, दर्शक एवं पत्रकार दीर्धाएं। नकुल-सहदेव को भी दो-दो मिनटों में छुट्टी हो गयी।

युधिष्ठिर से पुछा तो उन्होंने कहा – 'सामने विधानसभा है, गरीबी, भुखमरी, सुखा, बाढ आदि का प्रतीक है। मैं मुख्यमंत्री बना तो गरीबों की तरह रहूँगा।'१३ द्रौणाचार्य थक गये। उन्होंने चाय-वा पी और अगले आदमी को बुलाया। अर्जुन को उन्होंने पूछा – हाँ, तो यंग मैन, सामने क्या देख रहे थे? अर्जून ने कहाँ कुर्सी ध्यान से देखों, विधानसभा, गरीबी, सूखा...। अर्जुन ने कहाँ – नो सर। ओनली चेयर-कुर्सी।१४ द्रौणाचार्य ने उसे सिलेक्ट किया। जिसे केवल कुर्सी ही दिखाई दे वही मुख्यमंत्री बनने के काबिल है। कुर्सी की महत्ता अपरंपार है।

रहबर :

जगदीश कश्यप ने नेता लोग आम-आदमी के साथ कितना दिखावे का नाटक करते हैं, इस बात पर व्यंग्य किया है। उपमंत्री को नींद से जब उठाया तो पहले वे बड़े नाराज हो गये किन्तु भीड़ देखकर चेहरे पर सौम्यता लेकर अपने स्थानीय अखबार के संपादक को पुछा कि क्या बात है ? मधुकर जिसने उन्हें जितवाने में चोटो कां जोर लगाया था कहाँ – 'नगर प्रशासन न इन लोगों के घर यह कहकर गिरा दिए है कि ये नगरपालिका की जमीन पर बने थे। अब बताओं ये कौन कहाँ जायें?'१५ उपमंत्री ने सेक्रेटरी को बुलाकर फोन लगाया। चैयर-मैन को बुरा-भला कहा। इसी प्रकार परगनाधिकारी से भी बातचीत की। अंत में जनता जनार्दन से कहा कि उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से बात की है। आप चिंता न करें। गरीब मजदूर दुआएँ देते चले गये।

थोड़ी ही देर में चीफ मिनिस्टर का फोन आया। उन्होंने उनसे भी कहा कि यहा हार गिरा देने से लोग कुद्र हो गये थे। उन्हें समझाने-बुझाने में लगा था। फिर मुख्यमंत्री ने कुछ कहा तो उसने कहा – 'मैं इस मामले में नही पड़ना चाहता। अवैधनिर्माण होंगे तो गिरेंगे ही.... यस सर, आपका कहना बाजिब है.... हम इसमें कर भी क्या सकते है ?'१६ वे झट से तैयार होकर चीफ मिनिस्टर से मिलने चले गये।

निष्कर्षत : लघुकथाओं के समग्रालोचन पश्चात् हमें यह विश्वास हो जाता है कि राजनीति सचमुच एक खेल है। पहले पैसे जमा करों, बाँटो, वोट बटोर लो और फिर पाँच साल तक पैसे जमा करते रहो। यह कुर्सी का खेल है, जो इसे बचाता है, वही सिकन्दर। आज गली-गली में सडे-गले बीमार लोग पड़े है। उन्हें लालच देकर वोट डलवाने लाया जाता है। नेता का भाषण देने की कला आनी चाहिए। जो पहले राजा थे आज भी राजा है और जो पहले गरीब थे आज भी गरीब है। सभी व्यंग्यकारों ने अपने-अपने यहा से राजनीति की हर बात का मजाक उडाया है परन्तु उनका व्यंग्य इतना सटीक है कि नेता भले ही तिलमिलाए पर कुछ कर नहीं सकते कारण बात सच्ची है।

संदर्भ सूची :

१. बृहत हिन्दीकोश, कालिका प्रसाद, पृ. ६३१
२. कबीर, हजारीप्रसाद द्विवेदी, पृ. १६४
३. सटायर, आर्धर पोलार्ड, पृ. ७४
४. व्यंग्य का सौंदर्यशास्त्र, डॉ. मलय, प्रस्तावना से
५. व्यंग्य अमर कोश, शंकर पुणतांबेकर, पृ. ३५५
६. क्षमा करना हम दु:खी है, लतीफ छोंधी, पृ. ४३
७. असर, मोहन श्रीवास्तव, मधुप, सारिका ३१ मार्च १९८६, पृ. ४३
८. सच्चाई, अभिमन्यु अनंत, सारिका, सितम्बर १९७४, पृ. ८६
९. तत्परता, देवेश्वर जोशी, सारिका, जुलाई १९७३, पृ. १४
१०. विवश भूख, प्रकाश जैन, सारिका, ३१ मार्च १९८६, पृ. २३
११. पारस, कौशलेन्द्र सिंह धुरैया, सारिका, जुलाई १९८६, पृ. ३८
१२. वही, पृ. ३८
१३. इन्टरव्यु, अनिल चौरासिया, सारिका, मई १९७४, पृ. २६
१४. वही, पृ. २६
१५. रहबर, जगदीश कश्यप, सारिका, मार्च १९७६, पृ. ५५
१६. वही, पृ. ५५

शोधछात्र,
हिन्दी विभाग, वि.वि.नगर
मो. ९८७९३ ४७५८१

१३. परंपराओं से मुक्ति की मांग : नीला आकाश

डॉ. अनु पाण्डेय

किसी भी मान्यता, विषय या ज्ञान आदि का बिना, किसी परिवर्तन के एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ियों में संचारित होते रहने की प्रक्रिया ही परंपरा है। परंपरा का शाब्दिक अर्थ है- १. चला आता हुआ क्रम, अटूट सिलसिला २. प्रथा,प्राणी ३. रीति-रिवाज'१। हमारे समाज की जातिगत व्यवस्था में अलग-अलग समुदाय से जुड़ी कई ऐसी परंपराएँ हैं जिनका हम सभी कई वर्षो से बिना किसी प्रकार का प्रश्न किए पालन किए जा रहे हैं, फिर चाहे वह जाति के अनुरूप विभाजित निकृष्ट व्यवसाय ही क्यों न हो।

'नीला आकाश' उपन्यास मूलत: समाज के दीन हीन एवं सबसे प्रताड़ित, उपेक्षित वर्ग के जीवन, उनसे जुड़ी परंपराओं, अधिकारों आदि का चित्रण करता है। इसके साथ ही यह उपन्यास इस समाज में विद्यमान कुछ जागरूक लोगों द्वारा उनकी अपनी जातियों के मध्य चली आ रही सदियों पुरानी परंपरा, रूढियां आदि से मुक्ति की मांग को भी भली-भांति परिलक्षित करता है। इस उपन्यास की लेखिका 'श्रीमती सुशीला टाँकभौरे' हिन्दी दलित साहित्य की जानी मानी लेखिका हैं। उनका यह उपन्यास दलित समाज के कुछ ऐसे किरदारों के इर्द-गिर्द कथा का ताना बाना बुनता है जो अपने पर हो रहे समाज के अन्य वर्गो द्वारा शोषण तथा उनके द्वारा की जाने वाली उपेक्षाओं का विरोधकरता है। साथ ही इस उपन्यास के पात्र समाज में उनकी दयनीय दशा का चित्रण मात्र नहीं करते वरन् सदियों से चली आ रही कुछ ऐसी मान्यताएँ जो उनके व्यक्तिगत तथा उनके अपने समाज के अन्य लोगों की उन्नति को अवरूद्ध करते हैं, उसका खुले रूप से प्रतिकार करते हुए दिखाई पड़ते हैं।

'नीला आकाश' उपन्यास में परंपराओं से मुक्ति के लिए आक्रोश की अभिव्यक्ति की गई है। इस उपन्यास में जहाँ दलित जाति के लोग अपनी ही जातियों में बंटी छोटी-बड़ी जातियों के आंतरिक भेदभाव से मुक्ति होना चाहते हैं। छोटी बड़ी कुछ लोग अपने परंपरागत जाति आधारित व्यवसाय से भी मुक्त होना चाहते हैं। छोटी बड़ी जातियों के बीच भेदभाव से दु:खी भीकू जी भगवान से छुआछुत से मुक्ति का वरदान मांगने की बात अपनी पत्नी से करते हुए कहते हैं - 'दूसरा वरदान भगवान से यह माँगना चाहता था, कोई हमें छोटा न समझे, कोई हमसे छुआछूत भेदभाव न करे।'२ इस पर उनकी पत्नी चन्दरी कहती है 'अजी, मैं तो यह कह रही हूँ, अपने पुराने रोजगार-धन्धे और छूआछूत से छुटकारा पाने के लिए ऐसे कर्म करना चाहिए, जिससे हम मन चाहा पा सके।'३ अत: यहाँ चन्दरी चाहती है कि उसका पति जातिगत व्यवसाय को छोड़कर किसी ऐसे व्यवसाय को अपनाये जहाँ वह अधिक आय के साथ-साथ सम्मान भी प्राप्त करे।

भीकू जी परम्परागत रूप से चले आ रहे जाति आधारित व्यवसाय करने की मान्यता को नकारते हैं और बेहद कड़े शब्दों में आक्रोश व्यक्त करते हैं - 'रोजगार के साथ जाति का संबंधजुड़ा है, मानो रोजगार ही हमारी पहचान है। लोग हमसे नफरत करते हैं, हमारी जाति को छोटा मानते हैं। जाति कभी जाती नहीं है। लोग किसी का परिचय पाने के लिए, पहले उसकी जाति पूछते हैं।'४ भीकू जी का उपर्युक्त कथन इस बात की ओर इशारा करता है कि लोग निम्न जातियों को इंसान न समझकर मात्र एक जाति ही मान बैठे हैं जहाँ मनुष्य पहले जाति है, व्यक्ति बाद में।

इसी प्रकार भीकू और चन्दरी समाज में स्त्रियों की उस स्थिति को नकारते हैं जहां स्त्रियों को निम्न मानकर बचपन से ही उन्हें प्रताड़ित किया जाता है। इसके बदले वे लोगों को यह समझाते हैं कि - 'स्त्रियां ही समाज और संस्कृति का आधार होती हैं। प्यार स्नेह और सम्मान के साथ, बचपन से उन्हें सबल बनाकर, अपने समाज और संस्कृति को सबल बनाना चाहिए।'५

भीकू जी व उनका परिवार सेवानगर की दलित जातियों द्वारा चन्द्र ग्रहण के दिन दान मांगने की परंपरा का विरोध

करते हैं। सेवानगर के लोग ग्रहण के दिन मांगने जाते हैं जिसमें एक ही टोकरी में सभी प्रकार के अनाज एवं रूपये पैसे आदि डाल दिया जाता है जो आपस में मिलकर एक हो जाता है। किन्तु ये गरीब लोग ग्रहण के दान को इस अनुभूति के साथ सहर्ष स्वीकार कर लेते हैं कि यह अनाज उनकी गरीबी के दिनों में बहुत काम आयेगा। भीकू जी एवं उनका पूरा परिवार इस प्रथा का प्रतिकार करता है। यथा - 'यह ग्रहण का दान हमें नहीं चाहिए। हमें बस अपनी मेहनत की ही रोटी चाहिए।.... दान लेने के नाम पर भीख मांगना, हमारे स्वाभिमान के विरूद्ध है।'... चन्दरी सोचती है - 'दान मांगने की यह परंपरा ही खत्म होनी चाहिए। इस बार चन्दरी ने दृढ-निश्चय कर लिया अब मैं ग्रहण का दान मांगने कभी नहीं जाऊंगी।'६

व्यक्ति चाहे किसी भी जाति का हो किन्तु बात जब उसके आत्म सम्मान की हो तब वह आहत हो उठता है। ऐसे ही एक बार जब चन्दरी का स्कूल में काम को लेकर अध्यापक द्वारा अपमान होता है, तब वह अपने रोजगार तक तो ताख पर रखते हुए ऐसी नौकरी का विद्रोह करती है। ऐसे में उसका पूरा परिवार उसके साथ खड़ा होता है। वे सभी यह निर्णय लेते हैं कि - 'ऐसी नौकरी हमें नही चाहिए जो काम हमारे आत्मसम्मान को चोट पहुंचाता है, वह काम हम नहीं करेंगे। भले ही इसके बदले में, हमें कष्ट उठाना पड़े, भूखे रहना पड़े, फिर भी यह काम हम नही करेंगे। उस दिन से चन्दरी ने स्कूल की सफाई की नौकरी छोड़ दी।'७

समाज के पिछड़े लोगों द्वारा जीविकोपार्जन के लिए किया जाने वाला कार्य समाज के उच्च वर्ग द्वारा तुच्छ एवं निकृष्ट माना जाता है, यह वे भलीभांति जानते हैं। यहाँ तक की इस कार्य को करते हुए उन्हें भी कोई प्रसन्नता की अनुभूति नहीं होती। परन्तु अन्य किन्हीं कार्यो के अभाव तथा जीवन जीने की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु वे अन्य जातियों के अपने इस पुस्तैनी कार्य में हस्तक्षेप का प्रतिकार करते हैं। जीविका की विवशता उनकी सोच के दायरे को इस कदर संकीर्ण करके रखती है कि वे इस कार्य को पूर्णतया छोड़ने की बजाय उस पर अपने एकाधिकार तथा उसके संरक्षण की मांग करते हैं। जैसे इस उपन्यास के कालीचरण चौहान जाति के है और उनका पुस्तैनी व्यवसाय सफाई का रहा है। वे भीकू जी से जो कि मातंग जाति से हैं, इस बात का मलाल रखते हैं कि सफाई का काम मातंग जाति के लोगों का पुस्तैनी कार्य नहीं है, फिर भी उन लोगों के इस व्यवसाय में आने से उनकी अपनी जाति के लोग बरोजगार रह जाते हैं। ऐसे में आकाश अपने मामा जी का ध्यान आकृष्ट करता हुआ कहता है - 'क्या मामाजी, आप इसी रोजगार में अटके हो? दुनिया कितनी बदलती जा रही है, मगर हमारे लोग अपने ही रोजगार से चिपके हैं। ... डॉ. अम्बेडकर ने हम सब के लिए प्रगति का कितना बड़ा रास्ता बना दिया है। हम लोग भी उसी रास्ते पर चलेंगे। महार जाति के लोगों ने अपने जीवन में प्रगति और परिवर्तन, इसी नये मार्ग पर चलकर पाया है। आप भी परिवर्तन के इस मार्ग पर चलो। रोजगार में परिवर्तन करो।'८

इसी प्रकार भीकू जी सवर्ण और दलित समाज के भेद-भाव से दु:खी हो इस बंधन से मुक्ति पाना चाहते हैं और वे विद्रोहात्मक भाव से कहते हैं - 'क्यों हम ऐसा जीवन जीते हैं। क्यों हम सवर्ण समाज से अलग, बहिष्कृत अपमानित, दलित, अछूत बेबस मजबूर जीवन जीते हैं? हमारे लिए क्यों ऐसे बन्धन हैं? हम क्यों ऐसे पराधीन हैं? स्वतंत्र देश में रहकर भी, रूढ़ि परम्पराओं से पराधीन।'९

समाज का चाहे निम्न वर्ग हो या उच्च, कुछ प्रकार की कुरीतियाँ दोनो में समान रूप से विद्यमान है। ऐसी ही एक कुरीति है वंश-वृद्धि की उत्कंठावश पुत्री की उपेक्षा पुत्र को ज्यादा महत्व दिया जाना। पुत्र प्राप्ति की तीव्र उत्कंठा अन्य कई विसंगतियों जैसे स्त्री यातना या बहुविवाह आदि को जन्म देता है। इस उपन्यास में पुत्र की कामना के कारण बहु-विवाह का वैचारिक स्तर पर प्रतिकार दिखाई पड़ता है। अल्प-शिक्षित किन्तु जागरूक एक दलित नवयुवक रामकिसन पुत्र न होने पर माँ के द्वारा दूसरे विवाह के प्रस्ताव का विरोधकरता है। वह अपनी माँ से इस विषय पर कहता है - 'अम्मा, तुम कौन से जमाने की बात कह रही हो? एक पत्नी के रहते, दूसरी शादी करना गैरकानूनी बात है।'१०

इसी प्रकार समाज में अक्सर हम देखते हैं कि कुछ ऊंची जातियाँ निम्न जातियों को अपने पैरों की धूल समझ उनसे मनमाना व्यवहार करती हैं । इतना ही नही, अपना काम निकलवाने के लिये गाली-गलौज और मारपीट पर उतर जाते हैं। कामठी गाँव के ठाकुर सुमेरसिंह दुलीचन्द को अपनेघर पर काम करने के लिए बुलाने आता है किन्तु दुलीचन्द जाने से मना कर देता है क्योंकि उसके घर उसकी बहन और भांजी नीलिमा आई हुई रहती हैं। इस बात पर सुमेरसिंह दुलीचन्द को गालियां देता है । इतना ही नहीं, वह उससे मारपीट भी करता है । अब तक जो दुलीचन्द सुमेरसिंह से डरा सहमा उसकी गालियां सह रहा था, वही दुलीचन्द अब गुस्से से भर जाता है और सुमेरसिंह को चिल्लाकर बोलता है - 'नहीं आऊंगा मैं तेरे साथ, तुझे जो करना हैं कर ले' ऐसे में अपने मामा के इस साहस की सराहना करते हुए नीलिमा कहती है - 'ऐसे शोषण, उत्पीड़न की रोकथाम होना ही चाहिए। संगठित होकर और शिक्षित होकर हमारे लोग अन्याय, अत्याचार की परम्परा को मिटा सकते हैं।'१२

परंपराओं की बेड़ियों में बंधकर जीना मानो नारी की नीयति बन गई है। ऐसी ही एक परंपरा पर्दा-प्रथा है जिसमें स्त्री को बड़े बुजुर्गो एवं बाहरी लोगों के सामने मुंह ढांके पर्दे में रहना पड़ता है चाहे इससे उन्हें कितनी भी असुविधा ही क्यों न हो । अशिक्षित बुधिया आकाश एवं नीलिमा के माध्यम से अंबेडकर के विचारों से प्रभावित हो लोगों के सामने घुंघट निकालने की परंपरा का विरोधकरती है। जिस समय सेवानगर में अंबेडकर जयंति का कार्यक्रम मनाया जा रहा था, उस कार्यक्रम में बुधिया भी शामिल होती है, किन्तु घूंघट निकालने की वजह से वह ज्यादा कुछ देख नहीं पाती और पहली बार उसे सबके सामने मुँह ढांकने में शर्म महसूस होती है । यथा - 'कार्यक्रम में सबके सामने, इस तरह मुँह ढाँक कर बैठने में, बुधिया को पहली बार शर्म महसूस हुई। उसने धीरे-धीरे अपना घूंघट पीछे खींच लिया। .... वह पली बार यह बात भी समझी कि घूंघट में रहने से औरतें कितनी बातें देखने, सुनने और समझने से वंचित रह जाती हैं। बुधिया को घूंघट हटाते देखकर वहाँ सभी को खुशी हुई।'१३

सेवानगर की महिलाएँ अपने समाज की उन सभी मान्यताओं का विरोधकरती हैं जिनका भोग मात्र स्त्रियों को ही बनना पड़ता हैं। चाहे वह भगवान की मर्जी मानकर ढेर सारे बच्चे पैदा करना हो या स्त्री की नियति, पुरूष का अधिकार मानकर मौन शारीरिक उत्पीड़न को सहते जाना । जागृति के अभियान से जुड़ी सेवानगर की महिलाओं ने स्वयं ही परिवार नियोजन की जिम्मेदारी उठा रखी थी। वे सभी इस संबंधमें अन्य महिलाओं को जागरूक करती हैं और उन्हें समझाती हैं कि एक या दो बच्चों के बाद नसबंदी कराना ही सर्वथा उचित है। फैमिली प्लानिंग के लिए बुधिया समझाती है - 'शेरनी को एक औलाद होती है, जो पूरे जंगल पर राज करती है। सुअर को छह बच्चे हो, या बीस - वे क्या करते हैं ? अरे बहन, बेटियों, शेरनी बनो।'१४

शिक्षा किसी भी व्यक्ति की उन्नति का सबसे बड़ा माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्ति न केवल अपना बल्कि अपने पूरे समाज का उत्थान कर सकता है । प्रस्तुत उपन्यास के नायक आकाश और नायिका नीलिमा एक शिक्षित युवा हैं और शिक्षा के माध्यम से ही अपना और अपने समाज का उत्थान करना चाहते हैं । ये दोनों अम्बेडकर के विचारों को अपनाकर अपने समाज की अनेक परम्पराओं का विरोधकरते हुए नई परम्पराओं का आरंभ करते हैं। नीलिमा और आकाश निम्न वर्ग की दो भिन्न जातियों के हैं। जब वे दोनों आपस में विवाह का निर्णय लेते हैं, तब उनकी अपनी-अपनी जाति के लोग जो रूढिवादी और संकीर्ण मानसिकता से यासित हैं, इसका विरोधकरते हैं । उन्हें यह अन्तर्जातीय विवाह कतई पसन्द नहीं। उनका यह विरोधतब और भी मुखर हो जाता है जब उन्हें यह ज्ञात होता है कि आकाश और नीलिमा बौद्ध रीति-रिवाज से वैवाहिक बंधन में बधेंगे। वे सभी विवाह के मंडप से उठ खड़े होते हैं। उस समय आकाश उन्हें समझाते हुए कहता है - 'सम्माननीय सभी लोग.... आज, इस समय, इस विवाह समारोह से हम एक नई सामाजिक परम्परा शुरू कर रहे हैं । यह परम्परा हम सबके लिए, हमारी एकता, प्रगति और सम्मान के लिए लाभकारी है।'१५ और अंत में मांग और वाल्मीकी जातियों में होने वाली हिन्दूवादी रीति से विवाह

की परंपरा को नकारते हुए नीलिमा और आकाश विवाह करते हैं ।

इस प्रकार नीला आकाश उपन्यास में उन सभी परंपराओं से मुक्ति के लिए आवाज उठायी गयी है जो व्यक्ति एवं उसके समाज की प्रगति में बाधा उत्पन्न करते हैं।

संदर्भ सूची :

१. हिन्दी शब्दकोश – डॉ. हरदेव बाहरी, पृ. ४७५

२. नीला आकाश – सुशीला टाकभौरे, पृ. ४३

३. वही, पृ. ४३

४. वही, पृ. २१, २२

५. वही, पृ. ५३

६. वही, पृ. ५७, ५८

७. वही, पृ. ६९

८. वही, पृ. ७६

९. वही, पृ. ४३

१०. वही, पृ. ६०

११. वही, पृ. ६८

१२. वही, पृ. ६८

१३. वही, पृ. ९१

१४. वही, पृ. ९८

१५. वही, पृ. १०२

२९, आस्था रेसीडेन्सी, पालिका नगर,

आणंद-विद्यानगर रोड,

आणंद-३८८००१

गुजरात

मैं द्विलिंगी हूँ !!

हे मनुज रूप...! तुम कौन हो ?
सच बतलाओ, क्यों मौन हो ?
वेश तुम्हारा स्त्री सा, पर–
बदन गठीला, ज्यूं कोइ नर।
चौड़ी कलाई–कंधे, किंतु–
रंगबिरंगी, चूडियाँ कर ?
इठलाती सी मदमस्त चाल।
नैनन सी मदमस्त चाल।
ढंग निराला – यौवन आला।
केश सजी पुष्पों की माल।
हे मनुज रूप..! क्यूं अब भी चुप ?
जल्दी बतलाओ, क्या है सच ?
मैं द्विलिंगी, समाज पृथक।
प्रताड़ित, शोषित, तिरस्कृत।
सुविधाओं से वंचित हूँ।
अपमानों से संचित हूँ।
जनमानस का हँसी पात्र।
बिन गिनती, बस जीव मात्र।
आधी मादा – आधा नर।
जैसे कुंडल – उभयलिंगी।
व्यापक विषयक, यायावर।
मैं भू मण्डल – पृष्ट श्रृंगी॥
हाँ मनुज रूप, मैं हिजड़ा हूँ।
पर, दनुज सोच का ''पिंजड़ा'' हूँ।

पुरोबी ए. भंडारी

उडुपि, कर्नाटक

मोबाइल नं. ७२०४१६५६६१

१४. मैथिली शरण गुप्तजी की 'नारी भावना'

प्रा. कुसुमबेन एल. टंडेल

मैथिली शरण गुप्तजी के बारे में श्री ओंकार शरण ने ठीक ही कहा है 'उन्होंनें जो सबसे अधिक महत्वपूर्ण कार्य किया है, वह है सदियों से आत्मग्लानि और समाज की थोभी बिडम्बनाओं से अभिशप्त नारी के प्राणों में स्तत्व भाव जगाना।'१

वस्तुतः गुप्तजीने जिस समय साहित्य सृजन का श्री गणेश किया, उस समय भारत में राष्ट्रीय जागरण का शंखनाद हो रहा था और सभी बुद्धिजीवी भारत के सांस्कृतिक पुनरूख्थान के प्रति जागरूक हो गये थे। अतः साहित्यकार भी उनके समान युगों से उपेक्षित नारी की स्थिति सुधारने के लिए नारी जागरण और नारी उत्थान में रूचि लेने लगे थे। गुप्तजी ने नारी के प्रति कवि की परम्परावादी दृष्टि से ऊपर उठकर उसे विशाल विकासभूमि देकर उसकी जीवन सम्बन्धी बहुमुखी समस्याओं को अनेक रचनाओं के माध्यम से कलात्मक रूप से प्रतिबिम्बित किया।

अंग्रेजोने शिक्षा प्रसार के अभियान में नारी शिक्षा को भी महत्व दिया, तब भारतीय मनीषी भी नारी को घरेलु एवं सामाजिक जीवन के लिए उपयोगी शिक्षा प्रदान करने की और प्रवृत हुए। शिक्षा के सम्पर्कने नारी स्वाधीनता और राष्ट्रीयता के प्रति भी जागरूक हुई और देश के स्वतन्त्रता संग्राम में भी सक्रिय योग देने लगी। देश विभाजन की विभीषिका झेलने के परिणाम स्वरूप परिवार और देश के स्तर पर आर्थिक संकट उपस्थित हो गया और स्त्रियाँ भी आत्मनिर्भरता की जगर पर चल दी। इस राह में स्वाभिमान और आत्मगौरव ने उनके व्यक्तित्व को एक नया स्वरूप दिया। द्विवेदी युगीन काव्य में केवल व्यक्ति की सम्पति के रूप में ही नहीं, अपने राष्ट्र की जागरूक नारी के रूप में प्रकट हुई। मर्यादावादी कवि होने के कारण द्विवेदी युगीन अन्य कवियों की भाँति गुप्तजी को भी नारी जीवन से सम्बन्धित सुधार की बातें तो पसन्द थी, किन्तु वे नारी के स्वच्छन्द व्यक्तित्व के समर्थक न बन सके।

गुप्तजी के काव्य में हमे वर्णनात्मकता से सौन्दर्यमयता एवं लालित्य की और विकास होता दिखाई देता है। उसी प्रकार नारी-चित्रण में भी उनका कवित्व स्थल से सूक्ष्म होता गया है।

'भारत-भारती' में उन्होंने विधवा-जीवन, बाल-विवाह, कन्या विक्रम जैसी समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में अत्यन्त सहानुभूति पूर्वक नारी की स्थिति का चित्रण कर विवशताओं से आवृत, शास्त्रों के अत्याचारों से पीडित एवं दलित नारी के लिए पुरूषों से भी अपने दृष्टि-सुधार, सहानुभूमि और सहयोग की कामना की है। 'हिन्दु' काव्य में 'छोड़ो वे बेजोड़ विवाह होता है जिन में गृहदाह'२ कहकर अनमे विवाह का विरोधकिया है। 'रंग के भंग' में - 'बात भी न अब तक जिस से थी हुई अनुराग में, उसी के साथ जीवित जल गयी वह आग में।' कहकर सतीप्रथा का उल्लेख किया।

'जय भारत' की अम्बा के माध्यम से स्वाभिमानी नारी का रूप प्रकट हुआ है। 'मैं वह वधू नहीं, जो ऐसे निर्मम वर को भी वरूं। त्यागा मुझे स्वयं ही जिसने क्यों स्वीकार उसे करुं।'३

'हिन्दु' में कवि ने पुरूषों की भर्त्सना करता हुआ स्त्रियो का पक्ष लेता है। 'तुम करो ब्याह पर ब्याह पर विधवायें भरे न आह। तुम बूढे भी विषयासक्त, बनी रहें वे किन्तु विरक्त।'४ कहकर पंचवटी में कवि ने पुरूष की स्वार्थपरता पर कुठाराघात किया है।

'नर कृत शास्त्रों के सब बन्धन हैं नारी को ही लेकर। अपने लिए सभी सुविधाएँ, पहले ही कर बैठे नर।'५

'भारत-भारती' काव्यसंग्रह में उन्होंने वर/कन्या के विक्रय के लिए भी समाज को धिक्कारा है। 'वैश्या की स्थिति तक पहुँची हुई नारी के लिए पुरुष को ही उत्तरदायी ठहराया है। हम ने स्वयं पशु-वृत्ति का साधन बना डाला उन्हें।'६

इन सब दुरावस्याओं से उबारने के लिए गुप्तजी ने स्त्रियों को शिक्षित और स्वावलंबी बनाने पर बल दिया है और यहाँ तक कहा है - 'विद्या हमारी भी न तब तक काम में कुछ आयेगी। अर्धांगिनियों को भी सुशिक्षा दीन तब तक जाएगी।'७

भारत धर्मप्राण देश और धर्म नारी के आचरण तथा विश्वासों से ही अधिक प्रतिफलित होता है। गुप्त काव्य की सीता, उर्मिला, कौशल्या, द्रौपदी, यशोधरा मीलनदे आदि सभी के हृदयों में सगुण भक्ति के स्त्रोत है। गुप्तजी के नारियों में प्राचीनता और आधुनिकता का अद्‌भूत संगम है। वह अतीत की जड़ता

एवं आधुनिक समाजवादी विद्रोह तथा व्यक्तिवादी कुंठा से रहित है । इस प्रकार गुप्तजी के काव्य में नारी-भावना का विकास गत्यात्मक है, जो देश की राजनैतिक परिस्थितियों की गतिशीलता के साथ होने वाले देश के मानसिक विकास का परिणाम है । 'रंग में भंग', 'जयप्रथ वध', 'विकट भट', 'त्रिपथगा' आदि में नारी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है लेकिन इनमें नारी का जो रूप है वह परम्परा मुक्त है । 'साकेत' की उर्मिला और कैकेयी 'यशोधरा' की यशोधरा और 'द्वापर' की विधृता को आप कभी भुला नहीं सकते। एक उल्लेखनीय तथ्य इन नारी चरित्रों के विषय में यह भी है कि ये सब उपेक्षित पात्र हैं। साकेत में उर्मिला के आँसुओं को मास बनाया है। वही उर्मिला कहती है - 'विरह रूदन में ही गया, मिलन में भी मैं रोऊँ ?'८

कहनेवाली उर्मिला कामदेव और रावण की सेना को चुनौती देने में भी नहीं चूकती और अपनी सेना का मार्गदर्शन करने को प्रस्तुत हो जाती है। कैकयी का तो गुप्तजीने कलंक ही धो दिया 'साकेत' में उसकी ग्लानि बाँधतोड़कर बह निकली है और उसके परिताप में उसकी आत्मा चीत्कार कर उठी है -

'युग युग तक चलती रहे कठोर कहानी, रघुकुल में भी
थी एक अभागिन नारी। निज जन्म-जन्म में सुने जीव यह मेरा,
धिक्कार! उसे या महा स्वार्थ ने घेरा।'९

यशोधरा अनुरागिनी, स्वाभिमानी और जननी तीनों रूपों में नारी वर्ग की श्रद्धा और वंदना की पात्री है। 'द्वापर' में विधृता जैसी साधारण नारी में भी महानता प्रतिष्ठित की है। वह एक निराहता और पीड़िता नारी है, जिसे भगवान के दर्शनों से भी वंचित रखा जाता है कि और पति द्वारा ताड़ित होकर वह शरीर त्याग करती है, किन्तु अपने नारी तेज को ऐसी अभिव्यक्ति देती है कि उसके बलिदान से प्रभावित होकर उसका कामी पति ही कहता है -

'नर के बाँटे क्या नारी की नम्न मूर्ति ही आई ?
माँ, बेटी या बहिन हाय। क्या संग नहीं वह लाई।'१०

गुप्तजी की नारी इतनी समर्थ है कि पति के गृह-तत्याग के बाद 'वधू-वंश की लाज' की रक्षा करने को तत्पर रहती है और स्वावलम्बन की डोर पकड़े आत्मसम्मान बनाये रखती है। विष्णुप्रिया निश्चित है कि 'कर लेंगी हम किसी प्रकार, इतना श्रम जिससे हम दोनों न हों, किसी पर भार।'११ साथ ही अत्याचारी की चुनौती उसे स्वीकार नहीं है। द्रौपदी ललकार कर कहती है -

'मैं अबला हुँ, किन्तु न अत्याचार सहुँगी। तुम दानव
के लिए चंडिका बनी रहुँगी।'१२

स्वतंत्रता संग्राम से प्रेरित होकर गुप्तजी नारी को सैनिक के रूप में देखा है। कैकेयी, उर्मिला, सुमित्रा, सीता, मांडवी, यशोधरा, मीलन दे जैसी वीर क्षत्राणियों एवं इमूडोसिया, सुरभि और जेनी आदि नारियों में राष्ट्रीय भावना का सर्वाधिक विकास हुआ है। इनमें साहस, शक्ति, तेज, स्वाभिमान, देशप्रेम, देश-सेवा, जाति-गौरव और कर्तव्यनिष्ठा का भाव अधिक उभरकर आता है।

कोई घाँवो को साफ करना चाहती है, तो कोई समर में जाना चाहती है। कोई युद्ध शंख को फूँकना चाहती है। वह हर प्रकार से सहयोग देना चाहती है। 'शक्ति' काव्य में तो गुप्तजी ने नारी को भरभार दूर करनेवाली महाशक्ति के रूप का ही गान किया है। १३ और अतीत की वीरागंनाओं का पुण्य स्मरण किया है। ''भारत-भारती में उन्होंने का है कि - 'क्या कर नहीं सकती भला, यदि शिक्षिता हो नारियाँ ?

रण-रंग, राज्य, सुधर्म-रक्षा क चुकी सुकुमारियाँ।
लक्ष्मी, अहल्या, बीजाबाई, भवानी, पद्मिनी।
ऐसी अनेकों देवियाँ है आज जा सकता गिनी।'१४

कवि ने नारी प्रेम को त्याग करुणा सेवा शक्ति धैर्य, क्षमता आदि उज्जवल गुणों के मंजित किया है। इतिहास सम्मत एवं शास्त्रानुमोदित नारी पात्रों को काव्य का विषय बनाकर भी गुप्तजी की सीता वाल्मीकि, भवभूत और तुलसी की सीता से भिन्न है। वह न तो नियती के हाथों की कठपुतली है, न केवल लौकिक लीलाओं के लिए अवतरित हुई है, अपितु अस्ति चर्ममय मेद धारण कर आदर्श भारतीय नारी के रूप में उपस्थित हुई है, जिसमें केवल भावना ही नहीं है, प्रबुद्ध चेतना भी है।

गुप्तजी की नारी हीनता से पीड़ित नहीं है। अपितु वह मानवर्विता है, पुरुषों की प्रेरणा है, शक्ति है, सहगामिनी है। उनके जीवन की बाधक नहीं, साधक है और साथ ही अपने अधिकारों के प्रति सचेत भी है। 'द्वापर' में विधृता पूछती है - 'कुछ भी स्वत्व नहीं रखती क्या अर्धांगिनी तुम्हारी ? हिन्दु में स्वयं कविने

घोषणा की है।'

'गृह में गृहलक्ष्मी की पूर्ति, वन में सावित्री की मूर्ति।
रण में असुर नाशिनी शक्ति, आविर्भूत करे जिन भक्ति।
हो अपने गुण अंग ललाम, जैसा दक्षिण वैसा दाम।'१५

कवि की नारी तो हंमेशा पति के बिना स्वयं को अधुरा समझती है, अपदार्थ मानती रही है किन्तु पुरूष द्वारा प्राप्त सम्मान उसकी गरिमा और महिमा का सही मूल्यांकन है। निर्वासित कृणाल को तो अपनी पत्नी में माँ, बहन, सेविका और स्वामिनी सभी समदित प्रतित होती है।१६

गुप्त काव्य में नारी अपने पुत्र और पति को प्रेरणा देती है। कर्तव्य पथ पर उसे अग्रसर करती है। विद्रोह से उसे राह दिखाती है। माता के रूप में तो नारी अत्यन्त महिमामयी हो जाती है। गुप्तजी की सर्वाधिक श्रद्धा नारी के इसी चरमोत्कर्ष के प्रति है। वात्सल्यमयी यशोदा, करूणामयी महा प्रजापति भग्रहृदया, शोकमग्ना किन्तु आशावती देवकी विदुषो और सहनशीलता, कठोर हृदया और कर्तव्य परायणा शुची क्रूरता से कोमलता में दर्पभाव से निर्बलता में, द्वेष वृत्ति से विनम्रता एवं पश्चाताप में परितेप्ता कैकेयी, मोहाभिभूत भोलीभाली निस्पृह, स्निग्धभावमयी और मंगलाशा से पल कर पूर्ण कौशल्या, दृढता, कर्तव्यानिष्ठ एवं क्षात्रतेज से मण्डिता सुमित्रा कर्तव्य की वेदो पर स्नेह का बलिदान करनेवाली कुन्ती। जन सेवा के व्रत वाली मघ की माता कुल की प्रतिष्ठा के लिए पुत्र के जीवन को दाँव पर लगाने की प्रेरणा देनेवाली सवाईसिंह की ओजस्विनी माता और निष्ठा, साहस, धैर्य एवं दूरदर्शिता से राहुल का पालन पोषण एवं शिक्षण करनेवाली माता यशोधरा गुप्तजी के काव्य की अमर मातायें है। 'काबा' और 'कर्बला' में गुप्तजी ने माँ के पैरों तले स्वर्ग माना है। स्वदेश संगीत संग्रह की 'मातमंगल' कविता में उन्होंने 'है माताओ आओ उठकर हमे जगाओ' कहकर मानवता की मूर्ति, दया क्षमता की आगार विश्वप्रेम की आधार, करुणा की कालिन्दी स्वरुपा मातृशक्ति को भारत का उद्धार करने का आव्हान किया है।

पुत्री भी गुप्तजी के काव्य में माता-पिता की स्नेहभाजन और बाल-क्रिडाओं में रत दिखाई देती है। शकुन्तला, उर्मिला, रानकदे का बाल्य काल यशास्थान उनके काव्य में उभरा है। कन्या का किशोरी रूप में चित्रण करते समय उनके हृदय में निहित दया, सहानुभूति, स्वावलम्बन की भावना, मातृ पितृ-सेवा, पशु-पक्षी प्रेम-विद्रोह आदि भावनाओं का गौण रूप में और किशोरियों के प्रमुख भाव संकोच, लज्जा विपरित लिंग के प्रति आकर्षण तथा उसके साहचर्य की कामना का वर्णन प्रमुख रूप से किया है। इस चर्चा से यह तथ्य प्रकाश में आता है कि गुप्तजी नारी के पत्नी एवं माता रूप पर ही अड्धकाधिक श्रद्धा है। वस्तुत: वे परिवार के चितेरे है, उन्होंने स्वयं भी कहा है, 'मैं ते केवल कौटुंबिक कवि हूँ।' उनकी नारियोंने भारतीय संस्कृति को एक नया रूप दिया है। जो युगानुं रूप है और आधुनिक विचारधारा से मेल खाता है। निष्कर्षत: उन्होंने नारी को उसकी कमजोरियों के साथ स्वीकारा है और उसके गरिमामय रूप की प्रतिष्ठा की है।

संदर्भ सूची :

१. मैथिलीशरण गुप्त - श्री ओंकार शरण, पृ. ११५
२. हिन्दु, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. ६४
३. हिन्दु, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. ६२
४. पंचवटी, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. ३२
५. भारत-भारती, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. १४०
६. भारत-भारती, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. १३८
७. भारत-भारती, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. १७५
८. साकेत, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. १
९. वही, पृ. १८०
१०. द्वापर-विधृता, मैथिलीशरण गुप्त, पृ.
११. विष्णुप्रिया, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. ६६
१२. जयभारत, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. २६६
१३. शक्ति, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. १५
१४. भारत-भारती, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. १३७
१५. हिन्दु, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. ३१
१६. कृणाल गीत, मैथिलीशरण गुप्त, पृ. ४३

गुजराती विभाग,
माणेकलाल एम.गांधी आर्ट्स एण्ड कॉमर्स कॉलेज,
कालोल, जि. पंचमहाल

१५. गजलगंगा तक पहुँचने की कश्मकश की शानदार गज़ल - 'कहाँ तक पहुँचे'

डॉ. कुमार जे.एन.शास्त्री

हिन्दी गजल के विकास में कवि गोपालदास 'नीरज' का नाम बडे आदर के साथ लिया जाता है। वैसे तो उनकी पहचान 'गीतसम्राट' की है लेकिन गीतों के साथ साथ उन्होंने कुछ मुकम्मल गज़लें भी कही है। उनकी एक गज़ल और उसका आस्वाद अत्र प्रस्तुत है :

गजल

हम तेरी चाह में ऐ यार कहाँ तक पहुँचे।
होश ये भी न जहाँ है, कि कहाँ तक पहुँचे।
इतना मालूम है खामोश है सारी महफिल।
पर न मालूम ये खामोशी कहाँ तक पहुँचे।
वो न ज्ञानी, न वो ध्यानी, न विरहमन, न वो शेख,
वो कोई और थे जो तेरे मकां तक पहुँचे।
इक सदी तक न वहां पहुँचेगी दुनिया सारी
एक ही घूँट में मस्तान जहाँ तक पहुँचे।
एक इस आस पे अब तक है मेरी बन्द जुबाँ
कल को शायद मेरी आवाज वहाँ तक पहुँचे।
चाँद को छूके चले आये हैं विज्ञान के पंख,
देखना ये है कि इन्सान कहाँ तक पहुँचे।

- गोपालदास 'नीरज'

छ : शेर की यह गजल सरल भाषाप्रयोग और असामान्य अर्थ-व्यंजना के कारण काबिले तारीफ है। 'तक पहुँचे' जैसी द्विपदी रदीफ और क्रमानुसार वहाँ-कहाँ, मकां, जहाँ, वहाँ, कहाँ - इन काफिये के संयोजन से शायर महोदय ने अपेक्षित कलाव्यापार संपन्न किया है। मतलअके शेर के उक्ता मिसरे में 'वहाँ' और सानी मिसरे में 'कहाँ' का प्रयोग करके काफिया तत्त्व के रूप में शायर ने - अहाँ - को स्थापित किया है, जिसे उन्होंने तीसरे शेर के अलावा सभी शेरो में (२,४,५,६) निभाया है। दूसरे शेर में लिया हुआ 'मकां' जैसा काफिया बाकी शेरों के 'कहाँ-वहाँ-जहाँ' जैसे काफियों का साथ नहीं निभा पाता। कुल मिलाकर इस गजल का कलासंसार ('जहाँ') को 'कहाँ' से 'वहाँ' के बीच में ही कही सीमित रहना है।

मत्लअ के शेर में शायर ने अपना रुमानी मिजाज परंपरागत तरीके से प्रस्तुत किया है मगर नये अंदाज के साथ -

हम तेरी चाह में ऐ यार वहाँ तक पहुँचे
होश ये भी न जहाँ है कि कहाँ तक पहुँचे

प्रथम शेर में रंगे तगज्जुल का आभास कराती यह गजल आखिर रंगे तसव्वुफ से मुखातिब है। दूसरे ही शेर से इस सत्य का एहसास होने लगता है -

'इतना मालूम है खामोश है सारी महफिल'

यह मौन रहस्यमय है। यहाँ 'महफिल' के कई सचितार्थ हैं। जैसे कि कोई संप्रदायविशेष, जमाना, संसार या समाज। इस शेर के सानी मिसरे में दर्शाई हुई परिणाम की अनिश्चितता वस्तुत: कविका अपेक्षित कलाविधान है। 'न मालूम ये खामोशी कहाँ तक पहुँचे।' यह विधान विधिया नियति की सर्वोपरिता का संकेत करता है।

तीसरे शेर में कवि इश्वरोपासना के सभी विधि-विधानों को व्यर्थ साबित करके सरल और सच्चे मन की भक्ति की श्रेष्ठता और सर्वोपरिता प्रमाणित करते हैं।

'वो न ज्ञानी, न वो ध्यानी, न विरहमन, न वो शेख'

ज्ञानी यानि ज्ञानमार्ग (शंकराचार्यप्रेरित अद्वैत सिद्धांत के साधक), ध्यानी यानि योग-ध्यानादि के उपासक-योगी, विरहमन यानि मन में परमात्मा के विरह का गम धारण करनेवाले प्रेमलक्षण भक्ति के उपासक। इस शेर के सानी मिसरे में एक चमत्कारिक रहस्योद्घाटन किया गया है -

वो कोई और थे जो तेरे मकां तक पहुँचे।

मकाँ तक पहुँचनेवाले कोई 'और' ही थे, मतलब दून 'औरों' की मकां तक पहुँचने की अपेक्षा नहीं की गई थी । जिनकी मकां तक पहुँचने की अपेक्षा थी, उनमें से कोई वहाँ नहीं पहुँच पाये - यह इस शेर का ध्वन्यार्थ है और सानी मिसरे का वाक्यार्थ उस व्यंग्यार्थ को द्विगुणित कर देता है। यहाँ मकां का तात्पर्य 'मंझिल' से है, 'इश्वर' से है। मसलन 'मकाँ' का किसी स्थूल पदार्थ से कोई वासता नहीं है, यह एक प्रतीक मात्र है।

चौथे शेर में एक घूँट और एक सदी के बीच का फासला कवि की नई जीवनदृष्टि को भी दर्शाता है।

इक सदी तक न वहाँ पहुँचेगी दुनिया सारी

एक ही घूंट में मस्ताने जहाँ तक पहुँचे।

मस्ताने से कवि का तात्पर्य 'पीनेवाले' तो नहीं हो सकता। यह शेर रुहानी मिजाज का शेर है। अर्थात् कवि यहाँ परम तत्त्व के उपासकों का निर्देश कर रहे हैं। 'एक घूंट' को 'सुरा का घूंट' मान लेने पर भी इस शेर की गरिमा बरकरार रहती है।

अपनी आवाज किसी तक पहुँचाने के लिये उसे बुलंद करना या बार-बार कहते रहना आवश्यक नहीं है और पर्याप्त भी नहीं है । बोलनेवाले में दम हो या आवाज दमदार हो या सुननेवाला इन दोनों से कोई खास वासता रखता हो तभी कहने-सुनने से कही गई बात दूसरे छोर तक पहुँचते पहुँचते जमाने बित जाते हैं। कई बार हमारी बात सुनी तो जाती है पर उसके उपर गौर फरमाया नहीं जाता। दोनों ही सूरतों में हमारे बोलने का श्रम बेकार जाता है। फिर भी यह सिलसिला चलता ही रहता है।

इस शेर को हम हासिले गज़ल शेर मान सकते हैं । क्योंकि इसे जितनी बार पढें, उसमें से नयेनये चमत्कारिक अर्थ निकल आते हैं।

'कल को शायद मेरी आवाज वहाँ तक पहुँचे।'

इक इसी आस पे जुबाँ को बन्द रखने की काव्यनायक की चेष्टा केवल उसका स्वभाव नहीं है, बल्कि जमानों से चली आ रही प्रथा या प्रणालिका भी है।

चाँद को छूके चले आये हैं विज्ञान के पंख,

देखना ये है कि इन्सान कहाँ तक पहुँचे।

एक ओर विज्ञान के विकास की चरम सीमा है और दूसरी ओर समूची इन्सानियत खतरे में है। विज्ञान की सहायता से हम चाँद तक पहुँच चुके हैं मगर दो दिलों के बीच का फासला तय नहीं कर पाते । दो इन्सानों के बीच और इन्सान और इन्सानियत के बीच की दूरी दिन-प्रतिदिन बढती रही है । ग्लोबलाईझेशन के फल-स्वरूप विश्व के देशों के बीच की दूरियाँ सिकुडती चली गई है मगर इसके साथ-साथ इन्सान भी स्वकेन्द्री, भौतिकवादी और संकुचित होता चला गया है । समाजशास्त्री, अर्थशास्त्री या राजनीतिज्ञ इसकी परवा करे न करें, शायर इस विडम्बना को नजरअंदाज नहीं कर सकता। इतिहास गवाह है कि भौतिक विकास की गाथा सदैव यशस्वी नहीं रही। गज़ल के अंतिम शेर में इसी तात्पर्य के प्रति अंगुलिनिर्देश किया गया है।

व्यावहारिक जीवन से संलग्न बात को एक खास दृष्टिकोण से देखना और वैसे ही खास लहज में प्रस्तुत करना ही कविकर्म कहलाता है । मान्यवर शायर जनाब गोपालदास 'नीरज' की यह गजल इस मत को सर्वथा प्रमाणित करती है।

का. आचार्य,
आर्ट्स-कॉमर्स कॉलेज,
कांकणपुर, गोधरा, गुजरात

१६. अमरकान्त की कहानियों में चित्रित निम्न-मध्यमवर्गीय समस्याएँ

प्रा. धर्मेन्द्रसिंह एम. ठाकोर

हिन्दी कथा-साहित्य में प्रेमचन्द के पश्चात् यथार्थवादी धारा के प्रमुख कथाकार अमरकान्तजी हैं। अमरकान्त सुप्रसिद्ध कहानीकार एवं उपन्यासकार भी हैं। उन्होंने हिन्दी साहित्य की अन्य विधाओं में भी अपनी रचनाएँ लिखी है।

अमरकान्तजी का कथा-साहित्य के क्षेत्र में एक प्रसिद्ध नाम है। वे एक कथाकार ही नहीं, बल्कि पत्रकारिता के क्षेत्र में उन्होंने कई दैनिक पत्रिकाओं के संपादकीय रूप में कार्य किया है। उदा. 'सैनिक', 'अमृत', 'उजाला' और 'मनोरम' आदि। उन्होंने महानगरीय और निम्न-मध्यमवर्ग के लोकजीवन को अपनी रचनाओं का प्रमुख विषय रखा। जीवन की अच्छी-बुरी सच्चाइयों से भरा उनका कथा-साहित्य मानों एक दस्तावेज है।

अमरकान्तजी ने गरीब निम्न-मध्यमवर्ग की त्रासदी को उजागर करने का कार्य किया है। और साथ ही मानव जीवन को यथार्थ रूप में वे अपने साहित्य के माध्यम से सामने लाये है। उन्होंने वर्तमान जीवन में होनेवाली घटनाओं पर ज्यादा जोर दिया है। और उन घटनाओं को ही अपनी रचनाओं का विषय बनाया है।

मधुरेशजी ने अमरकान्त के रचना विधान के सन्दर्भ में कहा है - 'अमरकान्तजी की कहानियों का रचना संसार अपने आस-पास के जीवन परिवेश से निर्मित है और जीवन का वैविध्य, उसकी ताजगी और अनगढ़ता ही उसकी कहानियों का सबसे बड़ा आकर्षण भी है। यही कारण है कि अपने समय-सन्दर्भों की जैसी पहचान अमरकान्त में दिखाई देती हैं। वह उनके किसी दूसरे समकालीन कहानीकार के यहा विरल है।'१

हिन्दी साहित्य में बीसवी शताब्दी में नई कहानी के रूप का विशेष महत्व रहा है। बदलते हुए यथार्थ, नये प्रतिमान, नये विचार, नई सोच और बदलते मूल्यों एवं मानवीय संबंधों के प्रति दृष्टिपात करते हुए अमरकान्तजी ने कहानी के साथ-साथ उपन्यासों की भी रचना की। इसमें अमरकान्तजी की पहचान नई कहानी आन्दोलन के प्रमुख एवं यथार्थवादी कथाकार के रूप में होती है। और स्वातंत्र्योत्तर युग में अपने समकालीन कथाकारों के साथ साथ अमरकान्तजी ने भी काफि उपन्यासों की रचनाएँ की है।

अमरकान्तजी ने अपने अनुभव के साथ संसार में जो घट रहा है वह सुखद हो या दुःखद, पूरी मानसिकता के साथ उसे अपनी रचनाओं में भावों के साथ शब्दों में उतारा है। अमरकान्त के लिए हेतु भारद्वाज ने लिखा है - 'नयी पेढ़ी के कहानीकारों में अमरकान्त का नाम बहुत महत्वपूर्ण है। अमरकान्त की कहानियों का कथ्य बहुत महत्वपूर्ण होता है तथा शिल्प बड़ा अनगढ़ है। उनकी कहानियों की अभिव्यक्ति सरल है। उनमें जिन्दगी की पकड़ बड़ी मजबूत है तथा वे स्थितियों को बड़ी मजबूत है तथा वे स्थितियों को बड़ी गहराई से उतारते है। सामाजिक विसंगतियों के प्रति उनका व्यंग्य बड़ा तीखा होता है।'२

हिन्दी कथा-साहित्य में उन्होंने अपना लेखन कार्य कहानी लेखन से शुरु किया है। कहानियों में उन्होंने मध्यमवर्गीय जीवन, समाज के रीति-रिवाज, राजनैतिक स्थिति आदि घटित वर्तमान जीवन की घटनाओं पर प्रकाश डाला है। अमरकान्तजी ने अपनी कहानियों में ज्यादातर मध्यमवर्गीय जीवन को मुख्य आधारा बनाया है। क्योंकि वह स्वयं मध्यमवर्ग के साथ जुड़े हुए हैं, इसलिए मध्यमवर्गीय जीवन को उन्होंने नजदीक से देखा है और अपने अनुभवों को कहानियों में उतारा है।

हिन्दी साहित्य में जितनी भी कहानियाँ पायी जाती है, उसमें कुछ-न-कुछ समस्या या विडम्बना अवश्य होती ही है, इस बात को ध्यान में रखें तो अमरकान्तजी की कहानियों में मध्यमवर्ग की समस्या श्रेष्ठ एवं असरकारक रूप से सामने आई है, जो पाठकों को अंदर से झकझोर देने का सामर्थ्य रखती है। ऐसी ही कुछ कहानियों का वर्णन यहाँ किया गया है।

'डिप्टी कलक्टरी' अमरकान्त की एक निम्न-मध्यवर्गीय जीवन की आर्थिक समस्याओं की कहानी है। इस कहानी में एक वयस्क शकलदीप बाबू की आर्थिक एवं शारीरिक मजबूरियों का चित्रण है। यह कहानी एक शिक्षित बेरोजगार नौजवान और उसके परिवार की आशाओं की कथा है। कहानी के माध्यम से अमरकान्त ने सामाजिक स्थिति पर व्यंग्य किया है। यहा पर शकलदीप बाबू का चरित्र कितना असमर्थ एवं नि:सहाय है, यह स्मरणीय है। उन्हें किसी पर विश्वास नहीं है। केवल भाग्य पर विश्वास है। यहाँ पर निम्न-मध्यमवर्ग की अंधविश्वास एवं भाग्य के सहारे चलने की सोच भी दिखती है। यहाँ उन्हें अपने पुत्र को डिप्टी कलक्टरी दिलाने हेतु औजार शेष दिखते है क्योंकि 'पिछले तीन-चार साल से बहुत-सी परिक्षाओं में बैठने, एम.एल.ए. लोगों के दरवाजों के चक्कर लगाने तथा और भी उल्टे सीधे फेन इस्तेमाल करने के बावजूद उसको अब तक कोई नौकरी नहीं मिल सकी थी।'३

'जिन्दगी और जोंक' कहानी में एक भिखारी रजुआँ का चित्रण है। जो बेरोजगारी और शोषण की समस्या से जूझता हुआ नज़र आता है। उसकी आर्थिक समस्या का भी चित्रण दिखाई देता है। वह गाँव के बहार एक खंडहर में फटे कपडों में पड़ा रहता है। और सुबह होते ही गाँव में आता है। गाँव के लोग उससे मनचाहा काम करवाते हैं। और वेतन कुछ भी न देकर सिर्फ बासी खाना या फटे कपड़े देकर काम करवाकर उसका शोषण करते हैं। इसमें मानव अपने स्वार्थपूर्ति हेतु एक गरीब मानवी का किस प्रकार उपयोग करता है, यह प्रस्तुत हुआ है। पर रजुआ इन परिस्थितियों से भी कभी हार नहीं मानता और उसका जिन्दगी के प्रति लगाव इतना है कि खाने के लिए दो वक्त की रोटी ना मिलने पर भी 'जिन्दगी के जोंक' की तरह लिपटा है।

'मकान' कहानी में अमरकान्त ने बेरोजगारी की समस्या को उठाते हुए कहानी की रचना की है। गरीबी बेरोजगारी के कारण मनोहर की जो स्थिति होती है, उसका अहम उदाहरण मकान कहानी है। मनोहर की पत्नी शकीला की बीमारी के वक्त मदद करने वाले मामू मुहम्मद अली का खत आता है, कि वह बीमार है। मनोहर उनको अपने घर लाकर उनका इलाज, सेवा करना चाहता है। पर वह बेरोजगारी और गरीबी की वजह से चल रहे उसके जीवन में और संघर्ष बढ़ाना नही चाहता था। वह मन से चाहता है कि 'मैं मामू साहब को बुलाऊँ और उनका दवा-ईलाज कराऊँ। पर वास्तविकता मुझे दूसरी ओर ले जा रही थी। मैं और कर्जा लेने की स्थिति में नहीं था। फिर कर्जा कौन देगा?'४ मामू के कोई भी बाल-बच्चा नहीं है, फिर भी मनोहर आर्थिक विवशता के कारण उनकी सेवा नहीं कर पाता और वह मामू को खत में लिख देता है कि वह दो महीने के लिए दफ्तर के काम से बाहर जाता है।

'दोपहर का भोजन' अमरकान्त की एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण कहानी है। जिसमें ग्राम्य परिवेश के एक निम्न कक्षा के गरीब वर्ग को लेकर कहानी की रचना की गयी है। कहानी में मुख्य पात्र सिद्धेश्वरी है। जो एक गरीब घर की औरत है। वह अपने तीन लड़के और पति के साथ रहती है। यह बहुत निम्नवर्ग का परिवार है। एक टाईम के भोजन को लेकर पूरी कहानी चलती है। इस कहानी की मूल समस्या पेट की समस्या है। यहाँ पर कहानीकार ने बताया है कि गाँव का एक गरीब परिवार एक टाईम का भोजन भी ठीक तरह से नहीं कर पाता है। उन्हें भूखा रहना पड़ता है। मुंशीजी की थाली में खाना समाप्त हो गया था और वे थाली में बचे-कुचे दानों को बन्दर की तरह बीन रहे थे। तब सिद्धेश्वरी ने कहा 'बड़का की कसम, एक रोटी देती हुँ। अभी बहुत-सी है।'५ जबकी घर में और रोटी न थी। इस प्रकार भूख और गरीबी से तड़पते लोगों की समस्या को अमरकान्तजी ने बहुत ही दयनीय तरीके से प्रस्तुत किया है।

'कुहासा' कहानी में अमरकान्तजी ने हमारे समाज एवं देश में जो सामाजिक स्थिति एवं समस्या है उस पर अपना क्रोधप्रकट किया हो ऐसा दिखाई देता है। यह कहानी निम्न-मध्यम वर्गीय संघर्ष की कहानी है। पूँजीवादी समाज के हाथों मध्यमवर्ग के शोषण का उदाहरण है, यह कहानी। झींगुर गाँव का एक मजदूर किसान था। जो गाँव में वर्षा ठीक न होने से अपने किशोर पुत्र दूबर को आर्थिक अभाव के कारण घर से भगा देता है

। दूबर भी स्वाभिमानी लड़का था। वह भागकर नगरीय संस्कृति में चला जाता है। शहर में उसे भूखे रहकर सड़को पर सोना पड़ा, और उसकी मदद को कोई नहीं आता और दर-दर भटक कर वह काम करता। ठीक से खाना भी न मिलता। शरदी की वजह से उसकी मृत्यु हो जाती है। यहाँ पर धर्म के ठेकेदारों और पूँजीपति वर्ग एवं नेताओं के प्रति आक्रोश जन्मता है।

'हौसला' अमरकान्तजी की एक बड़ी ही अहम कहानी है। जिसमें समाज में व्याप्त अंधविश्वास की जो बड़ी समस्या है, उसे उठाया गया है। इस कहानी में उमा का विवाह एक आधेड बड़ी उम्रवाले व्यक्ति से करवाया जाता है। और उसकी सास मरते-मरते एक पोते को खिलाता देखना चाहती है। पर उमा को दुर्भाग्यवश पहले पाँच लड़कियाँ थी, जिसमें से दो ही जिंदा थी। तीन की मृत्यु हो जाती है। पर आज भी समाज में वंश बढ़ाने के लिए लड़का चाहिए, यह मान्यता घर कर गयी है, और उसकी सास को बनारसवाले ज्योतिषी की बातों पर पूर्ण विश्वास था। 'बनारस के एक ज्योतिषी ने हरनाथ बाबू का हाथ देखकर बताया था, पाँच लड़कियों में से तीन भगवान अपने पास बुला लेंगे, उसके बाद दो लड़के होंगे। ऑपरेशन कराके दो लड़कों की हत्या हुई कि नहीं?'६ उमा ने ऑपरेशन करवा लिया था, इसलिए उस पर दो लड़कों की हत्या का आरोप लगता है। इस प्रकार आज भी समाज में अंधविश्वास के कारण उत्पन्न होनेवाली समस्याओं को हौसला कहानी के माध्यम से उठाया गया है।

इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि अमरकान्तजी की कहानियों में निम्न-मध्यम वर्गों के लोगों के जीवन से जुड़ी समस्याओं को उजागर करने का सफल कार्य किया है। उन्होंने निम्न मध्यवर्ग के पात्रों की मानसिकता को देखते हुए कहानियों में विशिष्टताओं से उनका चित्रण किया है। अमरकान्तजी का संपूर्ण लेखन-कार्य संघर्ष भरा रहा है। उनकी कहानियाँ, स्वयं उनके आस-पास के जीवन में घटित घटनाओं पर आधारित वास्तविक कहानियाँ है।

संदर्भ सूची :

१. अमरकान्त के कृतित्व एवं व्यक्तित्व की पड़ताल, वर्ष-१, संपा. रविन्द्र कालिया, ममता कालिया, नरेश सक्सेना-पृ.१५७

२. कथा द्वादशी, हेतु भारद्वाज, पृ. ३०

३. अमरकान्त, डिप्टी कलक्टरी, अमरकान्त की प्रतिनिधिकहानियाँ, पृ. ७-८

४. अमरकान्त की संपूर्ण कहानियाँ, खंड-२, पृ. १२१

५. प्रतिनिधिकहानियाँ, अमरकान्त, पृ. १०३

६. अमरकान्त की संपूर्ण कहानियाँ, खंड-२, पृ. ३०५

आसिस्टन्ट प्रोफेसर,

स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग,

एन.एस.पटेल आर्ट्स कॉलेज,

आणंद।

मो. ९७२७०२६०५१

मैं पायल (उपन्यास)

महेन्द्र भीष्म

अमन प्रकाशन, कानपुर

१७. भारतीय साहित्य में 'थर्ड जेंडर' विमर्श-एक परिचय

सनोज पी. आर.

ईश्वर सम्पूर्ण सृष्टी का निर्माता हैं। मनुष्यो में नर, नारी, और उभयलिंगी भी उसी की रचना है। अधिकांश के मन में यह प्रश्न कभी-न-कभी आता है कि आखिर हिजड़े पैदा कैसे होते हैं? क्योंकि जिस परिवार में हिजडा जन्म भी होता है तो यह बात सिर्फ माता-पिता या बुजुर्ग ही जानते हैं, अन्य लोगों को इसकी भनक भी नहीं लगने दी जाती है। मेरे मन में भी यह प्रश्न जब-जब किसी हिजडे पर नजर पड़ी तब-तब उठा परन्तु जिससे भी पूछा वह इसका संतोषजनक उत्तर कोई नहीं दे पाया।

आज विश्व भर में मानव समाज अस्मिताओं के प्रति पहले की अपेक्षा अधिक सक्रिय है और ये बौद्धिक संचेतना का ही परिणाम है कि विश्व समुदाय से होते हुए आज भारत में भी तमाम वंचितों के अधिकारों की बात उठने लगी है, ऐसा ही उपेक्षित और वंचित समुदाय है 'हिजड़ा समुदाय'।

आज भारतीय साहित्य में तीसरी लिंगी लोगों के बारे में अनेक रचनाएँ होती रहती है। निर्मला भुराडिया का उपन्यास 'गुलाम मंडी' समाज के इन्हीं दो वर्गों पर केन्द्रित हैं। 'गुलाम मंडी'१ की दो प्रमुख महिला पात्र हैं - 'कल्याणी' और 'जानकी'। कल्याणी मुंबई की चमकीली दुनिया में निरंतर संघर्ष करती है। रजनी परदे की दुनिया में निरंतर संघर्ष करती है। कल्याणी और गौतम ने अपनी पालित पुत्री जानकी उर्फ जेन को जिस ममत्व से पाला वह जानकी से भी अपने माता-पिता के प्रति ईमानदार व्यवहार की माँग करता था। निर्मला भुराडिया ने इस धरातल को भी सामने लाने का एक अच्छा प्रयास किया है, जिस पर कल्याणी, गौतम, ताई, घूँघरु, अंगूरी रानी जैसे चरित्र जन्मते हैं।

दरअसल, यह 'थर्ड जेंडर' के जीवन का बहुत ही संवेदनशील और मार्मिक पक्ष है। वे समाज को दुआएँ देते हैं, लेकिन समाज से मिलनेवाला बहिष्कार उन्हें किस तरह मर्मातक पीडा पहुँचाता है, अंतिम संस्कार के इस पक्ष से हृदय विचारक रूप में सामने आता है।

हिजडा समुदाय को तथाकथित सभ्य समुदाय के समक्ष रखकर परखने का सिलसिला उपन्यास 'यमदीप' के आरंभ से पाठक के हृदय में भी शुरु हो जाता है।

प्रदीप सौरभ के उपन्यास 'तीसरी ताली'२ पढ़ रही थी तो मुझे बार-बार सुरेन्द्र वर्मा के उपन्यास 'दो मुर्दो के लिए गुलदस्ता' की याद आ रही थी। इसमें यह दर्शाया गया था कि दो युवक अपने पेट की भूख मिटाने के लिए मुंबई जैसे शहर में कैसे पुरुष वेश्यावृत्ति को अपनाते हैं। 'तीसरी ताली' उसके एक कदम आगे है। इस उपन्यास को पूरी तरह से उत्तर आधुनिक कह सकते हैं क्योंकि इसमें विखंडन, हाशिए से केन्द्र की ओर आने की ललक, खंड-खंड सत्य और अंतर्कथा की तकनीक आदि उत्तर आधुनिक प्रवृत्तियों को भली भाँति रेखांकित किया जा सकता है।

रवीन्द्रनाथ टैगोर ने संभवतः सन् १८९१ में 'गिन्नी'३ अर्थात् गृहिणी जैसी कहानी लिखी थी। उक्त कहानी में एक किशोरवय लड़के आशु की कथा है, जिससे मात्र यह भूल हो गई है कि वह अपनी सगी बहनों के साथ घर-घर खेलता रहा है, तो उस पर स्त्रैणता का आरोप कर सारा समाज उस सल्लज ऑर संकोची लड़के को चिढ़ाता है। उसका गुरू शिवनाथ अपने प्रत्येक विद्यार्थी को एक नाम दे देता है। यह नाम उस विद्यार्थी की किसी प्रवृत्ति को देखकर व्यंग्य करने हेतु दिया जाता है। शिवनाथ राष्ट्रीय आंदोलन हेतु युवा पीढ़ी तैयार करना चाहता है। उसके भीतर पुरूषोचित दंभ और अक्खडता है। वह स्वयं को नैतिक पहरेदारी का ठेकेदार समझता है। आशु को वह गिन्नी नाम दे देता है। ऐसे में सारे लडके उस पर व्यंग्य करने लगते हैं और उसे गिन्नी कहकर पुकारने लगता है। वह स्वयं को अपने साथियों से दूर महसूस करने लगता है और उनके साथ खेल नही पाता है। वह स्वयं के लिए अपनी मित्र मंडली में कोई जगह नहीं खोज

पाता है, यह है हमारे समाज की लैंगिक पहरेदारी का नमूना। हम यह देख पा रहे हैं कि समाज लैंगिक धरातल पर अपनी स्वीकार्यता के हिसाब से लोगों के व्यक्तित्व को आकार-प्रकार देता है। शिवनाथ इस तथ्य का सुन्दर उदाहरण है।

हिन्दी में 'किन्नर कथा'४ नामक उपन्यास लिखने का श्रेय है 'महेन्द्र भीष्म' को । इस उपन्यास में हिजड़ों की विविधसमस्याओं को उठाया गया है । इसके अलावा उक्त उपन्यास उनके जीवन के विविधअनछुए पहलुओं की ओर भी संकेत करता है।

रवीन्द्रनाथ टैगोर की ही एक अन्य कहानी है - 'व्यवधान'५ । उक्त कहानी में इसके मुख्य पात्र वनमाली की वैष्णव भक्ति के बहाने व्यक्त होनेवाले उसके समलैंगिक आकर्षण को दर्शाया गया है। वह हिमांशुमाली का पालन-पोषण करता है। जब हिमांशुमाली किशोरवय को प्राप्त कर लेता है, तब वनमाली बगीचे में बैठा किसी नायिका की तरह हिमांशुमाली की प्रतीक्षा करता रह जाता है और हिमांशुमाली नहीं आता हैं क्योंकि उसे वनमाली की मंशा का अंदेशा पहले ही हो चुका होता है। आलोच्य कहानी भी लैंगिकता के सामाजिक मान्यता प्राप्त मुहावरे पर प्रश्न-चिह्न लगाती है। रवीन्द्रनाथ टैगोर की उक्त दोनों ही कहानियाँ यौनिकता के मान्य पैमाने पर व्यक्ति की लैंगिक अस्मिता के परिप्रेक्ष्य में नए सिरे से सोचने-विचारने के लिए बाध्य करती हैं।

एक और अति महत्वपूर्ण और स्मरणीय तथ्य यह है कि आम जनता जिस तृतीय लिंगी समाज को सामान्य तौर पर किन्नर शब्द से संबोधित करती है वह दर असल किन्नर है ही न ही ।

'नागार्जुन' की एक कविता 'बादल को घिरते देखा है'६ की कुछ पंक्तियाँ प्रस्तुत हैं जिसके द्वारा यह स्पष्ट करना अधिक उचित होगा -

'शत - शत निर्झर - निर्झरणी कल
मुखरित देवदारू कानन में
इन्द्रनील की माला डाले
शंख सरीखे सुघढ़ गलों में
मदिरारूण आँखोंवाले उन
उन्मद 'किन्नर-किन्नरियों' की
मृदुल मनोरम अंगुलियों को
वंशी पर फिरते देखा है
बादल को घिरते देखा है'

(प्रतिनिधिकविताएँ - नागार्जुन)

अब यदि आप किन्नर शब्द को हिजड़ा शब्द का पर्याय समझते हैं तो ध्यान दीजिए नागार्जुन की इस कविता में देवदारू कानन, शंख सरीखे सुघढ़ गले और मृदुल अंगुलियों शब्द पर। वह इन्सान जिसे देखने पर उतना ही पुरूष होने का भान होता है - जितना उसके स्त्री होने का अंदेशा।

पंकज विष्ट का उपन्यास 'पंखवाली नाव'७ एक ऐसा उपन्यास है जो सामाजिक, नैतिक और बौद्धिक भूमंडलीकरण से परिपूर्ण है जो व्यक्तिक मूल्यों और नैतिक पक्षधरता आधुनिकता और परम्परा के टकराव से बडा गहरा सम्बन्धरखता है।

'चैंजिंग सेक्स एंड बेडिग जेंडर' एलिसन शॉक और शर्ली अर्देदेर द्वारा संपादित सेक्स और लिंग के सांस्कृतिक और ऐतिहासिक निर्माण और डिकंस्ट्रक्शन से सम्बन्धित ९ निम्बधों का एक संकलन है। पुस्तक विशेष रूप से नृवविज्ञान या लिंग के अध्ययन का एक उत्कृष्ट संग्रह है।८

तमिल नाडू के डॉ. श्री. देवी तथा वीणा के.वी. ने करीब १२० किन्नरों से सम्बन्धित अलग-अलग पहलुओं पर अनुसंधान किया है और शोधआलेख 'Social Exclusive Have A Negative Impact On The Health of Transgender' में किन्नरों की समस्याएँ, शिक्षा, स्वास्थ्य सम्बन्धी अनेक पहलुओं को प्रस्तुत करने का सफल प्रयास किया है।९

चित्रा मृद्गलजी का किन्नर विमर्श पर लिखा गया

उपन्यास है 'पोस्ट बॉक्स नंबर २०३ नाला सोपारा'। इसमें विनोद नामक एक किन्नर की करूण कथा को लेखिका ने मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया है। चित्रा जी का यह उपन्यास बहुत ही संवेदनात्मक है। विनोद इस उपन्यास का नायक है। विनोद जिस खुशनुमा जिन्दगी का सपना देखता है उससे वह वंचित होता है। बिन्नी के साथ-साथ कहीं हम भी टूटते हैं और हार हमारी भी होती है। चित्रा जी ने बा और इस बच्चे को खत भी लिखती है लेकिन चाहती है कि इसके बारे में किसी को पता नहीं चले। उपन्यास का नाम उसी पत्र व्यवहार के पते के ऊपर रखा गया है। यह सिर्फ एक विनोद की कहानी नही है। इसी तरह अनेक विनोद हमारे समाज में मौजूद है।१०

इस तरह आज भारतीय साहित्य में 'थर्ड जेंडर लोगों के बारे में कई तरह के रचनाएँ प्रस्तुत की जा रही है। उन लोगों के प्रति सहानुभूति जगाना, मनुष्यता के साथ व्यवहार करना आदि इन रचनाओं का मुख्य लक्ष्य हैं। हम अपने लोक में छोटी छोटी चीजों पर भी किस्सा कहानी गीत सुनने आए हैं पर ये वर्ग साहित्य तो क्या लोक साहित्य में भी अदृश्य रहा। प्रश्न यह है कि साहित्य तो सबके लिए होता है सबको लेकर चलता है फिर ये कहाँ छूट गए। यह सोचने की बात है.....

संदर्भ सूची :

१. निर्मला भुराडिया-गुलाम मंडी। अमन प्रकाशन।

२. प्रदीप सौरभ - तीसरी ताली। अमन प्रकाशन।

३. रवीन्द्रनाथ टैगोर - गिन्नी। राजकमल प्रकाशन।

४. महेन्द्र भीष्म - किन्नर कथा। अमन प्रकाशन।

५. रवीन्द्रनाथ टैगोर - व्यवधान।

६. नागार्जुन - बादल को घिरते देखा है, (प्रतिनिधिकविताएँ)

७. पंकज विष्ट - पंखवाली नाव।

८. www.gargan.com

९. भारतीय साहित्य एवं समाज में तृतीय लिंगी विमर्श - डॉ. विजेन्द्र प्रताप सिंह और रविकुमार गोड। अमन प्रकाशन कानपुर।

शोधछात्र,

चालियल हाउस,

कालीकट युनि. पोस्ट

चेनक्कल मल्प्पुरम

केरल - ६७३६३५



हैवनली हेल

नीलम कुलश्रेष्ठ

प्रकाशक - शिल्पावन, लेन नं.१

बैस्ट गोरख पार्क, दिल्ली-११००३२

संस्करण - २०१७

मूल्य - १५० रूपये

संस्करण - २००७

१८. नव जागरण काल में मुखरित कविता का स्त्री स्वर

डॉ. सुरेश ए.

साहित्य सामुदायिक विकास में सहायक होता है और सामुदायिक भावना राष्ट्रीय चेतना का अंग है। हिंदी साहित्य के प्रारम्भ से पूर्व देश का साहित्य राष्ट्रीय चेतना से युक्त है। भक्तिकाल में तुलसीदास ने आदर्श राष्ट्र के स्वरूप का गान किया है। रीतिकाल राजनीतिक एवं सामाजिक दृष्टि से घोर पतन का युग कहा जा सकता है। रीतिकाल की समाप्ति से पूर्व ही देश में राजनीतिक परिवर्तन आरम्भ हो चुका था। ब्रीटीश शासन के साम्राज्य की स्थापना के साथ स्वाधीनता के लिए किये जा रहे आन्दोलन के साथ राष्ट्रीय भावना का निरंतर विकास होता गया।

१८५७ ई के प्रथम स्वाधीनता संग्राम से देश में नवजागरण की शुरूआत होती है। राष्ट्रीय नवजागरण का आधारसूत्र धर्म ही रहा है। भारत में प्रचलित धार्मिक कुरीतियों में सारी जन जाति ग्रस्त हो रहा था। राजा राममोहन राय पहले भारतीय थे जिन्होंने १९वीं शताब्दी में सर्वप्रथम भारतीय समाज में व्याप्त धार्मिक और सामाजिक बुराइयों को दूर करने के लिए भारतीय स्वतन्त्रता एवं राष्ट्रीय आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने ब्रह्म समाज की स्थापना करके भारतीयों को पहले अंधविश्वास और रीति-रिवाजों से मुक्त करने का प्रयास किया। स्वामी दयानन्द सरस्वती ने आर्य समाज की स्थापना करके जाति-भेद, छूआछूत, बाल-विवाह, पर्दा प्रथा आदि सामाजिक कुरीतियों का विच्छेद किया। उन्होंने सुधारवादी दृष्टिकोण से राष्ट्र को नवोत्थान की प्रेरणा जगायी। स्वामी रामकृष्ण परमहंस द्वारा स्थापित रामकृष्ण मिशन ने लोक-सेवा और धर्म के आधार पर राष्ट्र भक्ति और स्वाभिमान जगाकर परतन्त्रता के विरूद्ध नयी चेतना फूंकी।

आधुनिक हिंदी साहित्य में सर्वप्रथम भारतेन्दु जी की रचनाओं में राष्ट्रीय आन्दोलन का स्वरूप पाया जाता है। भारतेन्दु युग के साहित्यकारों से जन-जागृति के आन्दोलन को देश व्यापी बनाया। यह काल राष्ट्रीय जागरण तथा नव सांस्कृतिक चेतना का उन्मेष युग था। भारतेन्दु युग में राजभक्ति को त्यागकर देशप्रेम और देश भक्ति की भावना का संचार करने में बद्री नारायण चौधरी, प्रेमधन, बालमुकुन्द गुप्त, प्रतापनारायण मिश्र, मैथिलीशरण गुप्त, सुभद्रा कुमारी चौहान आदि कवियों प्रमुख हैं। इन कवियों के कविता में देश-प्रेम, करुणा, बलिदान और आस्था के गीत गाती रही है।

भारत के स्वातंत्र्य आन्दोलन को गाँधी जी के आगमन से एक नयी दिशा और बल प्राप्त हुआ। भारतीय जनता अंग्रेजी शासन के विरुद्ध स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। राजनीतिक संकट से मुक्त होने के लिए उन्होंने सत्य, अहिंसा, निर्भयता, सादगी और आत्मबल के नये शास्त्र प्रदान किये। स्वतंत्रता संग्राम के आंदोलनों में कई एसे प्रयास किए गए, जिनसे लोगों के मन में देशभक्ति व देशप्रेम की लहरें उठें और वे कुछ कर गुजरने के लिए तत्पर हो जाएँ। इन्हीं प्रयासों में से एक प्रयास राष्ट्रवादी साहित्य का भी है, जिसके माध्यम से देशभक्ति की ज्वार को जनों तक पहुँचाया। इस स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी समय सुभद्रा कुमारी चौहान ने साहित्य के क्षेत्र में प्रवेश किया था। हिंदी प्रदेशो के नवजागरण और सुधार युग को सुभद्रा कुमारी चौहान ने अपने रचना कर्म से जन-मन तक पहुँचाने का काम निर्भयता से किया था।

सुभद्रा कुमारी चौहान प्रथम राष्ट्रीय कवयित्री होने का गौरवपूर्ण स्थान रखती है। इनके काव्य में राष्ट्रीयता की ओजस्वी, प्रभावशाली, क्रांतिकारी एवं स्वतन्त्रता की उत्कट भावना की अभिव्यक्ति हुई है। सुभद्रा जी उन क्रान्तिकारी भारतीय कवयत्रियों में से एक है जो २०वीं शताब्दी के प्रारंभिक वर्षो में राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन में अग्रणी थी और अपने व्यापक सामाजिक सरोकारों के साथ-साथ अपने कालजयी लेखन के लिए जानी जाती है। सुभद्रा जी एक महान समाज सुधारक थीं, जिन्होंने अपनी कविताओं के माध्यम से देश की सोई हुई जनता में राष्ट्रीयता की भावना को जागृत और स्वतंत्रता के महत्व को अवगत करने का प्रयास किया। उनकी कविताओं व गीतों को पढ़कर आज भी लोगों के मन में उमंग और जोश बढ़

जाता है। इनकी कविताओं ने न केवल क्रांतिकारियों को प्रेरणा दी, बल्कि खुद भी आगे बढ़कर इस महायज्ञ में अपनी आहुति समर्पित की।

सुभद्रा कुमारी युगीन परिवेश से अभिप्रेरित होकर सृजन करने वाले सच्ची रचनाकार थी। उन्होंने न केवल राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्र के उत्थान के लिए साहित्य के माध्यम से जनमानस को उद्‌बुद्ध किया अपितु जेल जाकर स्वयं की उद्‌गाम राष्ट्र चेतना का परिचय भी दिया। कवि मुक्तिबोधने सुभद्रा कुमारी चौहान के राष्ट्रीय काव्य की प्रशंसा में लिखा है – 'कुछ विशेष अर्थो में सुभद्राजी का राष्ट्रीय कार्य हिंदी में बेजोड़ है, क्योंकि उस राष्ट्र-आदर्श को जीवन में समाया हुआ देखा है, उसकी प्रवृत्ति अपने अंत:करण में पाई है।'१ उनकी संपूर्ण रचनाओं में युग बोधऔर राष्ट्रीयता सफलता के साथ परिलक्षित होती है। उत्तर भारत में राष्ट्रीय चेतना के प्रचार और प्रसार में उनकी रचना 'झांसी की रानी' का अविस्मरणीय योगदान है। उनकी अन्य कविताएँ, 'वीरों का कैसा हो बसंत', 'राखी की चुनौती' और 'विदा' खुले तौर पर आजादी के आंदोलन के बारे में बात करती है।

सुभद्रा कुमारी चौहान जी का जन्म सन १९०४ इलाहाबाद के निहालपुर नामक गांव में एक जमींदार परिवार में हुआ था। असहयोग आंदोलन के दिनों में उनके भाई ने पुलिस सब इंस्पेक्टर की नौकरी को त्याग दिया था। इस प्रकार बचपन से ही वह राष्ट्रीय और देश-भक्ति की भावना से प्रभावित हो गई थी। गांधीजी के आदर्शो से प्रेरित होकर राष्ट्रोद्धार में सुभद्रा जी ने देश भक्ति को अपने कर्म का आधार बनाया। गांधीजी के असहयोग आंदोलन, स्वाधीनता और स्वाराज्य संबंधी विचारों से प्रेरित होकर सुभद्रा जी ने अपने पति ठाकुर लक्ष्मण सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना घर-बार त्यागकर स्वतंत्रता आंदोलनों में अग्रणी भूमिका निभाई।

सुभद्रा जी ने १५ वर्ष की आयु से ही लिखना शुरू कर दिया था। जिस समय इन्होंने लिखना शुरू किया तब सामाजिक राजनीतिक क्षेत्रों में उथल-पुथल और उतार-चढाव का युग था। उनकी रचनाओं में विभिन्न सामाजिक कुरीतियाँ उभारी गयी है। सुभद्रा जी की काव्य साधना के पीछे उत्कट राष्ट्र प्रेम, अपूर्व साहस तथा आत्मोसर्ग की प्रेरणा है। उनके हृदय में मातृभूमि और देश के प्रति जो विशुद्ध श्रद्धा की भावना थी और फलत: उन्हें उन विचारों से जो अनुभूति हुई है, वह सबसे अधिक स्पष्ट रूप से उनकी कविताओं में प्रतिबिंबित होता है। उनकी कविताएँ इसीलिए आज़ादी की आग से ज्वालामई बन गई है।

उनकी अधिकांश कविताओं में राष्ट्रीयता का स्वर सर्वोपरि है। उनकी कविता का बड़ा भाग स्वराज्य, असहयोग और गांधीजी के विचारों से प्रेरित है। देशभक्ति की भावनाओं ने सुभद्रा कुमारी को वह शक्ति प्रदान की, जिससे वे देश की अशान्ति की चित्रावली में मनोहर रंग भरती गई। देशभक्ति एवं बलिदान भाव के साथ साथ उत्साह और उमंग जैसे गुण भी उनकी समस्त रचनाओं में विद्यमान है। सुभद्रा जी ने जिस आनन्द और जोश में कविताएँ लिखी, वे स्वतंत्रता आन्दोलन में एक नयी प्रेरणा का स्त्रोत न गया। उनकी कलम जो ओजपूर्ण रचनाएँ निकली कि वे देश के नवयुवकों में देश के प्रति अनुराग और मातृभूमि के प्रति समर्पण और त्याग की भावना जगाने में कामयाब हुई।

सुभद्रा जी ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लेने के लिए भारतीय युवाओं की बड़ी संख्या को प्रेरित किया। इन्होनें १९२१ में असहयोग आंदोलन में शामिल हुई। देश भर में फैल रहे अत्याचारों और अंग्रेजों की जनविरोधी नीतियों, नागरिक स्वतंत्रताओं के दमन तथा गरीब जनता की योजनाओं को देखकर उनकी राष्ट्रीय चेतना और प्रबल होती गई। उन्होंने स्वराज्य को लक्ष्य के रूप में स्वीकार किया। उनका रचनाकार रूप उसी की अभिव्यक्ति है। उन्हें ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोधप्रदर्शन में भागीदारी के लिए दो बार जेल जाना पड़ा और आंदोलन के संबंधमें गिरफ्तार होने वाली वह पहली महिला थी। इसके साथ अपनी लेखनी से स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों को अपना कर्तव्य स्मरण करवाती रही। राष्ट्र प्रेम से ओत-प्रोत कविताओं के साथ उन्होंने तत्कालीन समाज में महिलाओं और अन्य सामाजिक समस्याओं की ओर भी ध्यान खींचने की कोशिश की।

'वीरों का कैसा बसन्त' कविता में सुभद्रा जी ने बहादुर वीरों की ज्वलंत स्मृतियों को फिर से जगाने और देश के नौजवानों में आजादी के लिए जोश और जज्बे को भरने का

प्रयास किया है। बसन्त ऋतु का आगमन होते ही मौसमी फूलों की सुगंधसे पतझड़ में भी बहार आ जाती है। लेकिन जो वीर अपने देश पर मर मिटने को तैयार बैठे हैं क्या उनके लिए भी बसंत का वही अर्थ है जो दूसरों के लिए है। इस कविता में भारत के वीर पुरूषों की वीरता के महत्व का वर्णन करते सुभद्रा जी यह संकेत करती है कि वीरों का बसंत युद्ध के मैदान में शहीद होने में है।

फूली सरसों ने दिया रंग/मधु लेकर आ पहुँचा अनंग/वधु वसुधा पुलकित अंग अंग/है वीर देश में किन्तु कान्त/वीरों का कैसा हो बसंत?२

देश के इतिहास में वीरता और पराक्रम दिखानेवाले अनेक शूरवीर हो गए है। सुभद्रा जी कह रही है कि इनसे हम ने अपनी स्वाधीनता और गौरव की रक्षा के लिए बलिदान देने का पाठ सीखा है। सुभद्राजी कुरुक्षेत्र को अपनी चुप्पी तोड़ने के लिए कहती है ताकि वह अपने अनंत अनुभवों को बताकर देशवासियों को युद्ध की सच्चाई ज्ञात हो जाए। यहाँ पर सुभद्रा जी ने भूतकाल के सांस्कृतिक आधार का सहारा लेकर भविष्य के सपनों के साथ जोड़ने की कोशिश की है।

'कह दे अतीत अब मौन त्याग/लंके तुझमें क्यों लगी आग? ऐ कुरुक्षेत्र ! अब जाग, जाग, बतला अपने अनुभव अनंत/वीरों का कैसा हो बसंत?'३

सुभद्रा जी होश संभालने के साथ ही अंधविश्वास, जात-पात से लड़ने लगी थी । भारतीय संस्कृति में उनकी अगाधआस्था थी । हमारे समाज में सांप्रदायिकता-धार्मिकता-कट्टरता की फैलती और बढ़ती शक्तियों के खिलाफ गहरा प्रतिरोधकरती रहीं और व्यक्ति सांप्रदायिकता की संकीर्ण भावना से मुक्त होकर दूसरों की भलाई करने के लिए प्रेरित करती रही। 'बालिका का परिचय' कविता के माध्यम से वह धर्मनिरपेक्ष समाज और सांप्रदायिक सद्भाव सद्भाव का वातावरण बनाने के लिए प्रयत्नशील दिखाई देती है -

मेरा मंदिर, मेरी मस्जिद, काबा-काशी यह मेरी पूजा-पाठ, ध्यान जप-तप है, घट-घट वासी यह मेरी / कृष्णचंद्र की क्रीडाओं को, अपने आँगन में देखो / कौशल्या के मातृमोद को, अपने ही मन में लेखो / प्रभु ईसा की क्षमाशीलता, नबी मुहम्मद का विश्वास / जीव दया जिन पर गौतम की, आओ देखो इसके पास॥४

कवयित्री विजया-दशमी कविता में भारत की स्त्रियों को अपने कर्तव्य को याद दिलाती है और देश पर बलिदान हो जाने का साहस और जोश भर देती है। वे उन्हें हिम्मत देते हुए कहती है - यदि पुरुषों की काया भीरू हो जाए तो देश की स्त्रियों को खड़े हो कर घमासान युद्ध करने के लिए तैयार होना चाहिए।

'सबस पुरुष यदि भीरु बनें/ तो हमको दे वरदान सखी ।/ अबलाएँ उठ पड़ें देश में / करें युद्ध घमासान सखी / पंद्रह कोटि असहयोगिनियाँ।'५

राष्ट्रीय भावना में राष्ट्र भूमि तथा जन्म भूमि के प्रेम का महत्वपूर्ण स्थान है और सुभद्रा जी ने अपनी कविताओं द्वारा इसी प्रेम और स्वाधीनता की भावना को जागृत करने का सफल प्रयास ने अपनी कविताओं द्वारा इसी प्रेम और स्वाधीनता की भावना को जागृत करने का सफल प्रयास किया है। वह 'मातृ मंदिर में' में देश के युवकों के मन में देश भक्ति की भावना और कर्तव्य बोधकी प्रेरणा का संस्कार भर रही है। वह मानती है कि सच्चा देश भक्त वह है जो अपनी मातृभूमि की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन बलिदान देने के लिए हिचकता नहीं है।

'सुनूँगी माता की आवाज/ रहूँगी मरने को तैयार ।/ कभी भी उस वेदी पर देव ! / न होने दूँगी अत्याचार।/'६

सुभद्राजी की कविताओं का प्रमुख स्वर स्वतंत्रता और बलिदान का है। 'झांसी की रानी' कविता की पंक्तियों ने राष्ट्रीय चेतना जागृत करने और उसका प्रचार करने का ऐतिहासिक कार्य किया। यह कविता हमारे स्वाधीनता आंदोलन के मूल उद्वेग तथा उसके गौरवशाली इतिहास वर्तमान संकल्प और भावी विजय की अमर गाथा है। भारतीय स्वाधीनता संग्राम की शक्ति अगर कहीं एकत्र की गाई है तो वह है उनकी कविता 'झांसी की रानी' । ऐतिहासिक घटनाओं पर आधारित इस कविता ने हजारों युवकों में मातृभूमि के प्रति सेवा भाव एवं त्याग की भावना जगाई और उनको राष्ट्रीय आंदोलन में कूदने को प्रेरित किया। -

'चमक उठी सन् सत्तावन में / सिंहासन हिल उठे, राजवंशो ने भृकुटी तानी थी / बूढ़े भारत में भी आई, फिर से नई जवानी थी / गुमी हुई आजादी की कीमत सबने पहचानी थी / दूर

फिरंगी को करने की सबने मन में ठानी थी।/'७

उस युग में उनकी रचना 'झांसी की रानी' जनता के गले का कण्ठहार बनी हुई थी, उसकी उग्र देशभक्ति की भावना के कारण अंग्रेज सरकार ने उस पुस्तक को जब्त कर लिया था। झाँसी की रानी स्त्री की भीतर छिपी हुई शक्ति का आदान है। उसने अपने भीतर पुरुष के उन गुणों को आत्मसात किया था जिससे वह अबलापन के कवच से बाहर निकलने के लिए आहवान करती है।

सुभद्रा कुमारी ने स्वातंत्रता आंदोलन के साथ स्त्री स्वतंत्रता के सभी प्रश्नों पर विचार किया। उन्होंने केवल विदेशी दासत्ता से मुक्ति नहीं, वरन् निर्मम समाज के बंधनों से मुक्ति, झूठे विश्वास और झूठी प्रतिष्ठा से मुक्ति ताकि भारत में स्वातंत्र्य प्रभात वास्तव में लाया जा सके। उनकी अन्तिम कविता दासता के सबसे मजबूत दुर्ग पर आक्रमण करती है। यह कविता दलित-मुक्ति के प्रश्न को उठाती है। सुभद्रा जी के लिए राष्ट्र की स्वाधीनता का अर्थ है - राष्ट्र के निम्नतम जन की स्वाधीनता, चाहे वह पुरुष हो या स्त्री या दलित। 'प्रभु तुम मेरी मन की जानो' कविता में वह कहती है -

'मैं अछूत हूँ, मंदिर में आने का मुझको अधिकार नहीं है। / किंतु देवता यह न समझना, तुम पर मेरा प्यार नहीं है ?/ प्यार असीम, अमिट है, फिर भी पास तुम्हारे आ न सकूँगी। / यह अपनी छोटी सी पूजा, चरणों तक पहुँचा न सकूँगी।'८

सुभद्रा कुमारी चौहान एकमात्र ऐसी सेनानी थीं जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान अपनी प्रखर लेखनी से न केवल क्रांतिकारियों को प्रेरणा दी बल्कि स्वयं आगे बढ़ कर आजादी के संघर्ष को नयी शक्ति प्रदान की। वह झण्डा सत्याग्रह में जेल जाने वाली वे देश की पहली महिला सत्याग्रही थी। उनकी कविताओं ने देशवासियों में सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का अलख जगाने की अहम् भूमीका निभाई है। उनकी रचनाओं में राष्ट्रीयता के ओजस्वी स्वर, जागरण का संदेश और आत्मोसर्ग की प्रेरणा है। अपनी राष्ट्रीय जागरण से ओत-प्रोत और ओजस्वी लेखन के कारण सुभद्रा कुमारी चौहान की हिंदी साहित्य जगत में एक अलग पहचान रखती है।

२८ अप्रैल २००६ को सुभद्रा कुमारी चौहान की राष्ट्रप्रेम की भावना के लिए भारतीय तटरक्षक सेना ने उनको सम्मानित करने के लिए नए नियुक्त एक तटरक्षक जहाज को सुभद्रा कुमारी चौहान का नाम दिया है। सुभद्रा कुमारी जी की कलम कभी बँधी नही रही, वे हंमेशा स्वच्छंद और निर्भीक रही और अनवरत भारतवासियों को बताती और जगाती रही। १८५७ का प्रथम स्वाधीनता संग्राम उनकी कविताओं में और कहानियों में निरन्तर उपस्थित रहता है। भारतीय काव्य में राष्ट्रीय स्वातंत्र्य आंदोलन के जो अग्रणी स्वर मुखरित है उनमें सुभद्रा कुमारी चौहान का स्वर भी शामिल है। यह उस आंदोलन की चेतना का संवाहक मात्र नहीं, बल्कि यह आज भी स्वाधीन भारत में हमारी चेतना के मुक्ति की नयी आकांक्षा से उद्विग्न कर देता है।

संदर्भ सूची :

१. राष्ट्रभक्त कवयित्री सुभद्राकुमारी चौहान, एम.एई. राजस्वी, पृ. ४५
२. मुकुल - सुभद्रा कुमारी चौहान, हंस प्रकाशन, पृ. १२६
३. मुकुल - सुभद्रा कुमारी चौहान, हंस प्रकाशन, पृ. १२७
४. मुकुल - सुभद्रा कुमारी चौहान, हंस प्रकाशन, पृ. ५६
५. मुकुल - सुभद्रा कुमारी चौहान, हंस प्रकाशन, पृ. १३
६. मुकुल - सुभद्रा कुमारी चौहान, हंस प्रकाशन, पृ. १०३
७. मुकुल - सुभद्रा कुमारी चौहान, हंस प्रकाशन, पृ. ६४
८. www.kavitakosh.org/

एसोसिएट प्रोफेसर,
हिन्दी विभाग,
श्री शंकरा कॉलेज कालडी,
एर्णाकुलम, केरल-६८३५७४

१९. भारतीय फिल्मों पर लोकगीतों का प्रभाव

रवीन्द्रकुमार पी. मकवाणा

मानव मन को बहलाने के लिए फिल्म ही सबसे उपयुक्त साधन है। उसके कारण मनुष्य अपने नीजि जीवन के हर पहलु को भी उजागर करता है। साथ में मनोरंजन का भी कार्य करता है। फिल्मों में जबसे लोकगीतों का प्रयोग होने लगा है, तबसे लेकर आजतक उसका प्रभाव विशेष रहा है। उसका कारण यह है कि लोकगीत के द्वारा हर प्रदेश की अपनी अलग संस्कृति का चित्रण हमारे समक्ष प्रस्तुत होता है। लोग लोकगीत के माध्यम से उन सभी अलग संस्कृति का ज्ञान प्राप्त करते है। उसके कारण हर प्रदेश की अपनी विविधतामय लोकसंस्कृति का भी विकास होता है। यह काम आज फिल्म कर रही है। जो इस प्रकार है - 'मानव हृदय का भाव विकास अपनी उत्कट स्थिति में लयात्मक आरोह-अवरोह में जब भाषाबद्ध होकर प्रवाहित होने लगा तो शब्द शास्त्रियों ने उसे गीत कहा और इसी गीत परंपरा की एक धारा जब अपनी देशज बोलियों (घरेलू भाषा) में लोकवाणी को प्रवाहित करने लगी तो उसे लोकगीत के नाम से जाना जाने लगा।'१

लोकगीत का शाब्दिक अर्थ है जनमानस का गीत, जनमानस की आत्मा में रचा बसा गीत अर्थात् जो गीत सम्पति की तरह विरासत में मिले वही लोकगीत है। जिसमें किसी भी जाति, समुदाय, राष्ट्र की पहचान निहित रहती है। लोकगीत जनमानस के कंठ से निकले स्वाभाविक उद्‌गार है जो सनातन काल से हमारे समाज में आनंद की अनुभूति का संचार करने में शाश्वत रहे हैं। जिनके मधुर गीतों में अपने देश, नगर, गाँव की सोंधी महक चारों और छिटकी दिखाई देती है। जो आत्मीयता सहजता के रंगो मे अनुरंत होती है।२

लोक-साहित्य को जन-जीवन का दर्पण कहा जाय तो इसमें कुछ अत्युक्ति नहीं होगी। लोक-साहित्य जनता के हृदय का उद्‌गार है। इस का सबसे अधिक प्रभाव हमें ग्रामीण समाज जीवन में अधिक देखने को मिलता है। जब कोई त्यौहार हो, व्रत हो, या फिर अलग-अलग ऋतुओं का आगमन हो तब हमें लोकगीत सुनेको मिलते है।

भारतीय फिल्मों पर लोकगीतों का जिस प्रकार हमें प्रभाव देखने को मिलता है, वो दरसल एक महत्त्व की बात है। वो फिल्म चाहे हिन्दी हो या फिर गुजराती फिल्म हमें लोकगीतों का प्रभाव कहीं न कहीं देखने को जरूर मिलता है। लोकगीतों ने आज हिन्दी-गुजराती फिल्मों में सबसे अधिक अपनी छाप छोड़ी है। वह आज जिस प्रकार फिल्म का हिस्सा बनकर भारतीय संस्कृति का नेतृत्व करके सबको अपने प्रदेश में सीमित न रखकर पूरे देश में उसकी धूम मचाई है। अलग-अलग प्रदेश या भाषा का व्यक्ति हो परंतु भारतीय फिल्मों में हिन्दी-गुजराती लोकगीतों ने अपने प्रभाव के कारण उसकी गरिमा को और भी ऊँचाई पर लाकर खड़ी कर दी है। फिल्मों में लोकगीतों को रखकर उन लोकगीतों का प्रचार-प्रसार करने का काम अच्छी तरह से किया है। उसके कारण अलग-अलग भाषा के लोग भी उसको बड़ी मजे से उस गानों को सुंते है। प्रादेशिकता के प्रभाव को तोड़कर लोकगीतों को फिल्मों ने पूरे भारत के गीत बना दिए है। संजयलीला भंसारी ने हिन्दी फिल्मों में कई लोकगीतों को प्रकट करके उन्होंने उसका प्रचार करने का सबसे महत्व का काम किया है। उनकी काफी फिल्में आई जैसे - 'राम-लीला', 'देवदास', 'हम दिल दे चुके सनम', 'बाजीराव-मस्तानी' और 'पद्मावत' जैसी अनेक फिल्मों में लोकगीतों को रखकर उनका मान-सम्मान बढ़ाया है। लोकगीत क्या है? वह भी सबको याद दिलाया है। उन्होंने अपनी फिल्मों में गुजराती लोकगीतों का बड़ी अच्छी तरह से उसका प्रयोग करके उसके भाव को लोकमानस के मन में बैठाया है। जैसे उनकी एक फिल्म आई थी 'राम-लीला' उस फिल्म में गुजराती लोकगीतों को लेकर भंसारी जी ने अपनी एक अलग ही छाप छोड़ी और फिल्म सफल भी रही। उस फिल्म में लोकगीतों का प्रभाव सबसे ज्यादा दिखाई दिया। लोग बड़ी उत्साह के साथ उन फिल्म के गीतों को सुनने और देखने भी लगे। इस फिल्म में गीतों को खूब लोकप्रियता मिली। उस फिल्म

के कुछ गीत इस प्रकार है।

'भला मोरी रामा, भला तारी रामा

भला मोरी रामा, भला तारी रामा

भाई-भाई, हे भाई... भाई...।'३ (राम-लीला)

'मोर बनी थनगाट करे मन,

मोर बनी थनगाट करे,

मारू मन मोर बनी थनगाट करे...।'४ (राम-लीला)

इन गीतों में गुजरात के प्रदेश का गौरव-गान सुनाई देता है। जो झवेरचंद मेघाणी जी के प्रयत्न का फल है। उन्होंने अपने संपूर्ण साहित्य में लोक-साहित्य का बड़ी उत्साह के साथ काम किया। इसके अलावा ओर भी अनेक फिल्मों में लोकगीतों का प्रभाव दिखाई देता नजर आता है।

जैसे -

'ढोली तारो ढोल बाजे, ढोल बाजे, ढोल बाजे ढोल

के ढम-ढम बाजे ढोल.... ।'५ (हम दिल दे चुके सनम)

'डोला रे, डोला रे, डोला रे डोला

दिल डोला मन डोला तन डोला....।'६ (देवदास)

'पींगाग पोरी पींगाग पोरी

पींगाग पोरी पींगा....।'७ (बाजीराव-मस्तानी)

'केसरीया बालम आवोनी, पधारोनी मारे देश,

मारी घूमर छे नखरारी रे माँ मने,

घूमर रमवानी प्यासा....।'८ (एक पहेली लीला की)

हिन्दी फिल्मों में अनेक प्रदेश के लोकगीतों का समावेश किया गया। उसमे राजस्थानी, पंजाबी, गुजराती, मराठी, कश्मीरी आदि।

पंजाबी :-

पंजाबी लोकधूनों पर अनेक गीतों का निर्माण हुआ। उन गीतों ने फिल्मों में खूब लोकप्रियता हांसिल की जैसे -

'इक पंजाबण दिल चुरा के लै गई

सोणा-सोणा दिल मेरा सोणा....।'९ (मेजर साहब)

राजस्थानी :

राजस्थान की लोक-संस्कृति का चित्रण सही रूप हमें आज हिन्दी फिल्मों में प्रयुक्त उन गीतों के माध्यम से अच्छी तरह प्रकट होता है। इन गीतों को आज हिन्दी फिल्म में महत्त्व का स्थान प्राप्त हुआ है। उन प्रदेश की मिट्टी की खुश्बू आज भी इन गीतों के द्वारा चारों और महक रही है।

'नीबूड़ा - नीबूड़ा नीबूड़ा अरे,

काच्चा - काच्चा छोटा - छोटा

नीबूड़ा लाई दो....।' १० (हम दिल दे चुके सनम)

गुजराती :

हिन्दी फिल्मों में गुजरात के लोकजीवन की गाथा आज भी उन लोकगीतों के द्वारा प्रस्तुत होती है। इन गीतों ने आज भी अपना अस्तित्व टीकाया हुआ है।

'ढोल बाजे, ढोल बाजे,

धाई - धाई धम्म धम्म धाई

नगाड़े संग ढोल बाजे...।' (११) (राम-लीला)

इस गीत में गुजराती लोकगीत का कुछ अंश लिया गया है जैसे - 'लीली लेमड़ी रे लीलो नागर वेलनो छोड़' उस प्रकार हिन्दी फिल्म में गुजराती लोकगीत को भी स्थान प्राप्त हुआ है।

मराठी :-

महाराष्ट्र हिन्दी फिल्मों का प्रमुख नगर है। वहा से

फिल्मों का आरंभ हुआ। हिन्दी फिल्मों में मराठ लोकगीतों का भी प्रभाव दिखाई देता है।

'लो चली मैं अपने देवर की

बारात लेकर लो चली मैं....।'१२

(हम आपके है कौन)

कश्मीरी :-

कश्मीरी लोकधून पर बने ये गीत कश्मीर प्रदेश का रसपान कराता है -

'भूमरो - भूमरो श्याम रंग भूमरो

आये हो किस बगिया से....।'१३ (मिशन-कश्मीर)

आज फिल्मी दुनिया में लोकगीतों का बोलबाला है। उनका स्थान सबसे ऊपर है। लोकगीत के कारण फिल्में सफलता प्राप्त करती है। जन मानस के हृदय में बसा हुआ गीत है, जो हर भारत के निवासी को उनकी और आकर्षित करता है।

'समय बदल रहा है, समाज बदल रहा है, आजकल फिल्म के कथानक का संपूर्ण वातावरण भले ही ऐसा न हो कि उसमें लोक की संस्कृति में पके गीतों के नगों को जोड़ा जा सके, भले ही वे वही अलग से चिपकाए हुए हों किन्तु दर्शकों को लुभाते अवश्य हैं, क्योंकि लोकगीतों में काव्यात्मकता है, गावों की स्निग्धता है, विचारों की उदात्तता है, तथा उनमें स्वस्थ मानव मन को स्पर्श करने की क्षमता होती है, लोकगीतों में मनुष्य की हृतंत्री को छेडने की उद्‌भुत ताकत है, यही वजह है कि फिल्मकार अपनी फिल्मों में लोकगीतों के प्रयोग का लोभ संचरण नहीं कर पाता, इसका व्यावहारिक पहलू भी है, वह यह कि लोकगीत फिल्मों में अपना व्यापक प्रभाव छोड़ते हैं, बड़ी संख्या में दर्शक बटोरते हैं, फिल्मों की व्यावसायिकता को बढ़ाने के साथ सांस्कृतिक तत्त्वों के प्रति लोगों का जागृत भी करते हैं, इसीलिए स्वाभाविक है कि समाज से उपजे लोकगीत यदि सकारात्मक दृष्टि से फिल्मांकित किए जाएँ तो वे समाज पर अपना सकारात्मक प्रभाव ही छोड़ेंगे।'१४

इस प्रकार हम कह सकते है कि आज फिल्मों में लोकगीतों का प्रभाव सबसे अधिक मात्रा में दिखाई देता है। जो फिल्म की सफलता में महत्त्व की भूमिका अदा करती है। उसके द्वारा भारतीय संस्कृति को तरोताजा रखती है।

संदर्भ सूची :

१. लोकगीतों की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, विद्या चौहान, पृ. ७३

२. साहित्य और सिनेमा बदलते परिदृश्य में संभावनाएँ और चुनौतियाँ, सं. डॉ. मीरा सक्सेना, पृ. १५१

३. फिल्म : राम-लीला

४. फिल्म : राम-लीला

५. फिल्म : हम दिल दे चुके सनम

६. फिल्म : देवदास

७. फिल्म : बाजीराव-मस्तानी

८. फिल्म : एक पहेली लीला की

९. फिल्म : मेजर साहब

१०. फिल्म : हम दिल दे चुके सनम

११. फिल्म : राम-लीला

१२. फिल्म : हम आपके है कौन

१३. फिल्म : मिशन -कश्मीर

१४. साहित्य और सिनेमा बदलते परिदृश्य में संभावनाएँ और चुनौतियाँ, सं. शैलजा भारद्वाज (लोकगीत एवं सिनेमा, डॉ. अनीता शुक्ला) पृ. ८४-८५

पीएच.डी. शोधछात्र

स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग,

सरदार पटेल विश्व विद्यालय, वल्लभ विद्यानगर

मो. ०९७१४५०८९६२

२०. 'उखड़े हुए लोग' उपन्यास की मूल संवेदना

बाबू चौधरी

राजेन्द्र यादव का दूसरा उपन्यास 'उखड़े हुए लोग' १९५६ में प्रकाशित हुआ था । इस उपन्यास में लेखक ने तत्कालीन भ्रष्ट राजनैतिक व्यवस्था की पोल खोलने की कोशिश की है। उसे राजनीतिक उपन्यास भी कह सकते हैं।

'उखड़े हुए लोग' उपन्यास में लेखक ने राजनैतिक एवं सामाजिक स्थिति का भीषण मार्मिक एवं हृदयद्रावक चित्र प्रस्तुत किया है। इसमें परिवेश से उखड़े हुए लोगों का यथार्थ चित्र है। 'उखड़े हुए लोग' उपन्यास आधुनिक नेता वर्ग पर करारा व्यंग्य करता है। इसमें साम्यवादी विचारधारा की ऊँची-ऊँची बाते करनेवाले नेताओं की काली करतूतों का भण्डाफोड़ किया गया है।

आधुनिक नेता विवेक और नैतिकता का त्याग कर चुके हैं। स्वार्थ-सिद्धि उसका परम लक्ष्य है। देशभक्ति के प्रमाण के लिए वह त्याग न करके जनता को सर्वस्व समर्पण करने के लिए विवश करते हैं । दोहरे व्यक्तित्व से युक्त वे एक ओर जनसेवक माने जाते हैं तो दूसरी ओर अन्धकार के गर्त में डूबे हुए शोषण, अनाचार और अनैतिकता का आश्रय ले कर निरीह जनता पर अत्याचार करते हैं । काला-बाजार द्वारा असीम धनराशि हथिया कर वे महलों का निर्माण करते हैं। इन्हीं अट्टालिकाओं की आड़ में बाह्य चमक-दमक के भीतर छिपा हुआ उनका पशु रूप भी इस उपन्यास में उजागर हुआ है।

इस उपन्यास का पात्र भी देशबन्धु संसद सदस्य है - जो 'स्वदेश महल' में अपनी पत्नी तथा पुत्र से अलग होकर अपनी रखैल मायादेवी तथा उसकी पुत्री पद्मा के साथ रहते हैं । वह समाज सेवा का काम करते हैं । गीता का पाठ करते हैं । मिल जलाकर धन कमाते हैं और नेतागीरी करते हैं । वे संत भी माने जाते हैं और नेता के नाम से पुकारे जाते हैं । उनके चरित्र को उभारने में राजेन्द्र जी ने अपना समस्त कला-कौशल्य लुटाया है।

'नेता मैया' का बाह्य व्यक्तित्व सौम्य शिष्ट एवं प्रभावशाली है । संयमी, नियंत्रित, नि:स्वार्थ दिखाई देनेवाले हंसमुख देशबन्धुजी पूँजीपति हैं । जो मजदूरों के प्रति उपरी तौर पर सहानुभूति दिखाकर छल-कपट धूर्तता एवं अनाचार द्वारा अपने दुस्साहस के बल पर अन्तर्मन से निम्न वर्ग का अहित चाहते हैं। गिरगिट की तरह रंग बदलने वाले देशबन्धुजी पल में तोला, पल में माशा बन जाते हैं । मजदूरों की मृत्यु पर केवल दु:खी ही नहीं होते, अपितु उनकी सहायता के लिए उनमें अनाजों के बोरे बँटवाते हैं। इस दयालु प्रदर्शन के बाद उनका शोषण करते हैं। यथा - 'बाहर वालों की दृष्टि में वे त्याग की प्रतिमूर्ति, समाज के सच्चे सेवक, उदाराशय तथा धर्मात्मा व्यक्ति है किन्तु निकट आने पर मालूम पडता है कि उनकी देशसेवा, उदारता, विनम्रता, धार्मिकता आदि सब ऊपरी आडंबर है। वह पक्के धूर्त पूँजीपति, शोषक, स्वार्थी तथा कामुक व्यक्ति है अपनी मीठी बोली से सीधे-सादे लोगों को फाँसकर उनका रक्त चूसने में नेताजी सिद्धहस्त है।'१

देशबंदु जी की गिरगिट की तरह रंग बदलने की कला से शरद चौक उठता है। यह आदमी सोचता क्या है और करता क्या है ? अस्पताल में मरे हुए मजदूरों को देखकर दु:ख प्रकट करता है और जैसे ही गाड़ी में बैठता है तो चम्पक जी कहता है कि पाँच की जगह पाँच हजार मरे होते तो अच्छा होता । यह सुनकर शरद तो अवाक रह जाता हैं । वे उसके बारे में सोचने लगता है कि - 'कैसे यह एकदम बदल लेता हैं अपने आपको ? कम्बख्त गजब का एक्टर है।'२

शरद के मन में विचार आया कि उसकी गाड़ी का काँच फोड़ दिया जाय। क्या वह उस पाँच मजदूर में होता तो क्या ऐसा सोचता ? देशबन्धुजी मायादेवी का संसार उजाड़ कर उसकी संपत्ति हथिया लेते हैं। उसके पति को जहर देकर अपने मार्ग का काँटा हटा देते हैं। औरत उनकी दुर्बलता है। न केवल मायादेवी अपितु उसकी बेटी पदमा एवं अपनी पुत्रवधू के प्रति भी उनकी कामुक विचारधारा है । मायादेवी और देशबन्धु अमानवीय तथा अविश्वसनीय होने का आभास नहीं देते। फलत: 'माया देशबन्धुजी के लिए पति का घर उजाड़ देती है। जहाँ जड और मूर्ख राक्षसों के सामने संस्कृति की नुमाइश लगाई जाती है।

बदचलन माँ की नेकचलन बेटी पदमा को खिड़की से कूदकर आत्महत्या करनी पड़ती है।'३

इस उपन्यास के विविधपात्र देशबन्धु, मायादेवी, पदमा, सूरज, कपिल, जया, शरद आदि विभिन्न वर्गों का प्रतिनिधित्व करते हैं। आज समाज के वे लोग उखड़ गये हैं। जिन्हें समाज ने अपनी आडंबरप्रियता और ढकोसलेबाजी से जीवित रहने का अधिकार देते हुए भी परिस्थितिवश उखड़ने के लिए विवश कर दिया है। यथा – 'आजादी के बाद बदलते हुए जीवन मूल्यों को इन्होंने बड़ी पैनी दृष्टि से देखा है और अपनी रचनाओं में सामाजिक विघटन, पूँजी और सत्ता के अनैतिक गठबन्धन पुरातन संस्कार और नवजागरण के संघर्ष में से अपना रास्ता बनाती हुई मध्यवर्ग की नई पीढ़ी का चित्रण किया है।'४

उपन्यास का नायक शरद और उसकी प्रेमिका जया सम्मिलित जीवन-यापन करने का निश्चय करके सामाजिक रूढियों का साहसपूर्ण विद्रोह करते हुए देशबन्धु की शरण में स्वदेश महल में प्रवेश करते हैं। किन्तु शीघ्र ही वहाँ के वातावरण से परिचित होते ही जहाँ से आये थे वहाँ लौट जाते हैं। शरद और जया भागकर एक साहस का काम करते हैं। उनके इस साहस के बारे में डॉ. सुषमा धवन का कथन है – 'शरद तथा जया का साहस उनकी दृढ़ता का सूचक है। परन्तु एक रूढि को तोड़कर वे दूसरे समझौते के मोहजाल में फँस जाते हैं। उनके लिए आज विवाह एक समझौता है और इसके अतिरिक्त कुछ हो भी नहीं सकता। शरद और जया का घर से भाग जाना इस जीवन-दृष्टि का परिणाम है।'५

शरद देशबन्धु की छत्रछाया में व्यवस्थित जीवन-यापन करना चाहता है किन्तु असफल होता है। जीवन के अनुभवों की दृष्टि से यह कृति नये उपन्यासों में अपना विशिष्ट स्थान रखती है। देशबन्धु के चक्र में फँसकर- 'आज का मध्यवर्गीय युवक किस तरह सामाजिक नियंत्रण को अस्वीकारता है। किस तरह सपनों का जाल बुनता है किस तरह समझौतों की शरण लेकर अपने व्यक्तित्व का दमन करता है। इसका विस्तृत चित्रण उपन्यास में मिलता है।'६

सूरज 'बिगुल' का सम्पादक और देशबन्धु का कलम घसीट हो गया है। जो विद्रोही प्रकृति का होते हुए भी साम्यवाद का समर्थक है। नेताओं की मनोवृत्तियों से परिचित वह देशबन्धु से घृणा करता है। जीवन से उदासीन, प्रेम में असफल सूरज, जया व शरद का प्रशंसक है। युवा वर्ग की भावनाओं का वह समर्थक है। वह लोगों की हिम्मत का बहुत-बहुत आदर करता है। काश, यह हिम्मत सब जगह होती तो – 'अगले शब्द उनके गले में आकर अटक गये। फिर सारी झिझक को एकदम धकेल कर उन्होंने कह ही डाला तो सूरज की जिन्दगी कुछ और होती।'७

आजीवन परिस्थितियों से जूझता सूरज अदम्य उत्साही एवं कर्मठ है। साम्यवादी विचारधारा के पोषक के रूप में लेखक ने इसका निर्माण किया। मजदूर वर्ग के प्रति उसे सहानुभूति थी। डॉ. इन्द्रवदन मदान के मतानुसार – 'सूरज का सनकीपन अतिरंजित होने के बावजूद साँचे में ढाला हुआ नहीं है। इसका मूल कारण यह, कि यादव इस उपन्यास में आधुनिकता की चुनौती को प्राय: संवेदना के स्तर पर स्वीकारते है और उस पर मतवाद को हावी होने से बचा लेते है।'८

कपिल मध्यवर्ग की पारिवारिक समस्याओं में उलझा हुआ शिक्षित नवयुवक है। जो बाह्य स्तर पर देशबन्धु की निन्दा करता है, किन्तु सिद्धि के लिए उसके समीप झुकता भी है। सेक्स पर खुलकर बातचीत करनेवाला कपिल अपनी ही पत्नी के प्रति विचारों में भी संकीर्ण है।

प्रस्तुत उपन्यास अत्यंत सार्थक है। उपन्यास के हर पात्र उखडे हुए से महसूस होते है। उनके जीवन में न सुरक्षा और न स्थायीपन दिखाई देता है, न सामाजिक नींव उनके लिए गतिशील है, जिस से वह अपने पैर उस पर टिका सके। जया, शरद, मायादेवी, पदमा, सूरज, कपिल सभी परिस्थितियों से समझौता करना चाहते है किन्तु विवशता वश उखड़ने लगते हैं। हिन्दी उपन्यास ग्रंथ के अन्तर्गत डॉ. शिवनारायण श्रीवास्तव ठीक ही लिखते हैं – 'वर्तमान सामाजिक, आर्थिक, पारिवारिक एवं उनसे उद्‌भूत जीवन कुण्ठाओं के संदर्भ में मनुष्य के बहुपक्षीय व्यक्तित्व उसकी दुर्बलताओं, उसके नवीन बौद्धिक एवं भावनागत आदर्शो और यथार्थ जीवन स्थितियों के संघर्ष से अदभुत उसकी विवशताओं के चित्रण में लेखक ने बड़े कौशल का परिचय दिया है।'९

'उखड़े हुए लोग' उपन्यास में लेखक ने शिल्प के

विविधआयामों का चित्रण किया है। उनकी भाषा में विविधबिम्ब और प्रतीकों का प्रयोग भी मिलता है। इस उपन्यास का नेता 'स्वदेश महल' का प्रतीक है। काली करतूतों का जो रहस्य-जाल हमारे राजनेता आज़ाद भारत में बुनते हैं, 'स्वदेश महल' का रहस्य-जाल कुछ वैसा ही है। 'उखड़े हुए लोग' उपन्यास की भाषा प्रभावशाली हैं, इस बात में दो-राय नहीं। 'उखड़े हुए लोग' उपन्यास में लेखक ने विविधसूक्तियों का प्रयोग भी किया है।

'उखड़े हुए लोग' उपन्यास में राजेन्द्र यादव जी ने गीत योजना का प्रयोग भी किया है। पद्मा अपनी पीड़ा को गीत के माध्यम से व्यक्त करती नजर आती है।

यथा –

'है री मैं तो दरद दिवाणी, मेरा दरद न जाने कोय..
घायल की गति घायल जाने, की जिन लाई होय..।'

गीत योजना के कारण 'उखड़े हुए लोग' उपन्यास की भाषा में वैविध्यता की सामंजस्यता भी मिलती है।

सन्दर्भ :

१. शिवनारायण श्रीवास्तव – हिन्दी उपन्यास, पृ. ४८१
२. राजेन्द्र यादव – उखड़े हुए लोग, पृ. २८१
३. शांति भारद्वाज – हिन्दी उपन्यास : प्रेम और जीवन, पृ. २४८
४. सं. हरिवंशराय बच्चन – समसामयिक हिन्दी साहित्य, पृ. १७४
५. सुषमा धवन – हिन्दी उपन्यास, पृ. ३२३
६. वही, पृ. ३२५
७. राजेन्द्र यादव – उखड़े हुए लोग, पृ. २५०
८. डॉ. इन्द्रनाथ मदान – आज का हिन्दी उपन्यास, पृ. ७२
९. डॉ. शिवनारायण श्रीवास्तव – हिन्दी उपन्यास, पृ. ४८६

हिन्दी विभाग,
आर्ट्स कॉलेज, वडनगर
गुजरात

डॉ. दिलीप मेहरा को राष्ट्र भाषा रत्न पुरस्कार से नवाजा गया

हिन्दी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के वार्षिक अधिवेशन में आचार्य दिलीप मेहरा को राष्ट्र भाषा रत्न पुरस्कार प्रदत्त किया गया। श्री बांके बहादुर अरोरा (पठानकोट) को भाषारत्न, डॉ. ईसरास मुहम्मद खान को भाषारत्न, हरिशंकर वट को साहित्य रत्न, डॉ. आर. के. आहिरवार को साहित्य रत्न, चंद्रप्रीति अरोरा को संगीत रत्न, नरेन्द्रसिंह कुशवाहा को साहित्य रत्न आदि की उपाधियाँ देकर सम्मानित किया गया था। यह समग्र कार्यक्रम उज्जैन में ता. २८-१-२०१८ को लालचंद गोमे की अध्यक्षता एवं डॉ. तारा परमार की निगरानी में सम्पन्न हुआ।

२१. आधुनिक हिन्दी काव्य में महात्मा गाँधी की मौजूदगी

डॉ. हसमुख परमार

महात्मा गाँधी एक ऐसा नाम, एक ऐसी शख्सियत जिससे आज शायद ही कोई अनजान रहा हो । परतंत्र भारत, स्वतंत्र भारत, आधुनिक भारत इन विषयों पर जब बात करें तो इस नाम व इनके काम का जिक्र अवश्य होता है। ब्रिटीश सत्ता के कारावास से हिन्दुस्तान को मुक्त कराने में इनकी अहम् भूमिका रही। इसमें कोई सन्देह नहीं कि यह भगीरथ कार्य महात्मा गाँधी की जगविख्यात पहचान का प्रधान कारण रहा है, किन्तु इसके साथ इनके व्यक्तित्व ने, इनकी जीवनशैलीने, इनके चिन्तनने, विविधक्षेत्रों में इनके सराहनीय योगदानने इन्हें अबालवृद्ध में लोकप्रिय बनाया। इस महात्मा के चरित्र व चिंतन से जनजीवन में एक नवीन ऊर्जा का संचार होता है। आज भी इस महापुरूष का व्यक्तित्व हमारे जीवन को एक सही दिशा की ओर, एक सही पथ पर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता है। इस महात्मा के बारे में चाहे जितना कहा जाए, लिखा जाए शब्दों का अपव्यय कदापि नहीं माना जाएगा। रामधारीसिंह दिनकर लिखते है - 'महात्मा गाँधी ने भारतीय संस्कृति पर इतनी अधिक दिशाओं में प्रभाव डाला है कि उनके समस्त अवदान का सम्यक मूल्य निर्धारित करना अभी किसी के लिए संभव नहीं दिखता । खान-पान, रहन-सहन, भाव-विचार, भाषा और शैली, परिधान, दर्शन और सामाजिक व्यवहार एवं धर्म-कर्म-राष्ट्रीयता और अंतरराष्ट्रीय भारत में जो भी आचार और विचार प्रचलित है, उनमें से प्रत्येक पर कहीं न कहीं गांधीजी की छाप है।'१

भारतीय संस्कृति, धर्म, समाज, राजनीति, आर्थिक व्यवस्था, भाषा, शिक्षा आदि अनेक विषय-क्षेत्रों से संबंधी गाँधीजी का चिंतन बहुत ही महत्त्वपूर्ण है । 'गाँधी दर्शन' या 'गाँधीवाद' को कौन नहीं जानता? इसके प्रभाव से कौन अछूता है । गाँधी-इर्विन समझौते के पश्चात महात्मा गाँधीजी ने कहा था कि गाँधी मर सकता है पर गाँधीवाद सदा जीवित रहेगा ।२ इस महापुरूष ने जो-जो कहा वह स्वयं के जीवन में जी कर दिखाया । 'मेरा जीवन ही मेरा संदेश है' का सूत्र देनेवाले इस महात्मा की कथनी और करनी में साम्यता ने इनको समाज के पूजनीय व आदर्श बना दिया। प्रीतम शर्मा के शब्दों में 'राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी का नाम आते ही उनका विश्ववंद्य व्यक्तित्व साकार हो जाता है। मानवता के संपोषक और संवर्धक, सत्य-अहिंसा और न्याय के पक्षधर और कथनी-करनी की एकता के मूर्तिमंत उदाहरण महात्मा गाँधी ने विश्व को जो वैचारिक अवदान अपने सूक्ष्म और गहन चिंतन के माध्यम से प्रदान किया, वह प्रशंसनीय और श्लाधनीय तो है ही, अनुकरणीय और पालनीय भी है । यही कारण है कि उन्हें विश्वमानवतावादी, अप्रतिम मनस्वी और नीतिवान दार्शनिक कहा जाता है ।.... गाँधीजी का चिन्तन युग सापेक्ष ही नहीं वरन शाश्वत जीवन मूल्यों की चिरंतन अभिव्यक्ति है।'३

साहित्य के अंतर्गत महात्मा गाँधी को तीन रूपों में देखा जा सकता है । गाँधीजी की प्रसिद्ध आत्मकथा, कुछ रचनाएँ, निबंधआदि साहित्य व भाषा संबंधी उनके विचार यानि सर्जन और समीक्षा में इनकी देन को, कम मात्रा में ही सही, नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दूसरा संदर्भ महात्मा गाँधी की विचारधारा का साहित्य पर प्रभाव। इससे प्रभावित साहित्य परिमाण और गुणवत्ता उभय दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। तीसरे रूप में उन साहित्यिक रचनाओं को देखा जा सकता है जिनका प्रतिपाद्य ही गाँधीजी का जीवन, इनका व्यक्तित्व, इनके कार्य रहा है। प्रस्तुत शोधालेख इस तीसरे संदर्भ से जुड़ा है। सिर्फ हिन्दी ही नहीं बल्कि लगभग सभी भारतीय भाषाओं के साहित्य में गाँधी पर कुछ न कुछ अवश्य लिखा गया है। यह मौजूदगी शिष्टसाहित्य के अतिरिक्त लोकसाहित्य में भी देखी जा सकती है। यहाँ पर कुछ ऐसी चयनित आधुनिक हिन्दी कविताओं का उल्लेख व थोडी बहुत चर्चा की गई है जिनमें महात्मा गाँधी एक व्यक्ति विशेष का व्यक्तित्व केन्द्र में रहा है।

डॉ. यश गुलाटी ने अपनी 'बृहत् साहित्यिक निबंध'

पुस्तक में 'गाँधीवाद और आधुनिक हिन्दी साहित्य' निबंधके अंतर्गत हिन्दी में गाँधीजी पर लिखी गई कविताओं के विविधरूपों एवं रचनाओं की सूची प्रस्तुत की है। इन्हों ने लिखा है कि - 'हिन्दी में गाँधीजी पर लगभग एक दर्जन प्रबन्धकाव्य लिखे गए हैं, जिनमें गोकुलचन्द शर्मा का 'गाँधी-गौव' (खण्ड काव्य)', ठाकुर प्रसाद सिंह का 'महामानव' (महाकाव्य-१९४६), रघुवीर शरण मित्र का 'मन नायक' (महाकाव्य १९४९), ठाकुर गोपाल शरण सिंह का 'जगदालोक' (महाकाव्य १९५२) नटवरलाल स्नेही का 'गाँधी मानस' (महाकाव्य १९५१) विद्याधर महाजन का 'श्री गाँधी चरित मानस' (महाकाव्य), महेशचंद्र प्रसाद का 'गाँधी चरित' (महाकाव्य) सियाराम शरण गुप्त का बापू, डॉ. दिनेश का 'विश्वज्योति बापू', अनूप शर्मा का 'महात्मा गाँधी' आदि को ऐतिहासिक स्थान मिला है । इन प्रबंधकाव्यों में गाँधीजी धीरोदात्त नायक के रूप में प्रतिष्ठित है। कहीं उन्हें देवत्व प्राप्त हुआ है और कहीं मनुष्य का। गाँधीजी के व्यक्तित्व-कृतित्व और उनके विविधपक्षों को लेकर हिन्दी में सहस्त्राधिक कविताएँ लिखी गयी है । जो कि मुक्तक अथवा स्फुट के अन्तर्गत आती है। इनमें गाँधीजी की प्रशस्तियों, गुण-गान तथा महत्त्व निरूपण का उद्घोष है । सोहनलाल द्विवेदी ने 'गाँधी अभिनन्दन ग्रंथ' में गाँधी पर लिखित समस्त भारतीय भाषाओं की कविताओं का श्रेष्ठ एवं अप्रतिम संकलन किया है।४

सन् २००७ में गूजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद से प्रकाशित 'गाँधी काव्यायन' डॉ.अम्बाशंकर नागर एवं डॉ.शशि पंजाबी द्वारा संपादित गाँधी-केन्द्रित हिन्दी की महत्वपूर्ण कविताओं का संग्रह है । इसमें हिन्दी के इक्यावन कवियों के प्रस्तुत विषय संबंधी कुछ मुक्तक काव्य तथा बारह कवियों के महत्त्वपूर्ण प्रबंधकाव्य के कुछ अंश समाविष्ट किये गए है। प्रस्तुत संकलन की कविताओं में निरूपित विषय व इन कविताओं के रचयिताओं के संबंधमें संग्रह की भूमिका में लिखा गया है - 'रसज्ञ पाठकों इस काव्यग्रंथ में देखने को मिलेगा कि इसमें सिर्फ गाँधी का यशोगान ही नहीं, किन्तु उनके भव्य जीवन और कार्य में कहीं किसी रूप में वैशिष्ठ्य था, जो कवि को झकझोरता है और उसे काव्य में अवतरित करने के लिए उसे बाध्य करता है।'५

छायावादी काव्य के प्रमुख कवि होने के साथ-साथ सुमित्रानंदन पंत के काव्य में समय के साथ संवेदना के स्तर पर क्रमशः परिवर्तन होता रहा है । बहुमुखी प्रतिभा से सम्पन्न रचनाकार पंतजी अपने युग की लगभग सभी विचारधाराओं से प्रभावित रहे। महात्मा गाँधी, कार्ल मार्क्स, महर्षि अरविंद जैसे महापुरूषों के दर्शन के प्रभावस्वरूप इनकी कविताओं में विचार व भावसौन्दर्य में वैविध्य मिलता है । हिन्दी कथा-साहित्य में प्रेमचंद युग, हिन्दी कविता में छायावाद युग तथा भारतीय राजनीति व समाज में गाँधीयुग इन तीनों का आगमन लगभग एक साथ ही होता है।

आधुनिक हिन्दी काव्य के द्वितीय सोपान द्विवेदीयुगीन कविता में महात्मा गाँधी की विचारधारा व उनका चरित्र देखा जा सकता है, किंतु छायावादी काव्य में प्रत्यक्ष रूप से गाँधी-दर्शन एवं उनके व्यक्तित्व का प्रभाव कम दिखता है । ''यह आश्चर्यजनक तथ्य है कि जब देश महात्मागाँधी के नेतृत्व में आंदोलन रत था, छायावादी कविता समसामयिक घटनाक्रम से विरत होकर अपना अलग आलाप ले रही थी। यद्यपि गाँधीजी के मानवतावाद की स्थापना के स्वर इस कविता की एक विशेषता के साथ जुड़े है, किंतु उसमें उस नाद सौन्दर्य की संपूर्णता नहीं है, जो द्विवेदीयुगीन कविता में थी । इस काल की कविता जनआन्दोलन से पलायन कर द्रुमों की मृदुछाया में विश्राम करने लगी थी । प्रसाद, पन्त, निराला, महादेवी वर्मा, डॉ.रामकुमार वर्मा, रामेश्वर शुक्ल, अंचल प्रभृति कवियों ने गांधी-दर्शन का न्यूनाधिक प्रभाव ग्रहण किया है।''६

सुमित्रानंदन पंत ने इन शब्दों में गाँधीयुग का स्वागत किया है -

'देख रहा हूँ, शुभ्र चाँदनी का-सा निर्झर,
गाँधी-युग अवतरित हो रहा जनधरणी पर।
विगत युगों के तोरण, गुम्बद, मीनारों पर,
नव-प्रकाश शोभा-रेखाओं का जादूभर।

संजीवन पा जाग उठा हो राष्ट्र का मरण,

छायाएँ-सी आज चल रही भू पर चेतन

जन-मन में जग, दीपशिखा के पगधर नूतन,

भावी के नव-स्वप्न धरा पर करते विचरण।'७

कविता की इन पंक्तियों में कवि ने गाँधी के चिंतन एवं इनकी गरिमा का वर्णन किया है। राष्ट्र में नवचेतना की लहर फैलाने वाले महात्मा गाँधी के विचार व कार्य देश के लिए संजीवनी शक्ति के समान है।

पंतजी की बापू के प्रति, बापू, गाँधीयुग, श्रद्धांजलि, खादी के फूल, वन्दना आदि गाँधी केन्द्रित बहुचर्चित कविताएँ हैं ।

'बापू' कविता पंत के 'युगवाणी' संग्रह में संग्रहीत है। इसका रचनाकाल सन् १९३७ है। अपने विचार, कार्य, जीवन शैली एवं इनके द्वारा मानवसमाज को दिए गए संदेश ने इन्हें विश्वविख्यात बनाया। देशवासियों के लिए आज भी वह एक पथप्रदर्शक व आदर्श बने हुए है। ऐसे गरिमामय व्यक्ति का अभिवादन करते हुए कवि इस कविता में लिखते है -

'नव संस्कृति के दूत! देवताओं का करने कार्य

मानव आत्मा को उबारने आये तुम अनिवार्य।'८

हिंसा, क्रोध, घृणा, आदि से भरे वर्तमान मानवजीवन को देखते हुए कवि को चिंता है कि इस देश का भविष्य कैसा होगा। अत: कवि बापू से प्रश्न करते हैं कि 'किन तत्त्वों से गढ़ जाओगे तुम भावी मानव को ?' मानवजीवन जिन दुष्प्रवृत्तियों के अंधकार से घिरा है, क्या वह गाँधी के प्रयत्नों से मुक्त होगा ? वर्तमान माहौल को देखते हुए कवि इस तरह के प्रश्न जरूर उठाते है, किंतु वे महात्मा गाँधी के व्यक्तित्व व चिंतन से ज्यादा प्रभावित है। वह कहते है कि गाँधीजी के विचारों में जो आत्मशक्ति है, जिससे हमारे मन और प्राणों को एक ऊर्जा मिलती है।

हिन्दी में हालावाद के प्रवर्तक एवं इस प्रवृत्ति के एक सफल कवि के रूप में हरिवंशराय बच्चन की पहचान है। हालावादी काव्यप्रवृत्ति के अतिरिक्त बच्चन की कविताओं में अन्य विषयों का भी स्पर्श है। इनकी गाँधी विषयक कविताओं में से एक महत्त्वपूर्ण रचना है - 'दीप का निर्वाण'। गाँधी-रूपी दीप का निर्वाण करनेवाले कविने इस कविता में महात्मा गाँधी के जन्म से, इनके कार्य से देश में किस तरह का परिवर्तन हुआ, इस महात्मा ने मनुष्यता के लिए, देश के कल्याण हेतु कौन कौन से कार्य किये, इसका विवरण है।

'हो गया क्या देश के सबसे सुनहले दीप का निर्वाण!

वह जगा क्या, जगमगाया देश का

तम से घिरा प्रसाद :

वह जगा क्या, मानवों का स्वर्ग ने

उठकर किया आह्वान।

हो गया क्या देश के

सबसे सुनहले दीप का

निर्वाण।'९

गाँधीरूपी दीप के जगने से मानो देशवासियों की तकदीर जग गई। इनमें स्वतंत्रता की भावना प्रबल हो गई। इस महापुरूष ने भारतीय समाज के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। इनके व्यक्तित्व के प्रभाव से भारतीयों में रहे सन्देह, भय, प्रेम आदि एक तरह से दूर हो गए। देश को गुलामी की बेडियों से मुक्त कराना गाँधीजी के जीवन का मुख्य लक्ष्य जरूर था किंतु कवि कहते है कि सिर्फ यही एक लक्ष्य इनके जीवन का नहीं था बल्कि इससे भी आगे वे चाहते थे मनुष्यता, मानवप्रेम का प्रचार। इससे एक सवाल यह भी जुड़ा है कि क्या इनका यह स्वप्न पूरी तरह से साकार हो सका है?

'लक्ष्य उसका था नहीं, करके महज

इस देश को आजाद

चाहता वह था कि दुनिया आज की

नाशाद हो फिर शाद

नाचता उसके दृगों में था नए

मानवजगत का ख्वाब'

बुझ गया वह दीप जिसकी थी नहीं

जीवन-कहानी पूर्ण

वह अधूरी क्या रही, इन्सानियत का

रूक गया क्या देश के

सबसे प्रगतिमय दीप का निर्वाण।१०

सामाजिक यथार्थ को अपनी कविताओं में निरूपित करनेवाले मूकत: प्रगतिवादी कवि नागार्जुन की भी गाँधीजी के प्रति अपार श्रद्धा रही है। 'तर्पज', 'तीनो बंदर बापू के' जैसी कविताएँ इसका प्रमाण है। एक प्रगतिवादी कवि के रूप में ख्यात नागार्जुन के समग्र काव्य-संसार को देखने पर यह भी स्पष्ट हुए बिना नहीं रहेगा कि प्रगतिवादी संवेदना के अलावा उन्होंने अन्य विषयों को भी अपनी कविताओं में लिया है। वे कई चिंतकों से प्रभावित भी रहे है। 'प्रगतिवादी कवियों में नागार्जुन बहुचर्चित है। स्वाधीनता संग्राम के दिनों में जैसे अनेक प्रकार के राष्ट्रगान-प्रभाती और उद्‌बोधन गीत और कविताएँ नागार्जुन ने लिखि है। उन गानों में निष्ठा अधिक थी, इन कविताओं में व्यंग्य अधिक है जो सटीक तुकों के प्रयोग से पैना हो जाता है। आंदोलनों के वैविध्य और बदलते स्वरूप से कवि की आस्था में भी परिवर्तन आते गए है - गाँधी, मार्क्स, विनोबा, जयप्रकाश अलग-अलग समयों में कवि के नायक रहे।'११

समाज के यथार्थ चित्रण में कवि बहुत ही सिद्धहस्त रहे है। कई कविताओं में व्यंग्य की पैनी धार देखी जाती है। आजादी के बाद के हमारे ऐसे नेताओं पर कवि व्यंग्य करते है जो गाँधी के नाम पर अपना स्वार्थ तो सिद्ध कर लेते है, परंतु गाँधीजी के आदर्शो से इनका दूर दूर तक का संबंधही नहीं रहा।

'बेच बेच कर गाँधीजी का नाम

बटोरे वोट

बैंक बैलेन्स बढ़ाओ

राजघाट पर बापू की वेदी के आगे अश्रु बहाओ।'

संदर्भ सूची :

१. संस्कृति के चार अध्याय, रामधारीसिंह दिनकर, पृ. ६१७

२. बृहत् साहित्यिक निबन्ध, डॉ. यश गुलाटी, पृ. ६८३

३. गाँधीजी ने कहा था, सं. भंवरलाल, फ्लेप से।

४. बृहत् साहित्यिक निबन्ध, डॉ. यश गुलाटी, पृ. ६८४-६८५

५. गाँधी काव्यायन, सं. डॉ. अम्बाशंकर नागर, डॉ. शशी पंजाबी, भूमिका से पृ. ६

६. शोधार्णव (पत्रिका-जुलाई-सितम्बर-२००८) लेख-आधुनिक हिन्दी काव्य पर गाँधी का प्रभाव, डॉ. लखनलाल खरे, पृ. १४

७. बृहत् साहित्यिक निबंध, डॉ. यश गुलाटी, पृ. ६९६

८. रश्मिबन्ध, सुमित्रानंदन पंत पृ. ७२

९. गाँधी काव्यायन, सं. डॉ. अम्बाशंकर नागर, डॉ. शशि पंजाबी पृ. ४०

१०. वही, पृ. ४४

११. हिन्दी साहित्य और संवेदना का विकास, रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृ. १९०

एसो. प्रोफेसर, हिन्दी विभाग,

स. प. विश्वविद्यालय,

वल्लभ विद्यानगर।

२२. 'खेतावालो' काव्यसंग्रह में निरूपित आदिवासी समाज का विश्वास-अंधविश्वास

जयदीपकुमार वी. चौधरी

गुजराती साहित्य के उत्तर आधुनिक युग में दलित साहित्य, स्त्री विमर्श एवं आदिवासी साहित्य का बोलबाला रहा है । आधुनिक युग के बावजूद भी समाज की कई समस्याएँ अपना अस्तित्व बनाये बैठी है । ऐसे में आदिवासी समाज की रहन-सहन, रीति-रिवाज, खान-पान, विश्वास-अंधविश्वास, उनकी अलग पहचान और संस्कृति को प्रदर्शित करता काव्यसंग्रह 'खेतावालो' डॉ. मानसिंह के. चौधरी द्वारा लिखा गया है, जिसमें कवि ने अपने जीवन में देखी और अनुभवी यातनाओं को इस काव्य में व्यक्त किया है । काव्य आदिवासी बोली 'चौधरी' में लिखा गया है जिससे वेदनाएँ जीवंत बन गई है।

आदिवासी समाज में अशिक्षा, विकास एवं ज्ञान के अभाव के कारण श्रद्धा-अंधविश्वास रीति-रिवाजों की तरह समा गई है, जो 'खेतावालो' काव्यसंग्रह में दिखाई देती है। आदिवासी अपने खेत के किनारे पर पूरी श्रध्धा एव विश्वास के साथ एक पत्थर का देव बिठाते है। किसान खत की सारी जिम्मेदारी और फसल की रखवाली उस देव को सौंप देता है। पत्थर जड़ होने के बावजूद भी खेत की सारी जवाबदारी बिना संकोच एवं श्रध्धा के साथ सौंपकर सजीव का एहसास करता है।

''जात मा... रे पत्थराणे फहण हांय जीवतो जागतो देव

खेतथ्हणी आवे का...नी आवे... खेते हाचीवाणे मारे... काम

तुमे मानात का नी मानात फहण हाँय हाचो खेतावालो''१

किसान खेत की खुदाई के वख्त, फसल बोते और कटाई के वख्त एवं वार-त्यौहार के दिन पत्थर देव की पूजा करता है। इतना ही नहीं, किसान उस देव को मुर्गी का कलेजा, अंडे, चावल की ढेरी और शराब का चढ़ावा देव को अर्पण करता है।

'वारे... तेवारे खेतथ्हणी दड़तो पड़तो पूंजणे आवे... कालज ई... फूजीने चोखाणे पूंज मूकीने, दारवाणे छाक पाडे

हलगीता छाणामाँ तेन रेडीने धूप करे, दीवो करे

बस हाँय राजी... राजी...'२

आदिवासियों में ऐसी मान्यता फैली है कि, गाँव की कुछ एक स्त्रियाँ जो विधवा हों और अकेलेपन का शिकार हुई हों ऐसी स्त्री को डाकिन माना जाता है। डाकिन यानी काली विद्या सीख के लोगों को डरानेवाली और भोग लेनेवाली स्त्री । आदिवासी मान्यतानुसार मैली विद्याधारी लोगों के लिए कालीचौदश और अमावस की रात ज्यादा अनुकूल मानी जाती है । डाकिन स्त्री दूसरी स्त्री को सिखाती है और कालीचौदश के दिन विद्या पूर्ण करती है। उस दिन डाकिन सीखनेवाली स्त्री के पास उसके घर के किसी सदस्य का भोग माँगती है। डाकिन स्त्री किसी व्यक्ति को प्रताडनाएँ देती है उसको 'मूठ' मारना कहा जाता है जिसमें डाकिन जिसको 'मूठ' लगाती है उसको कमर में, सीने में, पीठ में या शरीर किसी अन्य भाग में सुई की तरह चुभने लगता है। जिसके कारण व्यक्ति को असह्य पीड़ा होती है। कहा जाता है कि, मूठ लगनेवाली व्यक्ति दुबला-पतला हो जाता है। डाकिन जिसे मूठ लगाती है उसे ही लगती है, चाहे वह बारह कोस दूर क्यूँ न हो।

'डाकणी जिया माणाहाणे मूठ मारवाणी हूई

तिया माणाहाणे नामणी मूठ मारे

माणह बार गाऊ दूर हुई तहूँ

तिया ज माणाहाणे मूठ लागे'३

साथ में ऐसी भी मान्यता है कि, 'मूठ' रात के अँधेरे में नहीं जा सकती, इसलिए वह आछितरो के पेड़ पर रात बिताता है। जिस पेड़ पर मूठ रात बिताती है वह पेड भी सूख जाता है और दूसरे दिन निश्चित व्यक्ति को मूठ लग जाती है। गाँव में ओझा

रहता है जो उस मूठ को अंकुश में लाता है। ओझा अपनी विद्या एवं मंत्र के द्वारा लगी हुई मूठ को दूर करता है और उस व्यक्ति को पीड़ा से मुक्त करता है।

'मूठ' काव्य में जिस प्रकार से आदिवासियों की मैलीविद्या एवं अंधविश्वास पर प्रकाश डाला गया है उसी प्रकार 'चेतरी' काव्य में भी अमान्य बातें आदिवासियों की संस्कृति के साथ किस प्रकार बुन गई है उसको दिखाया गया है। 'वेतरी' याने चुडेल। गर्भाधान स्त्री के पेट में अगर बालक की मृत्यु होती है तो साथ में वह स्त्री की भी मृत्यु हो जाती है। उनकी मान्यता के अनुसार गर्भाधान वाली स्त्री अगर मर जाती है तो उसका मृतदेह घर के दरवाजे में से नहीं निकाला जाता। बल्कि बांस की टटिया से बनी दीवार को तोड़कर बहार निकाला जाता है। अगर ऐसा न किया जाये तो मृतदेह 'वेतरी' बन जाती है।

'भारी पागावाली डोहनी मरी जाय तियां
ठाठली भीतल वाढीने बार काढवा पडे
तिया डोहनी वेतरी नी बने, फहण
ठाठली बारामांथी काढीने महणे नेई गये
एटले डोहनी वेतरी बनी'४

इतना ही नहीं, वेतरी रात को पूरे गाँव में चिल्लाती हुई घूमती फिरती है और लोगों को परेशान करती है। 'वेतरी' काव्य से हमें उसके दिखावे का भी पता चलता है। उनकी मान्यता के अनुसार वेतरी का शरीर जर्जरित अवस्था में होता है और पीछे हड्डियाँ लटकती रहती हैं। साथ में उसके सिर पर भड़कती अग्नि की ज्वाला रहती है। वेतरी सीधे रास्ते पर जल्दी से भाग सकती है। अगर वो खेत या झाडी में से जाये तो हड्डियाँ झाड़ी में फँस जाती है, जिससे दौडने में देर लगती है, जिसके कारण वेतरी अगर किसी व्यक्ति के पीछे पड़ी हो तो सीधे रस्ते के बजाय झाड़ी या खेत में से भागना चाहिए। गाँव का ओझा अपने मंत्र-तंत्र के द्वारा वेतरी को अंकुश में लगाकर उसकी जान को पत्थर के खंभे में डालकर उस पत्थर को स्थापित किया जाता है।

इस प्रकार आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा में विश्वास-अंधविश्वास और मान्यताओं का चित्रण देखने को मिलता है, जो हमें खेतावालो, मूठ, और वेतरी काव्य से पता चलता है।

संदर्भ सूची :

१. खेतावालो - पृ. ८

२. खेतावालो - पृ. ८

३. मूठ - पृ. ४

४. वेतरी - पृ. १४

पीएच.डी. शोधार्थी,
स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग,
सरदार पटेल युनि.
वि.वि.नगर-३८८१२०



जीवन की तनी डोर ये स्त्रियाँ
नीलम कुलश्रेष्ठ
प्रकाशक - मेघा बुक्स, एक्स-११,
नवीन शाहदरा, दिल्ली-११००३२
मूल्य - १५० रूपये
संस्करण - २००६

२३. भारत में मानवाधिकार और महिलाएँ

जी.आर.पोंकिया

मानव समाज में व्यक्ति के विकास के लिए अधिकारों की आवश्यकता है। अधिकारों का उपयोग मनुष्य अपनी सुरक्षा के लिए करता है। समाज में स्त्री और पुरुष दोनों का समान महत्व है। समाज का सर्वागीण विकास तभी सम्भव है कि जब व्यक्ति विकास में मानव अधिकारो को सार्थक रुप में लागू किया जाए।

भारतीय समाज पुरुष प्रधान समाज है। स्त्रियों को देवी कहकर भले पूजा जाता हो परन्तु सीता जैसी देवी को भी घर छोड़ना पडा। समाज में सदैव स्त्रियों को दोयम दर्जा दिया जाता रहा है। यही कारण है कि अपने मानवाधिकारों के लिये स्त्रियों को अधिक संघर्ष करना पड़ता है। संविधानिक कानूनों के बावजूद महिलाओं के उत्पीड़न की घटनाओं की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है। आजकल महिला हर क्षेत्र में पुरुषों की प्रतियोगी है फिर भी वह पहले से कहीं ज्यादा असुरक्षित है।

भारतीय समाज में स्त्रियों का अधिकार तो उससे हमेशा से छीना गया है। बचपन में पिता व भाई, शादी के बाद पति के बाद पुत्र के वृद्धावस्था, वैधव्य संरक्षण में उसे जीवन बिताना होता है। लडकी को संसार में आने से रोकने के लिये गर्भावस्था में भ्रूण हत्या करने के प्रयास किए जाते हैं तो कई बार पैदा होते ही मार दिये जाते हैं। बाल्यावस्था से ही लडके और लडकियां के लालन-पालन में भी अन्तर किया जाता है। मासूम बालिका के साथ बलात्कार होते हैं। इन मामलों के केस पुलिस में बहुत कम होते है, क्योंकि कुकृत्यों की शिकार लडकियों का समाज में अपमान होता है और वैवाहिक कठिनाइयाँ आती हैं। ऐसी घटना के जिम्मेदार अधिकतर घर के लोग, रिश्तेदार तथा पड़ोसी होते हैं ।

भारतीय समाज में स्त्रियों की आर्थिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दहेज का प्रचलन हुआ था, परन्तु अब तो दहेज प्रथा महिलाओं के लिए दैत्य जैसी भयानक बन गई है। विवाह का पवित्र संस्कार अब व्यवसाय के रुप में भी सामने आने लगा है। माता-पिता लडकी के पैदा होते ही दहेज के लिये धन जुटाना आरंभ कर देते है। दहेज देने के बावजूद ससुराल में लड़की के सुखी जीवन की गारन्टी नहीं है। आज कल बहुओ को मारना-पीटना जिन्दा जलाना और इतना तंग करना के वे स्वयं आत्महत्या कर लेती हैं।

संपत्ति के बँटवारे में अब पुत्र व पुत्री को बराबर के अधिकार प्राप्त हैं फिर भी दहेज मांगने का प्रश्न समाज में क्यों है? १९६३ में दहेज प्रतिबध कानून संसद में पारित हो गया है। उसमें दहेज देना व दहेज लेना दोनों ही अपराध घोषित किये गये फिर भी भारतीय समाज में दहेज समस्या को लेकर हत्याएँ तथा आत्महत्याएँ हो रही हैं।

भारत में स्त्रियों को शिक्षा प्राप्ति का अधिकार भी पुरुषों से कम है। लडकों की शिक्षा पर माता-पिता जिस प्रकार के खर्च करते हैं, इतना लडकियों के शिक्षा में खर्च नहीं करते हैं। हाँलाकि शहरों में स्थिति सुधर रही है। परन्तु गांवो मे अभी भी भेदभाव देखा जाता है। इन्हीं सबके मद्देनजर महिलाओं के मानवाधिकार के संरक्षण के लिए सन् १९९० में राष्ट्रीय महिला आयोग की स्थापना की गई है। मानवाधिकारों के उल्लंघन के मामलों पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को सक्रिय एवं सशक्त कार्यवाही करने के अधिकार प्राप्त हैं यह आयोग पुलिस एवं जेल अधिकारियों के विरूध्ध भी कार्यवाही कर सकता है। भारत जैसे विशाल देश में मानवाधिकारों की रक्षा करना, समाज सुधार की सी भूमिका निभाना है, जिसमें पुलिस सक्रिय योगदान दे सकती है तथा दहेज जैसी कुरीति को दूर करने के लिए संविधान में कानून तो बनाए गए हैं पर उस कानून के उल्लंघन करनेवालों को सजा दिलवाने का काम पुलिस का है।

अपहरण, बलात्कार आदि के मामलों में पुलिस तथा स्वयंसेवी संस्थानों की सहायता से अपराधियों तक पहुंचकर प्रभावशाली भूमिका अदा कर सकती है। कामकाजी महिलाओं

को घर से बाहर प्रतिदिन निकलना पडता है, उससे अश्लील व्यवहार करनेवालों, छेड़छाड़ करनेवालों को दंडित करना पुलिस का कार्य है, ऐसी महिलाओं का संरक्षण अधिक आवश्यक है जो रात की पारी में कार्य करती हैं । टेलीफोन आपरेटर, दूरदर्शन या आकाशवाणी में कार्य करनेवाली महिलाओं, पर्यटन व्यवसाय के कार्यालयों में कार्यरत महिलाओं को रात्रि में आने जाने के लिए संरक्षण की अधिक आवश्यकता पड़ती है। पुलिस को रात्रि में उनके प्रति अधिक सजग रहने की आवश्यकता भी है। पुलिस अपनी सतर्कता से जनता में अपनी छबि भी सुधार सकती है । महिलाओं को रात्रि में टैक्सी की सुविधा देकर पुलिस समाज में आदर्शों का प्रतिमान बन सकती है। पुलिस मात्र पुलिस नहीं है, वह भी समाज का एक अंग है, उसकी गतिविधियाँ समाज के दायरे में होती है । समाज मे नैतिकता व शालीनता की भावना का संचार करने में व लोगो में सुरक्षा की भावना रखने में पुलिस से सहयोग की अपेक्षा की जाती है। पुलिस महिलाओं को संरक्षण देने का दायित्व भी है।

आजादी के ७० वर्ष बीत चुके हैं, अब तो महिलाओं को अपने मूलभूत अधिकारों के लिए लड़ने में सक्षम हो जाना चाहिए । पुलिस एवं न्यायाधीश के पद पर पुरुषों के साथ महिलाएँ भी हिस्सा लेती हैं। राजनीतिक क्षेत्र में तथा प्रशासनिक क्षेत्र में शिक्षा और चिकित्सा, खेल के मैदान में भाग लेने लगी हैं। उनके अधिकारों का शोषण हो या अत्याचार उन्नत समाज में कम होता है । यदि पुलिस सडकों पर, बसों मे, रेल में , मौहल्ले में महिलाओं के मानवाधिकारों की सुरक्षा करे तो ही स्वतन्त्रता के वातावरण में साँस ले सकती हैं। महिलाओं को विश्वास दिलाना होगा कि उनके मानवाधिकार कानून की किताबों में बन्द नहीं है किन्तु सक्रिय हैं।

आज देश में महिलाओं के मानवाधिकारों की महत्ता को समझा जाए, महिला मानवाधिकार संरक्षण प्रदान किया जाए, ऐसे कार्यों के लिए अतिरिक्त पुलिस व्यवस्था हो, पुलिस तथा महिलाओं दोनों को कानून तथा मानवाधिकारों की जानकारी से अवगत कराया जाए । इस विषय पर संगोष्ठियाँ, सार्वजनिक सम्मेलनों, भाषण, समाचार पत्रिकाओं में लेख, आकाशवाणी, दूरदर्शन के कार्यक्रम आदि सक्रिय भूमिका अदा कर सकते हैं। इस दिशा में सामाजिक जागरुकता की आवश्यकता है । सामाजिक जागरुकता के लिए महिलाओं की शिक्षा का अधिक महत्व है। शिक्षित होकर अपने मानवाधिकारों को स्वयं समझ सकें, पीड़ित या शोषित होने पर आवाज उठा सकेंगे। पुलिस को भी मानवीय व्यवहार की शिक्षा, सेवाभाव, मानवाधिकारों की सुरक्षा का अनिवार्य प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, जिसमें महिलाओं के संरक्षण को विशेष रूप से शामिल किया जाना चाहिए। समाज एवं परिवार पर दबाव बनाने के लिए महिलाओं को एकत्रित होकर महिला चेतना संघों द्वारा पुलिस एवं सरकार पर भी दबाव बनाना चाहिए।

संदर्भ सूची :

१. मानवाधिकार और महिलाएँ, राजबाला सिंह

२. मानव अधिकार, सुधारानी श्रीवास्तव

३. नारी चेतना और अपराध, एम.एस.अंसारी

४. Women And Society, J. K. Dave

५. महिला सशक्तिकरण, निधि भारद्वाज

१५, यमुना पार्क, विद्यानगर

१४, नंदनवन रिंगरोड चौकडी,

रैया रोड, राजकोट ।

२४. मीडिया, समाज और नारी

हेमलता बी. मेहता

भाषा, समाज और संस्कृति के मूल में मनुष्य की सहज संपर्कवृत्ति है। पारिवारिक वातावरण मनुष्य को केन्द्रबिंदु है। वह अलग-अलग परिवेशों से आये व्यक्तियों को अपनी विशिष्टताओं का परस्पर आदान प्रदान करता है । इस प्रकार समाज और संस्कृति के प्रारंभ से ही मनुष्य के सामूहिक माध्यमों का प्रारंभ हुआ होगा।

मीडिया और समाज का सम्बन्ध अन्योन्याश्रित है। इन दोनों में से किसी एक की कल्पना करना असंभव है। मीडिया का समाज में विशेष योगदान है। सबसे पहले उनके महत्व को समझने से पहले उनके अर्थ को जानना आवश्यक है। मीडिया को समझने से पहले उनके अर्थ को जानना आवश्यक महत्व को समझने से पहले उनके अर्थ को जानना आवश्यक है। मीडिया का सामान्य अर्थ है प्रचार-प्रसार, सूचना और समाचार पत्र-पत्रिकाएँ, प्रिंट मीडिया, रेडियो, टेलीविजन, कम्प्यूटर एवं इंटरनेट आदि माध्यमों का समूह है। समाज का सामान्य अर्थ है व्यक्तियों का ऐसा समूह जिसमें नियमों, परंपराएँ और मान्यताओं को स्वैच्छिक रूप से स्वीकार करके उसको प्रभावित किया जाता है।

वर्तमान समय में टेलीविजन केन्द्र और चैनलों में इतनी बाढ़ आ गई है कि जिससें सामाजिक परिवर्तन, राजनैतिक जागृति, वाणिज्य व्यवहार का विस्तार, वैज्ञानिक विकास, आंतरराष्ट्रीय स्तर पर सूचना और विचारों का आदान-प्रदान एवं सांस्कृतिक मूल्यों का समाज में अत्यधिक प्रभाव दिखाई देता है। समाज के रूढिवाद लोग यह आरोप लगाते है कि टेलीविजन के पर्दे पर हिंसा, बलात्कार, अनैतिक सम्बन्ध, सेक्स, नशो, विश्वासघात, भौतिकवादी प्रवृत्तियों पर आधारीत जीवनशैली, शासन प्रशासन की मजाक बनानेवाले समाज, देवी और देवताओं का चमत्कार, संयुक्त परिवार या विभक्त दृश्यों की भरमार होती है । एम टी.वी., वी.टी.वी., स्टार टी.वी., जी.टी.वी., जैसी अनेक विदेशी चैनलों 'खाओ पीओ और जलसा करो' ऐसी पश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण दिखाया जाता है। हमें प्रश्न होता है कि यह सब क्या उचित है? समाज इन दरिंदगी में फँसता जा रहा है। समाज में बदलाव लाने के लिए सकारात्मक सोच, परंपरागत मूल्यों का सामाजिक परिवर्तन के कार्यक्रमों को प्रस्तुत करने की आवश्यकता है।

वर्तमान समय में समुद्र में आनेवाली आँधी-तूफान की सूचना, मतदान जागृति के लिए मतदान में वृद्धि, चुनावप्रक्रिया में बदलाव, बाल शोषण की पीड़ा, उसके खिलाफ निर्मित वातावरण संसद या विधान सभा की दैनिक कार्यवाही का जीवंत प्रसारण करना मीडिया का दायित्व हैं । इसके प्रमाण की कोई आवश्यकता नहीं है। आर्थिक विकास के क्षेत्र में विशेषत: इलेक्ट्रानिक मीडिया का विशेष योगदान माना जा सकता है। इंटरनेट पर अनेक पत्र-पत्रिकाओं की उपलब्धिहै। टेलीशोपिंग, व्यापार-वाणिज्य की ढेर सारी सामग्री प्रामाणिक रूप से ओनलाईन सूचित की जाती है । मीडिया के प्रभाव से वैश्विक एक्य की भावना पनपने लगी है।

मीडिया ने समाज के प्रत्येक वर्ग में खाना-पीना, जीवन यापन, रीति-रिवाज, आचार-विचार, मूल्यों, मान्यताओं को अधिक प्रभावित किया है। वर्तमान समय में 'अतिथि देवो भव', अभिवादन बुफे पार्टियों का क्रेज बढ़ रहा है। मीडिया के प्रभाव से पारिवारिक त्यौंहारों में 'वेलेन्टाइन डे', 'फ्रेन्डशीप डे' जैसे डे का महत्व बढ रहा है । जीवन में सबंधों का खालीपन दिन-ब-दिन महसूस किया जा सकता है। मीडिया के प्रभाव से दूसरी ओर समाज में जातीय भेदभाव, ऊँच-नीच, बालविवाह, परदा प्रथा आदि कुरिवाज कम हो रहे हैं। समाज के विकास में परिवर्तन दिखाई देता है। वह मीडिया की प्रकृति को अवश्य प्रभावित करता है । टी.वी. पर विज्ञापनों के बीच कार्यक्रम दिखाये जाते है। ईंटरनेट वैविध्यपूर्ण सूचना संप्रेक्षण का माध्यम

होने के बाद भी अश्लील साहित्य का प्रसारण, विकृत मानसिकता वाले युवाओं का ह्रास आंतरराष्ट्रीय समस्या का प्रमाण है । इलेक्ट्रानिक मीडिया की तकनीक, उपकरण के विकास से ही माइकल जेकसन जैसे व्यक्ति 'सुपर मीडिया मेन' कलाकार बनने का सम्मान प्राप्त किया था। फिर भी मीडिया के विकास से समाज का विनाश होने की गुंजाइश है। मनुष्य यह चाहता है कि अब संपूर्ण समस्त विनाश करके पुनः सर्जन करने की आवश्यकता है? भारत में केवल मीडिया ही नहीं लेकिन इलेक्ट्रानिक मीडिया भी तेज गति से प्रसारित हो रहा है। इसके अतिरिक्त इन्टरनेट सेवाएँ भी द्रुत गति से विकसित हो रही है।

ब्रिटिश पत्रकार निकोलस कॉलरिज ने भारत को 'ग्रेट इन्डिया' न्यूज पेपर बाजार की संज्ञा से अभिहित किया है। एक सर्वे के अनुसार देश में ५६ हजार समाचार पत्र बिकते है। १६ इलेक्ट्रानिक मीडिया चैनल में प्रतिदिन समाचार प्राप्त होते हैं। १०० से अधिक टी.वी. चैनल मीडिया के साथ कनेक्ट है। यह सब मीडिया के विकास की बदौलत है। भारतीय मीडिया की सालाना आय तकरीबन पाँच अरब डोलर है । इलेक्ट्रानिक मीडिया ने मीडिया तंत्र को एक नई दिशा प्रदान की है। वर्तमान समय में मीडिया के प्रत्येक रिपोटर्स की स्थिति स्टार जैसी हो गई है । इस प्रकार देश के करोड़ो लोग उसे पहचानने लगे हैं । इलेक्ट्रानिक मीडिया में ग्लैमर भी अपना कैरियर बनाने के लिए लोग लालायित है। इसी कारण इनका महत्व और बढ़ता जा रहा है । वर्तमान समय में १६ न्यूज चैनले ऐसी हैं जो २४ घण्टे सूचनाओं को प्रसारित करती हैं।

मीडिया और महिला सशक्तिकरण

आधुनिक युग के प्रारंभ में महिला आंदोलन ने मीडिया का महिला के अपराधों की ओर ध्यान खींचा था । १९८५ में बलात्कार, दहेज, हत्या, सती जैसे मुख्य समाचारों में प्रसारित किये जाते थे। इसमें बलात्कार की घटना मुख्य होती थी । इसी प्रकार नारी जीवन की समस्याओं को भारतीय चिंतन का मुख्य विषय बनाया था। समाज सुधारकों ने मीडिया का प्रचार-प्रसार सर्वाधिक किया था। यह समाज में क्रान्तिकारी बदलाव कहा जाता है।

समाज में महिलाओं के साथ हो रहे अत्याचार को रोकने के लिए सकारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता है। मीडिया और महिला संगठनों की सक्रिय भूमिका से पीडित महिलाओं को जीने की नई राह मलि है। समाज में नारी कुसुरक्षा और न्याय देने के लिए सुलभ सुविधाएं मुहैया करवायी है। फिर भी समाज में नारी के साथ शोषण होता रहा है। दिल्ली में शांति मुकुंद होस्पिटल में एक नर्स के साथ बलात्कार हुआ था। इसमें महिला संगठन की सहायता से और न्यायतंत्र के आपसी सहयोग से तीन महीने में अपराधी को आजीवन कारावास में तब्दील किया गया था । जोधपुर में विदेशी प्रवासी महिला के साथ बलात्कार की घटना प्रसिद्ध है। सिनेमा जगत के शॉ के दौरान तीन साल की बच्ची के साथ बलात्कार किया जाता है। यह सब घटनाएँ समाज के लिए चिंता का विषय है । समाज में नारी सुरक्षित है? यह सवाल प्रत्येक व्यक्ति के जेहन में खटक रहा है। मीडिया के कारण समाज में नारी जागृति दिखाई देती है । महिलाओं को शिक्षित बनाया जाता है, उसे स्वावलम्बी बनाने के तरीके सीखाये जाते हैं । सच यह है कि समाज की परंपरा और मान्यताओं को बदलने में काफी समय निकल जाता है। फिर भी समाज की कुछ स्त्रियों में बदलाव अवश्य दिखाई देता है।

संक्षेप में मीडिया का राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान है । इसमें भी मीडिया का समाज और नारी के प्रति उनका दायित्व बरकरार है।

प्राध्यापिका,
एस.डी.आर्ट्स एण्ड बी.आर.
कॉमर्स कॉलेज,
माणसा, जि. गांधीनगर, गुजरात

२५. तुम आ जाओ : एक आस्वाद

डॉ. सतीन देसाई 'परवेज'

बस, तुमको जितना सोचा है,/ तुम भी गर उतना सोचोगे, / मैं आज जहां पर पहूंचा हूं, / तुम भी वहां पर पहूंचोगे। / जहां मैं और तू न रहता है, / इक अपनापन मुस्काता है, / मैं उन नूरानी गलियों में, / दिन रात मटकता रहता हूं। / कुछ गीत सुहाने गाता हूं, / कुछ दीवाना हो जाता हूं, / मैं बोल नहीं कुछ सकता पर, / बस, इतना तो कह सकता हूं। / तुम आ जाओ इस मंजर पे / तुम पा जाओ उस अमरत को, / सब कुछ शीतल हो जाएगा, / सब मधूर-मधूर हो जाएगा। / ये वक्त यहां थम जाएगा, / इन लम्हों में रम जाएगा,

ना तनहाई भी डंसती हो, / ना आंसू-आंसू रहते हो। / तुम आ जाओ... तुम आ जाओ,/ गेबी कस्तूरी पा जाओ।

– डॉ. गुरुदत्त ठक्कर

इस गीत के सर्जक गुरुदत्तजी ने आंठ गुरु के पद को बाईस पंक्तिओं में सजाकर कुल एकसो छअत्तर गुरुओं का गेदी समास करके हमे एक ऐसी जगह पे पहोंचाया है, जो महागुरुत्व के स्वामी का निवास है।

दर असल इनका ये गीत एक तरफा संवादगीत है। जिन में प्रथम पात्र अपने प्रिय पात्र को एक विशिष्ट चेतना स्थल पे आ मिलने को अपने अंतरतम नाद से आमंत्रित कर रहा है। यहाँ प्रथम चरण में जो व्यर्जना उद्घाटित होती है, वो मनकी भूमिकी परिचालक है। यहां ध्वनि और गति दोनों एक साथ में घोषित हो रहे हैं। इसका आह्वान काव्य नायक ये कह कर कर रहा है कि...

बस 'तुमको जितना सोचा है', 'तुम भी गर उतना सोचोगे'... आप समझ सकते है कि यहां फलसफाकारी का बेनमून चित्रण कवि ने किया है। ये केवल स्थूल संवाद नहीं, बल्कि त्य की एकरूपता की मिसाल है। यहां जियादा सोच नहीं लेकिन एकदूजे को अध्यात्म के स्तर पे समझके मौन धरने की बात है।

आगे जाके कवि इन सोच के बल से जो रफ्तार पैदा होगी वो प्रिय पात्र को एक ऐसे स्थान पे पहोंचाएगी जहां पहेले से एक आत्मा दूसरी आत्मा के आलिंगन को बेचैन है।

चार-चार पंक्ति के खंडो में बटी ये कविता अपने दूसरे बंट में... वो गेबी जगह का नूरानी चीतार करती है, जहां कि क्रजाओं में वो अपने वज्द में जात से परे होकर सूफियाना मस्ती में खोया हुआ है।

मस्ती का ये आलम देखिए...

जहां मैं और तू न रहता है, इक अपनापन

मुस्काता है, मै उने नूरानी गलिओं में

दिनरात भटकता रहता हूं।

वाह, गुरूदत्तजीने मेरी गजल मैं, मैं न था वहां

की मुझे याद ताजा कराई है...

शायद वो बंदगी के मकामात थे अलग,

मैं ने किया जो सजदा तो मैं मैं न था वहां।

यहां.. एक हूं का लोप हो रहा है। गुरुदत्तजी एक हूं को दूसरे हूं से मिलाकर द्वैत के अलगतावाद को नि:शेष करने में कामियाब रहे है। साथ में वो जगह वो कज़्रा की मस्ती का नजारा बखूबी करा रहे है। जहां दीवानगी का नूरानी समंदर खां-दवां बहता हो नायक नूरानी गलिओं में बेबाक भटकते हुए दिनरात एक अनकही आहंग को अपने गीतों में पिरोये.. घूमता फिरता है। वो ये कहता है कि मैं बोल नहीं सकता पर.. यजे वो गीत भी मौनरूप से ही गाता है। सिर्फ उसकी आंतरगूंज घोषित होती है। वो गाताभी है तो अपने भीतर पडे चैतन्य को सुनाने जगाने उल्लासित करानें ही गाता है। ये सब उस जगह का करिश्मा है, जहां पे नायक अपनी काव्य चेतना से पहले ही से पहूंचा हुआ है।

वो चोथे बंद में.. मंद-मंद आवाजें पुकारता है.. तुम आ जाओ इस मंजर पै..

प्रथम चरण में कवि अपने दूसरे पात्र को इक स्थल पे

पहोंचने को गतिमान होने दावत देता है। यहां से कविता एक नया मोड लेती है।

'तुम आ जाओ इस मंजर पे...'

अब स्थल के बजाय - मंजर - दृश्य पे आंखे जमाने का उपदेश है। अब गति की इन्द्रियाँ बदलके प्रकाश और मित्रो में परिवर्तित होती है । अब एक अनन्य दृश्य के भीतर लगा अमरतरस आंखो से पीकर पावन होने का परसादी पहर आ चूका है। यहां - देह की नहीं लेकिन दो आत्मा के नूरानी अमरतपान की बात है।

बारबार - 'बस' कहनेवाला कवि बस को उल्टाके अगले चरण में 'सब' को समो लेता है। एक पावनधामी धरातल पे कदम रखते ही क्या हवन फल मिल सकता है उसकी बात वो एक अनूठे अंदाज में करके कहता है कि...

सब कुछ शीतल हो जाएगा,

सब मधूर मधूर हो जाएगा।

यहां - सभी इन्द्रियों की संतृप्ति का भाव उजागर हो रहा है। जीवनभर सब कुछ पाने के बाद भी भीतर की ईच्छा-अग्नि में शीतलता का अभाव और स्वादों का कडवापन एहसास की हर स्थितिओं को बेहूदा कर दु:खी करता रहता है। वहां इन हालातों को मौक्षनिर्माण कवि हमें एक ऐसी जगह ले जाकर करा रहा है। जो अतिशून्य का अंतिम अवकाश है।

यहां इन्द्रियों के संतृप्त शमन का अंजाम अपनी अंतिम मंजिल को पाता है।

आखरी बंद गीत के चरम को छूकर हमें इन्द्रीयातीत और समयातीत सैर कराता है।

काव्य नायक सीदे सादे शब्दों में बडी खानी के साथ हमें सफर करा रहा है। यहां सफर के तप-ताप का नर्मो नाजूक अंदाज है। वही तो इस नव्य कवि के सर्जन की नया-दिलकश स्वरूप है।

आखरी बंद..

ये वक्त यहां थम जाएगा,

इन लम्हों में रम जाएगा,

ना तन्हाई भी डंसती हो,

ना आंसू-आंसू रहते हो।

एक ऐसी गेबी चेतना का आलेख कर रहा है। जहां वक्त स्वयं रूक कर दूबारा अपने ही तत्त्वो में याने लम्हों से खेल समाधिरत हो रहा है। यहां वक्त का सजीवारोपण कर कवि उसे तन्हाई और आंसू के परिताप से मुक्ति दिलाकर, चेतना के अविचल भावविश्व में स्थाप कर दो आत्मा के मिलन को मुक्तानंद स्वरूप झूला रहा है।

मकामे बेखूदी मकबूल हो चले 'परवेज़'

गज़ल की रूह को जब नाज बख्सता है वो।

ये मेरा शेर इस गीत के सारगम से ही पैदा हुआ हो,

ऐसा मुझे कहने में कोई हिचकिचाहट नहीं है।

गेबी कस्तूरी पाने को - गुरूदत्त सर्दियों से

हम सब को पूकार रहे है - तुम आ जाओ...

तुम.. आ.. जाओ.. देखे कौन इनका ये नाद

सुन... दौड पाएगा...। ये मकाम शायद वो तो नहीं।

नफस को छोड़ ऐसे मोड ही पे आ गया हूँ मैं,

जो बेमौजूद है उसकी सदाएं सुन रहा हूं मैं।

ए-३, अभिलाषा फ्लैट्स,

पालडी, अहमदाबाद ।

२६. भारतीय संस्कृति और रवींद्रनाथ त्यागी के व्यंग्य निबंधों में स्त्री

डॉ. तृप्ति भावसार

भारतीय संस्कृति में स्त्री ईश्वर की सर्वोत्तम रचना है, सृष्टि के विकास क्रम में स्त्री का योगदान महत्त्वपूर्ण माना गया है। स्त्री को जगत-जननी, आदि शक्ति स्वरूपा के रूप में देखा गया है। लेकिन स्त्री का यह रूप वर्तमान समय में कहाँ तक सत्य है? स्त्री को जो आदर सम्मान वेद-पुराणों में प्राप्त था क्या वहीं आदर सम्मान आज के समय में प्राप्त है? शायद नहीं। क्योंकि आज के उत्तर आधुनिक दौड़ में चाहे हम कितनी भी संस्कृति और बहु-संस्कृति की चर्चा कर ले पर यह चर्चा सिर्फ एक चर्चा बनकर रह जाती है। 'यत्र नार्यस्तु पुज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता'१ जैसा सुभाषित आज के दौर में गलत लगता है। पुरुषसत्तात्मक समाज 'स्त्री' को वस्तु के रूप में ही देखता है। जिसे वह समाज रूपी बाजार के बीच विवाह के नाम पर, दहेज के नाम पर, भोग-विलास के नाम पर या फिर धनराशि इकट्ठे करने के नाम पर खरीदते और बेचते हैं। एक तरफ जहाँ भारतीय संस्कृति में स्त्री को आदर सम्मान देने की बात की गई है वहीं दूसरी तरफ स्त्रियों को वस्तु मानने वाले पुरुष वर्ग समाज रूपी बाजार में स्त्री का मोल करते हैं। यहीं नहीं पुरुषसत्तात्मक समाज स्त्रियों को 'वस्तु' तो मानता ही है साथ ही उसे 'सौन्दर्य की वस्तु' बनाकर उपभोग की दृष्टि से देखता है। घर तथा घर के बाहर दोनों जगह पर पुरुष स्त्री का उपभोग ही करता है। स्त्री का आकर्षित यौन सौंदर्य पुरुषों के लिए व्यावसायिक, राजनीतिक आदि क्षेत्रों में उपयोगी रहा है। रवीन्द्रनाथ त्यागी ने स्त्री के लावण्यमयी सौंदर्य का उपयोग व्यावसायिक क्षेत्र में अपने फायदे के लिए किस प्रकार किया जाता है - जैसे नसीहत देते हैं कि ''अपने निजी सचिव के स्थान पर हमेशा किसी शोख, हँसमुख और स्मार्ट लडकी को ही रखना। ऐसा करने से तुम्हें परम सुख की प्राप्ति होगी और बहुत से कठिन काम पलक मारते ही सिद्ध हो जाएंगे।''२ आगे भी वह कहते हैं कि 'जब भी दौरे पर जाओ तो दो-चार सुंदर लड़कियों के साथ जरूर संपर्क रखो। सुंदर वस्तुओं की उपेक्षा करना भगवान का अपमान करना होगा।'३ इसका अर्थ यह हुआ कि स्त्री का सौंदर्य पुरुषों की दुनिया को रंगीन बनाती है तथा स्वप्नों को साकार करने में सहायक बनती है। फिर भी पुरुष स्त्री को उचित मान-सम्मान नहीं दे पाता है। वह स्त्री को उपभोग की वस्तु तथा दहेज प्राप्त करने का साधन मानता है। समाज में दहेज की लालसा रखने वाले पुरुष कम दहेज लाने पर या दहेज प्राप्त करने का साधन मानता है। समाज में दहेज की लालसा रखने वाले पुरुष कम दहेज लाने पर या दहेज न लाने पर स्त्री को जला देते हैं, उसकी हत्या कर देते हैं और बाद में दूसरी शादी करके नयी पत्नी तथा नया दहेज प्राप्त करते हैं। 'संगत, कुबेर और प्रकाशक' व्यंग्य निबंधमें रवीन्द्रनाथ त्यागी ने लिखा है कि 'जो लोग ज्यादा तीव्र कुबेर-बुद्धि रखते हैं वे तो अपने विवाह के अवसर पर ही लाखों रुपयों की माँग करते हैं। माँग पूरी हो जाने के बाद भी वे अपनी सुंदर और सुशील पत्नी की हत्या कर देते हैं ताकि दूसरी शादी की जा सके जिसमें फिर दहेज मिले।'४ रवीन्द्रनाथ त्यागी ने दहेज के नाम पर स्त्री की हत्या कर देनेवाले पुरुषों की अवहेलना की है। लेकिन दूसरी तरफ रवीन्द्रनाथ त्यागी दहेज के कारण स्त्री को जला देने की प्रथा को नयी सती प्रथा कहकर समाज में इस प्रथा को वापस ले आने पर दु:खी भी नहीं होते। वरन् उनका मानना है कि 'जनसंख्या जो बढ़ती है, वह स्त्री के कारण बढ़ती है, क्योंकि जहाँ तक पुरुष का प्रश्न हैं वह बच्चा तो क्या अंडा तक नहीं देता।'५ रवीन्द्रनाथ त्यागी शायद यह भूल गये हैं कि स्त्री को मातृत्व दिलाने में पुरुषों की भी पूर्ण सहभागिता रहती है। अत: सिर्फ स्त्री को ही जनसंख्या बढ़ाने के लिए दोषी ठहराना न्यायसंगत नहीं लगता। इतना ही नहीं रवीन्द्रनाथ त्यागी 'सखि वसंत आया' व्यंग्य निबंधमें 'लड़की के जब तक तीन बच्चे न हो जाए तब तक उसके विचार गंदे होने का खतरा बना रहता है।'६ तथा 'ग्रामगीतों का प्रसंग' व्यंग्य निबंधमें 'युवती भी तभी तक प्रिय लगती है जब तक कि उसके बच्चा नहीं होता।'७ यही कहकर स्त्री जाति के प्रति संकुचित विचार रखते हुए दिखाई देते हैं।

भारतीय स्त्री के लिए परिवार सर्वप्रथम होता है। उसे बचपन से ही यह सिखाया जाता है कि परिवार ही उसका सर्वस्व है। वह अपने परिवार के लिए सब कुछ न्यौच्छावर कर सकती है। लेकिन वर्तमान समय में स्त्री की इच्छा चाहे हो या न हो, उसे घर-परिवार के मुखिया अर्थात् पुरुष की आज्ञा का पालन करना ही पड़ता है। ऐसे में यदि घर-परिवार गरीब है तो स्त्री को अपने पति के अधीन ही जीवन यापन करना पड़ता है। रवीन्द्रनाथ त्यागी ने गरीब परिवार के पुरुष, अर्थ की कमी के कारण स्त्री को किस प्रकार के कार्य करने के लिए विवश करते हैं यह 'एक आम आदमी की मौत' व्यंग्य निबंधमें बताया है, 'लड़की की शादी के लिए ऋण लेने उन्होंने अपनी पत्नी का सेठ के यहाँ भेजा। वह सेठजी के यहाँ से ऋण भी लाई और गर्भ भी।'८ भारतीय समाज की स्त्रियाँ अपने परिवार की खुशी के लिए अपने शरीर को भी समर्पित कर देती हैं और समय आने पर अपने सम्मान की रक्षा के लिए अपनी जीवन-यात्रा को भी समाप्त कर देने में

हिचकिचाती नहीं हैं । 'लड़की की शादी होते ही बाबूजी की धर्मपरायण पत्नी ने तेल में अफीम घोलकर पी ली ।'९ इस प्रकार पुरुष हंमेशा से अनेक प्रकार से स्त्री पर अपना आधिपत्य स्थापित करता आया है जो स्त्री को आत्म-विलोपन के कगार पर खड़ा कर देता है और स्त्री को आत्म-विलोपन के कगार पर खड़ा कर देता है और स्त्री भी उसे अपना उत्तरदायित्व समझकर स्वीकारती भी है।'

भारतीय संस्कृति में समाज के नीति-निर्माता अर्थात् पुरुषों ने स्त्री के लिए सामाजिक नियमों की रचना ही इस तरह से की है कि जिसमें स्त्री-पुरुष सत्ता की आधीनता को स्वीकार करें । आज के समय में समाज में चाहे जितना भी परिवर्तन-परिवर्धन हुआ हो लेकिन स्त्री के लिए समाज ने उसे पुरुषों की दासता के अतिरिक्त और कुछ नहीं दिया है। 'युवती मंगल' में रवीन्द्रनाथ त्यागी ने तुलसीदास की नारी विषयक पंक्ति 'ढोल, गँवार...' के द्वारा वैदिक काल से चली आ रही स्त्री अधीनता में कोई भी परिवर्तन नहीं हुआ है और आज के समय में भी यही पंक्ति स्त्री पर लागू भी की जाती है - को स्पष्ट किया है। 'गोस्वामी तुलसीदास ने ठीक ही कहा था कि ढोल, गँवार, पशु और नारी कभी-कभी शारीरिक मरम्मत के अधिकारी हैं और हमें उनका यह अधिकार उनसे कभी नहीं छिनना चाहिए ।'१० वर्तमान स्थिति भी यही है कि समाज में पुरुष के सारे अपराधमाफ कर दिये जाते हैं और स्त्री के एक अपराधके लिए भी सजा दी जाती है। पुरुष अपनी सत्ता का उपयोग करके साफ बच निकलता है । पुरुषों द्वारा निर्मित समाज-संस्कृति भी स्त्री को पुरुषों की संपत्ति, उसे अधिकार में रखने की वस्तु तथा मन बहलाने का, मनोरंजन का साधन ही माना है। रवीन्द्रनाथ त्यागी ने 'नशाबंदी' व्यंग्य निबंधमें स्त्री को संपत्ति मानने वाले पुरुषों की मानसिकता को बताया है, 'एक होनहार इंसान ने अपनी सगी बहन को बेचा और एक अदद भैंस खरीदी । बहन अपनी जगह ठीक है, मगर वह दूधतो नहीं देती?'११ कहने का तात्पर्य यह है कि स्त्री-रूपी संपत्ति के बदले दूसरी संपत्ति को पुरुष प्राप्त करता हैं। रवीन्द्रनाथ त्यागी ने 'जूते, वसीयतनामे और दिल्ली' व्यंग्य निबंधमें लिखा है कि 'कुछ नरपुंगव थे जो अपनी प्रियतमा पत्नी को हंमेशा पैर की जूती समझते थे । जब भी जूती पुरानी हो गयी या उससे मन भर गया तभी नयी जूती ले आये ।'१२ इतनी ही नही पुरुष अपनी काम-वासना को तृप्त करने के लिए, मन बहलाने के लिए स्त्री का उपयोग करता है और जब स्त्री सुख प्राप्त हो जाता है, बाद में स्त्री को दरकिनार कर दिया जाता है । रवीन्द्रनाथ त्यागी ने 'जिन मकानों में खासकर रहा...' व्यंग्य निबंधमें लिखा है कि 'जब कभी स्त्री सुख की इच्छा प्रबल हो उठती थी तो देहात के दौरे पर निकल जाते थे । कभी-कभी मुझे बताया करते थे कि जितना ताजा और खूबसूरत माल गाँव में मिलता था, उतना शहर में कभी नहीं मिलता था ।'१३ यहाँ स्त्री के लिए 'माल' शब्द का प्रयोग किया है, जो एक वस्तु का सूचक है । क्या भारतीय संस्कृति पुरुषों के ऐसे विचार एवं मानसिकता का स्वीकार करती है।

साहित्य समाज में सीधा सरोकार रखता है। रवीन्द्रनाथ त्यागी ने अपने व्यंग्य निबंधों में स्त्री और पुरुष के जो रूप दर्शाये हैं वह विभिन्न आयामों पर समाज से जुड़े हुए हैं व समाज की हकीकत दर्शाते हैं । भारतीय संस्कृति में धर्म, दर्शन, समाज, रीति-रिवाज, नीति-नियम आदि में भले ही स्त्री औचित्य गुणों की बात की गयी हो लेकिन वास्तविकता कुछ ओर ही दर्शाती है। त्यागी के व्यंग्य निबंधों में भी यह बात दृष्टिगत होती है। वह स्त्री संबंधित विचारों में कुछ मुद्दों पर एक तरफ पुरुष सत्ता के साथ सहमत लगते हैं, वहीं कुछ मुद्दों पर वह पुरुष सत्ता की अवहेलना करते हुए भी दिखाई देते हैं।

संदर्भ सूची :

१. मनुस्मृति, अ.३, श्लोक-५६
२. रवीन्द्रनाथ त्यागी, गरीब होने के फायदे, पृ. ५४-५५
३. वही, पृ. ५५
४. रवीन्द्रनाथ त्यागी, विषकन्या, पृ. ५
५. वही, गरीब होने के फायदे, पृ. २३
६. वही, सिंदबाद की अंतिम यात्रा
७. वही, चंपाकली, पृ. १०५
८. वही, गरीब होने के फायदे, पृ. २१०
९. वही
१०. वही, चंपाकली, पृ. ४२
११. वही, गरीब होने के फायदे, पृ. ७९
१२. वही, विषकन्या, पृ. ७६
१३. वही, पृ. ३७

सहायक आचार्य,
हिन्दी विभाग,
एम.पी.शाह आर्ट्स एण्ड सायन्स कॉलेज,
सौराष्ट्र विश्वविद्यालय, गुजरात ।

२७. समकालीन महिला कहानी लेखन और युगबोध

डॉ. सुरेश सिंह राठौड

समकालीन महिला कहानी लेखन और युगबोध पर चर्चा करने से पूर्व हमें उन कारणों की पड़ताल करनी चाहिए जिनके कारण समकालीन कहानियों में ये क्रांतिकारी बदलाव आये और पूरे रचना संसार को जिन्होंने बदल दिया। जब साहित्य और समाज का अन्योन्याश्रित सम्बन्धमाना जाता है तो निस्संदेह ये बदलाव यकायक नहीं आये अपितु बहुत से कारणों ने साहित्य लेखन को प्रभावित किया। ''पाठकों, आलोचकों और संपादकों का मानना है कि हिन्दी कहानी में बदलाव दिखने का खास समय जिन घटनाओं, दुर्घटनाओं व परिघटनाओं से मिलकर बना है, वे हैं अयोध्याकाण्ड, भारतीय राजनीति में नए गुणा-भाग, भूमंडलीकरण, मुक्तपूंजी का उद्दंड हस्तक्षेप, विचार विलोप, विस्थापन, अस्मिताओं का उभार और सामाजिक न्याय की बलवती इच्छा आदि । अर्थात् दो दशक से कुछ अधिक का पिछला समय । जाहिर है इस समय ने पूरे रचना संसार को आंदोलित किया।'' साथ ही रचनाकार के लेखन को स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दे एवं परिस्थितियां प्रभावित करती हैं क्योंकि रचनाकार इन सब से व्यक्तिगत रूप से जुड़ा हुआ होता है । यदि मुद्दे अंतरराष्ट्रीय स्तर के हों तो वो समूचे लेखन को ही प्रभावित करते हैं। दुनियां में जैसे-जैसे उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण पनपने लगा तथा भारतीय परंपरा और संस्कारों का ह्रास होने लगा वैसे ही मनुष्य में मोहभंग की स्थिति उत्पन्न होने लगी । इस मोहभंग के कारण समाज व्यवस्था ह्रासोन्मुख होने लगी और मानव मूल्य घटने लगे जिसके परिणाम स्वरूप संयुक्त परिवार विघटित होकर एकल परिवार में परिवर्तित होने लगे, युवा चेतनाहीन होकर आतंक और नशे की ओर मुड़ गए, पीढ़ियों में वैचारिक मतभेद उभरने लगा, बढती अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा के कारण महानगरीय जिंदगी की भयावहता के प्रति आक्रोश पनपने लगा, मानवीय संवेदनाएं शून्य होने लगी। इतना ही नहीं आर्थिक क्षेत्र में उपभोक्तावादी संस्कृति को बढ़ावा मिलने लगा जिसके परिणाम स्वरूप हमारी जीवन शैली अर्थकेन्द्रित होने लगी, तकनीकी के बढ़ते प्रभाव के कारण रोजगार के अवसर कम होने लगे और जिसके कारण जीवन मूल्यों का ह्रास होने लगा, 'टार्गेट बेस' जिंदगी के कारण युगीन अस्वस्थ प्रतिस्पर्धा होने लगी। भ्रष्ट राजनीति के प्रति आमजन में आक्रोश उत्पन्न होने लगा। उक्त कारणों ने ही समकालीन महिला कहानी लेखन को सशक्त आधार प्रदान किए जिसके कारण उनका साहित्य युगीन संदर्भो को प्रामाणिकता के साथ प्रस्तुत करता है।

आज के इस भौतिकवादी युग में पीढ़ी अंतर सहज ही नजर आता है। आज की युवा पीढ़ी के लिए माँ-बाप बोझ नजर आते हैं, उनके प्रति अमानवीय व्यवहार करते हैं जबकि माता पिता बच्चों की हर आवश्यकता को पूरी कर उनको आगे बढ़ते हुए देखना चाहते हैं । विवेचित काल की लेखिकाएँ इस पीढ़ी अंतर को पाटकर समरसता से पूर्ण जीवन जीने की राह अपनी लेखनी से प्रशस्त करती हैं।

समकालीन महिला लेखिकाओं ने भूमण्डलीकरण से उपजी विभिन्न समस्याओं को एक संतुलित लेखनी से उकेरा है। इनकी कहानियां आज की संकीर्ण पुरुष मानसिकता को स्पष्ट करती है । इनकी कहानियों में मानवीय सम्बन्धों की पड़ताल देखी जा सकती है। समकालीन महिला कहानीकार व्यक्तिगत या पारिवारिक समस्याओं को भी अपनी कहानियों में स्थान देती हैं।

अत: निष्कर्ष रूप में कहा जा सकता है कि स्त्री विमर्श के अंतर्गत महिला कथाकारों ने स्व पीड़ा को बेबाक रूप से अभिव्यक्त किया है । जेबा रशीद, कमल कपूर, जयश्री रॉय, सोनाली सिंह, अल्पना मिश्र, गीता श्री, वन्दना राग, मनीषा कुलश्रेष्ठ, शिल्पी, निलाक्षी सिंह, वन्दना शुक्ल, ज्योति चावला, सुदेश बत्रा, मैत्रेयी पुष्पा, जैसी लेखिकाओं ने स्व. पीड़ा एवं स्त्री समाज की पीड़ा को बेबाक अभिव्यक्ति दी है। उक्त लेखिकाओं ने समाज के सड़े-गले, मैले-कुचेले अंगों को समाज के सामने लाकर दूर करने का सफल प्रयास किया है। इन लेखिकाओं के

लेखन की खास बात यह है कि समाज में दोयम दर्जे का जीवन जी रही महिलाओं के शोषण का यथार्थवादी चित्रण किया है जहाँ वे स्वतंत्रता से लेकर स्वच्छदता की बात करती है और यह बात इतनी साफगोई से कि परपुरुषों से रहे अपने अंतरंग संबंधों के बारे में भी बेहिचक बयान करती है।

समकालीन महिला कहानीकारों की कहानियों में स्त्री-स्वातन्त्रता की सोच मुखर हुई है। ये समकालीन कहानियाँ उन स्त्रियों की स्त्री-स्वातन्त्रता का प्रतिनिधित्व कर रही है जो रूढिवादी बंधनों व सोच से मुक्ति चाहती है और इस मुक्ति के लिए उसमें छटपटाहट हैं। वह समाज के उन दकियानूसी विचारों का पुरजोर विरोधकरती है जो उन्हें छटपटाहट है। वह समाज के उन दकियानूसी विचारों का पुरजोर विरोधकरती है जो उन्हें एक खांचे में बाँधकर रखती है। अल्पना मिश्र की कहानी 'मुक्ति प्रसंग' की स्त्री पात्र की यह सोच कि जब से नौकरी में आई हूँ, मेरी सोच बदलने लगी है। मैं जीवन से भागना नहीं लड़ना चाहती हूँ। अपने स्त्री होने का देह से अलग अर्थ तलाशना चाहती हूँ। इसमें कोई सन्देह नहीं कि आज पीढ़ी अपना व्यक्तित्व बनाने में जुटी हुई है। 'अपेक्षा' कहानी की मनीषा प्रेम और मुक्ति की बात करती है। मनीषा को दैहिक प्रेम की नहीं अपितु आत्मीय प्रेम की चाह है और इस प्रेम के लिए अपेक्षा करती रहती है कि उसे समाज और पति से आत्मीय प्रेम मिले। सिन्हा की कहानी वीकएण्ड का स्पेस में भी इसी आत्मीय प्रेम और मुक्ति की कहानी है। स्त्री स्वतंत्रता को आधार बनाकर कई कहानियाँ लिखी है - जैसे - 'शहादत और अतिक्रमण' (वंदना राग), पापा तुम्हारे भाई (शिल्पी), फुलबरिया मिसराइन (प्रत्यक्षा), कठपुतलियाँ (मनीषा कुलश्रेष्ठ) मुक्ति प्रसंग (अल्पना मिश्र) और कठपुतलियाँ (मनीषा कुलश्रेष्ठ)। जेबा रशीद की कहानी सायबान में समीरा की सास पुराने दकियानूसी विचारों से ग्रसित होकर अपनी पोती के लिए कहती है 'लडकी है लडकी की तरह पाल। याद रख इसे दूसरे घर जाना है।' तो नई पीढ़ी की प्रतीक समीरा कहती है 'अम्मा अभी यह छोटी बच्ची है इसके खेलने खाने के दिन है समय आने पर समझ जाएगी।'२ स्त्री अपनी स्वतंत्रता चाहती है। अब वे दिन लड़ गए जब उसे पाँव की जूती समझी जाती थी। अब अपने निर्णय वह स्वयं लेती है। जेबा रशीद की कहानी 'अस्मिता के लिए' में सुरैया कहती है 'अब जमाना और है... अब वैसी बात नहीं चल सकती, मैं अपने मन की मालिक हूँ... या तो वह मेरे साथ भले आमी की तरह रहे नहीं तो मैं उसके साथ नहीं रहूंगी।'३

आकांक्षा पारे ने अपनी कहानी 'तीन सहेलियाँ, तीन प्रेमी' में आज की शिक्षित, आधुनिकता में रंगी और जिंदगी के फैसले स्वयं लेने वाली स्त्री की सोच को दर्शाया है। नारी की इसी स्वतंत्रता को अभिव्यक्त करते हुए अपने पात्रों से बेबाक कहलाती है 'अपनी शर्तो पर जिओ, अपनी शर्तो पर प्रेम करो। जो करने का मन नहीं उसके लिए इनकार करना सीखो, जो पाना चाहती हो, उसके लिए अधिकार से लड़ो।' कहीं न कहीं आज स्त्री परंपरा में बंधी अपनी छवि से बाहर निकल आई है उसे अपने ऊपर किसी और का बंधन स्वीकार्य नहीं है। स्त्री के लिए प्रचलित था कि बचपन में पिता के अधीन जवानी में पति के अधीन और बुढ़ापे में बेटे के अधीन रहना उसकी नियति है, इस सोच को वह आज बदल चुकी है। 'हम जिंदगी माँग रही है। उनकी जिंदगी... काम के बोझ में फँसे मर्दो को पता चल जाता है कि कामकाजी लड़कियाँ नाक कहते बच्चों को भी सम्भाल सकती है और बाहर जा कर पैसा भी कमा सकती है।' वह आज घर परिवार व ऑफिस में तालमेल बिठा आसानी से अपने दायित्वों का निर्वाह कर रही है। ऐसा ही एक और उदाहरण जेबा बिठा आसानी से अपने दायित्वों का निर्वाह कर रही है। ऐसा ही एक और उदाहरण जेबा रशीद की कहानी 'अनारकली' की अन्नो का है जो पति द्वारा प्रताड़ित होती रही है, और एक दिन हिम्मत जुटाकर विरोधकरती है पूछती है 'तो क्या कर लेगा तू... बोल क्या करेगा... मारेगा मुझे?.. घर से निकाल देगा? क्यों नहीं सब अधिकार तो तुम मर्दों को ही मिले हैं।'४ इस प्रकार इन समकालीन महिला कथा लेखिकाओं ने स्त्री स्वतंत्रता की हिमाकत की है।

आज की कहानियों में महानगरीय जिंदगी की भयावहता के प्रति आक्रोश उभरकर आया है। लेखिकाएँ जानती

है कि उपभोक्तावादी संस्कृति के विस्तार ने मनुष्य के सरोकारों को बदल दिया है। आज उदारीकरण हमारी युवा पीढ़ी के समक्ष एक चुनौती बनकर उभरा है। उदारीकरण और बाजारीकरण के कारण युवा वर्ग मानसिक रूप से विकलांग हो गया है। क्रेडिट कार्ड, ऑनलाइन शोपिंग, मॉल संस्कृति, मेगा सेल ऑफर, होम डिलेवरी जैसी तथाकथित सुविधाओं ने युवाओं को मानसिक रुप से पंगु बना दिया है और वे बाजार की अंधी दौड़ का हिस्सा बन गए है। उदारीकरण, बाजारीकरण और भूमण्डलीकरण के प्रभाव से शहरों में ही नहीं गाँवों में भी स्पष्ट रूप से बदलाव नजर आ रहा है। इससे कुछ भी अछूता नहीं है। जिसके परिणाम स्वरूप मनुष्य की जीवन शैली एवं व्यवहार में परिवर्तन रेखांकित किया जा सकता है। महानगरों में व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस कर रहा है। रिश्तों का आकार सिकुड़ गया है और महत्त्व लघु हो गया है। जिंदगी में रिश्तों के बजाय अर्थ का महत्त्व बढ़ गया है। निजीकरण के कारण 'टारगेटबेस' जिंदगी जीनेवाला युवा शिकार हो जाता है और सहनशक्ति क्षीण हो जाती है तथा छोटी-सी समस्या के सामने ही हार मानकर अपनी इहलीला समाप्त करने पर आमादा हो जाता है। युवा लेखिका अल्पना मिश्र अपनी कहानी 'मुक्ति प्रसंग' में बताती है कि महानगरों की उबाऊ दिनचर्या से व्यक्ति स्वयं को जैसे भूल ही चला है। 'क्या डॉ.साहब के लिए इतनी महत्त्वपूर्ण, जिसके आगे वे नातों, रिश्तों, व्यक्ति और समाज को बौना करके देखते हैं?'५ यह अकेलापन आज भी हम सभी के बीच में विद्यमान है। भीड़ और अर्थ में खोया हुआ मनुष्य वास्तव में तब और अधिक खो जाता है जब वह अपने-परायेपन के कारण अपने से भी अलगाव महसूस करने लगता है। व्यक्ति की अपने से भी अलगाव की स्थिति बड़ी भयावह स्थिति है। इस स्थिति में पहुंचा हुआ मनुष्य संवेदना शून्य हो जाता है। महानगरीय जीवन में मानवीय संबंधइतने ऊपरी हो जाते हैं कि कोई आन्तरिक संबंधनहीं जुड़ पाता है। औद्योगिकरण तथा मशीनीकरण के परिणामस्वरुप आज शहरी जीवन में बड़े पैमाने पर आ रहे परिवर्तनों के कारण मनुष्य संवेदना शून्य होता जा रहा है तथा भीड़तंत्र का हिस्सा बनकर उसी भीड़ में अपने अस्तित्व को खो देती है।

इनकी कहानियों के सभी स्त्री पात्र सशक्त और दृढ़ता से समाज का मुकाबला करने वाली है। ये अपनी जिन्दगी अपनी तरह से जीना चाहती है। इनकी आवाज में तीखापन है। वे परिस्थितियों से लड़ना जानती है, उनकी सोच पर स्वयं का अधिकार है। सबसे बड़ी बात यह है कि इन कहानीकारों ने इस प्रश्न को बड़ी ही शिद्दत से उठाया है कि स्त्री तुम कौन हो, से अधिक महत्वपूर्ण यह है, स्त्री तुम क्या चाहती हो? तुम्हारी इच्छा क्या है? उसके प्रति समाज में आने वाली पीढ़ी में एक सम्मान पूर्वक दृष्टिकोण उत्पन्न करना होगा। इन कहानीकारों ने संस्कारों में आयी गिरावट और उसके परिणाम स्वरुप उत्पन्न समस्याओं, बाजारीकरण, उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण के दुष्प्रभावों की ओर संकेत कर भावी पीढ़ी को उसके परिणामों से अवगत करवाया है। अत: समकालीन महिला कहानी लेखन में युगबोधदृष्टिगत होता है।

संदर्भ सूची :

१. सिद्धार्थ, सुशील, सं. हिन्दी कहानी का युवा परिदृश्य भाग-१, पृ. १०

२. रशीद, जेबा, रिश्ते क्या कहलाते है, पृ. ३३

३. वही, पृ. ६९

४. वही, पृ. २३

५. संका, सावित्री समय का सच कहानी संग्रह, पृ. १३१

सहायक प्रोफेसर,

हिन्दी विभाग,

राजस्थान केन्द्रिय विश्वविद्यालय,

बांदरसिंदरी, किशनगढ़-३०५८१७

जिला-अजमेर (राजस्थान)

२८. 'पारिजात' उपन्यास में नये-पुराने सम्बन्धों का एहसास

डॉ. अनिला मिश्रा

'पारिजात' नासिरा शर्मा द्वारा लिखित और २०१४ में प्रकाशित चर्चित उपन्यास है। पारिजात यह नाम एक फूल या एक फूलके पेड का नाम है परंतु इस उपन्यास में किसी पेड-पौधों की कहानी नहीं कहीं गई है। पारिजात लगभग दो वर्ष के बच्चे, जिसका नाम टेसू है उसे कहा गया है। इस बच्चे का बाप भारतीय है और माँ अंग्रेज। अंग्रेज माँ धोखे से बच्चे को बाप से अलग करती है और लंडन ले जाती है। पिता तथा दादा-दादी सगे-सम्बन्धी बच्चे को देखने के लिए तडपते हैं। उन्हें आशा है कि शायद बच्चा बड़ा होकर अपने भारतीय पिता के पास आए।

पारिजात का फलक विशाल है, इसे 'ग्लोबल' उपन्यास भी कहा जा सकता है। इसमें इलाहाबाद, लखनऊ, लंडन, साउदी, अरब, अमेरिका, आदि स्थानों के लोगों का सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक तथा विशेष कर पारिवारिक सम्बन्धकिस प्रकार बदल रहा है उसका कथन है। आज युवा वर्ग अपने पुराने सम्बन्धों को छोड़कर नये सम्बन्धअपनाना चाहता है। परंतु वह नये-पुराने सम्बन्धों के बीच उलझ गया है, दोनों सम्बन्धों के बीच सामन्जस्य स्थापित करना चाहता है, परंतु वह छटपटा कर रह जाता है। नये सम्बन्धों को बनाए रखने की दौड में वह पुराने सम्बन्धों को अनदेखा कर देता है। इस उपन्यास में नये-पुराने सम्बन्धों का बनना बिगड़ना, नई-पुरानी संस्कृति के बीच हो रहे संघर्ष को सूचित करता है।

वास्तव में पारिजात में आधुनिक भारत की खोज है। आधुनिकता को हम तभी गहराई से समझ सकते हैं जब हम उसे अपने मूल से जोडकर देखेंगे। लेखिका ने भारतीयता की इस गहराई को टटोलने का नम्र प्रयत्न किया है। यहाँ आधुनिक भारतीय संस्कृति में होनेवाले परिवर्तन का सम्पूर्ण विश्लेषण करना असंभव है। इसका उद्देश्य केवल नायक-नायिका के जीवन में आए हुए उथल-पुथल पर प्रकाश डालना है। नायक हिन्दू है, नायिका मुसलमान है। उपन्यास के अन्त में दोनों का मिलना होता है। यह मिलन भारत में चल रहे हिन्दू-मुसलमान समस्या का एक प्रकार से निदान माना जा सकता है।

रोहन उपन्यास का नायक है। उसके पिता प्रहलाददत्त इलाहाबाद युनिवर्सिटी में अर्थशास्त्र के अन्तर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि पाने वाले प्रोफेसर है , उसकी माँ प्रभादेवी इसी युनिवर्सिटी में अग्रेजी की प्राध्यापिका है। रोहन-पड़ने लिखने में तेज-तर्रार था। उसे दो-तीन सवर्ण पदक भी प्राप्त हो चुके है। रोहन और उसके मित्र हावर्ड में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाना चाहता है। क्योंकि ये सभी भारत देश को पिछड़ा हुआ और पुराने रीत-रीवाजों में जकड़ा हुआ मानते हैं। वे नई हवा में साँस लेने के लिए हार्वड जाना चाहते है। सभी मित्रों रोहन, काजिम, मोनिस के घरों में बहुत दिनों तक इस बात को लेकर बहस चलती रही। सभी के पिता अपने बच्चों को विदेश भेजने के पक्ष में नहीं थे मोनिस मुंहफट है, वह कहता है, 'जब आपके वालिद साहेबान गाँव से जडे काट शहर आए थे तो उन्हें अपने बाप-दादाओं की विरासत का ख्याल नहीं आया था? आप जब उन छोटे शहरों से निकल लखनउ में बसे तो क्या आपने सबको नकार नहीं दिया था? तरक्की करना और आगे बढना हर इन्सान का फितरी अमल और बुनियादी हक है।' (पृ.३३) मोनिस की इस बात का समर्थन करते हुए काजिम कहता है - 'आप ही फरमाते थे कि जमीन खुदा की बनाई हुई है। सारी मखलूक एक है तो फिर जमीन का कोई हिस्सा परदेश क्यों हुआ? हम बाबा आदम के असूलों और तौर-तरीकों को लेकर चलें डैडी, तो इस गलाकाट दौड में रौंद दिए जाएंगे। हमें जमाने के साथ चलना होगा।पृ.३ रोहन भी मोनिस और काजिम की हाँ में हाँ मिलाता है। वह चुभते हुए स्वर में कहता है -

हम अपना फ्यूचर दाँव पर नहीं लगा सकते हैं। रहा अंग्रेजों की गुलामी का मसला तो आप देख रहे हैं कि हम कहाँ और वह कहाँ। पृ.३४ मोनिस काजिम और रोहन हावर्ड जाते है।

उन्हें माँ-बाप पिछडे और दकियानूसी लगते है। मोनिस वहीं पर नौकरी कर लेता है, शादी करके बीबी-बच्चों के साथ वहीं बस जाता है।

रोहन इलाहाबाद लौट जाता है, इलाहाबाद में एलिसन नामकी एक अंग्रेज लडकी से शादी कर लेता है। वह नौकरी की खोज करता है, उसे नौकरी नहीं मिलती है। नौकरी करने और जीवन में प्रगती करने के लिए वह सउदी अरेबिया पत्नी और बच्चे के साथ चला जाता है। वहाँ एलिसन को नौकरी मिल जाती है, रोहन फ्रीलान्स काम करता है और यहीं से उसके जीवन में प्रगती करने के लिए वह सउदी अरेबिया पत्नी और बच्चे के साथ चला जाता है। वहाँ एलिसन को नौकरी मिल जाती है, रोहन फ्रीलान्स काम करता है और यहीं से उसके जीवन में परेशानियों का आना शुरु हो जाता है। वहाँ वह चोट पर चोट खाता है। गृहस्थ जीवन भी तनाव भरा चलने लगता है, बात कुछ ऐसी है - वह चाहता है कि एलिसन बच्चे टेसू का ध्यान रखे। परन्तु एलिसन उसकी इच्छा की परवाह नहीं करती। नौकरी से आने बाद वह अपने दोस्तों से मिलने चली जाती थी। यदि दोस्त के पास नहीं गई तो क्लब में ठठ्ठा-मश्करी करने चली जाती थी। टेसू बिमार था, एलिसन को इसकी चिंता नहीं थी। रोहन बच्चे की देख-रेख को ध्यान में रखकर हर रोज परेशान रहता था। एक दिन रोहन एलिसन पर हाथ उठा देता है। एलिसन अरेबिया की कोर्ट में रोहन के विरुद्ध मुकदमा दायर कर देती है। बात आगे बढ जाती है, एलिसन टी.वी., फ्रीज, जैसी घर की चीजे इंग्लैंड भीजवा देती है। वह रोहन के एकाउन्ट से सारे पैसे निकाल लेती है। इतना ही नहीं, वह रोहन के कपडे घड़ी, पुस्तकें आदि सभी काम की चीजों को बाहर रोड पर फेकवा देती है। रोहन के पास कुछ नहीं बचता है। उसे एलिसन लोक-अप में कैद करा देती है।

इलाहाबाद से रोहन की माँ प्रभादेवी सऊदी अरेबिया आती है। वह रोहन को एलिसन पर विश्वास न करने को कहती है। रोहन पर एलिसन के प्रेम का चश्मा था। वह अपनी माँ की बात नहीं मानता। प्रभादेवी और प्रो. प्रहलाद रोहन को बचाने के लिए पैसों का इन्तजाम करते है जिसके चलते उन्हें इलाहाबाद की अपनी कोठी भी बेच देनी पडती है। रोहन २५ दिन तक जेल में रहा। उसके दोस्तों ने अस्पताल से एक्स-रे की रीपोर्ट निकाल कर शरियत कोर्ट में यह साबित कर दिया कि एलिस द्वारा रोहन पर किया गया मुकदमा झूठा है : उसकी हड्डी नहीं टूटी है। यदि वे दोस्त यह साबित नहीं करते तो रोहन को दस-बारह वर्ष तक कैद में रहना पडता। अब वह लॉक-अप से छूट चुका था।

बच्चे टेसू की जवाबदारी का प्रश्न था। रोहन ने टेसू की कस्टडी एलिसन को दे दिया था। एलिसन टेसू को लेकर इंग्लैंड चली गई थी। रोहनने टेसू के लिए इंग्लैंड की कोर्ट में मुकदमा दायर कर दिया। एक वकील रोक लिया था, पर वकील को पैसा न दे सका। वह कोर्ट की तारिखों पर पैसों के अभाव में अरेबिया से इंग्लैंड की कोर्ट में नहीं जा पाता था। फैसला एक तरफ हुआ। टेसू की कस्टडी एलिसन को दे दी गई। अंग्रेज लोग भारतीयों से घृणा करते थे। रोहनको मुकदमे में जीत नहीं मिल पाई। टेसू उसके हाथ से निकल गया और उसकी टीस रोहन के हृदय में बनी रही।

रूही इस उपन्यास की नायिका है। उसके विचार संतुलित है। वह नये-पुराने सम्बन्धों को अच्छी तरह समझती है। उसने काजिम से विवाह किया। वह बरसात और फिरदौशी की बहू थी। डाकूओं ने बरसात को गोलियों से भून दिया था और फिरदौशी अपंग हो गया। काजिम और रूही का एक कार से एक्सिडेन्ट हो गया, दोनों जख्मी भी हुए लेकिन ठीक भी हो गए और दो वर्षो तक उनका गृहस्थ जीवन ठीक रहा और एक दिन अचानक समाचार आया कि हार्ट अटैक से काजिम की मृत्यु हो गई। रुही युवावस्था में ही विधवा हो गई। काजिम की मृत्यु ने उसे बेजान बना दिया था।

रोहन रुही का बचपन का मित्र था। उसने अपने दु:ख को अपने भीतर ही छिपाए रखा और रुही को सहारा दिया। मेरिया रुही को बताती है कि औरत ही मर्दो का जीना हराम कर देती है, उसके जीवनको कठिनाईयों से भर देती है। वह बताती है कि किस प्रकार एलिसन ने रोहन को बेकार, दर-दर भटकता

और माँ-बाप से दूर कर दिया, किस प्रकार उसने टेसू को रोहन से छिन लिया। रुही को यह एहसास हुआ कि न केवल उसके जीवन में बल्कि सभी के जीवन में दु:ख दर्द है इसी कारण वह रोहन के पास आकर उससे कहती है कि इन्सान अपने हालात से समझौता करता है, और इसी में उसकी भलाई है। वह रोहन को यह भी बताती है कि काजिम की मृत्यु हार्ट-अटैक से हुई यह अफवाह उसने फैलाई थी, वास्तव में उसने आत्महत्या (स्यूसाईड) किया था क्योंकि वह रुही को माँ बनाने की क्षमता नहीं रखता था। यह सुनकर रोहन सुन्न हो गया।

इस उपन्यास में लेखिका ने दो अलग-अलग धर्मों को केन्द्र में रखा इतना ही नहीं भारत के अतिरिक्त कई अन्य देशों की भी बात इस उपन्यास में वर्णित की है लेकिन मुख्यत: लेखिका का इशारा तो इसी बात की ओर है कि इन्सान चाहे जिस धर्म, जाति या संप्रदाय का हो वे एक ही जैसे होते है उनकी भावनाएँ उनके दु:ख, दर्द भी समान ही होते है क्योंकि वे सभी इन्सान है।

संदर्भ सूची :

१. नासिरा शर्मा - 'पारिजात' किताबघर प्रकाशन, नई दिल्ली

२. पृ. ३३

३. पृ. ३३

४. पृ. ३७७

५. पृ. ५०४

६. पृ. ३४

सहायक आचार्या

स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग,

सरदार पटेल युनिवर्सिटी,

वल्लभ विद्यानगर

पिन-३८८१२०

किन्नर विमर्श संगोष्ठी

स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्यानगर एवं गुजरात साहित्य अकादमी, गांधीनगर, सर्वोदय एजूकेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधाम में २२-२-२०१८ को हिन्दी साहित्य में किन्नर विमर्श का आयोजन समग्र भारतीय विश्वविद्यालयों में पहली बार रखा गया। विभागाध्यक्ष आचार्य दयाशंकर, आचार्य दिलीप मेहरा, उपाचार्य हसमुख परमार की सूझ बूझ ने इक्कीसवीं शताब्दी की नब्ज को गहराई से पकड़ा जिसके उद्घाटन सत्र में कुलपति आचार्य शिरीष कुलकर्णी, श्री महेन्द्र भीष्म, पायलसिंह, श्री प्रदीप सौरभ, गीतिका वेदिका और दो सो से ज्यादा प्रतिभागियों एवं वक्ताओं की उपस्थिति में आचार्य मदन मोहन शर्मा के कुशल संचालन में सम्पन्न हुआ। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय सत्रों में क्रमश: सहआचार्या अनिला मिश्रा, सहआचार्या पार्वती गोसाई, चिराग परमार, नीता जोशी, डॉ. पंकज कोचन, डॉ. गुणवंत व्यास, डॉ. कवित पंड्या के कुशल संचालन में क्रमश: महेन्द्र भीष्म, प्रदीप सौरभ, त्रिवेदी एवं डॉ. शिवप्रसाद शुक्ल के वक्तव्यों में किन्नरों की स्थिति, दशा, दिशा को कृष्णने अर्जुन को युद्ध के समय कहा 'मा क्लीव' के आधार पर भीष्म को किन्नर सिद्ध करते हुए बौद्धिक, सामाजिक, धार्मिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक एवं शारीरिक किन्नरों को समझाने की कोशिश की। समापन सत्र में श्री महेन्द्र भीष्म, श्री प्रदीप सौरभ, पायलसिंह, गीतिका वेदिका की उपस्थिति एवं वक्तव्यों से सम्पन्न हुआ। स्वागत परिचय आचार्य एवं विभागाध्यक्ष डॉ. दयाशंकर, संगोष्ठी की रूपरेखा आचार्य दिलीप मेहरा, संचालन आचार्य मदनमोहन शर्मा, आचार्य हसमुख परमार, सहआचार्या अनिला मिश्रा एवं सहआचार्या पार्वती गोसाई का काफी सराहनीय प्रसंगोचित रहा है। **(रीपोर्ट - डॉ.शिवप्रसाद शुक्ल)**

२९. विश्व साहित्य के संदर्भ में 'चंदरवो' कहानी का मूल्यांकन

अनिता ए. सालुंके

प्रस्तावना :

प्राचीन काल का मनुष्य रात में खाने-पीने के बाद अपने स्वजनों के साथ बैठकर अपने या सुने हुए दुसरों के विलक्षण अनुभवों की बातें करता रहा होगा। संभवत: तभी से कहानी की शुरूआत हुई होगी। विगत लगभग सवा सौ वर्षों में गुजराती साहित्य में अनेक मोड़ों और विशिष्टताओं के साथ कहानी ने अपना स्वरूप प्रगट किया है। विविधसर्जकों ने उसे विविधरूप-रंग में ढाला है, जिससे यथार्थ जीवन के विविधचित्र उभर कर सामने आए हैं। इसीलिए मानव मात्र में कहानी के प्रति रूचि बहुत पुरानी और गहरी है।

कई वर्षों से गुजराती साहित्य में क्षेत्रिय कथावस्तु को लेकर क्षेत्रिय भाषा-बोलीवाली कहानियाँ लिखी जा रही हैं। उत्तर गुजरात की पट्टणी बोली में लिखी गई ऐसी ही एक कहानी 'चंदरवो' (चंदोवा) के बारे में मुझे अपने विचार प्रकट करनें हैं। 'चंदरवो' योगेश जोशी की प्रसिद्ध कहानी है।

विश्वसाहित्य के संदर्भ में 'चंदरवो'

मंगल का प्रतीक माना जानेवाला और शुभ अवसर में ताना जानेवाला 'चंदोवा' इस कहानी के केंद्र में है। 'चंदरवो' या 'चंदोवा' शब्द का अर्थ है कढ़ाई किया हुआ मंडप की छत के रूप में बाँधा जानेवाला रंग-बिरंगा कपड़ा।

कहानी का मुख्य पात्र हैं अस्सी-नब्बे वर्ष की उम्रवाली शारदा माँ। कहानी में 'चँदोवा' बनाने की उनकी लगन, पौत्रजन्म की अदम्य लालसा तथा पौत्र के उपनयन संस्कार के अवसर पर और अंत में अपने जीते-जी खुद की मरणोत्तर क्रिया के अवसर पर चँदोवा बाँधने के आग्रह में उनके अंत:बाह्य व्यक्तित्व के विविधवैश्विक पहलू अपने यथार्थ रूप में दिखाई पडते हैं।

कथा के आरंभ में शारदा माँ मोतिया बिंद का आपरेशन होने के बावजूद, जाडे की धूप की रोशनी में, काँपते हाथों में सूई, डोरा लेकर, रेशमी कपड़ा के छोटे-बड़े टुकड़ों को जोड़कर, घर के बाहर चबूतरे पर 'चँदोवा' बनाने बैठी है। पुत्रवधू आराम करने की सलाह देती है, परंतु उसकी परवाह किए बिना वे अपनी पुत्री के यहाँ ग्यारह वर्ष बाद हुए पुत्र जन्म को याद करके, पुत्र सुरेश के यहाँ भी पुत्र जन्म लेगा और उसके उपनयन संस्कार का जो उत्सव मनाया जाएगा, उसमें अपने हाथ से बनाया गया 'चँदोवा' बंधवाने की इच्छा व्यक्त करती हैं।

हमारे यहाँ परंपरा से हमारे बुजुर्ग अपने अनुभवों का संबल अपने अनुगामियों को देते रहे हैं। ऐसी वैश्विक सामाजिक परिस्थिति का दर्शन होता है। वैसे ही मनुष्य ज्यों ज्यों वृध्धहोता है, त्यों त्यों उसकी जिजीविषा बढ़ती जाती हैं। इस प्रकार की जिजीविषा शारदा माँ के वाणी-व्यवहार में देखने को मिलती है।

आज विश्व में हरेक क्षेत्र में क्रांति आई है। समाज-सुधार के प्रयत्न हो रहे हैं। 'बेटा-बेटी एक समान' का नारा सुनाई पड़ता है; फिर भी यह मान्यता समाज में घर कर गई है कि पुत्र वंश की वेल या कुलदीपक होता है। इस मान्यता में तनिक भी बदलाव दिखाई नहीं पडता। आज भी समाज में यह मान्यता प्रचलित है कि 'बेटी तीन कुलों को तारती है : मायका, ननिहाल और ससुराल।' फिर भी समाज में पुत्र-जन्म को सूर्य, चंद्र जैसे प्रतिकों से अभिनंदित किया जाता है।

प्रस्तुत कहानी में भी शारदा माँ के मन में 'पौत्र जन्म' की अदम्य लालसा दिखाई पड़ती है। आँख से कम दिखता हैं, वात के कारण चलने में तकलीफ होती है, शरीर में और भी कई तरह के कष्ट हैं, फिर भी आवाज में वैसी ही खुमारी है। वे भजन अच्छा गाती हैं। एक बार भजन गाते-गाते वे ऐसे भावावेश में आ गई कि मीरां की तरह भक्ति में लीन होकर नाचने लगीं - वे यह भूल गई कि पाँव कहा नहीं मानते। परिणामस्वरूप वे गिर पड़ी और कुल्हे की हड्डी टूट गई। तब उनका भजन मंडली में जाना

कम हो गया। परंतु चबूतरे पर बैठकर 'चँदोवा' बिनती जातीं और भजन ललकारती रहतीं।

'चँदोवा' पूरा होनेवाला था कि तभी उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। डॉक्टर, पुत्रवधू, बेटा तथा पडोशिन ने आराम करने की सलाह दी, फिर भी वे थोड़ा आराम करने के बाद 'चँदोवा' को पूरा करने में लग गइ। एक दिन 'चँदोवा' मे टांका मारते-मारते उन्होंने ऊपर की ओर देखा :

'बस! ठी....क वही चँदोवा लगाऊँगी.....।'

ऐसा क्षणिक विचार आते ही शारदा माँ की आँखों के सामने रेशमी कोमलता और चमचमाहट के साथ सभी रंगो और आकार युक्त, अधूरा होते हुए भी पूरा चँदोवा, ऊपर टँगा हुआ दिखने लगता है।

शारदा माँ को अचरज होता है कि इतना साफ तो मुझे कभी दिखा ही नहीं। वे मन ही मन सोचने लगती हैं कि -

मेरी आँखें ठीक हो गई हैं क्या? या जैसे अस्सी-नब्बे की उमर के बाद किसी-किसी के नए दाँत निकल आते हैं, वैसे ही मेरी आँखो में नई रोशनी आ गई है क्या?... अब तो नए दाँत भी निकलेंगे!!'

शारदा माँ नए दाँत निकलने का स्वप्न देखने लगी। तभी पुत्रवधू ने तबियत ठीक न होने की वजह से चँदोवा बनाने के लिए मना किया और कहा कि मौका पड़ने पर हम नया चँदोवा खरीद लेंगे। उसके उत्तर में शारदा माँ कहती हैं :

'तेरी समझ में नहीं आएगा। किसी के बनाए हुए चँदोवा में और मेरे बनाए हुए चँदोवा में जमीन-आसमान का फेर है। और फिर, शामियानावालों का चँदोवा पचास, जगह ईस्तेमाल किया हुआ होता है-समझी।'

शारदा माँ के इस उद्‌गार में चँदोवा के प्रति उनका ममत्व तथा लगन दिखाई पड़ती है।

बूढ़ी पडोसिन भी जब शारदा माँ को चँदोवा न बनाने की तथा आराम करने की सलाह देती है, तब उसके प्रति उनका क्रोधभड़क उठता है।

फिर शारदा माँ सोचने लगती है कि बहू को बेटा होने तक और जनेऊ का समय आने तक शायद मैं जीवित न रह सकूं; पर यह चँदोवा पूरा हो जाए, उतने दिनों तक भी जी जाऊँ तो भी ठीक।

यहाँ से कथा-प्रवाह के साथ साथ शारदा माँ की ईच्छा भी बदल जाती है। वे अपने पुत्र सुरेश के समक्ष अपनी अंतिम इच्छा व्यक्त करती हैं कि अब मैं ज्यादा जीनेवाली नहीं हूं। पौत्र-जन्म और जनेऊ का उत्सव देखने की इच्छा थी पर...

अब भगवान की मरजी ऐसी नहीं है... तो मन हो तो है कि मरने से पहले एकाधउत्सव देख लूं... तो मेरी मरणोत्तर क्रिया करते हैं...

ओर बेटा भी माँ की अंतिम इच्छा पूरी करने के लिए तत्पर हुआ। मरणोत्तर क्रिया की तमाम तैयारियाँ शुरू हो गई दूसरी तरफ, शारदा माँ चँदोवा पूरा करने में लग गई।

यहाँ चँदोवा को टांके मारते-मारते ऐसा लगता है, मानो शारदा माँ अपने जीवन काल के कुछ रंग-बिरंगे टुकडों को जोड़-जोड़कर अपने हृदय में भी ऐक चँदोवा बनाती जाती हैं। उनके हृदय में हर रोज नये उत्साह के झरने फूटते हैं।

बेटी मोना और पौत्रियाँ जया-माया की इच्छा अनुसार कपड़ा आदि तमाम वस्तुएँ ली गई। यहाँ तक कि शारदा माँ का स्टील की फ्रेमवाला चश्मा भी तैयार हो गया। शारदा माँ की अंतिम इच्छानुसार उनकी मरणोत्तर क्रिया के बाद भागवत का आयोजन और भागवत का प्रत्येक प्रसंग धूम-धाम से मनाना तय हुआ। और मुहूर्त के दिन विवाह या जनेऊ का उत्सव हो, इस तरह शारदा माँ द्वारा बिना गया चँदोवा लगाया गया, और ठाट-बाट से भजन गाए गए, गरबा नृत्य हुआ, शैयादान किया गया और भोजन की रसम पूरी हुई।

सारा गाँव शारदा माँ और उनके द्वारा की गई मरणोत्तर क्रिया का बखान करने लगा। सारा दिन आनंद में बीत गया। पर किसे पता था कि शारदा माँ भागवत सप्ताह सुनने या नेग बाँटने के

लिए नहीं रहेंगी। आरती-प्रसाद के बाद वे सो गइ और प्रातःकाल में माला फेरते-फेरते सब को छोड़कर परलोक सिधा गइ।

कल के आनंदोत्सव के स्थान पर स्तब्धत, हृदयविदारक सदन और सांत्वना से वातावरण में शोक व्याप्त हो गया।

'फिर सफेद साडियों की खोजंखोज शुरू हुई।'

यह वाक्य वैश्विक परंपरा को जोड़ लेता है। वैश्विक स्तर पर हम एक होना चाहते हैं। परंतु हमारी अपनी अपनी मान्यताएँ, रूढियाँ उतनी ही तेजी से बदलती जा रही हैं। आज कितने ही भरतवासी विदेशों में रहते हैं : फिर भी उनकी मान्यताओं, रूढिओं, संस्कारों में बहुत कम बदलाव देखने को मिलता है। मनुष्य चाहे जितना क्रांतिकारी विचारोंवाला हो, परंतु वह अंततः परंपरा में ही जीता है।

कहानी के अंत में सुरेश से चँदोवा उतारने के लिए कहा जाता है, परंतु वह इंकार कर देता है, क्योंकि उसकी माँ ने मरणोत्तर क्रिया को आनंदमय उत्सव के रूप में मनाने का निश्चय किया था और उसमें खुद के बनाए हुए चँदोवे को बाँधने का आग्रह रखा था।

कहानी में शारदा माँ मरणोपरांत की जानेवाली रोने-धोने की क्रिया या काले वस्त्र पहनने के रिवाज को तोड़ने में विश्वास करती हैं। इस तथ्य से उनके क्रांतिकारी विचार उजागर होते है; और माँ के बाद बेटा सुरेश भी मानो माँ के क्रांतिकारी विचारो को आगे बढ़ा रहा हो, इस तरह से चँदोवा उतारने से इंकार कर देता है।

इस तरह मनुष्य कभी प्रसंगोनुसार परंपरा को मानने में तो कभी परिवर्तन में विश्वास करता है-जीता है। इस बात का उल्लेखनीय दृष्टांत इस कहानी के पात्रों के व्यवहार में देखा जा सकता है।

आधुनिक टेक्नोलोजी के चलते ऐसा लगता है सारा विश्व एक हुआ है, परंतु सच यह है कि हम अंदर से बदले नहीं हैं। आज चाँद पर पहुँचने वाला मनुष्य एक-दूसरे के हृदय तक पहुँच सका है। इस तरह से लगता है कि स्थूल रूप से वैश्वीकरण हुआ है।

आज मनुष्य विश्व स्तर पर होनेवाले सभी परिवर्तनों को अपनाते हुए दिखाई नहीं पड़ता। हमारी रूढियों, मान्यताओं, उत्सवों में परिवर्तन लाना बहुत दुस्कर है।

लेखक की भाषा-शैली, विषयवस्तु, वातावरण ओर पात्र-प्रसंग को अभिव्यक्त कर सकने में सक्षम, सटीक, सरल, भाववाही तथा प्रसादगुण संपन्न है। संवादों में प्रयुक्त विशिष्ट लय और आरोह-अवरोहवाली ग्रामीण बोली पात्रों के अंतःबाह्य व्यक्तित्व को उजागर करने में समर्थ है। पट्टणी बोली पर लेखक की पकड़ ग्रामीण वातावरण के निर्माण में सहायक सिद्ध हुई है। ईस तरह कहानी की कथावस्तु संवेदनापूर्ण तथा हृदय-स्पर्शी है।

गुजराती विभाग,
नलिनी-अरविंद आर्ट्स कॉलेज,
वल्लभ विद्यानगर

३०. नाट्य प्रयोग की नूतन समस्याएँ - आधुनिक रूपकों में

प्रा. डी.जी.राज

प्रस्तावना :-

कला का प्राणतत्त्व है - काव्य और काव्य का उत्कृष्टतम रूप है नाटक। इस विधा के अथीत में प्रयोग और प्रगति की अजस्त्रधारा प्रवाहित होती रही है। नाट्य कवित्व की चरमसीमा ही नहीं अपितु एक ऐसा चाक्षुष यज्ञ है जिसमें श्रवणेन्द्रियों के साथ-साथ नेत्रों को भी सुख प्राप्त होता है। नाट्य की परंपरा आज भी प्रस्तुत है केवल उनका स्वरूप परिवर्तित हुआ है। दिन-प्रतिदिन नाट्य प्रयोग की नूतन सम्भावनाएँ हमे परिलक्षित होती दिखाई देती हैं।

नाट्य साहित्य :-

वर्तमान समय में हमारा नाट्य साहित्य, युगानुरूप होने के साथ-साथ मंचीय दृष्टि से भी बहुत समृद्ध हो गया है। अर्वाचीन नाट्य रचनाकारों ने अपने अपने नाट्यों में प्राचीन नाट्यशास्त्रीय नियमों को अंशत: ही स्वीकार किया है। आज नाटक का अभिप्राय: रूपक का एक अंग नही अपितु उसमें एकांकी प्रहसन, भाण, डिम्ब, वीथिका, नुक्कड आदि समस्त विधाएँ रेडियो रूपक, ऑपेरा, छायानाटक आदि समस्त विधाएँ अनुस्यूत हैं।

नाट्य क्षेत्र में क्रान्ति लानेवाले साधकों की विस्तृत श्रृंखला है जिसमें अभिराज राजेन्द्र मिश्र, राधावल्लभ त्रिपाठी, देवर्षि कलानाथ शास्त्री, हरिदत्त शर्मा, हर्षदेव माधव, रेवाप्रसाद द्विवेदी, नीलिनी शुकला, लीलाराव, राम चौधरी आदि (सम्मिलित) हैं।

नाट्य प्रयोग विधि:-

शिल्प एवं कथ्य में ध्वनि की प्रमुखता पर एकाग्र होकर जिन नाटकों का प्रणयन किया गया वे 'रेडियो रूपक' के रूप में प्रचलित हुए। आकाशवाणी के प्रसारण एवं तकनीक की दृष्टि से इन्हें सर्वाधिक प्रभावशाली कहा जा सकता है। वर्तमान परिवेश में रेडियो रूपक और नृत्य नाटिकाएँ ही अधिकांशत: प्रचलित हैं। नलिनी शुकला की 'पार्वती तपश्चर्या' तथा 'राधानुनय:' नृत्य नाटिकाएँ हैं। इसमें कत्थक नृत्य की स्वर भंगिमाएँ वर्णित हैं। अभिराज राजेन्द्र मिश्र का 'अभीष्टमुपायनम्' दहेज पर आश्रित रेडियो रूपक है। दहेज जैसी कुप्रथा के समाधान स्वरूप गृह स्वामिनी का यह कथन 'तव सद्गुणा एव मे अतुलनीय यौतकम्' इस नाटक को सुखान्त की ओर ले जाता है। राधावल्लभ त्रिपाठी जी का 'मेघ सन्देश' ध्वनि नाट्य है।२ इसमें मेघगर्जन, वर्षा, वायु की तीव्रता का नाद सम्पूर्ण भावाभिव्यक्ति का माध्यम है। केशवचन्द्र दास का 'समानी'३ नाटक धारावाहिक के रूप में लिखा गया सफल प्रयोग है।

'आदिशंकराचार्य' नामक संस्कृत फिल्म ने सफलता के अनेक कीर्तिमान स्थापित किये। हरिदत्त शर्मा के नाट्य संकलन 'आक्रन्दम्' के रेडियो रूपक इलाहाबाद आकाशवाणी से प्रसारित हो चुके हैं। स्त्री शोषण के विरुद्ध 'अबला बलम्' एकांकी का उद्घोष 'वयं नार्य: राष्ट्रे जागृयम्'४ नारी के जनजीवन की ओर संकेत करता है।

नाटक के क्षेत्र में समस्यापूर्ति जैसे विषय को लेकर अभिराज ने 'पञ्चसी न मी' जैसा रोचक नाटक लिखा। 'वाणीघटक मेलनम्' में नूतन प्रयोग किया गया है, पात्रों के नाम, व्याकरण के सूत्र वाक्यों पर रखे गये हैं जैसे छात्रों के नाम यङ्लुक कृदन्त, यङन्त, कर्मवाच्य, एकवचन आदि। प्रहसन द्वारा व्याकरण के सूत्रों का मानवीकरण करके हास-परिहास में ही गूढ़ तत्त्वों की व्याख्या कर दी गयी है। 'देहली परिवेदनम्' में दिल्ली की चेतना एक वृद्धा में चित्रित है।७

इसी परम्परा में पूर्वोन्मेष विधिको मानकर लिखा गया नाटक 'एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ती'८ नवीन कला का परिचायक है। कुछ नाटक 'लीलानाट्य' (मृत्युरयं कस्तूरीमृगोडस्ति ९ शैली में लिखे गये हैं। लीलानाट्य में वेश सज्जा नहीं होती अपितु पात्र अपने अभिनय से ही अपनी पहचान प्रस्तुत करते हैं। रूपदेव माधव की 'परीक्षा' एवं 'कल्पवृक्ष' नाटक भी लीलानाट्य श्रेणी के ही हैं।१०

राधावल्लभ त्रिपाठी ने नर्मालाप शैली में 'प्रेक्षणकसप्तकम्' की रचना की है। जिसमें व्यङ्ग्य के साथ साथ सरल हास्य की सृष्टि होती है। उनका 'मशकधानी' नाटक मंच की दृष्टि से सर्वाधिक सफल है, इसी कुल में 'गणेश पूजनम्' को नुक्कड़ शैली की सफल प्रस्तुति कहा जा सकता है। जिसमें गणेशपूजन के चन्दे के नाम पर धन्धा, स्तुति पूजन के स्थान पर अश्लील फिल्म दिखाने के वायदे दिए जाते हैं। यह एकांकी समाज की कलुषित मनोवृत्ति को प्रेक्षकों तक पहुँचाता है।११ इस प्रकार संस्कृत नाटकों की अनवरत प्रवाहमान यह नाट्यशाला उसकी जीवन्तता की द्योतक है।

नाट्य साहित्य में प्रयोग विज्ञान का चरमबिन्दु 'मृत्युरयंकस्तूरीमृगोडस्ति' में दृष्टिगोचर होता है जिसमें पाश्चात्य रंगमंच पर प्रचलित विसंगत नाट्य शैली का प्रयोग किया गया है। 'कब्रस्थान' इस रूपक में दो मतपुरुषों के संवाद की प्रस्तुति देखकर सामाजिक हतप्रभ रह जाते हैं।१२ वस्तुतः नाट्य परम्परा में बदलते हुए प्रयोग विज्ञान से यह स्पष्ट है कि आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के प्रकाश में रंगमंच पर नाटक को प्रस्तुत करने की नवीन शैलियों का विकास हुआ है।

उपसंहार :-

रंगमंच की आधुनिक साजसज्जा, ध्वनि प्रकाश योजना इतनी सशक्त है कि दर्शकों को दृश्य कल्पना की आवश्यकता ही नहीं है। इसलिये अर्वाचीन नाट्यकारों पर नाट्यशास्त्रीय नियमों की अवज्ञा करने का आरोप भले ही लगा परंतु उन्हें अपनी शोधपरक दृष्टि को और विकसित करना होगा और आधुनिक रूपकों में नाट्य प्रयोग की और भी नूतन सम्भावनाएँ हो सकें।

संदर्भ सूची :-

१. रूपरूद्रीयम्-पृ.८
२. प्रेक्षणकसप्तकम्-२०,२१
३. दूर्वा-पृ. ३२-४६
४. आक्रन्दनम्-पृ. ७४
५. नाट्यसप्तपदम्-पृ. २७-७२
६. नाट्यसप्तपदम्-पृ. ५२-५८
७. नाट्यसप्तपदम्-पृ. २०८-२२७
८. रूपरूद्रीयम्
९. हर्षदेवमाधव-पृ. ३२
१०. कल्पवृक्ष-पृ.८, २०, २३, २९
११. प्रेक्षणकसप्तकम्-पृ. ५४-५८
१३. मृत्युरयं कस्तूरी मृगोडस्ति-पृ. १०-१३

संस्कृत विभाग,
श्री भीखाभाई पटेल आर्ट्स कॉलेज,
आणंद



कविता

गजेन्द्र प्रसाद

करो भूतकाल की प्रवृत्ति की परीक्षा
करो वर्तमान में प्रवृत्ति की रक्षा
तो होगी भविष्य की प्रवृत्ति की सुरक्षा
भुतकाल का निर्णय हो तो
वर्तमान में निश्चय करे जो
भविष्य में निवारण हो तो
आनंदमयी व्यक्तित्व निकास
वही है अनन्त जीवन संदेश
भ्रान्ति में नही है शान्ति
क्रान्ति से चली जाय शान्ति
संतोष से ही मिले शान्ति
सत्यमयी रखते है सुखदुःखमें शान्ति

सुशील संशोधन केन्द्र,
विद्यानगर,आणंद

३१. 'मनुस्मृति' में धार्मिक संस्कृति

प्रियंककुमार निलकंठभाई रावल

संस्कृति के इतिहास से मानव की प्रगति का परिचय मिलता है। मानव अपना विकास करने के लिए दूसरे जीव से अधिक प्रयत्न करता है। अन्य प्राणियों को प्रकृति जैसे रखना चाहती है वैसे ही वे रहते हैं। यही कारण है कि उनका जीवन आज से हजारों वर्ष पहले जैसा था, वैसा आज भी है। यह पशुओं का प्राकृतिक जीवन है।

प्रकृति की दी हुई सुविधाओं से संतुष्ट न रहकर मानव ने अधिक से अधिक वस्तुओं को अपने लिए उपयोगी बनाने का प्रयत्न किया है और उन सुविधाओं और सुखों के लिए वह इच्छुक रहा है। मनुष्य के विकास के मूल में उसकी बुद्धि है, जो अन्य प्राणियों को बहुत कम मिली है। मनुष्य को प्रकृति ने बुद्धिमान बनाया है।

संस्कृति की परिभाषा :-

गैरोला वाचस्पति कहते हैं कि - ''संस्कृति क्या है? इस प्रश्न पर अनेक विद्वानों मे बड़ा विवाद एवं मतभेद रहा है। विद्वानों ने विभिन्न विषयों के आधार पर इस प्रश्न का समाधान करने की चेष्टा की है।''१

नृ विज्ञान के विद्वानों का अभिमत है कि ''समस्त सीखा हुआ व्यवहार ही संस्कृति है। इसका आशय यह हुआ कि मनुष्य ने धर्म, आचार, विचार और रहन-सहन आदि की जिन मान्यताओं को परम्परा से अर्जित एवं निर्धारित किया है, वही उसकी संस्कृति के मूल उपादान या तत्त्व हैं। उपादान या तत्त्व सद्-आशय और सनातन है।''२

व्युत्पति की दृष्टि से संस्कृति शब्द सम् उपसर्ग पूर्वक कृ धातु से संस्कृति शब्द बनता है। इस व्युत्पति आधार पर संस्कृति उस अर्थ विशेषता का द्योतक है जो समस्त मानवता को प्रदान करता है। संस्कृति का मूल तत्त्व सदाचार, सद्विवेक और सद्गुण आदि यह हमारे आदर्श हैं और इन आदर्शों के द्वारा संस्कृति की अवतारणा होती है।

'संस्कृति' शब्द 'संस्कृत' से निष्पन्न है। इसलिए अंग्रजी शब्द 'कल्चर' से उसकी तुलना करके उस व्यापक अर्थाभिव्यक्ति का कल्चर द्वारा ग्रहण सम्भव नहीं है।

सम् - उत्तम, कृति - चेष्टा का अर्थ उत्तम कृति या सम्यक् चेष्टाएँ सिद्ध होता है। ये चेष्टाएं देह, प्राण, मन, बुद्धि, आदि किसी भी इन्द्रिय की हो सकती है। उनका क्षेत्र लौकिक भी हो सकता है और परलौकिक भी। श्रुति, स्मृति, पुराण, धर्मशास्त्र आदि हमारी उत्तम आदर्श कृतियाँ हैं। उनके निर्देश एवं विधान ही सम्यक् चेष्टाए हैं। संस्कृति उन्हीं चेष्टाओं का आधार है।

धर्म की धरती पर संस्कृति की उत्पत्ति हुई है। धर्म की सीमाएँ शास्त्र द्वारा निर्धारित होती हैं। धर्म वहाँ है, जहाँ शास्त्र निर्देश करें। धर्म को अलौकिक एवं अद्रुष्ट कहा गया है। उसकी अलौकिकता एवं अद्रुष्टता का प्रमाण शास्त्र है। संस्कृति में शास्त्र अविरुद्ध अर्थात शास्त्र संमत आचार का समावेश होता है। यह आचार लौकिक पक्ष और अलौकिक है। संस्कृति का लौकिक पक्ष धर्म है और अलौकिक पक्ष कर्म है। संस्कृति धर्म और कर्म से समन्वित है। वस्तुत: संस्कृति और धर्म में कोई विशेष अंतर नहीं है।

धर्म के स्वरूप को समझने के लिए वैदिक वाङ्मय, आर्ष काव्य, पुराण, स्मृति साहित्य, कोश तथा आधुनिक विद्वानों के मत पर दृष्टिपात करना उचित होगा।

ऋग्वेद में धर्म शब्द का प्रयोग हुआ है...

त्रिणि पदा विचक्रमे विष्णुर्गोपा अद्भय: अतो धर्माणि धारयन्।३

उपरोक्त मंत्र का अर्थ सायणाचार्य ने अग्निहोत्रादीनि या कर्माणि यज्ञादि क्रिया कहकर स्पष्ट किया है एवं 'धारणात् धर्म:' को धारण करने के अर्थ मे लिया है।

रामायण मे धर्म को ही संसार में सर्वश्रेष्ठ तथा परम गतिवाला कहा गया है एवं सत्य के लिए धर्म को ही प्रमाण माना

है।४

महाभारत में धर्म को 'अहिंसा परमो धर्मः' कहकर लक्षित किया गया है। तथा सबके द्वारा धारण करने से धर्म को धर्म की संज्ञा दी गई है।५

धर्म शब्द की व्युत्पति :-

धृ धातु से धञ् प्रत्यय लगने से धर्म शब्द निष्पन्न होता है। आप्टे ने कर्तव्य, जाति, सम्प्रदाय आदि के प्रचलित आचार के पालन को ही धर्म माना है।

मनुस्मृति में आचारः परमो धर्म के उद्घोषक मनु वेद, स्मृति, आचार तथा मन की प्रसन्नता इन चारों को धर्म के साक्षात् लक्षण मानते हैं।

वेदः स्मृतिः सदाचारः स्वस्य च प्रियमात्मानः।

एतच्चुविधप्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम्॥६

मनु ने चतुर्थ अध्याय में धर्म के विषय में कहा है कि... किया हुआ धर्म भूमि या गौ के समान तत्काल फल नहीं देता है और धीरे-धीरे फलोन्मुख होता हुआ कर्ता की जड़ता को काट देता है। इसलिए धर्म का संग्रह करते करते उसकी सहायता से आपत्ति आने पर वह धर्म ही उसका साथ देता है।

तस्माद्धर्म सहायार्थ नित्यं संचिनुयाश्छनैः।

धर्मेण हि सहायेन तमस्तरति दुस्तरम्॥७

गौतमबुद्ध ने धर्म को माता, पिता, भाई और मित्र माना है।

धर्म : पिता च माता च, धर्मश्च सुहृदस्तथा।

धर्मा भ्राता सखा चैव, धर्मः स्वामी परन्तपः॥८

गौतमधर्मसूत्र मे 'वेदो धर्ममूलम्'९ वेद धर्म का मूल है। जो धर्मज्ञ है, जो वेदों को जानता है, उनका मत ही धर्म प्रमाण है। 'धर्मज्ञसमयः प्रमाणं वेदश्च'१०

मनुस्मृति के अनुसार धर्म के उपादान प्रमाण पांच हैं।

वेदोऽखिलो धर्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम।

आचारश्चैव साधूनामात्मनस्तुष्टिरेव च॥११

सम्पूर्ण वेद, वेद शास्त्र जाननेवालों के रचे हुए धर्मशास्त्र, स्मृतियाँ, वेदवेत्ताओं के मन की स्वाभाविक प्रवृत्तिशील, वेदवेत्ता साधुओं-शिष्टजनों का आचार और वेदज्ञ शिष्टजनों के मन का सन्तोष ये सब धर्म के प्रमाण हैं।

मनु द्वारा प्रतिपादित धर्म :-

भगवान मनु ने धर्मशास्त्र मनुस्मृति में मानव प्रकृति की गहराइयों मे डुबकी लगाई और उपलब्धियह है कि मानव कदापि एकाकी नहीं रह सकता। उसे घर चाहिए, परिवार चाहिए साथ ही मानव समाज भी चाहिए। विशाल व्यापक समाज में वह स्वयं को अन्य से अलग नहीं रख सकता है। वहाँ सुव्यवस्था बनाने के लिए मानव-मानव के बीच मधुर एवं सुखद संबंधरखने के लिए, जीवन की गति सुचारु रुप से आगे बढ़ाने के लिए, सुसंस्कृत सदस्य बने रहने के लिए और दानवता से देवत्व की ओर जाने के लिए उसे बहुत कुछ छोड़ना होगा, स्वयं के लिए प्रयत्न करना होगा-यह धर्म संबंधी सामान्य धर्म है।

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं, शोचमिन्द्रियनिग्रह।

धीर्विधा सत्यमक्रोधोः, दशकं धर्म लक्षणम्॥१२

धृति, क्षमा, दम, अस्तेय, शोच, इन्द्रियों को वश में करना, ज्ञान, विद्या, सत्य, क्रोधका त्याग ये दस धर्म के लक्षण हैं। चारों आश्रमों में ये धर्म के दश लक्षणों का सदैव आचरण करना चाहिए। दश लक्षणवाले धर्म का पालन करते हुए द्विज सावधान होकर गुरू से वेद, उपनिषद को सुने; तदुपरान्त संन्यास ग्रहण करें - इस प्रकार जो ब्राह्मण इस दशलक्षण युक्त धर्म का अध्ययन करके उसका आचरण करता है तो मोक्ष को प्राप्त करता है।

मनु द्वारा सामान्य धर्म के जो लक्षण बताये हैं उन्हे मानव धर्म कहकर परिचित करवाया जाय तो वह मिथ्या कथन नहीं होगा। मानव धर्म कहने का लक्ष्य यह स्पष्ट करना है कि व्यक्ति चाहे किसी देश, जाति, वर्ण, सम्प्रदाय का क्यों न हो उसका प्रधान परिचय है-मानव होना। मानव वह नहीं जिसमें मांस, मज्जा, अस्थि, पंजर हो, रक्त की धारा प्रवाहित हो... परंतु

वह मानव इसलिए है क्योंकि उसमें मानवता होती है और मनुष्यता होती है। मनु प्रतिपादित दश धर्म लक्षण उसी मानवता के लक्षण हैं।

आधुनिक युग में विश्व के अति उन्नत देशों का तो कहना ही क्या ? उन्नतिशील देश भी तीव्र गति से भौतिक समृद्धि, वैज्ञानिक तथा तकनिकी की दौड़ में आगे बढ़ रहे हैं। किन्तु कितना बड़ा दुर्भाग्य है कि अत्याधुनिक सुरक्षित ट्रेन, बसों, महत्वपूर्ण केन्द्रों में एक के बाद एक विस्फोट होता है। मुम्बई भी आतंकवादी आक्रमणों से बच नहीं पाया। यह दु:ख किसी भी धर्म, जाति, विचार, मान्यता का क्यों न हो? सत्य तो यह है कि वह मनु प्रतिपादित सामान्य धर्म के अधिकांश लक्षणों से वंचित है। यदि उसमें क्षमा रहती तो धार्मिक मदान्धता उसको स्पर्श नहीं कर पाती। यदि वह सत्यवादी होता तो मिथ्या प्रचार तथा प्रलोभनों से पदभ्रष्ट न होता। यदि उसने धृति का आश्रय लिया होता तो धार्मिक असहिष्णुता उसके पास भी न फटक पाती। अक्रोधकी शरण में गया होता तो दानवीय पथ का पथिक न बना होता।

धार्मिक संस्कृति का आज जिस अर्थ मे प्रयोग किया जा रहा है, उसकी वास्तविक महत्ता एवं व्यापकता संकुचित हो गयी है। कारण सिर्फ इतना ही है कि भारतीय वाङमय, परम्पराओं और जीवन में धार्मिक संस्कृति प्राचीन काल से जो चली आ रही है उसका उस रूप और अर्थ मे हृदयंगम न किये जाने के कारण आज आधुनिक युग में सामाजिक स्थितियाँ और मानव-दानव की दिशा की ओर गति कर रहा है। इस स्थिति में हमें प्राचीन मनीषियों तथा चिन्तकों ने दी हुई धार्मिक संस्कृति का आह्वान करना चाहिए।

संदर्भ सूची :

१. वैदिक साहित्य और संस्कृति, पृ.२१३

२. तदैव, पृ.२१४

३. ऋग्वेद १/२२/१८

४. रामायण २/२१/४

५. महाभारत ११५/०१

६. मनुस्मृति २.१२

७. मनुस्मृति ४.२४२

८. बुद्धगौतम १/३०

९. गौतमधर्मसूत्र १.१.२१

१०. आपस्तम्ब धर्मसूत्र १.१.१.२१

११. मनुस्मृति २.६

१२. मनुस्मृति ६.१२

अध्यापक सहायक,

श्री जे.एम.पटेल आर्ट्स कॉलेज,

आणंद

मो. ९८९८१७९२०८

३२. अद्वैतवाद और मायावाद - शंकराचार्य के संदर्भ में

डॉ. मोंघजीभाई बी. चौधरी

अद्वैतवाद का सिद्धान्त भारतीय चिन्तन की परम्परा में अति प्राचीन एवं महत्वपूर्ण है। यद्यपि इसे सैद्धान्तिक दृष्टि से सुव्यवस्थित रूप आचार्य शंकर ने प्रदान किया, तथापि इसका प्रारूप वेदों तक में मिल जाता है। अद्वैत-विषयक विचार समस्त संस्कृत वाङ्मय में यत्र-तत्र बिखरे पड़े हैं। सहस्त्रों वर्ष पूर्व ही भारतीय ऋषियों ने अपनी ऋतम्भरा प्रज्ञा से अनेकता में एकता के दर्शन कर लिये थे। सृष्टि की समस्त विविधता के पीछे एकता है, जिससे उसका उद्‌भव हुआ है और जिसमें उसे समा जाना है- यतो वा इमानि भूतानि जायन्ते, यत् प्रयन्तत्यभिसंविशन्ति, यह उन्होंने जान लिया था। इस तथ्य को भी उन्होंने हृदयंगम कर लिया था कि परमार्थतत्व वस्तुतः एक है, उसे ही भिन्न नामों से पुकारा जाता है-एकं सीप्रा बहुधा वन्दत्यग्नि यमं मातरिश्वानमाहुः। मायोपहित वह तत्व भिन्न-भिन्न रूपों को अपना लेता है - मायोपहिततत्वस्य विवर्तो बहुधा मतः। आचार्य भर्तृहरि ने शब्द ब्रह्म का प्रतिपादन करते हुए माया के स्थान पर कालशक्ति को स्वीकार किया है और जन्म इत्यादि विकारों को तज्जन्य माना है

अध्याहितकला यस्य कालशक्तिमुपाश्रिताः।
जन्मोदयो विकाराः षड् भुविभेदस्य योनयः॥

अद्वैतवाद के क्षेत्र में मायावाद का महत्व अत्यन्त प्रमुख है। मायावाद सिद्धान्त के स्वीकार किये बिना अद्वैतवाद का प्रतिपादन ही असम्भव है, यही मायावाद की उपयोगिता है। अनेकों आलोचकों की बुद्धि में भ्रम होने के कारण, यहाँ यह कह देना और संगत होगा कि मायावाद सिद्धान्तवाद नही है। सिद्धान्तवाद तो अद्वैतवाद ही है। मायावाद अद्वैतवाद का उपांगभूत सिद्धान्त है।

शंकराचार्य के समस्त ग्रन्थ में माया सम्बन्धी विवेचन अनेक स्थलों पर हुआ है, परन्तु मायावाद सम्बन्धी विवेचन की दृष्टि से शंकराचार्य के भाष्य ग्रन्थ ही अधिक प्रामाणिक एवं महत्वपूर्ण हैं। प्राचीन उपनिषदों में, केनोपनिषद् भाष्य में लगभग तीन बार, कठोपनिषद् भाष्य में चार बार, मुण्डकोपनिषद् भाष्य में चार बार, प्रश्नोपनिषद् भाष्य में चार बार ऐतरेयोपनिषद् भाष्य में तीन बार, तैत्तिरीयोपनिषद् भाष्य में दो बार, छान्दोग्योपनिषद् भाष्य में दो बार तथा वृहदारण्यक उपनिषद् भाष्य के अन्तर्गत तीन बार माया शब्द का प्रयोग हुआ है। ब्रह्मसूत्र भाष्य के अन्तर्गत लगभग तीस बार माया शब्द का प्रयोग हुआ है। ब्रह्मसूत्र के अन्तर्गत केवल एक बार ही (ब.सू.३/२/३) माया की चर्चा की गई है। इन स्थलों पर माया की चर्चा परमेश्वर की शक्ति, अविद्या, इन्द्रजाल और मिथ्यात्व के अर्थ में की गई है।

शंकराचार्य ने जगत् और ब्रह्म की द्वैत बुद्धि को हेतु अविधा को बतलाया है। शंकराचार्य का मायावाद के प्रतिपादन के सम्बन्धमें कथन है कि लोगों की अनेक प्रकार की तृष्णाओं एवं जन्म-मरण आदि दुःखों का कारण अविद्या ही है।१ इस अविद्या का विषय जीव है। अविद्या के कारण ही जीव को परमार्थ सत्य आत्म स्वरूप का बोधन होने पर नामरूपात्मक का बोधहोता है। जीव की यही स्वरूपस्थिति उसकी ब्रह्मरूपता है। इस अविद्या को आचार्य ने जगत् की उत्पन्नकर्त्री बीजशक्ति का रूप दिया है।२ यह बीज शक्ति परमात्मा की शक्ति है। इस अविद्या रूप बीज शक्ति का विनाश आत्मविद्या के द्वारा ही सम्भव है - विद्यया तस्या बीजशक्तेर्दाहात् (ब्र.सू.शा. १/४/३)

अविद्या के ही उपर नामधेय माया है। ऊपर हमने जिस अविद्या की चर्चा की है उसका सम्बन्धजीव से है। माया का प्रयोग शंकराचार्य ने प्रायः मिथ्यात्व के प्रतिपादक इन्द्रजाल के अर्थ में किया है। शंकराचार्य ने परमेश्वर को मायावी तथा जगत् को माया कहा है।३ इन्द्रजाल के अर्थ में माया शब्द का प्रयोग करके शंकराचार्य ने यह सिद्ध किया है कि जिस प्रकार इन्द्रजाल की सत्यता केवल द्रष्टाओं के लिए ही है, उसी प्रकार नामरूपात्मक जगत् की सत्यता भी परमात्मा के लिए न होकर केवल अज्ञानी के लिए ही है, आत्मस्थिति के लिए नहीं। इस माया को अतिगम्भीर, दुरवगाह्य एवं विचित्र सिद्ध करते हुए शंकराचार्य का कथन है कि यह समस्त संसार यह बतलाने पर भी कि प्रत्येक जीव परमात्मा रूप है, 'मैं परमात्मा रूप हूँ' ऐसा नही समझता। इसके विपरीत देहेन्द्रियादि रूप अनात्म तत्व को ही ग्रहण करता है।४ इस प्रकार अद्वैत के अनुसार माया ही जगत् के परमार्थ रूप से सत्य मानने का कारण है। अद्वैतवाद सिद्धान्त के

अनुसार वास्तविक परमार्थ सत्य तो अद्वैत ब्रह्म ही है और जगत् माया है। परन्तु जगत् मायिक होने पर भी शशश्रृंग के समान पूर्णतया असत् नही है। इसलिए शांकर अद्वैतवाद के अन्तर्गत जगत् की व्यावहारिक सत्ता स्वीकार की गई है।

शांकर वेदान्त में माया का विषयित्व :- शांकर वेदान्त के अन्तर्गत माया का विषयी एवं विषय दोनों रूपों में ही वर्णन मिलता है। माया के विषयित्व के अनुसार शंकराचार्य का कथन है कि अविद्या के द्वारा ही नामरूपात्मक जगत् ब्रह्म में आधारित होता है एवं इस अविद्या जन्य अभ्यास के कारण ही जीव नामरूपात्मक जगत् को ब्रह्म के अतिरिक्त स्वतन्त्र सत्ता के रूप में देखता है।५ इसीलिए आचार्य ने अविद्या को प्रपंचजन्य समस्त अनर्थ का बीन कहा है।६ शंकराचार्य ने एक दृष्टान्त के द्वारा माया एवं अविद्या के विषयित्व का स्पष्टीकरण करते हुए कहा है कि जिस प्रकार भस्मच्छन्न अग्नि के दहने एवं प्रकाशन तिरोहित रहते है, उसी प्रकार अविद्या से प्रत्युपस्थापित नाम और रूप से सम्पादित देह आदि उपाधियों के योग से अविवेक रूप भ्रम के कारण जीव के ज्ञान और ऐश्वर्य का तिरोभाव हो जाता है।७ यहाँ यह और उल्लेखनीय है कि माया एवं अविद्या के विषयी रूप की स्थिति में उसका सम्बन्धजीव ही से होता है, क्योंकि अज्ञान (अविद्या) के कारण ही जीव को नाम एवं रूप की सत्यता की भ्रान्ति होती है।

शांकर वेदान्त के समालोचक विद्वानों ने प्राय: शंकराचार्य प्रतिपादित माया के विषयित्व एवं विषयत्व की आलोचना करते हुए माया को विषयरूप एवं अविद्या को विषयि रूप स्वीकार किया है।

शांकर वेदान्त में उपलब्धअविद्या के उपर्युक्त द्विविधदृष्टिकोण से हमें एक अन्य तथ्य भी उपलब्धहोता है और वह यह है कि विषयमूलक अविद्या द्वारा उत्पन्न जगत् की सत्ता केवल विषयितत्व की दृष्टि से ही नहीं है, अपितु विषयित्व की दृष्टि से भी है। इस तथ्य का समर्थन इस तर्क से भी हो जाता है कि विद्या के द्वारा ब्रह्म में अत्यस्त नाम रूपात्मक प्रपंच का तो लय हो ही जाता है, परन्तु भौतिक जगत् का विनाश नहीं होता।

अद्वैत चन्द्रिका के लेखक सुदर्शनाचार्य ने परमेश्वर की शक्ति माया के दो भेद किए है। एक विशुद्धसत्वप्रधाना माया और दूसरी अविशुद्धसत्वप्रधाना माया । विशुद्धसत्वप्रधाना माया सत्वगुण प्रधान है और अविशुद्ध सत्व प्रधाना माया तमोगुण प्रधान है। विशुद्ध सत्व प्रधाना माया परमेश्वर की दासी है एवं अविशुद्धसत्वप्रधाना माया जीव की स्वामिनी१ है । यही अविशुद्धसत्वप्रधाना माया अविद्या का रूप है।

सदानन्द ने वेदान्त सार के अन्तर्गत माया की आवरण एवं विक्षेप शक्तियों की चर्चा की है।२ माया की आवरण शक्ति जीव पर अज्ञान का आवरण डाल देती है, जिसका फल यह होता है कि जीव अपने स्वरूप-परमार्थ सत्य रूप ब्रह्म का ज्ञान नहीं कर पाता। माया की दूसरी शक्ति विक्षेप शक्ति है। यह विक्षेप शक्ति ही समस्त ब्रह्माण्ड की सृष्टिकर्त्री है।८ शंकराचार्य के उत्तरकाल में माया का व्यवहारदृष्टि से विषयिमूलक अविद्या एवं विषयमूलक माया के रूप में जो भेद मिलता है वह माया की उपर्युक्त आवरण एवं विक्षेप शक्तियों के समान ही है। जिस प्रकार विषयिमूलक अविद्या जीव को वस्तुज्ञान से वंचित करती है उसी प्रकार आवरण शक्ति भी जीव के स्वरूप ज्ञान में बाधक है। ऐसे ही, जिस तरह की विषयमूलक माया जगत् की बीज शक्ति है उसी प्रकार विक्षेप शक्ति भी जगत् की रचयित्री है।९

ऊपर हमने शांकर वेदान्त सम्मत जिस माया की चर्चा की है वह अनादि, भावरूप अनिवर्चनीय एवं सान्त है।

संदर्भ सूची :

१. वेदान्तसार, संपादक डॉ. राकेश शास्त्री, परिमल पब्लीकेशन्स, दिल्ली।

२. संस्कृत वाङ्मयकोश, प्रथम खंड - डॉ. श्रीधर भास्कर वर्णेकर, भारतीय भाषा परिषद, कलकत्ता।

३. अद्वैत-वेदान्त - इतिहास तथा सिद्धान्त, प्रोफेसर राममूर्ति शर्मा, ईस्टर्न बुक लिंकर्स, दिल्ली।

४. वेदान्तसार - संपादक प्रा. पी.सी.दवे, सरस्वती पुस्तक भण्डार, अहमदाबाद।

प्राध्यापक, संस्कृत विभाग
श्री भीखाभाई पटेल आर्ट्स कॉलेज, आणंद-३८८००१
मो. ९८७९३०५५२६

३३. 'कर्णभार' में दलित चेतना

डॉ. बी.जी.पटेल

दलित शब्द की व्युत्पत्ति एवं विभावना :

'दलित' शब्द संस्कृत 'दल' धातु में से उत्पन्न हुआ है। 'दल' शब्द का मूल अर्थ है खंडित होना, वींधडालना, टुकडा करना। वेदनाओं के कारण खंडित होने से बावजूद, कचडाने के बावजूद नाश न हो एवं टीक रहे वह दलित । शब्दकोश के मुताबिक दलित यानि दबा हुआ, कचडाया हुआ, पददलित।१

डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर ने दलित शब्द अत्यंत सवर्ण समाज द्वारा बहिष्कृत एवं शोषित, परददलित के अर्थ में प्रयोजित किया है। उस समय हमारे वहाँ अस्पृश्य दलित जाति समाज के अर्थ में प्रयोजित किया है । उस समय हमारे वहाँ अस्पृश्य दलित जाति समाज के अर्थ में गांधीजी द्वारा प्रयोजित 'हरिजन' शब्द प्रचलित था। भारत के बन्धारण में 'दलित' शब्द का उल्लेख 'अनुसूचित जाति' के जनसमुदाय के लिए हुआ है, यह सच है किन्तु गौरवपूर्ण मानव गरिमा के अर्थ में मानवी की अस्तित्वजनक पहचान की, दलित चेतना की विभावना को सब से प्रथम डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर ने विशद रूप में रेखांकित की।२

अन्य विद्वानों द्वारा दी गई 'दलित' शब्द की व्याख्याएँ :

डॉ. पथिक परमार कहते हैं कि – 'दलित साहित्य में ब्राह्मणवादी समाजव्यवस्था के विरुद्ध एवं विकृत परिणाम के सामने (विरुद्ध) संघर्ष केन्द्रस्थान पर है।'३

डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर मानते हैं कि 'हमारी नीति स्पर्धा की है। हमारी नीति स्पर्धा की है। हम विनम्र भाव से जो कुछ मांगने का है वह नहीं माँगते जिसके कारण अस्पृश्यतानिवारण के लिए अनुकूल लोग भी प्रतिकूल बन जाते हैं। किन्तु मुझे लगता है कि ऐसी आपत्ति करने वाले को शरीर से नहीं तो कम से कम मन से तो शरमाना ही चाहिए। दुनिया में अस्पृश्यता जैसा नम्र एवं लाचार दूसरा क्या हो सकता है ? क्या हम हजारों साल तक नम्र नहीं रहे ? अब तो महरबानी करके हमें नम्रता एवं विनयता के पाठ न शीखायें। हम को ऐसा नहीं है कि अविवेक की आदत हो गई है या अविवेकी हरकतें करने का शौख है। दिनभर की काली मजदूरी के बाद भी पेट भरने के लिए रोटी कहाँ से मिलेगी उसकी चिन्ता हमारी साथीदार रही है। रोटी की अपेक्षा मनुष्यता श्रेष्ठ है। मनुष्यता के लिए हमें संघर्ष करना पड़ रहा है।'

वा. ल. कुलकर्णी कहते हैं कि, 'दलित साहित्य सामान्य होने पर भी भावक को देवता का अहेसास कराने का विचक्षण सामर्थ्य दर्शाता है।'४

डॉ. शरणकुमार लिम्बाळे कहते हैं कि, आनन्द एवं सौन्दर्य के लिए दुनिया में कभी भी कोई क्रान्ति नहीं हुई है। समता, स्वतन्त्रता एवं न्याय के लिए काफी सत्तापलटा हो रहा है वो ही इतिहास है। आनन्द का स्वीकार करने वाला साहित्य आनन्दवादी बनते हुए, रसिकजन को केन्द्र में स्थान देता है।५

संस्कृत साहित्यकोश में चमकते सितारों रूपी एकाधिक नाट्यकारों का प्रदान बहुधा सुप्रसिद्ध है। उसमें भास, अश्वघोष, सौमिल, कविपुत्रादि का उल्लेख संस्कृतज्ञों के लिए, जब कि हम 'मालविकाग्निमित्र' के सूत्रधार को टीका करने परिपार्श्वक के शब्द सुनते हैं तब कालिदास के पूर्व ऐसे सफल नाट्यकार हो गये हैं उसका परिचय होता है। यह विषय (मुद्दा) हम शब्दशः देखें तो पारिपार्श्वक कहते हैं कि 'मा तावत्, प्रथितयशसां भास-सौमिल्ल-कवि-पुत्रादीनाँ प्रबन्धान् अतिक्रम्य वर्तमान कविः कालिदासस्य क्रियायां कं बहुमानः।'६

अर्थात् 'नहीं, ऐसा नहीं, चारों ओर जिसका यश फैला हुआ है ऐसे भास-सौमिल्ल-कविपुत्र आदि कविओं के नाटक को छोड़कर आजकल के कवि कालिदास की रचनाओं में आपको किस तरह बहुमान हुआ है ? ऐसे समर्थ नाट्यकार द्वारा विरचित 'कर्णभार' में दलित चेतना पर प्रकाश डालने का उपक्रम यहाँ है ।'

'कर्णभार' का कथासार :

महाभारत के शांतिपर्व७ के पाँचवे अध्याय में प्रतिबिम्बित कर्ण का आलेखन कर्णभार में दृष्टिगोचर होता है। कपटवेश में इन्द्र का कवच-कुण्डल का दान लेने आना, अमोघ कवचकुण्डल का दानवीर कर्ण द्वारा दान देना, परशुराम का शाप, कुन्ती को दिया हुआ वचन, एवं सारथी शल्य द्वारा बारबार हताश हुए कर्ण का पात्र-ये सब प्रसंग महाभारत में वर्णित है। महाभारत के वनपर्व८, सभापर्व९ एवं कर्णपर्व१० में भी कर्ण की कथा का विविधरीतों से उल्लेख हुआ है किन्तु, महाकवि भास ने स्वप्रतिमा के प्रकाश ने अपूर्व मौलिकता का स्पर्श देते हुए, कर्णकथा को नावीन्य दिया है एवं उस कथा को नाट्य में रूपांतरित की है। भास ने 'कर्णभार' में कवच-कुण्डल प्रसंग

को युद्धघटना के साथ जोडते हुए नायक कर्ण के प्रति सहानुभूति दर्शायी है। कर्ण का सारथि शल्य यहाँ मृदुभाषी शुभचिन्तक एवं सहायक है। भास ने ब्राह्मण वेशधारी इन्द्र के मुख से प्राकृत भाषा का प्रयोग करवाया है। कर्ण के व्यक्तित्व को अखण्डित रखने का प्रयास किया है एवं उसको गाय, ब्राह्मण एवं पतिव्रता के प्रति अखूट श्रध्धा रखनेवाला यशोधन, महादानेश्वरी एवं अतिसंस्कृत अंकित किया गया है।

समीक्षा :

कर्णभार में इन्द्र का पात्र छलिया, कपटी, दम्भी, शोषण करनेवाले पात्र की तहत उभर उठता है। वह स्वार्थी एवं छलकपट से भरा पात्र है। अपने मानस पुत्र अर्जुन को बचाने के लिए वह कर्ण का शोषण करता है। यहाँ इन्द्र द्वारा कर्ण का शोषण होता है। वे कर्ण के कवच-कुण्डल माँग लेते हुए कर्ण का नाश करते हैं। साथ ही साथ धर्म, सत्य एवं कला का भी नाश करते हैं। व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए इन्द्र जैसा देव याचक बनकर निम्नकक्षा पर अपना स्थान करते हुए, देवताओं की शोषणवृत्ति-निम्नता को और दृढ करता है। इन्द्र चाहे स्वर्ग के देवता हो किन्तु उसकी वृत्ति तो हिन कक्षा के जीव से भी गीरी हुई है। वे खुद वरदान देने के अधिकारी होते हुए भी उचित वरदान नहीं दे सकते। यहाँ कर्ण को मृत्यु तक ले जाने के लिए तत्पर इन्द्र अपनी संकुचितता व्यक्त करते हुए मन ही मन जानकारी देते हैं कि, 'खचीत, मुझे क्या बोलना चाहिए ? यदि दीर्घायु भव ऐसा बोलुंगा तो दीर्घायु हो जायेगा। यदि कुछ बोलुंगा नहीं तो यह मुर्ख है ऐसा मुझे धुत्कारेगा। इसलिए दोनों ('दीर्घायु भव' बोलना या कुछ भी नहीं बोलना) को त्यज कर, मैं क्या बोलुं ? वारू, समझा (शब्दश: देखा) (प्रकट) 'हे कर्ण सूर्य की भाँति, चन्द्र की भाँति, हिमालय की तरह, समुद्र की तरह तेरा यश भी टीका रहे।''१२

धर्मदेव, जातिभेद के तीर से विंधित कर्ण फिर भी अपनी कर्मशक्ति, कर्मकला से कर्मरूपी धर्म से अजर-अमर बन जाता है।

कर्ण जीवनभर कर्म को ही प्राधान्य देते हुए, मृत्यु तक कर्मशील रहता है। जिससे कहा जा सकता है कि कर्ण जीवंत कर्म का पर्याय बन रहता है। महाभारत में कर्ण को दासीपुत्र कहते हुए छोड दिया। कुंती माता द्वारा गुरू द्रोणाचार्य द्वारा एवं परशुराम द्वारा कर्ण शोषित होता रहता है किन्तु उसकी शक्ति कर्म की योग्यता प्राप्त कर चूकी है। इसीलिए रामधारीसिंह 'दिनकर' अपने 'रश्मिरथी' खण्डकाव्य में श्रीकृष्ण द्वारा उक्त यह उक्ति में कर्ण के सम्पूर्ण चरित्र को अमर बनाते हुए कहते हैं :

बड़ा बेजोड़ दानी था
हृदय का निष्कपट था
युधिष्ठिर कर्ण का अद्‌भुत हृदय था।१३

संदर्भ सूची :

१. भगवतसिंहजी कृत भगवद्‌गौमंडल, पृ. ४३३३
२. डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर ने समझाई हुई दलित व्याख्या।
३. पथिक परमार द्वारा दी गई दलित व्याख्या।
४. वा.ल.कुलकर्णी ने समझाई हुआ दलित व्याख्या।
५. डॉ. शरणकुमार लिम्बाळे ने समझाई हुआ दलित व्याख्या।
६. कालिदास मालविकाग्निमित्रम्
७. महर्षि व्यास, महाभारत (पंचम खण्ड) शान्तिपर्व अध्याय ५, पृ. २५ अनुवादक साहित्याचार्य पण्डित रामनारायणदत्त शास्त्री पाण्डेय 'राम'
८. वही, महर्षि व्यास, महाभारत (द्वितीय खण्ड) अध्याय ३००-३१०, पृ. ९५२-९७३
९. वही, महर्षि व्यास, महाभारत (प्रथम खण्ड) धृतपर्व अध्याय ७२, पृ. १०३५
१०. वही, महर्षि व्यास, महाभारत (चतुर्थ खण्ड) कर्णपर्व अध्याय १ से १६, पृ. ४७२-११३०
११. अक्षयोडस्तु गोब्राह्मणनाम्। अक्षयोडस्तु पतिव्रताम्। पृ. १२ भास: कर्णभार, सम्पादक : सुरेश जे. दवे
१२. वही, कर्णभार, पृ. १४
१३. रामधारीसिंह 'दिनकर' रश्मीरथी, पृ. ११६

प्रिन्सिपाल
श्री तेजेन्द्रप्रसाद जी स्वामिनारायण आर्ट्स कॉलेज
कोठंबा, ता.लुणावाडा, जि. महीसागर
(गुजरात)

३४. संस्कृत वाङ्मय में मानवीय मूल्य

डॉ. वर्षा एच. पटेल

संस्कृत वाङ्मय अपनी मौलिक विशेषताओं के कारण विश्वविश्रुत है। अतएव न केवल भारतीय अपितु पाश्चात्य विद्वान भी इसके गुणगौरव का ज्ञान कर कृतार्थ हो रहे है। मानवता, मानवीय मूल्य और राष्ट्रीय चेतना की त्रिवेणी किसी भी राष्ट्र को तीर्थराज प्रयाग का संगम बना सकते है। संस्कृत वाङ्मय में ये तीनों ही तत्त्व पुष्कल मात्रा में विराजमान है। उनके द्वारा राष्ट्र विश्व वन्दनीय हो रहा है।

वैदिक वाङ्मय में मानवीय मूल्यों की प्रचुरता है। सम्पूर्ण वाङ्मय मानवमात्र के अभ्युदय और कल्याण की दिशा निर्देश करता है। सत्कर्म से सभी का अभ्युदय और कल्याण होता है। वेदो में यज्ञ को श्रेष्ठ कर्म कहा गया है। यह परमपद और शाश्वत कीति का प्रमुख साधन है।

'नाकस्य पृष्ठे अधितिष्ठति श्रियो यः
प्रणाति स ह देवेषु गच्छति।'

शतपथ ब्राह्मण में यज्ञ को सर्वश्रेष्ठ कहा गया है

यज्ञो वे श्रेष्ठतमं कर्म।

मानवमात्र के स्वास्थ्य एवं दीर्घायु होने के भव्य कामना की गई है –

'त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिपुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान्मृत्योमुक्षीय मामृताम्।'

वेदों में अमृत शब्द का प्रयोग हुआ है। वद्वानों ने इसका बहुधा निर्वचन किया है। इस विशाल ब्रह्माण्ड की व्यवस्था के पीछे किये हुए अनन्त एवं सुदृढ नियम विधान को अमृत शब्द से अबिहित किया है। पाश्चात्य विद्वान ग्रिफिथ अमृत का अर्थ विश्व का व्यवस्था का शाश्वत विधान करते है। मोनियर विलियम अमृत शब्द के यज्ञ सम्बन्धी नियम, दैवी नियम तथा दैवी सत्य आदि अनेक अर्थ कहते है। मैकडोनल प्रकृति में व्याप्त सृष्टि नियम का अमृत अर्थ कहते है। उनका यह भी कथन है कि यह सर्वोच्च देवो की संरक्षकता में चल रहा है। राथ अमृत को प्रकृति का नियम बतलाते है।

महात्मा अरविन्द 'अमृत' को सदाचार का अभिधायक मानते है। डॉ. मंगलदेव शास्त्री का कथन है कि अमृत एवं सत्य के सिद्धांत का अभिप्राय है – सारे विश्व प्रपंच में व्याप्त नैतिक आधार डॉ. हरिदत्त शास्त्री का अभिमत है ऋतु वह शाश्वत सत्य है जो सम्पूर्ण सृष्टि विधान का संचालक है। यह प्राणिमात्र के कल्याण के लिये प्रवृत है वस्तुतः व्यापक रूप में ऋतु शब्द नैतिकता और सदाचार का धोतक है क्योंकि मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत है।

वैदिक ऋतु के महत्व को बतलाते हुए डॉ. दीपशिखा लिखती है कि ऋतु का आचरण करने वाले व्यक्ति के लिये प्राकृति शक्तियों सुख प्राप्ति का साधन बन जाती है। वैदिक ऋषि का कथन है कि ऋतु का आचरण करनेवाले व्यक्ति के लिये हवाये में भी माधुर्य युक्त होती है और नदियाँ भी अमृत बहाती है।

'मधु वाता ऋतायते मधु क्षरन्ति सिन्धवः।
ऋतस्य माभिरमृतं विजायते॥'

मानवीय मूल्यों में सत्य की सर्वाधिक प्रतिष्ठा है। वेदों में सत्य का महत्व प्रतिपादित हुआ है। अथर्ववेद में कहा गया है कि सत्य ऋत्, पराक्रम, दीक्षा, तप, ब्रह्म, एवं यज्ञ पृथ्वी को धारण करते है –

सत्यं बृहद् ऋतमयं दीक्षर तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीः धारयन्ति।

उपनिषदों में सत् को ब्रह्म कहा गया है – ब्रह्म सत्यम् तथा सत्यं ज्ञानमनन्त ब्रह्म।

महर्षि पतंजलि योगसूत्र में लिखते है कि मनुष्य में सत्य की प्रतिष्ठा हो जाने पर उसकी समस्त क्रियाए सफल होती है –

सत्यंप्रतिष्ठायां क्रियाफलाश्रयत्वम्

शतपथ ब्राह्मण में कहा गया है कि सत्य के द्वारा स्वर्ग की प्राप्ति होती है। यहाँ उस व्यक्ति को पापी एवम् अपवित्र माना गया है जो झूठ बोलता है –

अमेघ्यो वै पुरुषः यदनृतं वदति।

मनुस्मृति में सत्य को स्वर्ग की सीढी कहा गया है –

सत्यं स्वर्गस्य सोपानम्।

वैदिक वाङ्मय में सत्य के साथ ही अहिंसा को भी महत्व दिया गया है। यजुर्वेद में हिंसक को उसी प्रकार पीस डालने की प्रार्थना की गई है जिस प्रकार अन्न को दांतों से पीसा जाता है। महर्षि मनु ने ब्रह्म प्राप्ति के साधनें में अहिंसा को प्रमुख बतलाया है। गीता में भी समपति में अहिंसा का सर्वप्रथम उल्लेख हुआ है –

अहिंसा सत्यमक्रोधस्त्यागः शान्तिरपैशनम्।

महाभारत में अहिंसा को परम धर्मः, परम तप और परम सत्य कहा गया है।

तत्त्वपारिजात में सत्य तथा अहिंसा की अतिशय प्रशंसा की गयी है।

'सत्यं ब्रह्म विजातीयात् सत्यंचपर। साधनम्।
सत्यमार्ग समाश्रित्य मोदन्ते सर्वमानवः॥'

'अहिंसा परमो धर्मः लोके वेदे च विश्रुतः।
अहिंसया सत्वसिद्धः तथा च लभन्ते पदम्॥'

तन्त्रचन्द्रिका में सत्य के विषय में इस प्रकार प्रकाश डाला गया है।

'सत्यं तु वैदिकं रूपं ब्रह्मणः परमं सतम्।
सत्येन सिद्धयते धर्मः तपः सत्येन वद्धते॥'

सत्यत्व की प्रशंसा करते हुए भक्तिरस चन्द्रिका में इस प्रकार कहा गया है

'चिदरसों यो धरायाः परो वर्तते
या च सौभाग्यशीर्षधराया नवा।
या तु सिद्धिविधानस्य संराजते
तत्र सत्यप्रसादः परं कारणम्॥'

वेदपारिजात में मानवीयमूल्यों, मानवता एवं राष्ट्रीय चेतना की प्रशंसा की गयी है

'भारते वेदविधा परा राजते
मानवीयं सुलभ्यं यदा रक्ष्यते।
राष्ट्रीयता चेतना वेदविधां मता।
भाति राष्ट्रं मदीयं परा सुन्दरम्।'

संस्कृत वाङ्मय में मानवमात्र के कल्याण की कामना की गयी है। ऋग्वेद के एक मन्त्र में अग्नि से प्रार्थना की गयी है कि है अग्ने, आप हमें विश्व कल्याण कारिणी बुद्धि और कल्याण कारक धन प्रदान कीजिए –

'तामस्मभ्यं प्रमतिं जातवेदों वर्सो
रास्वसुमतिं विश्वनजयाम।'

एक मन्त्र में उपदेश दिया गया है कि प्रत्येक व्यक्ति दूसरे व्यक्ति की सब और से रक्षा करे –

'पुमान् पुंमासं परि पातु विश्वतः।'

संस्कृत वाङ्मय की सर्वकल्याण कारिणी भावना निम्नलिखित लोक प्रख्यात सुभाषित में सम्यक् रूप से पल्लवित हो रही है।

'सर्व भवन्तु सुखिनः सर्व सन्तु निरामयः।
सर्व भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिददुःखभाग भवेत्॥'

मानव मात्र के अभ्युदय एवं निःश्रेयस के लिये संस्कृत वाङ्मय में यज्ञ, दान और तप की प्रशंसा की गयी है। गीता में कहा गया है।

'यज्ञो दानं तपश्चैव पावनानि मनीषिणाम्।'

पूषा देव की स्तुति में ऋषि कहता है कि है पुसन् हमे ऐसे गृहपति दो जो मानव हुतैषी, वीर एवं दानी हो।

एक ऋषि अपनी ईच्छा व्यक्त करता हुआ कहता है कि में अश्वों, गायो आदि का दान करुं।

'इति में मनो गामश्वां सनुयामिति।'

समाज में दान न देने वाले व्यक्ति को हेय दृष्टि से देखा जाता था। कहा गया है कि अकेला खाने वाला केवल पाप ही खाता है –

'मोधमन्नं विन्दते अप्रचेताः, सत्यं ब्रवीमिहैधइत् सतस्य।
नार्यमाणंपुष्यति नो सखायं केवलाधो केवलाधो भवति केवलादी॥'

श्रीमद्भगवदगीता में निरुपित दैवी सम्पद् मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत है। दैवी सम्पद् के पश्चात् आसुरी सम्पद् का भी निरूपण निर्देश करते हुए कहा गया है –

'दैवी समपद् विमोक्षाय निबन्धायासुरीमता।'

भारतीय संस्कृति में मानवीय मूल्यों की संस्था का सहज सन्देश हैं –

'भारतीय परा संस्कृति राजते
विश्व बन्धुत्वभावोडत्र संदृश्यते।
मानवीयं सुमुल्यं यया रक्षत्यते
येन सत्यं शिवं सुन्दरं सिद्धयति।'

संदर्भ सूची :

१. ऋ. १२५-५
२. शतपथब्राह्मण १-७-३-५
३. ऋ. ७-५६-१२
४. ऋ. १-६०-६
५. ऋ. ६-७४-४
६. अथर्ववेद १२-१-१
७. योगसूत्र १२-१-१
८. मनुस्मृति ८-८
९. श्रीमद्भगवद्गीता १६-२
१०. तत्वपारिजात ५-२१-२२
११. तत्वाचन्द्रिका - ११-२१-२२
१२. भक्तिरस चन्द्रिका ६११
१३. देवपारिजात २१-३१
१४. श्रीमद्भगवद्गीता १६

संस्कृत विभाग,
आर्ट्स कॉलेज, शामळाजी

35. "Representation" a Political Issue: An Edifice of Gender and Paternalistic Dominance

Dr. Kavita J

The term **'Representation'** is important not least because the images of women reflected back to them may be objectionable, but also because they tell something about how women's lives are values and the difficulties in being represented in the public sphere. As Margaret Marshment observes, "Representation is a political issue. Without the power to define our interests and to participate in the decisions that affect us, women like any other group in society will be subject to the definitions and decisions of others" (125). The term 'gender', as used within feminist theory, is a complex and contested concept that can best be understood as a category that was developed to explore what counts 'woman' and as 'man'. The distinction between sex, a matter of biology and gender a set of culturally defined characteristics has been central to a significant body of gender studies to date. The terms male and female indicate one's sex, a biological status. The terms masculine and feminine indicate one's gender, the complex of socially constructed characteristics, which are held to relate to the two sexes. As TorilMoi note, "it has long been established usage to make ('feminine' and 'masculine') represent social constructs (patterns of sexuality and behavior imposed by cultural and social norms), and to reserve "female" and "male" for the purely biological aspects of sexual difference" (Moi, 247). However, it was Simone de Beauvoir who developed the theoretical framework for and account of the sex/gender distinction. Her claim that "one is not born, one becomes a woman" offered a sweeping critique of biological determinism. Simone de Beauvoir stresses the role of tradition and culture in conditioning women to adopt inferior roles: woman, she argues, is not natural; she is "a product elaborated by civilization". (*The Second Sex* 10)In 1953 the English translation of French writer Simone de Beauvoir's *Le DeuxiemeSexe* (written in 1949) appeared which proved a major influence on the women liberation movement. Simone de Beauvoir a radical feminist belongs to the first generation of new feminists. In *The Second Sex* she draws heavily on the disciplines of biology, psychoanalysis, political economy, anthropology, philosophy and history. The chief argument of Simon de Beauvoir's book is that in patriarchy women have been forced to occupy a secondary position in relation to men, a position comparable in many respects to that of racial minorities in spite of the fact that they constitute at least one half of the human race. Simone de Beauvoir believes that this secondary position is not imposed of necessity by natural "feminine" characteristics but rather by strong environmental forces of social traditions and education which have been under the control of men. This has resulted in the failure of women to take a place of human dignity as free and independent existents. This has not only limited their achievements in many fields but has also given rise to pervasive social evils and has had a particularly vitiating effect on the sexual relations between men and women. Man considers himself 'Subject' and 'Absolute' and '**woman**' is the Other:

> She is called "the sex," by which is meant that she appears essentially to the male as a sexual being. For him she is sex – absolute sex, no less… she is the incidental, the inessential as opposed to the essential. He is the Subject, he is the Absolute – she is the Other. (16)

De Beauvoir analyzes the relationship between man and woman in terms of a subject-object or self-other model, according to which man's subjectivity-his self-assertion as a free, autonomous and independent being-is, established only through opposition to and thus dependent upon, woman's absolute and eternal otherness. De Beauvoir argues that to be an autonomous subject and the social requirement – often internalized as a personal desire – that she take up the role of other. As she states "The drama of woman lies in this conflict between the fundamental aspirations of every subject (ego) – who always regards the self as the essential – and the compulsions of a situation in which she is the inessential". (16)For de Beauvoir, woman's lapse into being – for – others is typical of romantic love. In love, man reaffirms himself and his own "Sovereign Subjectivity" through experiencing and being recognized by another; woman does not reaffirm herself, but abandons herself to love, to the experience of loving and being loved. He remains and affirms himself; she is the other, self-less relative. The conflict and the fundamental incompatibility is at the roots, which leads for and account of the social and psychic origins of the two different senses of self in woman experiences which de Beauvoir so perceptively, describes as "the drama of woman". In a nutshell Simone de Beauvoir labeled woman's tragic acceptance of her own otherness the feminine **"mystery"**, which continues from generation to generation through the painful socialization of woman into passive or feminine roles. After so many years of its publication, the book still continues to exercise a significant influence on the feminist literature.

An added milestone was the advent of Betty Friedan's *The Feminine Mystique.* However, in 1953 when the English translation of the book appeared, it did not initiate any movement as it happened in 1963 when the women's government took the shape of a revolution with the publication of Betty Friedan's *The Feminine Mystique. The Feminine Mystique* took the American society by storm. Feminism as it now exists dates from the publication of this book, which had a tremendous impact on society. Based mainly on interviews with the Friedan's classmates, fifteen years after graduation from a woman's college, the book challenges the popular belief that a woman's place is at her home and that she should find fulfillment in motherhood and domesticity, which had religiously been perpetuated all through the ages. Defining the "feminine mystique" or the "incommunicable quality", she writes in the preface:

> There was a strange discrepancy between the reality of our lives as women and the image to which we were trying to conform, the image that I came to call the feminine mystique.(9)

Most of the women whom Friedan interviewed were married, had comfortable homes, children and were blessed with all the comforts of life, yet they conformed to the image of Friedan's "feminine mystique". They had no purpose in their lives and were faithfully playing their role of devoted wife and loving mother and were supposed to seek fulfillment in it. But this in fact created a sense of "emptiness, non-existence and nothingness" (264) in them. Friedan accuses society for not permitting women to gratify their basic needs of self-fulfillment to grow and fulfill their potential as human beings. Seeking an independent identity is considered only the male's privilege. The core problem for women is not sex but identity which has always been denied to them. Friedan says that a woman can never ask questions like "Who am I? What do I want?" But now for the first time women are becoming aware of this identity crisis which began much earlier. Friedan also rejects Freud's opinion about women that they can glory only in their own femininity.

Other prominent feminist of the twentieth century are Kate Millett, Frederick Engel and Germaine Greer. There are certain differences in their ideological viewpoints, but again the aim is to liberate women from male oppression and to promote women's rights.In particular the second wave, feminism grew from the recognition that women must represent themselves, literally in political practice, and equally by contesting negative verbal and visual images of themselves. The feminists argued that the way women perceived themselves and were perceived was ineluctably shaped by

the ways in which images of women were constructed and communicated to the population at large. When examining representations of women feminists have learned to look at what is absent as well as what is all too present.The key activity of the feminist study of representation is the study of negative representations of women and femininity. Representation is important not least because the images of women reflected back to them may be objectionable, but also because they tell something about how women's lives are values and the difficulties in being represented in the public sphere. As Margaret Marshment observes, "Representation is a political issue. Without the power to define our interests and to participate in the decisions that affect us, women like any other group in society will be subject to the definitions and decisions of others" (125).

Misrepresentation of women by men sustains and justifies women's subordinate position. It rather reinforces dominant ideologies of gender difference and the qualities of ideal type femininity. This concern with women's images is also found in Kate Millett's classic *Sexual Politics* (1971). Kate Millett's was one of the early ground breaking texts in feminist literary criticism in its work on the sexualized construction of women in novels by some of the key twentieth century male writers such as D. H. Lawrence and Henry Miller. As Millett states "Sexual politics obtains consent through the 'socialization' of both sexes to basic patriarchal politics with regard to temperament, role, and status. As to status, a pervasive assent to the prejudice of male superiority guarantees superior status in the male, inferior in the female" (*Sexual* 26)

Thus, Feminist literary criticism was to evaluate the ways in which women characters had been represented in past fiction by men and women, and how women writers might represent women in the future in order to give more positive role models for women readers. Male representation can read into femininity whatever qualities are needed to construct their sense of the masculine.If gender is not determined by sex, but is a product of socialization, it becomes important from a structuralist approach to theorize the nature of the social structures at work. As Brittan in *Masculinity and Power* argues: "Gender is never simply an arrangement in which the roles of men and women are decided in a contingent and haphazard way. At any given moment gender will reflect the material interests of those who have power and those who do not." (114). Gayle Rubin offered one of the first articulations of such a structuralist account of the sex/gender distinction, and the functioning of the gender system. The central claim of Rubin's arguments was that the gender system which constructs two different sexes is a system that works to concentrate power in the hands of patriarchs (older men who control both younger men and women). The family is the significant site of power and heterosexuality is the central institutions that perpetuate the gender system.Besides, diverse form of analysis generates an idea that women could therefore be viewed as a **social class**. Numerous theories emerged during the 1980s, each privileging a different aspect of social relations, as central to the construction of gendered identities. One of the most influential theory that was developed by Nancy Chodorow (1978). As Chodorow reflects:

> In the early period of the contemporary feminist movement, feminists searched for a grand theory. This single cause, or dominant factor, theory would explain a sexual inequality, hierarchy, and domination that were omnipresent and that defined and circumscribed entirely the experience and organization of gender and sexuality (1).

